चैत्र कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 3 अप्रैल 2024
वर्ष -34, अंक -67, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

चुनाव के बाद सुधर सकते हैं भारत-पाक रिश्ते 16

बॉलीवुड के सुपरस्टार का दोस्त उड़ाते थे मजाक 15

एसबीआई का चुनावी बॉन्ड के एसओपी के खुलासा से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- आरटीआई के जवाब में गोपनीयता के तहत दी छूट का दिया हवाला

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शाखाओं से जारी किए चुनावी बॉन्ड की बिक्री और भुनाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का खुलासा करने से इनकार कर दिया है।

एसबीआई ने आरटीआई के जवाब में व्यावसायिक गोपनीयता के तहत दी गई छूट का हवाला देते हुए यह जानकारी देने से मना किया। सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत दायर एक आवेदन में अंजलि भारद्वाज ने चुनावी बॉन्ड की बिक्री और उन्हें भुनाने के लिए एसओपी का विवरण मांगा था। एसबीआई के केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी और उप महाप्रबंधक एम कन्ना बाबू ने अपने जवाब में 30 मार्च को कहा कि अधिकृत शाखाओं को समय-समय पर जारी चुनावी बॉन्ड योजना-2018 की एसओपी आंतरिक दिशानिर्देश हैं, जिन्हें आरटीआई के तहत छूट दी गई है। आरटीआई कानून की धारा 8(1)(डी) वाणिज्यिक विश्वास, कारोबारी गोपनीयता या बौद्धिक संपदा सहित ऐसी जानकारी के खुलासे से छूट देती है, जिसे बताने से प्रतिस्पर्धी स्थिति को नुकसान होगा।

संजय सिंह को जमानत, आप के खिलाफ ईडी के नए आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

- चुनावी चंदे के रूप में आम आदमी पार्टी को दी गयी दो करोड़ रुपये रिश्वत

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में आप नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को मंगलवार को जमानत दे दी। ईडी ने कहा था कि अगर सिंह को जमानत दी जाती है तो उसे कोई आपत्ति नहीं है। इसके बाद मंगलवार को ही ईडी ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ भ्रष्टाचार के नए आरोप लगाए और कहा कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के एक पूर्व मुख्य अभियंता ने विभाग में अपने सहयोगियों और दिल्ली में सत्तारूढ़ पार्टी को रिश्वत के दो करोड़ रुपये चुनावी चंदे के रूप में हस्तांतरित किए थे।

उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने छह महीने से जेल में बंद संजय सिंह को रिहा करने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि आप नेता राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकते हैं, लेकिन मामले के संबंध में कोई बयान नहीं दे सकते। सिंह की रिहाई ऐसे समय में हो रही है जब आप के सामने 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले नेतृत्व का संकट है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तथा पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया इस मामले में तिहाड़ जेल में हैं। पीठ ने कहा कि सिंह मुकदमे के दौरान जमानत पर बाहर रहेंगे और जमानत की शर्तें विशेष अदालत तय करेगी। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि उन्होंने एजेंसी से निर्देश ले लिए हैं और अगर सिंह को जमानत दी जाती है तो उसे कोई आपत्ति नहीं है। पीठ ने कहा कि सिंह को दी गई जमानत को मिसाल के तौर पर नहीं लिया जाएगा। इसका आशय हुआ कि इस जमानत आदेश से अरविंद केजरीवाल समेत जेल में बंद अन्य आप नेताओं को ज्यादा राहत नहीं मिलने वाली है।

गिरफ्तारी के लिए तैयार रहने की दी गई थी सलाह : आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने मंगलवार को दावा किया कि उनके एक करीबी व्यक्ति ने उनसे कहा था कि उन्हें भाजपा में शामिल हो जाना चाहिए या ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहना चाहिए। आतिशी ने दावा किया कि मेरे अलावा मंत्री सौरभ भारद्वाज, विधायक दुर्गेश पाठक और राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा को भी गिरफ्तार किया जाएगा। उन्हें बताया गया था कि आने वाले दिनों में ईडी उनके और उनके रिश्तेदारों के आवास पर छापे मारेगा। उसके बाद समन भेजा जाएगा और गिरफ्तारियां की जाएंगी। सौरभ भारद्वाज ने आतिशी को भाजपा में शामिल होने या गिरफ्तार किए जाने के प्रस्ताव को खुली धमकी करार दिया।

ठेके के बदले मिली रिश्वत आप को दी गयी

ईडी ने दिल्ली जल बोर्ड के एक पूर्व मुख्य अभियंता द्वारा आप को रिश्वत के दो करोड़ रुपये चुनावी चंदे के रूप में देने का आरोप लगया। आप के खिलाफ नया आरोप ऐसे वक्त लगाया गया जब ईडी ने डीजेबी के पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा, उनकी पत्नी अलका अरोड़ा, उप-ठेकेदार और इंटीग्रल स्क्रू इंडस्ट्रीज के मालिक अनिल कुमार अग्रवाल और एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की 8 .8 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क की है। ईडी ने जगदीश कुमार अरोड़ा और अग्रवाल को जनवरी में गिरफ्तार किया था और वे फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। इन आरोपों के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने दावा किया, ''हालांकि, हम ईडी के इस सरासर झूठे आरोप की निंदा करते हैं कि 'आप' या उसके नेताओं का इस मामले से कोई लेना-देना है। ईडी की कई छापेमारी के बावजूद आप के किसी भी नेता के पास से एक भी रुपया या सबूत बरामद नहीं हुआ है। इसी बीच ईडी ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्टसे कहा कि अरविंद केजरीवाल आबकारी घोटाले के सरगना हैं और धनशोधन के अपराध के दोषी हैं। धनशोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका का विरोध करते हुए ईडी ने कहा कि राजनीतिक दल, जो अपराध की आय का 'प्रमुख लाभार्थी' था, ने केजरीवाल के माध्यम से अपराध किया है।

एक नजर

बारामूला में आतंकियों के तीन सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर बारामूला जिले के सोपोर इलाके से मंगलवार को सुरक्षा बलों ने आतंकियों के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उनके कब्जे से एक पिस्तौल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने जांच के लिए एक संयुक्त चौकी स्थापित की और वहां देखा कि तीन संदिग्ध मौके से भागने का प्रयास कर रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि हालांकि, दल ने उन्हें पकड़ लिया। उनकी पहचान फैसल अहमद काचरू, आकिब मेहराज काना और आदिल अकबर गोजरी के रूप में की गई है।

छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में नौ नक्सली ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में नौ नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेंड्रा गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में नौ नक्सलियों को मार गिराया है। गंगालूर थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सोमवार को सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। दल में डीआरजी, एसटीएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के जवान शामिल थे।

बाइक को बचाने में पलटी बस तीन छात्राओं समेत चार की मौत

शैक्षिक भ्रमण पर गये थे लखनऊ जू, गंभीर रूप से घायल दो बच्चे व बाइक सवार ट्रामा रेफर

- देवा कोतवाली क्षेत्र के सलारपुर गांव के पास हुआ हादसा
- मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, बच्चों के इलाज के लिए दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

कामिनी

मानसी

शुभी

सलारपुर गांव के पास पलटी स्कूली बस।

अमृत विचार : बाराबंकी में एक सरकारी स्कूल के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण पर लेकर लखनऊ गई निजी बस वापसी में हादसे का शिकार हो गई। इस दर्दनाक हादसे में तीन छात्राओं समेत बस कंडेक्टर की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल दो बच्चों व बाइक सवार को लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। हादसे में तीन दर्जन बच्चे घायल हुए है।

बस में 42 बच्चे, ड्राइवर, कंडेक्टर व शिक्षकों के स्टाफ सहित कुल 50 लोग सवार थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे का संज्ञान लेते हुए आलाधिकारियों को तत्काल घायल बच्चों के अच्छे इलाज के निर्देश दिए हैं।

पुलिस के अनुसार, सभी बच्चे विकासखंड सूरतगंज के कंपोजिट विद्यालय हरक्का के हैं। जिनको विभाग की ओर से शैक्षिक भ्रमण पर लखनऊ के चिड़ियाघर समेत दूसरी जगहों पर सुबह ले जाया गया था। शाम को यह बस लखनऊ से वापस सूरतगंज आर रही थी। तभी जिले के देवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सलारपुर गांव के पास अचानक सामने आए गये एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस का चालक अपना संतुलन खो बैठा। जिसके चलते तेज रफ्तार बस सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गई। इस हादसे में छात्रा मानसी(12), शुभी(12), कामिनी(17) समेत कंडेक्टर सूफियान(38) की मौत हो गई। दो बच्चे व एक बाइक सवार को गंभीर हालत में लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। करीब तीन दर्जन बच्चे घायल हो गये। बस में कुल 50 लोग सवार थे। खबर लिखे जाने तक डीएम सत्येंद्र कुमार ने मुआवजे का ऐलान नहीं किया है। स्कूल के शिक्षक दीपक ने बताया कि बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित हुई और रोड के किनारे जा पलटी।

स्कूल स्टाफ के छह लोग भी थे सवार

बस में बच्चों के साथ प्रधानाध्यापक ज्ञानेश वर्मा, सहायक अध्यापक ओंकार, अनिरुद्ध प्रकाश, अनामिका, दीपक यादव और हंसराज सवार थे। उधर, बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पाण्डे से फोन पर बातचीत की। उन्होंने हादसे के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए बच्चों और उनके परिजनों की मदद का आश्वासन दिया। वहीं डॉ एम के शनमुगा सुंदरम प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा भी बच्चों को देखने जिला अस्पताल पहुंचे है।

कारोबारी के बेटे ने कार से दो महिलाओं को रौंदा, मौत

लखनऊ। महानगर क्षेत्र में मंगलवार तड़के शराब व्यवसायी के नाबालिग बेटे ने 100 की रफ्तार में कार दौड़ाकर दो महिलाओं को रौंद दिया। अस्पताल में डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने नाबालिग चालक और उसके पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महानगर थाना क्षेत्र के पेपर मिल कॉलोनी निवासी साइदा बानो (54) और शबनम (40) सुबह 4:50 बजे घर के सामने खड़ी थी। मेट्रो अपार्टमेंट की ओर से 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से कार आई और साइदा व शबनम को रौंदते हुए दो बाइकों को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद कार छोड़कर भाग रहे चालक को दबोच कर लोग पीटने लगे। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस चालक को भीड़ से बचाकर थाने ले गई। घायल साइदा और शबनम को अस्पताल भेजा गया, जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। एडीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने बताया कि आरोपी चालक की उम्र 15 साल है। आरोपी और उसके पिता प्रतीक जायसवाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

चित्रकूट में ऑटो और ट्रक की भीषण टक्कर में सात की मौत

हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार : मिर्जापुर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह ऑटो और 12 टायरा ट्रक की टक्कर में पांच श्रद्धालुओं सहित सात लोगों की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल एक युवक का इलाज प्रयागराज में चल रहा है। हादसा तब हुआ जब ऑटो चालक तेज रफ्तार में ओवरटेक कर रहा था और तभी सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराया।

मंगलवार सुबह लगभग साढ़े पांच बजे चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन से सवारियां लेकर एक ऑटो तीर्थक्षेत्र जा रहा था। हाईवे पर सम्राट ढाबा के पास ऑटो चालक ने आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की और इसी दौरान सामने से आ रहे 12 टायरा ट्रक से टकरा गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि ऑटो के यात्री उछलकर ट्रक के पहिये के नीचे आ गए और उनकी वहीं पर मौत हो गई। तीन लोग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त ऑटो में फंस गए। आसपास के लोगों ने इनको निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल भेजा। वहां पांच लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि तीन को प्रयागराज रेफर कर दिया। रास्ते में दो और लोगों की मौत हो गई।

मृतकों के नाम

अनिरुद्ध यादव (30), अखिलेश यादव (22) निवासी मलिकपुर गुरुसहायगंज (कन्नौज), अतर सिंह (50) निवासी तिर्वा (कन्नौज), धर्मेंद्र सोनी (30) और उसकी बहन निधि (19) निवासी भरुआ सुमेरपुर (हमीरपुर), ऑटो चालक सूरज (20) निवासी बेड़ी पुलिया (कर्वी) व निर्भय (20) निवासी नारायणपुर (कर्वी)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रुद्रपुर में विजय शंखनाद रैली में जनता को संबोधित कर उत्तराखंड में फूंका चुनावी बिगुल

तीसरे टर्म में भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार होगा : मोदी

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रुद्रपुर में विजय शंखनाद रैली से उत्तराखंड में चुनावी बिगुल फूंक दिया है। उन्होंने इसको प्रचार नहीं विजय रैली करार देते हुए कहा कि तीसरे टर्म की शुरुआत में अब 75 दिन से भी कम का समय है। इस टर्म में भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार होगा। भ्रष्टाचार, गरीब और मध्यम वर्ग का हक छीनता है और वह ऐसा नहीं होने देंगे।

एफसीआई के सामने मोदी मैदान में विजय शंखनाद रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दो खेमे बन गए हैं। एक तरफ ईमानदारी और पारदर्शिता है, दूसरी तरफ भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। ये भ्रष्टाचारी, मोदी को धमकी और गाली दे रहे हैं। मैं कहता हूं- भ्रष्टाचार हटाओ वे कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। मोदी इनकी गालियों और धमकियों से डरने वाला नहीं है।

उन्होंने कहा कि ऊधमसिंह नगर को मिनी इंडिया कहा जाता है। देवभूमि और मिनी इंडिया से मिले प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत हूं। उत्तराखंड को विकसित बनाना और सबसे आगे ले जाना है इसलिए भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। 10 वर्षों में जितने विकास कार्य हुए हैं, उतने आजादी के 60-65 वर्षों में नहीं हुए। आज हर प्रकार की कनेक्टिविटी है। 85 हजार पक्के मकान, 12 लाख घरों में पानी, 5.5 लाख शौचालय, 5 लाख महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन, 3 लाख को स्वामित्व योजना में प्रापर्टी कार्ड देना, 35 लाख लोगों के बैंक खाते खुलवाए गए हैं। 2200 करोड़ की विकास योजनाएं दी हैं। यह तभी संभव है जब नीयत सही तो नतीजे सही।

मोदी की गारंटी, गारंटी पूरी करने की गारंटी

हमारा लक्ष्य देश को दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाना है, इससे नौकरी के अवसर व कमाई बढ़ेगी। इसका लाभ देवभूमि को भी होगा। उत्तराखंड में एम्स आया, यह दशक उत्तराखंड का दशक बनाने के लिए काम कर रहे हैं। यह मोदी की गारंटी से हुआ है और मोदी की गारंटी, गारंटी पूरी करने की गारंटी है। इस गारंटी ने घर-घर में सुविधाएं पहुंचाई और स्वाभिमान बढ़ाया है।

मानसखंड से बढ़ेगा पर्यटन और रोजगार

प्रधानमंत्री ने कहा कि केदारखंड की तरह ही देश दुनिया में मानसखंड की स्थिति होगी। पिछले वर्ष आदि कैलास गया था। पहले वहां पांच हजार लोग बामुश्किल वर्ष भर आते थे। अब यह संख्या लाखों में है। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प है कि यहां पलायन नहीं हो। लोग रोजगार के इंतजाम के लिए शहर नहीं जाएं।

भाजपा ही भ्रष्टाचारियों को भेज सकती जेल : मुख्यमंत्री

बरेली/बदायूं/पीलीभीत, ब्यूरो

- योगी ने की पीलीभीत से जितिन प्रसाद, बदायूं से दुर्विजय सिंह शाक्य, बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार को सदन में भेजने की अपील

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पीलीभीत, बरेली और बदायूं पहुंचे। इन तीनों सीटों पर भाजपा ने नए उम्मीदवारों को उतारा है। पार्टी ने पीलीभीत से जितिन प्रसाद, बदायूं से दुर्विजय सिंह और बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार को टिकट दिया है।

योगी आदित्यनाथ ने तीनों का हाथ थाम प्रबुद्धजनों से संवाद किया और कमल खिलाकर इन्हें सदन में भेजने की अपील की। वहीं दो रैलियों में सीएम ने आंवला से धर्मेंद्र कश्यप को जिताने का आह्वान किया। सीएम जहां सपा-कांग्रेस समेत समूचे इंडी गठबंधन पर हमलावर रहे तो वहीं पीएम मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनाईं। सीएम ने इस चुनाव को 'स्वार्थ के परिवार' बनाम 'मोदी परिवार' के बीच का बताया।

मुख्यमंत्री पीलीभीत में बोले कि देश और प्रदेश का नौजवान पलायन बी बजाय खुद का स्टार्टअप स्थापित कर रहा है। बेटियां असुरक्षित नहीं महसूस कर रही हैं, बल्कि फाइटर पायलट बनकर भारत की सुरक्षा का सिंहनाद कर रही हैं। प्रदेश दंगा मुक्त हो चुका है। पीलीभीत में मेडिकल कॉलेज, रोड और पुल के सारे प्रस्ताव को स्वीकृत कर सरकार ने विकास की नई धारा से जोड़ने का काम किया है। योगी ने कहा कि पूरे देश में एक ही आवाज है- फिर एक बार मोदी सरकार, लेकिन यह गूंज अचानक नहीं सुनाई दे रही है। इसके पीछे दस वर्ष तक लगातार की गई मेहनत है।

सुप्रीम कोर्ट में रामदेव का माफीनामा खारिज, पेश होने का आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े अवमानना के मामले में माफीनामे को दिखावा करार दिया

उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न बीमारियों के इलाज से संबंधित पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े अवमानना के एक मामले में योग गुरु बाबा रामदेव और उनके शिष्य आचार्य बालकृष्ण के माफीनामे को मंगलवार को दिखावा करार देते हुए खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने उत्पादों की प्रभावकारिता के बारे में पतंजलि के बड़े-बड़े दावों और कोविड महामारी के चरम दौर में एलोपैथी को बदनाम करने पर केंद्र की कथित निष्क्रियता पर भी सवाल उठाया और पूछा कि सरकार ने क्यों अपनी आंखें मूंदे रखीं?

कोर्ट ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मामले में उन्हें एक सप्ताह के भीतर अपना स्पष्ट हलफनामा दाखिल करने का आखिरी मौका दिया और मामले पर विचार के लिए 10 अप्रैल की तारीख मुकर्रर कर दी। उस दिन बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को पेश होने का निर्देश भी दिया। पीठ के समक्ष मंगलवार को बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित थे। उन्होंने अपने वकील बलबीर सिंह के माध्यम से अदालत के समक्ष यह कहना चाहा कि वे मामले में हलफनामा दायर करने में अपनी विफलता के लिए माफी मांगना चाहते हैं। पीठ ने कहा आपने हर बाधा तोड़ दी है। अब यह कहना कि आपको खेद है, स्वीकार्य नहीं है। न्यायमूर्ति कोहली ने कहा कि उनकी माफी इस अदालत को संतुष्ट नहीं कर पा रही है और हमें लगता है कि यह कोरी बयानबाजी मात्र है। न्यायमूर्ति कोहली ने कहा, अवमानना का उद्देश्य किसी व्यक्ति को यह एहसास कराना है कि कानून का गौरव सबसे ऊपर है।

दुष्कर्म पीड़ित बच्ची को नहीं मिल रही सरकारी मदद, सर्जरी रुकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बाराबंकी की पांच साल की बच्ची से 9 महीने पहले हुई थी दरिंदगी
- सर्जरी के लिए 18 दिन से केजीएमयू में है भर्ती

अमृत विचारः दुष्कर्म पीड़ित पांच वर्षीय बच्ची की किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में तीसरी बार सर्जरी होने जा रही है। वह करीब 18 दिनों से केजीएमयू में भर्ती की गई। लेकिन, सिस्टम की उदासीनता के कारण उसका इलाज प्रभावित हो रहा है। करीब 9 महीने की जद्दोजहद के बाद बच्ची को अभी तक सरकारी मदद के नाम पर आयुष्मान कार्ड ही बन पाया है।

आयुष्मान कार्ड बनने के बाद इलाज का हालांकि रास्ता साफ हो गया है। किंतु बाहर से दवाओं की खरीद के लिए पीड़ित बच्ची के माता-पिता दूसरों के आगे हाथ फैलाने के लिए मजबूर हैं। बच्ची की मां का आरोप है कि बाराबंकी के जिलाधिकारी को तीन बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई है।

इतना ही नहीं रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजना का लाभ भी बच्ची को अभी तक नहीं मिल सका है। उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की तरफ से बाराबंकी जिलाधिकारी को पत्र लिखकर पीड़ित बच्ची को आर्थिक मदद देने के निर्देश भी बेमानी दिखाई दे रहे है।

> यहां से सभी कार्रवाई पूरी कर दी गई है। बजट के अभाव में आर्थिक मदद नहीं हो पाई है। लेकिन कोशिश की जा रही है कि बच्ची के इलाज के लिए कुछ मदद हो सके। - **पल्लवी सिंह**, डीपीओ

यह है मामला : दरअसल, 26 जुलाई 2023 को बाराबंकी निवासी पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। आरोपी ने बच्ची के साथ दरिंदगी की सभी हदें पार कर दी थीं और उसे मरा हुआ समझ कर मौके से भाग निकला था। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को गंभीर हालत में भर्ती कराया था। हालत में सुधार नहीं होने पर बाराबंकी जिला अस्पताल से उसे राजधानी स्थित केजीएमयू में इलाज के लिए भेजा गया था। केजीएमयू में पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में बच्ची की सर्जरी हुई थी। दोबारा सर्जरी के लिए डॉक्टरों ने 6 सप्ताह बाद बुलाया था। दोबारा से बच्ची की तबीयत खराब होने पर बाल कल्याण समिति (बाराबंकी) की अध्यक्ष बाला चतुर्वेदी और समाजसेवी अमृता शर्मा ने बच्ची को एक बार फिर बाराबंकी स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से बच्ची को केजीएमयू भेजा गया था। जहां पर केजीएमयू प्रशासन और बाल कल्याण समिति (बाराबंकी) की अध्यक्ष के प्रयासों से बच्ची को इलाज मिल पाया था। एक बार फिर बच्ची की सर्जरी होनी है जिसके लिए उसे केजीएमयू में भर्ती किया गया है।

रानी लक्ष्मीबाई कोष से मिलनी है मदद

रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजना के तहत जघन्य हिंसा की शिकार महिलाओं या बालिकाओं को आर्थिक और चिकित्सा सहायता दी जाती है, लेकिन 9 महीने बाद भी सरकारी तौर पर आर्थिक मदद न मिलना कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है। बच्ची की मां ने बताया कि अधिकारियों ने बैंक में खाता खुलवा दिया था और कहा था कि इलाज के लिए सरकार पैसा देगी, लेकिन वह आज तक नहीं मिला। डीएम साहब को भी प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। वहां से भी कोई मदद नहीं मिल रही है।

एक नजर

प्रतिनियुक्ति से लौटे आईपीएस बीके सिंह

अमृत विचार,लखनऊ : उत्तर प्रदेश काडर के तेज-तर्रार आईपीएस बिनोद कुमार सिंह पुन: यूपी वापस आ रहे हैं। वह जुलाई 2023 में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर बतौर एडीजी सीआरपीएफ नियुक्त हुए थे। यूपी काडर में उनकी वापसी समयपूर्व बताई जा रही है। आईपीएस बीके सिंह योगी सरकार के भरोसेमंद आईपीएस अधिकारियों में से एक माने जाते हैं। प्रतिनियुक्ति से पूर्व बीके सिंह के गाजियाबाद जिले में क्राइम कंट्रोल के लिए जिला स्तर पर नोडल पदाधिकारी के तौर पर तैनात थे। ट्रिपल एस फॉर्मूले के लिए भी उन्हें जाना जाता है। ट्रिपल एस में वे पुलिस को समन्वय, संवाद और सहयोग का मंत्र देते रहे हैं।

चुनाव आयोग ने नियुक्त किए विशेष पर्यवेक्षक

अमृत विचार,लखनऊ : भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सेवानिवृत आईएएस अजय वी नायक को सामान्य विशेष पर्यवेक्षक व सेवानिवृत आईपीएस मनमोहन सिंह को पुलिस विशेष पर्यवेक्षक बनाया गया है, जबकि आयकर विभाग में कार्यरत रहे सेवानिवृत्त आईआरएस राजेश टुटेजा को विशेष व्यय पर्यवेक्षक बनाया गया है।

बूथ सम्मेलन से वोट बैंक मजबूत कर रही भाजपा

प्रदेश अध्यक्ष, दोनों उप मुख्यमंत्री समेत कई नेताओं ने जगह-जगह बूथ सम्मेलनों में लिया हिस्सा

- संगठन महामंत्री ने घर-घर सम्पर्क करने को कहा
- बैठकों-गोष्ठियों व नुक्कड़ सभाओं पर फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: भाजपा के हर चुनाव में सबसे कारगर साबित हुए बूथ प्रबंधन को मथने में पार्टी ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। मंगलवार को अलग-अलग जनपदों में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य, चुनाव संयोजक व मंत्री स्वतंत्र देव सिंह समेत कई नेताओं ने बूछ अध्यक्ष सम्मेलनों के जरिए वोट बैंक मजबूत करने और हर बूथ पर करीब 400 मतदाताओं से कमल पर बटन दबाने रणनीति में जुटे रहे। उधर, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं को घर-घर सम्पर्क में पूरी ताकत झोंकने से लेकर बैठकों-गोष्ठियों व नुक्कड़ सभाओं की मानीटरिंग करते रहे।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने मंगलवार को बिजनौर शहर और नजीबाबाद में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि सपा, बसपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। राम मंदिर के अलावा जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाने और तीन तलाक को खत्म करने समेत सरकार की तमाम उपलब्धियों के साथ भ्रष्ट नेताओं पर हो रही कार्रवाई गिनाई। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने विलासपुर, रामपुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में कहा कि कार्यकर्ता मोदी गारंटी घर-घर पहुंचाएं। हर हाल में एक बूथ पर 400 वोट भाजपा के लिए गिनाने होंगे। उधर, प्रदेश के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सहारनपुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को वोट सहेजने का मंत्र दिया।

मुरादाबाद में कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

रोड शो के दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल।

अनुराग ठाकुर के निशाने पर रहे केजरीवाल

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भाजपा के सोशल मीडिया वालंटियर को संबोधित करते हुए मुरादाबाद में आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जोरदार हमला किया। कहा कि भ्रष्टाचार मिटाने का दावा करने वाले खुद उसमें शामिल हैं। होली के पहले भ्रष्टाचार के आरोप में मुख्यमंत्री सहित चार जेल में है। अब आतिशी और सौरभ भारद्वाज के जाने पर छक्का लग जाएगा। कहा कि भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के समय मुरादाबाद के सांसद डॉ. एसटी हसन ने खिलाफ बोला था, अब रामजी की कृपा से गुमनाम हो गए हैं। अनुराग ने केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अब हर गरीब को उसका अधिकार बिना किसी सहयोग के आसानी से मिल रहा है।

नामांकन के बाद मेगा रोड शो

मेरठ में भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल का नामांकन करान के बाद मंगलवार को उप मुख्यमंत्री केवश प्रसाद ने मेगा रोड शो किया। बाद में शास्त्री नगर स्थित शुभकामना बैंकट हॉल में सभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सपा के प्रत्याशी को बदलने पर कहा कि पार्टी का नाम बदलकर अदला बदला पार्टी कर देना चाहिए। लोगों का आह्वान किया कि काशी विश्वनाथ के बाद जीत का नया रिकॉर्ड मेरठ से बनना चाहिए। प्रत्याशी अरुण गोविल ने कहा कि मोदी, योगी के प्रयासों से रामलाला वर्षों बाद पधारे हैं। वैचारिक सोच है मेरी कि यहीं जन्मा और पढ़-लिख कर बड़ा हुआ और अब मेरी घर वापसी हुई है। वोट की अपील करते हुए कहा कि लोग देखेंगे और पूछेंगे कि राम को राम के घर से कितने वोट मिले।

मिशन-80 : भाजपा को श्रमिकों पर भरोसा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: भाजपा मेहनत और कौशल से प्रदेश के बुनियादी ढांचे के विकास में अहम योगदान देने वाले श्रमिक वर्ग को साधने में जुट गई है। इसके लिए राज्य सरकार की योजनाओं से मिले रोजगार को मुद्दा बनाया जा रहा है। प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के कमान संभालने के बाद सात सालों में 10 लाख 50 हजार श्रमिकों को रोजगार देने के आंकड़े गिनाने के साथ उनके यहां जनसंपर्क करके कार्यकर्ता वोटबैंक मजबूत कर रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता का कहना है कि सेवायोजन पोर्टल पर प्राप्त सूचना के अनुसार कुल 10,47,522 श्रमिकों को रोजगार भी उपलब्ध कराया गया। 9,50,042 श्रमिकों व अभ्यर्थियों को रोजगार मेलों के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार प्रदान किया गया। मिशन रोजगार अभियान के अंतर्गत 1,16,28,561 श्रमिक/अभ्यर्थी लाभान्वित हुए, जबकि 58,62,55,304 मानव दिवसों का सृजन किया गया, जिससे उन्हें आजीविका के साधन उपलब्ध हुए। यही नहीं, 2023-24 में माह दिसंबर, 2023 तक कुल 33,070 निर्माण स्थलों का पंजीकरण कराया गया। वहीं, बीओसी बोर्ड के गठन से माह दिसम्बर, 2023 तक कुल 3,66,953 निर्माण स्थलों का पंजीकरण किया गया। प्रदेश असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के अंतर्गत भारत सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर उत्तर प्रदेश में 23 जनवरी 2024 तक पंजीकृत कामगारों की संख्या 8,33,25,459 पहुंच गई है। इस मामले में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।

पढ़ाई का बोझ हुआ कम

निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए सरकार ने अटल आवासीय विद्यालयों का शुभारंभ किया है, जहां पर 3 वर्ष से अधिक समय से पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। जल्द ही इसका दूसरा सत्र शुरू होने जा रहा है। इससे श्रमिकों पर से बच्चों की पढ़ाई और उसके खर्च का बोझ भी सरकार ने हल्का कर दिया है। वहीं, बीओसीडब्ल्यू बोर्ड से कुल 1,45,912 अभ्यर्थी लाभान्वित हुए, जिन पर 714.65 करोड़ रुपए का व्यय किया गया। इसके अतिरिक्त श्रमिकों को मुफ्त राशन का भी लाभ मिल रहा है। ये सारे फैक्टर श्रमिक वर्ग को पीएम मोदी, सीएम योगी और भाजपा सरकार के करीब लाने में अहम फैक्टर साबित हो रहे हैं।

चेहरे पर चेहरे बदल रहे अखिलेश, वजह राजनीति या रार

अजय दयाल, लखनऊ

- एक के बाद एक आठ सीटों पर प्रत्याशियों में किया बदलाव
- कहीं दबाव तो कहीं सामने का उम्मीदवार देख बदली चाल

अमृत विचार: आखिर अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव के लिए पूर्व घोषित उम्मीदवारों में एक के बाद एक क्यों बदलाव कर रहे हैं? उनपर क्षेत्रीय गुटबंदी का दबाव है, प्रत्याशी को लेकर अविश्वास है, खुद का आत्मविश्वास डगमगाया हुआ है? या फिर अन्य दलों खासकर भाजपा प्रत्याशी के सामने आने पर किसी रणनीति के तहत बदलाव कर रहे हैं? एक के बाद एक समाजवादी पार्टी के मुखिया अब तक आधा दर्जन से ज्यादा अपने उम्मीदवारों के चेहरे बदल चुके हैं। सूत्र बता रहे हैं कि इस बदलाव वाली लिस्ट में और भी नाम हैं।

जिन लोकसभा सीटों के प्रत्याशी बदले उनमें रामपुर, मुरादाबाद, मेरठ, गौतमबुद्धनगर, बागपत, मिश्रिख, बदायूं, बिजनौर शामिल है। खासकर रामपुर और मुरादाबाद में सपा का प्रत्याशी बदलना चर्चा में रहा। दोनों ही लोकसभा सीट पर ठीक नामांकन वाले दिन एक नये प्रत्याशी ने सामने आकर नामांकन कर दिया। रामपुर में मो. आजम और अखिलेश यादव के बीच उम्मीदवार को लेकर राजनीतिक अदावत जगजाहिर हुई। यहां मो. आजम खां अपने करीबी उम्मीदवार के लिए बकायदा विरोध दर्ज कराया जिससे अखिलेश नाराज भी हुए। ऐन वक्त पर उन्होंने रामपुर से नामांकन के लिए दिल्ली से जामा मस्जिद के इमाम मोहिबुल्लाह नदवी को बुलाया। वहीं, दबाव बनाने को रामपुर के सपा जिलाध्यक्ष असीम राजा ने भी एक नामांकन भर दिया, जो बाद में खारिज हो गया।

बहरहाल, ऐसी ही नाटकीय स्थिति मुरादाबाद में भी नामांकन के आखिरी दिन देखने को मिली। एक दिन पहले ही सांसद एसटी हसन ने बतौर सपा उम्मीदवार पर्चा भर कर दिया था। फिर अगले दिन अचानक अधिकृत उम्मीदवार के रूप में रुचि वीरा का नाम सामने आ गया। एसटी हसन के समर्थकों ने इसका विरोध प्रकट करते हुए प्रदर्शन भी किया था।

देखा जाए तो अखिलेश ने प्रत्याशी बदलने की शुरुआत अपने ही परिवार से की। बदायूं सीट से पहले धर्मेंद्र यादव को टिकट दिया था, फिर यह सीट शिवपाल यादव को सौंप दी गई। वहीं, बिजनौर सीट से पहले यशवीर सिंह को टिकट दिया था । बाद में जब एक और सूची सामने आयी तो आई तो यशवीर सिंह की जगह दीपक सैनी का नाम सार्वजनिक हुआ। उधर, गौतमबुद्धनगर सीट को लेकर भी सपा दिग्भ्रमित रही। शुरुआत में यहां से राहुल अवाना को अपना लोस. चुनाव का उम्मीदवार चुना। बाद में उन्हें हटाते हुए महेंद्र नागर को चुनाव मैदान में उतार दिया।ऐसी की स्थिति मिश्रिख सीट पर भी देखने को मिली। सपा ने इस सीट पर पहले रामपाल राजवंशी को टिकट दिया था । बाद में उनका टिकट कटा और बेटे मनोज राजवंशी मि ल गया । यहीं पर तीसरी बार प्रत्याशी बदलते हुए पार्टी ने मनोज की पत्नी संगीता राजवंशी को अपना प्रत्याशी बना दिया। अब ताजा बदलाव मेरठ सीट पर हुआ है। सपा ने पहले मेरठ सीट पर भानु प्रताप सिंह को उम्मीदवार बनाया था। इसमें बदलाव करते हुए अतुल प्रधान को टिकट दिया गया है।

अलग-अलग कारणों से फेरबदल

माना जा रहा है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव कोई एक राजनीतिक रणनीति नहीं अलग-अलग कारणों से टिकटों के फेरबदल कर रहे हैं। जैसे बदायूं में सलीम शेरवानी के अलग हो जाने के बाद शिवपाल के मुस्लिम वर्ग में अच्छे रिश्तों के कारण, रामपुर में मो. आजम के दबाव वाली राजनीति से उबरने के लिए, मुरादाबाद में पहले वाले उम्मीदवार का लोकल फीडबैक लेकर, मिश्रिख में पहले घोषित उम्मीदवार रामपाल के व्यक्तिगत कारणों को देखते हुए और मेरठ में भाजपा से खड़े 'रामायण' सीरियल में भगवान राम की भूमिका अदा करने वाले अरुण गोविल से मुकाबला कर सकने वाले उम्मीदवार को लाने के तहत बदलाव किए।

उहापोह

अमृत विचार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ऐन लोकसभा चुनाव से पूर्व रालोद जैसी पार्टी के गठबंधन टूटने से दबाव में तो हैं। हालांकि कांग्रेस का साथ पाकर तनिक राहत जरूर है फिर भी चुनाव आयोग की सख्ती, समय के साथ आर्थिक बंदिशें, सत्तासीन दल का दबाव, निरंतर सहयोगियों से हो रहे अलगाव ने उन्हें चिंतित कर रखा है।

चाचा के लिए काम करने में हिचक रहती है: धर्मेंद्र

अमृत विचार : सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव के बदायूं की सीट छोड़ने की चर्चा के बाद सपा नेता व पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव ने मंगलवार को बड़ा बयान दिया है। गुन्नौर में आयोजित एक कार्यक्रम में धर्मेंद्र यादव ने कहा कि हम सभी समाजवादी परिवार के हैं, हम सपा और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के हाथ को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि चाचा शिवपाल के लिए काम करने में थोड़ी हिचक रहती, लेकिन आदित्य के लिए हम और ज्यादा काम करेंगे। हम बदायूं की सीट बड़े अंतर से जीतेंगे। धर्मेंद्र यादव ने कहा कि 2019 में भाजपा बेईमानी से जीती थी।

बदायूं सीट पर फिर बदलाव कर सकती है सपा

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी को एक बार फिर बदायूं लोकसभा सीट पर बदलाव करना पड़ सकता है। वर्तमान में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल यादव यहां से उम्मीदवार है। दरअसल, सपा से जारी उम्मीदवारों की पहली सूची में बदायूं से अखिलेश के चचेरे भाई धर्मेन्द्र यादव का नाम था जिसमें बदलाव करते हुए बाद में शिवपाल को यह सीट सौंप दी गई। हालांकि, शिवपाल ने बेटे आदित्य यादव को यहां से चुनाव लड़ाने की बात भी सपा प्रमुख से की है। संभवत: यही कारण रहा कि आदित्य इस सीट के लिए प्रचार में काफी मेहनत भी कर रहे हैं। रही बात शिवपाल और अखिलेश यादव के चुनाव लड़ने की तो, दोनों ही पार्टी के मुख्य रणनीतिकार हैं। दोनों आपस में बैठकर चुनाव लड़ने या न लड़ने पर मंथन करेंगे।

चुनाव ड्यूटी के लिए पुलिस कर्मियों का पारिश्रमिक निर्धारित

अमृत विचार, लखनऊः लोकसभा चुनाव 2024 को संपन्न कराने के लिए लगने वाले केंद्रीय, राज्य पुलिस कर्मियों और होमगार्ड के जवानों का पारिश्रमिक निर्धारित कर दिया गया है। इस संबंध में एडीजी कानून व्यवस्था की ओर से पत्र जारी कर दिया गया है। किन कार्मिकों को कितना पारिश्रमिक मिलेगा यह भी निधारित कर दिया गया है।

वह पुलिस कर्मी जिसकी ड्यूटी विशिष्ट रूप से सेक्टर पुलिस ऑफिसर अथवा जोनल पुलिस ऑफिसर के रूप में लगाई जाएगी, उन्हें एक मुश्त 1500 रुपये की धनराशि मिलेगी। वह पुलिस कर्मी जो निरीक्षक अथा उपनिरीक्षक स्तर के हैं और जिनकी ड्यूटी पोलिंग अथवा मतगणना केंद्र पर लगाई जाएगी, उन्हें 350 रुपये प्रतिदिन अथवा अंश के रूप में प्राप्त होगी। मुख्य आरक्षी अथवा आरक्षी, जिनकी ड्यूटी पोलिंग बूथ अथवा मतदान केंद्र पर होगी उन्हें 250 रुपए अंश के रूप में दी जाएगी। होमगार्ड, पीबीडी अथवा चौकीदार, जिनकी ड्यूटी पोलिंग बूथ अथवा मतदान केंद्र पर लगाई जाएगी को 150 रुपये अंश के रूप में प्राप्त होगा। गजटेड ऑफिसर में असिस्टेंट कमांडेंट, मेडिकल ऑफिसर, डिप्टी कमांडेंट को 25 सौ रुपये, एसआई और एएसआई को दो हजार रुपये, कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल को 15 सौ रुपये दिए जाएंगे।

फसाड लाइट से रोशन होंगे प्रमुख मंदिर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कुंभ मेला क्षेत्र के प्राचीन मंदिरों को किया गया शामिल

अमृत विचार: प्रयागराज में महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसके तहत शहर के प्रमुख मंदिरों को अलौकिक स्वरूप देने के लिए नव्य प्रयोग के रूप में फसाड लाइट का काम किया जा रहा है। इसमें कुंभ मेला क्षेत्र के अंदर और बाहर के प्रमुख प्राचीन मंदिरों को शामिल किया गया है।

महाकुंभ में पर्यटन विभाग को 27 प्रोजेक्ट दिए गए हैं। इनकी लागत 106 करोड़ है । इसमें ज्यादातर प्रोजेक्ट पर विभाग के कार्य रफ्तार पकड़ चुके हैं। इसमें एक प्रोजेक्ट मंदिरों में फसाड लाइट का भी है। कुंभ मेला क्षेत्र के अंदर और बाहर के सभी प्रमुख मंदिर महाकुंभ में आधुनिक रंगीन फसाड लाइट से जगमगाएंगे। पर्यटन विभाग को इसकी जिम्मेदारी मिली है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि इसके लिए टेंडर भी जारी हो चुके हैं। कुंभ क्षेत्र में शंकर विमान मंडपम मंदिर, दारागंज के नागवासुकी मंदिर और दारागंज का ही श्री अलोप शंकरी देवी मंदिर शामिल है। कुंभ क्षेत्र के बाहर सिविल लाइंस में श्री हनुमंत निकेतन मंदिर और श्रृंगवेरपुर धाम का प्रमुख मंदिर शामिल है। इसमें शंकर विमान मंडपम मंदिर के लिए सबसे अधिक 355 लाख खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा नागवासुकी मंदिर के लिए 195 लाख, श्री अलोप शंकरी देवी के लिए 166 लाख, श्रृंगवेरपुर के लिए 107 लाख और हनुमंत निकेतन मंदिर सिविल लाइंस के लिए 101 लाख शामिल हैं।

132 अनाथ बच्चों का हुआ दाखिला

अमृत विचार, लखनऊः अनाथ बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से चलाई गई योजना के तहत 132 छात्र-छात्राओं का विभिन्न कक्षाओं के दाखिला कराया गया है।

बता दें कि ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता या वैध संरक्षक नहीं है उनको शासन की ओर से निशुल्क शिक्षा दिलाने का प्रावधान किया गया है। 132 बच्चों को चयनित कर उनका दाखिला वरदान इंटरनेशनल एकेडमी, पिंक सिटी पब्लिक स्कूल, हेरिटेज एकेडमी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और आश्रम पद्धति विद्यालय में कराया गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि बच्चों की शिक्षा, स्कूल ड्रेस और खानपान का खर्च सरकार वहन करेगी।

सभी हवाई अड्डों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश

राज ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: चुनाव में काले धन की रोकथाम के लिए खुफिया एजेंसियों को सभी हवाई अड्डों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आयकर विभाग के अन्वेषण निदेशालय ने चुनाव-2024 में काले धन के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य के सभी हवाई अड्डों के साथ-साथ अन्य राज्यों से आने वाली व्यावसायिक उड़ानों वाले हवाई अड्डों पर एयर इंटेलिजेंस यूनिट्स (ए.आई.यू.) कार्य कर रही हैं। ये इकाइयां हवाई मार्ग से नकदी व अन्य कीमती सामान की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रख रही हैं।

आयकर विभाग के जरिए हवाई अड्डों पर एआईयू (एयर इंटेलिजेंस यूनिट्स) की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि लखनऊ व वाराणसी में स्थायी रूप से एआईयू कार्यरत है। अयोध्या, बरेली, मुरादाबाद, श्रावस्ती, कानपुर, चित्रकूट, गाजियाबाद (हिंडन), आगरा, अलीगढ़, गोरखपुर, कुशीनगर, आजमगढ़ व प्रयागराज पर अस्थायी रूप से एआईयू कार्यरत है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक जिले में तैनात क्यूआरटी को अस्थायी हवाई पट्टियों व हेलीपैड की निगरानी के भी निर्देश दिए गए हैं।

आयकर विभाग में 24 घंटे खुला नियंत्रण कक्ष

आयकर विभाग ने इस संबंध में सूचना/शिकायत प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 18001807540 और व्हाट्सएप नंबर 6388736373 के साथ एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह 24 घंटे काम कर रहा है। लोगों को इस नंबर पर कॉल करने और चुनाव प्रक्रिया को अनावश्यक रूप से प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले संदिग्ध नकदी या अन्य क़ीमती सामान से संबंधित विशिष्ट जानकारी प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। व्हाट्सएप नंबर 6388736373 पर नकदी की अवैध आवाजाही के संबंध में दस्तावेजों, छवियों और मल्टीमीडिया के रूप में साक्ष्य भी साझा किया जा सकता है। कॉल करने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) खुफिया जानकारी इकट्ठा करने, जरुरी कार्यों को करने के लिए जिम्मेदार होंगे और ऐसे जिलों में जहां पर हवाई अड्डा और हेलीपैड संचालित हैं, लेकिन नियमित एआईयू स्थापित नहीं है वहां पर एयरपोर्ट इंटेलिजेंस यूनिट के रुप में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

आज 10 सीटों पर होगी नमो रैली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 22648 स्थानों पर मोदी बूथ समितियों और पन्ना प्रमुखों को करेंगे संबोधित

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार 3 अप्रैल को उत्तर प्रदेश में तीसरे फ़ेज़ के चुनाव के तहत आने वाली 10 लोकसभा सीटों के सभी बूथों पर नमो ऐप के माध्यम से होने वाली डिजिटल नमो रैली को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर वह कुछ बूथ अध्यक्षों से बात भी करेंगे।

जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया कि तीसरे चरण में संभल, बदायूँ, बरेली, आँवला, एटा, हाथरस, आगरा, फ़तेहपुर सीकरी, फ़िरोज़ाबाद और मैनपुरी में 7 मई को मतदान होंगे। इन सभी लोकसभा सीटों के 22 हजार 648 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नमों ऐप के माध्यम से 3 अप्रैल को दोपहर एक बजे कार्यकर्ताओं से जुड़ेंगे।

राय ने बताया कि नमो रैली में बूथ समिति के सदस्य और पन्ना प्रभारियों को प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश, क्षेत्र और ज़िले के पदाधिकारी भी अपने बूथों पर जाकर इस नमो रैली में जुड़ेंगे।

फुटकर दुकानदारों की समस्या को लेकर समाजवादी व्यापार सभा ने की बैठक

अमृत विचार, लखनऊ : मंगलवार को लखनऊ आशियाना स्थित समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश कैम्प कार्यालय में आयोजित प्रदेश कमेटी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में फुटकर दुकानदारों के समर्थन में व्यापार सभा की ओर से समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से भी मांग की गई है कि केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर ऑनलाइन व्यापार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कदम उठाए जाएं ताकि फुटकर और छोटे दुकानदार के भी परिवार की जीविका चल सकें।

41 जेलों में हेल्थ एटीएम लगाने की स्वीकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कैदियों के सापेक्ष डाक्टरों की संख्या कम, एटीएम से मिलेगी राहत

अमृत विचार:शासन ने प्रदेश के 41 जिलों में हेल्थ एटीएम लगाने के लिए संस्था के चयन के साथ-साथ 40 फीसदी धनराशि के अग्रिम भुगतान की स्वीकृति दे दी है। शासन ने इसको लेकर कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं को पत्र लिखकर अग्रिम कार्रवाई के लिए कहा है। हेल्थ एटीएम की कुल धनराशि चार करोड़ नौ लाख रुपए निर्धारित की गई है, जिसके 40 फीसदी अंश को संस्था को भुगतान करने की स्वीकृति दे दी गई है।

गौरतलब हो कि अभी अलीगढ़ सहित कई कारागारों में हेल्थ एटीएम लगाए गए थे। हेल्थ एटीएम के लगने से जेल में रहने वाले कैदियों को काफी राहत मिल रही है। ऐसी स्थित में शासन ने प्रदेश के 41 कारागारों में हेल्थ एटीएम स्थापित करने का निर्णय लिया था।

शासन ने हेल्थ एटीएम लगाने के लिए दिल्ली की एक संस्था का चयन कर लिया है। कुल चार करोड़ नौ लाख रुपए में स्थापित होने वाले हेल्थ एटीएम के लिए कुल लागत का 40 फीसदी अग्रिम भुगतान की स्वीकृति दे दी है। यह हेल्थ एटीएम लखनऊ, गोरखपुर, आजमगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली आदि मंडलों से जुड़े कारागारों में लगेगा। बताया जा रहा है कि दो से तीन महीने के अंदर निर्धारित 41 जेलों में एटीएम लगा दिया जाएगा। शेष कारागारों में बाद में लगाए जाएंगे।

राजनाथ आज गाजियाबाद में कराएंगे नामांकन

अमृत विचार : भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी पांच अप्रैल को पीलीभीत और रामपुर में चुनावी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। जबकि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को गाजियाबाद में पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग के नामांकन में शामिल होंगे। इसके बाद चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

आगरा व वाराणसी के प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल होंगे योगी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को सुबह 11:30 बजे आगरा के ए.पी. इंटर कालेज शमसाबाद में और दोपहर एक बजे आगरा के सूरसदन ऑडिटोरियम, एम. जी., रोड में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे। बाद में शाम 4 बजे भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी में लोकसभा संगठन की बैठक में सम्मिलित होंगे।

रालोद के साथ गृहमंत्री आज से मथेंगे पश्चिमी उप्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुरादाबाद में 17 लोकसभा क्षेत्रों की तैयारी की करेंगे समीक्षा

अमृत विचार: भाजपा पश्चिम उप्र. में पूरी ताकत झोंकने जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के आने से पहले गृहमंत्री अमित शाह ने रालोद के साथ बुधवार को मुजफ्फरनगर में पहली चुनावी जनसभा करेंगे। साथ ही मुरादाबाद में 17 लोकसभा क्षेत्रों की तैयारियों की समीक्षा भी करेंगे। मोदी का कार्यक्रम छह अप्रैल को सहारनपुर व गाजियाबाद में है, जबकि नौ को पीलीभीत व 16 अप्रैल को मुरादाबाद में है।

मुजफ्फरनगर की जनसभा में गृहमंत्री अमित शाह के साथ रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी भी शामिल होंगे। जयंत चौधरी भी चुनावी सभाओं के जरिए जाटलैंट को मथने में जुट गए हैं। वह 5 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ दोपहर एक बजे गेटवे स्कूल बागपत की जनसभा में भी शामिल होंगे। बाद में छह अप्रैल सुबह 10 बजे सहारनपुर में पीएम मोदी के साथ जनसभा में मंच साझा करेंगे। इसके बाद 9 अप्रैल को कैराना में, 10 अप्रैल को मुजफ्फरनगर में और उसी दिन बागपत में जनसभा को संबोधित करेंगे। 11 अप्रैल को सिकंदराबाद, गौतमबुद्धनगर में जनसभा करेंगे। 12 अप्रैल को मवाना विधान सभा हस्तिनापुर लोकसभा बिजनौर में जनसभा करेंगे।

प्रधानमंत्री पश्चिमी उप्र साधने के लिए खासे सक्रिय हैं। मेरठ में चुनावी अभियान की शुरूआत करने के बाद छह अप्रैल को सहारनपुर में दूसरी चुनावी रैली करेंगे। इस रैली के जरिये वे पहले चरण में शामिल मुरादाबाद और सहारनपुर मंडल की सीटों के मतदाताओं को साधेंगे। इसी दिन वे गाजियाबाद में भी रोड शो करेंगे। इसके बाद उनका अगला कार्यक्रम मुरादाबाद में प्रस्तावित है। इससे पहले अमित शाह प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों की तैयारियों के साथ ही प्रदेश स्तरीय संगठन द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा करेंगे। मुरादाबाद में होने वाली समीक्षा बैठक में प्रथम दोनों चरणों के प्रत्याशियों के अलावा पूर्व सांसद, मौजूदा व पूर्व विधायक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, प्रदेश पदाधिकारी, लोकसभा क्षेत्र प्रभारी व संयोजक, जिलाध्यक्ष और लोकसभा चुनाव टोली के सदस्य भी मौजूद रहेंगे।

सपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व मंत्री उज्जवल रमण

- पूर्व मंत्री का प्रयागराज सीट से चुनाव लड़ना लगभग तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह के पुत्र पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह मंगलवार को समाजवादी छोड़कर सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। उनके प्रयागराज सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने की पूरी संभावना है। सदस्यता ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि देश स्तर पर कांग्रेस ही भाजपा को चुनाव में हरा सकती है। कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव का उन्हें आशीर्वाद प्राप्त है। यादव परिवार से उनके अच्छे रिश्ते हैं।

उज्जवल रमण सिंह ने प्रदेश मुख्यालय में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना' की उपस्थिति में सदस्यता ग्रहण की।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज का दौर बहुत कठिन है, संविधान खतरे में ही नहीं है खतरा दिखने लगा है। इस दौर में एक जैसी विचारधारा के सभी लोगों को एक साथ एकजुट होकर लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़नी है।इस मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि प्रयागराज नेहरू परिवार का गृह क्षेत्र रहा है। वहां से उज्जल रमण का आना पार्टी के लिए अहम है।

इस मौके पर पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी आदि मौजूद रहे।

सदस्यता ग्रहण करने के दौरान पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और आराधना मिश्रा। अमृत विचार

SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

23वां रोजा

शिया
सहरी : 4:22 बजे
इफ्तार : 6:36 बजे

सुन्नी
सहरी : 4:28 बजे
इफ्तार : 6:27 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

शहर में आज

- जुग्गन खान के संयोजन में लखनऊ विश्वविद्यालय से नदवा तक अवध महोत्सव के अंतर्गत इक्का-तांगा दौड़ - 6:00 बजे।
- अवध गर्ल्स कॉलेज में चार दिवसीय नजराना-ए-अवध का आयोजन - 11:00 बजे।
- हयात रेजेन्सी में बुटिक एंड वेडिंग एक्सपो का आयोजन - 11:00 बजे।
- शक्ति भवन, हजरतगंज के पास दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का पुतला दहन - 3:00 बजे।
- गोमती तट स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्रीमद्भागत कथा - 4:00 बजे।
- ठाकुर पब्लिक स्कूल वशिष्ठपुरम, जानकीपुरम में 'गांधी जिंदा है' पर संवाद कार्यक्रम - 5:00 बजे।

एक नजर

6 से शुरू होंगी परीक्षाएं

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) की ओर से संचालित माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम की सार्वजनिक परीक्षाओं की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। इसे संस्थान की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। सूचना के अनुसार, परीक्षाएं 6 अप्रैल से शुरू होंगी। साथ ही, संस्थान की वेबसाइट से परीक्षाओं के हॉल टिकट भी डाउनलोड किए जा सकते हैं।

अकबर नगर : विस्थापितों को आवास देने की कीमत चुकाएंगे आम लोग

एलडीए ने बसंतकुंज योजना में आवासीय और व्यावसायिक भूखंडों के दाम बढ़ाए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अकबर नगर के विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास देने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण आम लोगों से भरपाई करेगा। एलडीए अकबर नगर के लगभग 5,00 गरीब विस्थापितों को बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास मुफ्त देगा। इन विस्थापितों को मुफ्त आवास देने पर आने वाले लगभग 30 करोड़ रुपये के वित्तीय भार की वसूली के लिए बसंतकुंज योजना में जमीन के दाम बढ़ा दिए गए हैं। आवासीय भूखंडों के दाम 33,000 रुपये से 35,000 रुपये प्रति वर्गमीटर और व्यावसायिक भूखंडों की कीमत 60,000 रुपये से बढ़ाकर 70,000 रुपये प्रति वर्गमीटर कर दी है।

- 500 गरीब विस्थापितों को बसंतकुंज योजना में मिलेंगे निःशुल्क फ्लैट

अकबर नगर में कुकरैल बंधे और नदी की जमीन पर एलडीए के अभियंताओं की नजर के सामने 1200 मकान, दुकानें, शोरूम और कॉम्प्लेक्स बनकर खड़े हो गए। कुकरैल नदी को पुराने स्वरूप में लौटाने के लिए कुकरैल नदी को रिवर फ्रंट की तरह विकसित किया जायेगा। इसके लिए एलडीए ने इन्हें ध्वस्तीकरण की नोटिस दी थी। निवासियों के भारी विरोध के बीच तीन महीने तक चली कानूनी प्रक्रिया के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने सभी विस्थापितों को मकान देने के लिए एलडीए को शिविर लगाकर 31 मार्च तक पंजीकरण कराने का निर्देश दिया था। जिसमें 1700 लोगों ने मकान के लिए पंजीकरण कराया है। एलडीए ने आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अत्यंत गरीब लगभग 5,00 विस्थापितों को मुफ्त आवास दिए जायेंगे। जिन विस्थापितों को नोटिस नहीं मिली है, उनका सत्यापन कराकर पात्र लोगों को आवास आवंटित किये जायेंगे।

गरीबों को मुफ्त मकान देने को लेकर जांच शुरू

अमृत विचार] लखनऊ : अकबर नगर में गरीबों को मुफ्त मकान देने को लेकर जांच शुरू हो गई है। लखनऊ विकास प्राधिकरण सहित पांच विभागों के अधिकारियों को जांच के लिए लगाया गया है। जिसमें एलडीए, जिला प्रशासन, नगर निगम, सूडा के अधिकारी शामिल हैं। अगले सप्ताह जांच पूरी होने के बाद एलडीए पात्र विस्थापितों को हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास आवंटित करेगा। अकबर नगर के गरीब विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास मुफ्त दिए जाने हैं। अन्य विस्थापितों को 10 वर्षों की आसान किश्तों पर मकान दिए जाएंगे। इसके लिए एलडीए ने पंजीकरण शिविर लगाए थे। जिसमें 31 मार्च तक 1,700 लोगों ने पंजीकरण कराया है। जबकि एलडीए ने लगभग 1,200 लोगों को ध्वस्तीकरण की नोटिस दी थी। जिन विस्थापितों को एलडीए पहले नोटिस जारी कर चुका है, उन्हें आवास आवंटन का काम बुधवार से शुरू हो जाएगा। बाकी को जांच पूरी होने के बाद आवास दिए जाएंगे।

एसजीपीजीआई के सामने वाहन सीज करने की कार्रवाई के दौरान नीचे उतारे गए स्कूली बच्चे व शिक्षक। अमृत विचार

आठ सीटर मैजिक में प्रयागराज से ले आए 35 स्कूली बच्चे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हर जिले में धारा 144 लागू प्रयागराज से लखनऊ सीमा तक किसी ने टोका, न रोका
- एसजीपीजीआई के पास डीसीपी ट्रैफिक ने सीज कर दिया वाहन
- बच्चों और शिक्षिकाओं को वापस बस से प्रयागराज भेज दिया गया

अमृत विचार: चुनाव आचार संहिता के साथ सभी जिलों में धारा 144 लागू है, पुलिस जगह-जगह वाहन चेकिंग का दावा कर रही है। इसके बावजूद प्रयागराज से आठ सीटर वैन में ठूंसकर 35 बच्चे लखनऊ तक ले आए गए। रास्ते में कहीं किसी ने न रोका और न ही टोका। राजधानी में एसजीपीजीआई के सामने डीसीपी ट्रैफिक ने वाहन को रोक लिया। ओवरलोड वाहन के कागज भी पूरे नहीं थे। डीसीपी ने मैजिक को सीज कर, बच्चों को बस से प्रयागराज भेज दिया। मैजिक में चालक के अलावा पांच शिक्षिकाएं भी सवार थी।

डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पालिट मंगलवार दोपहर यातायात व्यवस्था का जायजा लेने निकले थे। एसजीपीजीआई के पास उनकी नजर बच्चों से ठूंसकर भरी एक मैजिक पर पड़ी। डीसीपी ने मातहतों के जरिये मैजिक रुकवाई। मैजिक में स्कूली यूनिफार्म में बच्चे और शिक्षकाएं सवार थी। पुलिसकर्मियों ने पहले पांच शिक्षकाओं को उतारा, फिर एक के बाद एक 35 बच्चे मैजिक से उतारे गए। चालक से डीसीपी ने कागजात मांगे। कागजात भी पूरे नहीं थे। लापरवाही के आरोप में पुलिस ने मैजिक को सीज कर दिया। बच्चों और शिक्षकाओं को बस से वापस प्रयागराज भेज दिया गया।

गर्मी और प्यास से बेहाल थे बच्चे : मैजिक में ठूंसकर बैठाए गए बच्चों को पुलिसकर्मियों ने नीचे उतारा तो वह गर्मी और प्यास से बेहाल थे। डीसीपी ने पानी की बोतलें और बिस्किट मंगाकर बच्चों को दी। पानी पीने के बाद बच्चों के चेहरे पर रौनक दिखी। शिक्षिकाओं के साथ बच्चों को एक बस रुकवाकर भेज प्रयागराज रवाना कर दिया। चिड़ियाघर न देख पानी का दुख बच्चों के चेहरे पर महसूस हो रहा था।

स्कूल प्रबंधन ने प्रत्येक बच्चे से लिए थे 200 रुपये

डीसीपी के अनुसार शिक्षिकाओं ने बताया कि बच्चों को लखनऊ चिड़ियाघर घुमाने ले जा रही थीं। प्रत्येक बच्चे से 200 रुपये जमा कराए गए थे। डीसीपी ने बताया कि मैजिक में आठ सवारियों का परमिट था, लेकिन छह वयस्कों के अलावा 35 बच्चे बैठाए गए थे। इस कारण मैजिक को सीज किया गया है। लापरवाही पर शिक्षिकाओं और चालक को फटकार भी लगाई।

नो-पार्किंग जोन में 951 वाहनों का चालान

अमृत विचार, लखनऊ : शहर में नए 28 स्थानों पर घोषित नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने पर एक अप्रैल को पहले दिन यातायात पुलिस ने 452 वाहनों का चालान किया। दूसरे दिन 951 वाहनों का चालान किया गया। इसके अलावा यातायात नियमों के उल्लघंन पर वाहन चालकों के विरुद्ध 3100 चालान किये गए।डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल ने बताया कि 23 मार्च को राजधानी के अलग-अलग स्थानों पर 28 नवीन नो पार्किंग जोन घोषित किये गये हैं। बीते सप्ताह में विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार कर वाहन चालकों व स्वामियों को नो पार्किंग जोन के बारे में अवगत कराया गया। मंगलवार को लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों को लाउड हेलर से नो पार्किंग में से हटने के लिये एनाउंसमेंट करने के पश्चात भी न हटाने पर कार्रवाई करते हुए 951 वाहनों का चालान किया गया।

अधिकारियों को सील बिल्डिंग में होते मिले निर्माण कार्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जांच पूरी, आज एलडीए उपाध्यक्ष को सौंपेंगे रिपोर्ट
- सचिव, संयुक्त सचिव, अपर सचिव व सीटीपी को दी गई थी सत्यापन की जिम्मेदारी

अमृत विचार : शहर में अवैध तरीके से हो रहे निर्माण कार्यों पर अंकुश लगाने की लखनऊ विकास प्राधिकरण की मुहिम पर प्रवर्तन जोन के अभियंता व कर्मचारी पानी फेर रहे हैं। जिन पर अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण कार्यों को रोकने की जिम्मेदारी है, उनकी निगरानी के बावजूद सील बिल्डिंग में निर्माण कार्य हो रहे हैं। अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण कार्यों की लगातार मिल रहीं शिकायतों के बाद एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने सचिव, संयुक्त सचिव, अपर सचिव और सीटीपी को जोनवार हो रहे निर्माण कार्यों के सत्यापन की जिम्मेदारी सौंपी थी।

31 मार्च तक जांच पूरी करके रिपार्ट मांगी गई थी। अधिकारियों ने जांच रिपोर्ट तैयार कर ली है। इसमें जोन दो, पांच और सात के कई इलाकों में सील बिल्डिंग में अवैध रूप से निर्माण कार्य होते मिले। इसके अलावा व्यावसायिक निर्माण, रो-हाउस और अपार्टमेंट का एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना निर्माण कराया जा रहा है। समस्त अधिकारी एलडीए उपाध्यक्ष को बुधवार को रिपोर्ट सौंपेंगे। रिपोर्ट के आधार पर ऐसे निर्माण कार्यों के लिए दोषी पाये जाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

इन्हें सौंपी थी जिम्मेदारी

एलडीए उपाध्यक्ष ने शिकायत मिलने पर प्रवर्तन जोन द्वारा ऐसे निर्माण कार्यों व प्लॉटिंग के खिलाफ की जा रही कार्रवाई का भौतिक सत्यापन कराने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी थी। जिसमें नए अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण, प्लॉटिंग, रो-हाउस, कॉम्प्लेक्स व बहुमंजिला इमारतों और सील बिल्डिंग का सत्यापन करने का बीते मंगलवार को आदेश दिया था। इसके लिए सचिव विवेक श्रीवास्तव को जोन 1, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा को जोन 4 एवं 5, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह को जोन 2 एवं जोन 3 और मुख्य नगर नियोजक केके गौतम को जोन 6 एवं 7 के निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी थी।

पांच करोड़ से सवरेंगे 10 जर्जर पशु चिकित्सालय

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में जर्जर राजकीय पशु चिकित्सालय का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। इसके लिए पांच करोड़ रुपये का बजट मिला है। जल्द जिलों पर ऐसे अस्पतालों का चयन किया जाएगा।

ब्लॉकों पर कई वर्षों से बने पशु चिकित्सालय जर्जर हो गए हैं। जहां हादसे की संभावना भी रहती है और मरम्मत के अभाव में कार्य भी प्रभावित हैं। ऐसे 10 अस्पतालों का चयन कर पशु पालन विभाग जीर्णोद्धार कर संवारेगा। इसके लिए विभाग को पांच करोड़ रुपये पूर्व में मिले हैं। एक अस्पताल में करीब 70 लाख खर्च का अनुमान है। निदेशालय में रूपरेखा तैयार की गई है। इस क्रम में जिले पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सालयों के नाम मांगे जाएंगे। जिनका निदेशालय की टीम सर्वे कर चयन करेगी।

बॉक्सिंग रिंग खराब देख चढ़ा मंडलायुक्त का पारा

- केडी सिंह बाबू स्टेडियम में निर्माणाधीन वॉलीबॉल कोर्ट, टेनिस कोर्ट, ताइक्वांडो हाल, बॉक्सिंग रिंग का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: केडी सिंह बाबू स्टेडियम में बाक्सिंग रिंग के कार्य की गुणवत्ता में कमी मिलने पर मंडलायुक्त का पारा चढ़ गया। उन्होंने गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताई साथ ही काम में सुधार न होने पर संबंधित संस्था के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मंगलवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में निर्माणाधीन वॉलीबॉल कोर्ट, टेनिस कोर्ट, ताइक्वाडो हाल, बॉक्सिंग रिंग और मल्टीपरपज हॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता व मानक का विशेष ध्यान रखा जाए साथ ही लग रहे उपकरणों की क्वालिटी की जांच कराने के बाद ही काम पूरा कराया जाए।

लाटुश रोड पर निरीक्षण करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह।

मंडलायुक्त ने लाटूश रोड पर बने डक्ट में वाटर लीकेज की समस्या की जानकारी मिलने पर निरीक्षण किया। लाटूश रोड पर लेसा विभाग ने काम पूरा कर लिया है। उन्होंने पानी के टैंकर से डक्ट में पानी भराकर लीकेज चेक कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि लीकेज वाले स्थान पर वाटर प्रूफिंग करा दी गई है। डॉ. जैकब ने कहा कि डक्ट में पानी का रिसाव होने पर संबंधित अधिकारी और संस्था की जवाबदेही होगी। इस दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह आदि थे।

नए पाठ्यक्रम से शुरू हुई पढ़ाई, मई में होगी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 97 आश्रम पद्धति विद्यालयों में हैं 33 हजार से अधिक छात्र

अमृत विचार : प्रदेश के 75 जिलों में संचालित 97 आश्रम पद्धति विद्यालयों में नए पाठ्यक्रम के अनुरूप पढ़ाई शुरू हो गई है। मई में विद्यालयों में पढ़ने वाले 33 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं का निजी स्कूल की तर्ज पर यूनिट टेस्ट लिया जाएगा।

आश्रम पद्धति विद्यालयों में नया पाठ्यक्रम लागू करने का निर्णय फरवरी माह में लिया गया था। उसके अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार कराया गया। नए पाठ्यक्रम की जानकारी सभी विद्यालयों में शिक्षकों को भेज दी गई। अप्रैल में नया सत्र शुरू होने के साथ ही नए पाठ्यक्रम के अनुरूप पढ़ाई शुरू हो गई है। जौनपुर में दो और अयोध्या में एक नए विद्यालय में भी पाठ्यक्रम के अनुरूप पढ़ाई कराई जा रही है। कोर्स पूरा होने के बाद मई माह में छात्र-छात्राओं की परीक्षा ली जाएगी। सूत्रों के अनुसार परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र बाहर से तैयार कराया जा सकता है। परीक्षा की कॉपियां का मूल्यांकन भी अन्य जिलों में भेजकर कराया जा सकता है। मूल्यांकन के बाद छात्र-छात्राओं की स्थिति का आंकलन किया जाएगा। जिस विषय में छात्र-छात्राएं कमजोर होंगे उस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही शिक्षकों के बारे में भी पता चल सकेगा कि उन्होंने कैसी पढ़ाई कराई है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि शिक्षा के स्तर को और बेहतर करने के लिए कवायद की जा रही है।

ऐशबाग में ध्वस्तीकरण के दौरान मलबा गिरने से गिरी पड़ोसी की दीवार। अमृत विचार

ऐशबाग इलाके में निर्माण तोड़ने के दौरान गिरी पड़ोसी की दीवार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- किरायेदार की मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान मलबे में दबा
- एलडीए से मांगी क्षतिपूर्ति, नहीं मिला आश्वासन

अमृत विचार : ऐशबाग क्षेत्र के इन्दारा कुआं में पार्क की जमीन पर बने पुराने निर्माण को तोड़ने पहुंची लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम की लापरवाही से पड़ोसी की दीवार गिर गयी। गनीमत यह रही कि उस समय वहां कोई मौजूद नहीं था। दीवार गिरने से हाते में रखा किरायेदार का सामान भी दब गया। दो ठेले, पांच पीपा तेल, गैस चूल्हा, बेसन और प्याज की बोरियां और मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई।

एलडीए की टीम मंगलवार को सुबह लगभग 10 बजे ऐशबाग के तकिया झींगुर दास के पैरी इलाके में पार्क की जमीन पर बने पुराने निर्माण को तोड़ने पहुंची थी। अभियंताओं ने आस-पास के लोगों को जल्द से जल्द सामान हटा लेने के निर्देश दिए। 15 मिनट बाद ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई। निर्माण तोड़ने के दौरान स्लेप का मलबा गिर जाने से पड़ोसी शंकर यादव के मकान संख्या 268/46/155 की दीवार गिर गयी। मकान मालिक शंकर यादव और किरायेदार राधेश्याम गुप्ता ने एलडीए से क्षतिपूर्ति की मांग की, लेकिन कोई आश्वासन नहीं मिला। अभियंत्रण के जोन छह के अवर अभियंता सुरेश कुमार का कहना है कि निर्माण तोड़ने से पहले आस-पास के लोगों से सामान हटवा लेने के लिए कहा गया था। उन्होंने बताया कि एलडीए यहां कल्याण मण्डप बनाने जा रहा है। इसके लिए भूमि पर बने पुराने ढांचे को एलडीए की टीम तोड़ने गयी थी।

रोजगार की गारंटी देने को बढ़ाए दो करोड़ मानव दिवस

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में ''रोजगार की गारंटी'' बढ़ गई है। यानी केंद्र सरकार ने जॉबकार्ड श्रमिकों में काम की बढ़ती मांग को देखते हुए वर्ष 2024-25 में पहले चरण में 26 करोड़ मानव दिवस सृजन का लक्ष्य दिया है। यह वर्ष 2023-24 से दो करोड़ अधिक है।

पिछले वर्ष पहले चरण में मिला 24 करोड़ मानव दिवस कुछ ही माह में काम की अधिक मांग होने पर खत्म हो गये थे। इस वजह से खासकर दिवाली बाद हजारों श्रमिक खाली बैठे रहे। हालांकि केंद्र ने बाद में पूरे वर्ष कुल 34.50 करोड़ मानव दिवस दिए। इसमें भी मार्च अंत तक 34.35 करोड़ पूरे हो गए। इसे एक तरफ उपलब्धि भी कह सकते हैं तो कमी भी। लेकिन, दावा है कि बढ़े लक्ष्य से पिछले वर्ष की तरह समस्या नहीं आएगी। वहीं, 230 से 237 रुपये मजदूरी भी 1 अप्रैल से लागू हो गई है।

- वर्ष 2024-25 में मनरेगा को मिला 26 करोड़ मानव दिवस लक्ष्य
- 2023-24 में 34.35 करोड़ पूर्ति, इस वर्ष बढ़कर मिले मानव दिवस
- 230 से 237 रुपये मजदूरी भी 1 अप्रैल से हो गई है लागू

मानव दिवस की प्रगति (करोड़ में)

जिला	लक्ष्य	पूर्ति
लखनऊ	14.59	14.58
बरेली	41.27	39.99
कानपुर नगर	14.93	14.68
मुरादाबाद	35.90	35.38
अयोध्या	42.28	42.11
प्रयागराज	70.83	69.55
गोरखपुर	68.73	66.71
वाराणसी	25.71	24.70
आगरा	50.04	47.97

वर्षवार आंकड़ा (करोड़ में)

वर्ष	लक्ष्य	पूर्ति
2020-21	40	39.32
2021-22	32	32.56
2022-23	31	31.15
2023-24	34.50	34.35

जिलों को ये लक्ष्य मिला

लखनऊ 16,12,115, बरेली 34,40,979, कानपुर नगर 11,69,183, मुरादाबाद 25,93,093, अयोध्या 37,17,474, प्रयागराज 51,24,635, गोरखपुर 58,23,448, वाराणसी 14,75,368, आगरा 27,32,021।

- 34.35 करोड़ में ये परिवार लाभान्वित
- 74.51 लाख परिवारों ने काम मांगा
- 68.45 लाख परिवारों ने काम किया
- 5.28 लाख परिवार ने 100 दिन काम किया

> सरकार श्रमिकों के उत्थान के लिए संकल्पित है। उन्हें स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक काम देकर पलायन रोकना है। इस मकसद से लक्ष्य बढ़ाकर दिया है। किसी तरह की समस्या नहीं आएगी।
>
> -विजय चौधरी, उपायुक्त ग्राम्य विकास मुख्यालय

जल्द बनेंगे 73 मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास, काम शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में लाभार्थियों को आवंटित 73 मुख्यमंत्री आवास जल्द तैयार होंगे। लाभार्थियों ने पहली किस्त मिलने पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। जिनकी जिओ टैगिंग के आधार पर दूसरी किस्त मांगी जाएगी।

जिले में वर्ष 2023-24 में पहले चरण में 57 व दूसरे चरण में 16 मुख्यमंत्री आवास आवंटित हुए थे। इन सभी लाभार्थियों को आचार संहिता से पहले पहली किस्त 40 हजार रुपये भुगतान की गई थी। इससे लाभार्थियों ने निर्माण शुरू कर दिया है। पहली किस्त में नींव व दीवार आदि कार्य होंगे। इस निर्माण की जीओ टैगिंग करके दूसरी किस्त 70 हजार रुपये के लिए मांग की जाएगी। इससे लिंटर, प्लास्टर आदि कार्य होंगे।

एक नजर

शांति और तृप्ति देती है भागवत कथा : हेमलता

अमृत विचार, लखनऊ : गोमती तट स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्रीमद्भागत कथा की शुरुआत हुई। मंगलवार को कथावाचिका देवी हेमलता शास्त्री ने श्रीमद्भागत कथा की महिमा बताई। कहा कि कथा श्रवण विकारों को निकालता है, शान्ति और तृप्ति देता है। पहले दिन महापौर सुषमा खर्कवाल ने व्यास पीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने भागवत महात्म्य एवं धुन्धकारी की कथा सुनायी। कथा के दौरान देवी हेमलता शास्त्री ने लोगों से परिवार संभालने की अपील करते हुए कहा कि बच्चों को कार की जगह संस्कार दें, जिससे लोक और परलोक दोनों का कल्याण होगा। वहीं, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश यात्रा निकाली गई। मुख्य यजमान जगदीश अग्रवाल और सुनीता अग्रवाल ने भागवत पुराण की पूजा की तथा पुस्तक को सिर पर रखकर कथा स्थल पहुंचे।

एतिहासिक जीत दर्ज करने के लिए सभी वर्गों से करें संपर्क

बूथों पर निवास करने वाले प्रबुद्धजन, व्यापारी वर्ग, सामाजिक संगठनों से निरंतर संपर्क कर कार्यों की समीक्षा करें : आनंद द्विवेदी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में भाजपा को एतिहासिक जीत दिलाने के लिए सभी को जुटना होगा। समाज के हर वर्ग के लोगों से संपर्क और प्रत्येक बूथ पर मतदान प्रतिशत बढ़वाने का प्रयास करें।

चुनाव प्रबंधन को लेकर मध्य एवं पश्चिम विधानसभा में बैठक के दौरान उक्त बात भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कही। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर पन्ना प्रमुखों की बैठक की जाए। बूथों पर निवास करने वाले प्रबुद्धजन, व्यापारी वर्ग, सामाजिक संगठनों से निरंतर संपर्क करें। साथ ही बूथ पर बैठक कर कार्यों की समीक्षा करें। एमएलसी और चुनाव संचालन संयोजक मुकेश शर्मा ने मंडल समिति पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजकों, मोर्चा पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, पाषर्द एवं बूथ अध्यक्षों से बात की। बैठक में नगर उपाध्यक्ष घनश्याम, विधान सभा प्रभारी गोविंद, संयोजक अतुल, उपविजेता रजनीश गुप्ता, सतीश मिश्रा, उपविजेता अंजनी कुमार श्रीवास्तव, अतुल दीक्षित, चुनवा संयोजक सत्येंद्र सिंह, पुरुषोत्तम पूरी, अनुराग मिश्रा सत्या आदि मौजूद रहे।

मध्य एवं पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में हुई बैठक के दौरान पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी। अमृत विचार

कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष समेत अन्य ने भाजपा का दामन थामा

अमृत विचार : कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष समेत अन्य ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। मंगलवार को अवध क्षेत्र कार्यालय पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र के नेतृत्व में अयोध्या जिले के कांग्रेस पदाधिकारी भाजपा में शामिल हो गए। कांग्रेस पदाधिकारियों ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया। भाजपा में शामिल होने वालों में कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपचंद्र चैहान आदि हैं। इस दौरान क्षेत्रीय मीडिया सप्रभारी आकाश मिश्र मोंटी आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए लोगों का स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी।

अवध गर्ल्स कॉलेज में चार दिवसीय नजराना-ए-अवध आज से

अमृत विचार, लखनऊ : अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में बुधवार से साहित्य और सांस्कृतिक उत्सव की शुरूआत हो रही है। इसमें कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

एजीडीसी में चार दिवसीय नजराना-ए-अवध नामक साहित्य व सांस्कृतिक उत्सव का आगाज बुधवार से किया जा रहा है। इसकी थीम रंगरेजा रखी गई है। प्राचार्या प्रो. बीना राय ने बताया कि उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह होंगी। जबकि छह अप्रैल को आयोजित होने वाले समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम होंगे। प्राचार्या के अनुसार चार दिवसीय साहित्य और सांस्कृतिक उत्सव में कुल 26 तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इसमें डॉक्यूमेंट्री, पोएट्री राइटिंग इंग्लिश, स्किट, डांस ड्रामा, फैशन शो और स्क्रिप्ट राइटिंग जैसी प्रतियोगिताएं मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

क्विज प्रतियोगिता में जीता फर्स्ट रनर-अप अवॉर्ड

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के कक्षा-9 के छात्र अभिनव जैन ने राष्ट्रीय स्तर पर हुई 'द इण्डिया क्विज' प्रतियोगिता में फर्स्ट रनर-अप अवार्ड जीता है। अभिनव ने 27 मिनट 20 सेकेण्ड में सभी सवालों के जवाब देकर 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आयोजन ट्विनिंग आउल लर्निंग प्लेटफार्म प्रा. लि. के तत्वावधान में किया गया। मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि 'माई इण्डिया, माई प्राइड' थीम पर हुई प्रतियोगिता में देश भर के 600 विद्यालयों के 9000 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। सीएमएस के छात्र ने सम-सामयिक विषयों, कला एवं संस्कृति, विज्ञान, साहित्य, सांस्कृतिक व राजनीतिक विरासत समेत विभिन्न विषयों पर जवाब देकर बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अभिनव को ट्राफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

टेबलेट में बच्चों की उपस्थिति दर्ज करते शिक्षक भानुप्रताप। अमृत विचार

विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव का आयोजन चैत्र नवरात्र से

कार्यालय संवाददादा, लखनऊ

अमृत विचार : विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव की शुरुआत चैत्र नवरात्र की प्रथम तिथि से होगी। समापन दिसंबर में तीन दिवसीय उत्सव के साथ होगा। उत्सव में तनावमुक्त शिक्षा एवं सफल जीवन के उद्देश्य को 100 से अधिक विद्यार्थी प्रतिभा कार्यशालाएं और विभिन्न कार्यक्रम कराए जाएंगे।

मुख्य कार्यक्रम संयोजक एवं जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज कुमार तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम जनविकास महासभा एवं सामाजिक संस्था सोसायटी ऑफ करियर टेक्नोलॉजी के प्रयास से होगा। इसमें विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर भारत के अन्तर्गत प्रतिभा प्रदर्शन के लिये प्रेरित किया जायेगा। प्रतिभा से जुड़े करियर के प्रति भी उन्हें जागरूक किया जाएगा। एक लाख विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण, नशा मुक्त समाज के लिए संकल्प दिलाया जाएगा। डॉ. अगम दयाल, रमेश प्रसाद अवस्थी, सुरेश चन्द्र अवस्थी, अजय यादव, अरविन्द नाथ मिश्रा, बीएन मिश्रा, दिव्या शुक्ला, मिस राजनंदिनी, जूही सोनाली, शरद श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महासभा अध्यक्ष। अमृत विचार

▸▸ नौ माह तक चलेंगे कार्यक्रम, एक लाख विद्यार्थी लेंगे पर्यावरण एवं जल संरक्षण का संकल्प

डिजिटल रजिस्टर ने आसान किया विद्यालय के लेखा-जोखा का काम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ शिक्षकों के समय में भी हो रही बचत

अमृत विचार : सीतापुर के सकरन ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय बछराता के अध्यापक भानुप्रताप वर्मा को शुरुआत में डिजिटल रजिस्टर पर विद्यालय से संबंधित लेखा- जोखा दर्ज करने में दिक्कत आ रही थी। उन्हें यह सिस्टम उबाऊ लग रहा था। वही, अब धीरे-धीरे तकनीक की जानकारी होने पर उन्हें यह आसान लगने लगा। अध्यापक भानुप्रताप वर्मा का मानना है कि इसके आने से समय की बचत के साथ-साथ सब सुव्यवस्थित हो जाता है। मिड-डे मील के वितरण की भी निगरानी आसान हो गई है।

प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में प्राथमिक शिक्षा के लिए डिजिटल रजिस्टर से स्कूलिंग की नई व्यवस्था लागू करने की योजना बनाई है। शुरुआत में लखनऊ मंडल के 8 जनपदों पर पायलट स्कीम लांच की गई। सीतापुर, उन्नाव, लखनऊ, श्रावस्ती, हरदोई, रायबरेली और लखीमपुर खीरी में योजना की शुरुआत की गई। सीतापुर में पायलट योजना से जुड़े अध्यापक भानुप्रताप ने बताया कि इस योजना के तहत अब शिक्षकों को जहां छात्रों की उपस्थिति दर्ज करना आसान हुई है। वहीं, रोजमर्रा के शैक्षिक कार्यों और बच्चों की प्रगति के आंकड़ों को रखना भी आसान हो गया है।

सार-संक्षेप

ईस्टर मिलन समारोह में गूंजा बाइबिल का पाठ

अमृत विचार, लखनऊ : क्राइस्ट चर्च कॉलेज के मैदान में मंगलवार को ईस्टर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कई चर्चों के बिशप, पादरी शामिल हुए। इस दौरान बाइबिल का पाठ और प्रभु यीशु के गीत गाए गए। कार्यक्रम में मौजूद अल्पसंख्यक कल्याण, हज एवं वक्फ राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने सभी को ईस्टर की बधाई दी। उत्तर प्रदेश मसीही एसोसिएशन की ओर से आयोजित समारोह में शाम को बिशप शैलेन्द्र दास ने आराधना के साथ समारोह की शुरुआत की। वहीं एबी चर्च की टीम ने तेरे जैसा कोई नहीं यीशु, भाई एनोश द्वारा गाओ गाओ जय के गीत गाओ और सीएनआई चर्च की ओर से तेरा प्यार है महान गीत की प्रस्तुत किया। फादर डेनिस नरेश लोबो ने बाइबिल का पाठ किया। इस मौके पर रेवरन मॉरिस कुमार, धर्माध्यक्ष ऑगस्टस एंथनी, रेवरन सोंस समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला, पुरुष और बच्चे मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान गायन की प्रस्तुति देतीं उमा गर्ग। अमृत विचार

गुरु के सानिध्य में रहकर सीखें संगीत के मूल तत्व : उमा गर्ग

अमृत विचार, लखनऊ : भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के कला मंडपम प्रेक्षागृह में गायन विभाग ने रागों व बंदिशों के सौंदर्य और उनके प्रस्तुतीकरण पर व्याख्यान आयोजित किया। इसमें किराना घराने की कलाकार विदुषी उमा गर्ग को आमंत्रित किया गया। कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। उमा गर्ग ने व्याख्यान का विषय 'राग' को चुना और किसी भी राग के नियमों के अनुसार उसकी विधिवत बढ़त कैसे की जाती है यह राग शुद्ध सारंग के माध्यम से विद्यार्थियों को समझाया। उन्होंने गायन शैलियों में कंठ की महत्ता को समझाते हुए राग मिश्र ख़माज में एक ठुमरी की भी प्रस्तुति दी। अंत में छात्र-छात्राओं की जिज्ञासा का समाधान करते हुए रियाज़, गले की तैयारी, राग का बर्ताव, विभिन्न गायन शैलियों में आवाज़ का लगाव आदि से संबंधित प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कार्यक्रम में गायन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सृष्टि माथुर, वाद्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. सीमा भारद्वाज, डॉ. रंजना द्विवेदी, शिक्षक एवं विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

महदवी समाज की जानिब से मजलिसे अज़ा मुनअकिद

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ मेहद्वी समाज क्लासेस की जानिब से शहर में मुख्तलिफ सेंटर्स पर शहादत इमाम अली अलैहिस्सलाम के उनवान से तीन मजलिसों का इन एक हाथ किया गया। इमामबाड़ा मीरन मुफ्तीगंज में जनाब हसन जहीर ने हज़रत अली की जिंदगी के मुख्तलिफ गोशे पर लोगों को रूशिनास कराया और आखिर में इमाम की पुरदर्द शहादत का तजकिरा किया। दूसरी मस्जिद जनाब मौलाना अतहर अब्बास आले बकिरुल उलूम ने छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि हज़रत को शहादत को सलामी बशरियत के सख्त तरीन मरहले से ताबीर करते हुए बताया कि हज़रत अली अलैहिस्सलाम की शहादत का गम सिर्फ आपके घर वालों को नहीं बल्कि 40 हिजरी के आलमे बशरियत ने मनाया। कूफा के यतीम बच्चों को हजरत अली अलैहिस्सलाम के जाने के बाद यतीमी का एहसास हुआ। मजलिस में मसाएबे हजरत अली अलैहिस्सलाम पर रोशनी डाली गई। मजलिस हैदर मौला की सदाओं के साथ खत्म हुई। मजलिस के बाद शबीहे ताबूत कर्बला के अंदर बरामद हुआ।

झूलेलाल जयंती पर पूजन के साथ शुरू हुआ भंडारा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 10 को मनाई जाएगी झूलेलाल की जयंती

अमृत विचार : झूलेलाल जयंती के अवसर पर एक सप्ताह पहले ही धार्मिक आयोजन शुरू हो गए। 10 अप्रैल को झूलेलाल की जयंती मनाई जाएगी। सिंधी बाहुल्य क्षेत्रों में आरती, पूजन और भंडारे शुरू हो गया। आलमबाग वीआईपी रोड स्थित शिव शांति आश्रम में झूलेलाल जयंती समारोह से हर बार की तरह ही आश्रम के पीठाधीश संत शिरोमणि सांई चांदूराम ने भगवान झूलेलाल की पूजा की। लाल झूले लाल झूले सभई चओ लाल झूले... गीत पर सिंधी श्रद्धालुओं ने नृत्य किया।

झूलेलाल की आरती व पूजन में भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी का सिंधी समाज ने जोरदार स्वागत अभिनंदन किया। चेट्टी चंद मेला कमेटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी, अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, कोषाध्यक्ष सतेंद्र भवनानी, सिंधी अकादमी के नानक चंद लखमानी, अशोक चांदवानी, गुलाब व राजू जसवानी, आश्रम के सेवादार दर्शन लाल भाग्या, किशन लाल, अजीत जोगी, सतीश लखवानी, विक्की दरयानी, राजाराम, हंस राजपाल, दिनेश राय चंदानी आदि सिंधी समाज के लोग शामिल हुए।

अकादमी के नानक चंद लखमानी व मेला कमेटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी ने बताया कि नौ अप्रैल तक सिंधी बाहुल्य क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर रोजाना भगवान झूलेलाल की आरती व भंडारे होंगे। जबकि 10 अप्रैल को झूलेलाल वाटिका में भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियों में पूरा सिंधी समाज जुटा हुआ है।

बांसुरी से निकले शिवरंजनी राग ने कानों में घोला शहद

अमृत विचार, लखनऊ : उ प्र संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में मंगलवार को प्रादेशिक शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता हुई। इसमें बाल, किशोर एवं युवा वर्ग में वाद्ययंत्रों की शास्त्रीय प्रस्तुतियां दी गईं। बांसुरी पर शिवरंजनी राग और गिटार पर खमाज राग ने मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत से हुई। गजवाद्य, तंत्रवाद्य एवं सुषिर वाद्य की प्रतिभागियों के निर्णायक मंडल में दिल्ली से आए प्रसिद्ध बांसुरी वादक पंडित चेतन जोशी, वनस्थली विद्यापीठ से डॉ. सुजीत देवधरिया एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के एसो. प्रो. डॉ. गोपालकृष्ण शाह रहे। बाल वर्ग में बरेली से आदित्य राज प्रयागराज से अद्रिता भारद्वाज ने वायलिन पर प्रस्तुति दी। किशोर वर्ग में आगरा संभाग के प्रथम परमार ने बांसुरी में राग शिवरंजनी की प्रस्तुति दी। युवा वर्ग में गाजियाबाद के हरिदर्शन तिवारी ने तंत्रवाद्य हवाईन गिटार में राग खमाज बजा कर प्रभावित किया। बुधवार को पांचवें दिन अवनद्ध वाद्य, तबला एवं पखावज समस्त वर्ग की प्रतियोगिता होंगी।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक/विद्युत/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन "खुली" निविदायें (ई-टेंडरिंग) आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं.-1, निविदा सूचना संख्याः** ई-निविदा-एल-44-23-24, **कार्य का नामः** प्रयागराज रामबाग रेलवे स्टेशन एवं झूंसी रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ मेला-25 से संबंधित विविध विद्युतीय कार्य। **अनुमानित लागतः** ₹ 1,23,89,292.36, **अमानत राशिः** ₹ 2,12,000.00, **कार्य समापन अवधिः** 06 माह, **निविदा समापन की तिथि एवं समयः** 23.04.2024, 14.30 बजे, **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 23.04.2024, 14.30 बजे, **नोटः** उपरोक्त ई-निविदा के पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य
मुजाधि/विद्युत-01 वाराणसी
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर जिलाधिकारी न्यायिक रेन्ट अथार्टी तथा रेन्ट ट्रिब्युनल महोदय सीतापुर

वाद सं0– D20221064000246/2022

पेशी– 10/04/2024

1– श्रीमती फिरोज जहाँ पत्नी स्व0 अकील अहमद, 2– मो0 सिकन्दर, 3– जफर इकबाल,4– मो0 मुजफ्फर जमाल पुत्रगण स्व0 अकील अहमद, सर्वनिवासीगण मोहल्ला– पक्का बाग शेख सराय सीतापुर, परगना तहसील व जिला सीतापुर **–वादीगण**

बनाम

शरीफ अहमद पुत्र स्व0 नजीर अहमद निवासी– मोहल्ला– शेख सरांय पटिया सीतापुर परगना व तहसील व जिला सीतापुर **–विपक्षी**

(आदेश 5 नियम 10)

उपरोक्त वाद वादीगण ने विपक्षी के विरुद्ध बावत जमा करने किराया दुकान का वाद अन्तर्गत धारा 14 उ0प्र0 नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021 बावत एक किता दुकान ई–1 स्थिति जिला सीतापुर विरुद्ध वाद संस्थित किया है। आवेदन किया है उसको इस न्यायालय में तारीख 10/4/2024 के दिन में 10 बजे उत्तर देने के लिए अधिवक्ता या व्यक्तिगत द्वारा देने के लिए उक्त उपसंज्ञात होने के लिए समन किया जाता है जिसमे असफल रहने पर उपरोक्त वाद एकपक्षीय निस्तारित किया जायेगा।

यह आज दिनांक 02/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय सहित जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से

आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की
न्यूनतम योग्यताः– स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:–
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

अमृत विचार क्लासीफाइड

सूचना

पहले मेरा नाम SHANTANU KUMAR PAL था अब मैने बदलकर अपना नाम SHANTANU PAL रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O- SANTOSH KUMAR PAL Add: 14/287, NAI BASTI BARAF KHANA MURAD ALI LANE UDAYGANJ, LUCKNOW.**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम रितिक से बदलकर रितिक सिंह रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **रितिक सिंह पुत्र ब्रह्मा शंकर ग्राम कोटवा, पोस्ट हेतिमपुर,थाना महुआडीह, जिला देवरिया 274206**

सूचना

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम मोहम्मद यासीन अंसारी लिख गया है जबकि मैं अपना नाम बदलकर मोहम्मद यासीन कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **मोहम्मद यामीन पुत्र मोहम्मद हनीफ पता– करंडीह कला गोण्डा।**

सूचना

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र सुरेंद्र कुमार उर्फ रिंकू को गलत चाल –चलन के कारण अपनी समस्त चल –अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इनके किसी भी कार्य व्यवहार से मेरा कोई लेना–देना नहीं है। **रामसूरत पुत्र कृपाराम मोहल्ला– भगवती गंज वार्ड नंबर 5 बलरामपुर**

सूचना

सूचित हो कि मैं **अब्दुल अलीम पुत्र मोहम्मद नसीम, निवासी–छुहियापुरवा, सहारा स्टेट, जानकीपुरम, लखनऊ,** मेरा पुत्र सेन्ट थामस मिशन स्कूल सेक्टर–एच. जानकीपुरम लखनऊ में कक्षा–8वीं का छात्र है। उसका नाम विद्यालय अभिलेखों में त्रुटिवश MOHAMMED AQIB तथा उसकी माता का नाम SHAHNAZ BANO दर्ज है जबकि मेरे पुत्र का सही नाम MOHAMMAD AQIB तथा उसकी माता का नाम SHAHANAJ BANO है।

सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम MOHAMMAD ISRAIL MEKRANI S/o ABDUL HAMEED MEKRANI था। जो कि मैने आज दिनांक 02.04.2024 से अपना नाम बदलकर MOHAMMAD ISRAIL S/O ABDUL HAMEED रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। निवासी– मोहल्ला सलारगंज, थाना– दरगाह शरीफ जनपद– बहराइच

सूचना

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद वसी पुत्र गुलाम नबी, निवासी– मकान न0– 86, उत्तरी मुराइन टोला थाना कोतवाली शहर व जिला फतेहपुर, मेरा जन्म दिनांक 09/11/1980 को मकान न0– 86, उत्तरी मुराइन टोला थाना कोतवाली शहर व जिला फतेहपुर** में हुआ था पुत्री की माता का नाम नूर फातिमा है। आज से पूर्व में किसी भी सरकारी गैर सरकारी संस्था/सरकारी/निजी अस्पताल, क्लिनिक, सथानीय निकाय, ग्राम/नगर पंचायत एवं लोकवाणी जनसेवा केंद्र द्वारा पुत्री का प्रमाण पत्र जारी नहीं कराया गया है। यदि भविष्य में कोई भी विधिक कार्यवाही होती है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी। यह कि मेरा जन्म फतेहपुर में दर्ज करते हुये जन्म प्रमाण पत्र दिलाया जाना आवश्यक है।

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मिकलेश कुमार प्रसाद से बदलकर मिकलेश कुमार रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **मिकलेश कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी वर्मा पाली, पोस्ट पिपरा उत्तर पट्टी, थाना श्रीरामपुर, जिला देवरिया**

सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री आकांक्षा मिश्रा उर्फ आकांक्षा दुबे पत्नी श्री अनुराग दुबे वर्तमान पता– 568ख(92) गीतापल्ली आलमबाग, लखनऊ के गलत व्यवहार व आचरण के कारण मैंने अपनी पुत्री से सारे रिश्ते समाप्त कर उसे अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। **अतुल कुमार मिश्रा पुत्र भोमेश्वर मिश्रा निवासी– ए–1/10 जलवायु विहार फेस–2, मानसरोवर योजना कानपुर रोड, लखनऊ।**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मुझे पहले राधिका अनुज कुमार दूबे के नाम से जाना जाता था अब भविष्य में मुझे राधिका पाण्डेय के नाम से जाना व पहचाना जाएगा। निवासी–राधिका पाण्डेय पत्नी भूपेंद्र कुमार पाण्डेय ग्राम– हसुई मुकुंदपुर, भवानीगढ़ जिला सुल्तानपुर/अमेठी पिन कोड– 227806

सूचना

सूचित हो कि मैं **गजाधर ठाकुर पुत्र करूणानीधान ठाकुर, निवासी– म.न. 129स, राम नगर, कालोनी, रिवतापुर, निलमथा, निकट– स्काई लॉक स्कूल, निलमथा, लखनऊ कैन्टोमेन्ट, पोस्ट–दिलकुशा जिला–लखनऊ–226002,** मैं पूर्व में हनुमान टोला आरा, वालीगंज, भोजपुर बिहार–802301 के पते पर निवास करता था अब मै वर्तमान में म.न. 129स, राम नगर, कालोनी, रिवतापुर, निलमथा निकट स्काई लॉक स्कूल, निलमथा, लखनऊ कैन्टोमेन्ट, पोस्ट–दिलकुशा जिला–लखनऊ–226002,यू0पी0 में निवास कर रहा हूँ। यही पता सभी आवश्यक कागजातों में माना जाय व दर्ज किया जाय।

सूचना

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद वसी पुत्र गुलाम नबी, निवासिनी– मकान न0– 86, उत्तरी मुराइन टोला थाना कोतवाली शहर व जिला फतेहपुर,** मेरी पुत्री गौसिया वसी का **जन्म दिनांक 19/09/2008 को निज निवास मकान न0– 86, उत्तरी मुराइन टोला थाना कोतवाली शहर व जिला फतेहपुर** में हुआ था पुत्री की माता का नाम हस्मतुन निशा है आज से पूर्व में किसी भी सरकारी गैर सरकारी संस्था/सरकारी/निजी अस्पताल, क्लिनिक, सथानीय निकाय, ग्राम/नगर पंचायत एवं लोकवाणी जनसेवा केंद्र द्वारा पुत्री का प्रमाण पत्र जारी नहीं कराया गया है। यदि भविष्य में कोई भी विधिक कार्यवाही होती है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी। यह कि मेरा जन्म फतेहपुर में दर्ज करते हुये जन्म प्रमाण पत्र दिलाया जाना आवश्यक है।

सूचना

सूचित हो कि मैं **कुरैशा पत्नी छेद्दू पुत्री छेद्दू, निवासिनी– मकान न0– 36, ए0 पन्ना चक्की के पास उत्तरी मुराइन टोला थाना कोतवाली शहर व जिला फतेहपुर,** मेरा जन्म दिनांक 11/08/1970 को निज निवास मकान नं0–36ए0 पन्ना चक्की के पास उत्तरी मुराइन टोला थाना कोतवाली शहर व जिला फतेहपुर में हुआ था पुत्री की माता का नाम इद्दो है। आज से पूर्व में किसी भी सरकारी गैर सरकारी संस्था/सरकारी/निजी अस्पताल, क्लिनिक, सथानीय निकाय, ग्राम/नगर पंचायत एवं लोकवाणी जनसेवा केंद्र द्वारा पुत्री का प्रमाण पत्र जारी नहीं कराया गया है। यदि भविष्य में कोई भी विधिक कार्यवाही होती है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी। यह कि मेरा जन्म फतेहपुर में दर्ज करते हुये जन्म प्रमाण पत्र दिलाया जाना आवश्यक है।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

स्वास्थ्य शिविर में 1100 लोगों की हुई जांच

अमृत विचार, लखनऊ : आदर्श व्यापारी एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को लोटस मेडिकल बस के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि मुंशी पुलिया चौराहे पर आयोजित हुए इस शिविर में पुलिस व मीडिया कर्मियों सहित सरकारी कर्मचारी व उनके परिवार के 1100 लोगों ने पंजीकरण कराया। सभी का स्वास्थ्य टीम ने चेकअप कर उन्हें स्वस्थ रहने के सुझाव दिये। इस मौके पर उन्हें दवाइयां भी वितरित की गईं। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने डॉक्टरों की टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया।

एंबुलेंस में मरीजों की सेवा करने वाले ईएमटी सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा प्रदाता संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज की ओर से मंगलवार को ईएमटी दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। लखनऊ सहित विभिन्न जिलों में कार्यरत ईएमटी को उनके द्वारा किए जा रहे बेहतर कार्यों के लिए सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। सेवा प्रदाता संस्था के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने सभी ईएमटी को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि 108 एवं 102 एंबुलेंस में प्री-हॉस्पिटल केयर ईएमटी के द्वारा दी जाती है। वह स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रिम पंक्ति में काम करते हैं और आपदा एवं आपात स्थितियों में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करते हैं। ईएमटी को हमेशा से ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज का 'हीरो' माना जाता है। मुसीबत में फंसे लोगों के जीवन को राहत पहुंचाकर ईएमटी एक सुरक्षित राष्ट्र के निर्माण में अहम योगदान दे रहे हैं। आपातकालीन स्थितियों में ईएमटी ने हमेशा यह साबित किया है कि प्रदेश की आम जनता की सेवा के लिए वह हमेशा तत्पर रहते हैं।

हवा की रफ्तार बनी बिजली विभाग के लिए चुनौती, पॉवर कॉरपोरेशन अलर्ट मोड में

तेज हवाओं से टूट रहे बिजली के तार

- उपकेंद्र जीवीआरए में एक दिन में 20 शिकायतें तार टूटने की आईं। उपभोक्ताओं ने सूचना दी कि तेज हवा के कारण पोल से तार टूट कर गिर गया।
- अहिबरन उपकेंद्र बिजली के तार टूटने के 11 मामले पहुंचे। यहां पर कुछ जगहों पर पेड़ की टहनियां तार पर गिर गईं और विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई।
- कुछ ऐसा ही हाल चिनहट स्थित उपकेंद्र का रहा। हवा से तार टूटने की सूचना लोगों ने दी, तब जाकर यहां पर आपूर्ति शुरू हुई। तीन घंटे तक लोग परेशान रहे।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यह हादसे तो बानगी भर हैं। राजधानी के ज्यादातर इलाकों का कुछ ऐसा ही हाल है। तेज हवाओं से राजधानी के विभिन्न इलाकों में तार टूट रहे हैं। ऐसे में निर्बाध विद्युत आपूर्ति पॉवर कारपोरेशन के लिए चुनौती बन गई है। तार टूटने को लेकर पॉवर कारपोरेशन भी अलर्ट मोड में हैं। पॉवर कारपोरेशन ने उपकेंद्र के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि तार टूटते ही उपभोक्ताओं की समस्या को दूर किया जाए। तार टूटने की समस्या आते ही मौके पर लाइन मैन को भेजा जाये, ताकि किसी तरह का हादसा न हो।

शहर के सरोजनीनगर, नादरगंज, बीकेटी, चिनहट, मड़ियांव, गुडंबा सहित कई क्षेत्रों में तेज हवाओं के चलते तारों की टूटने की घटनाओं में इजाफा हुआ है। साथ ही झूलते तारों के आपस में टकराने से स्पार्किंग के कारण इलाकों में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। पेड़ों और उनकी टहनियां भी तारों पर टूट कर गिर रही हैं। इससे विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो रही है। तारों की टूटने को लेकर विभागीय अधिकारी भी परेशान हैं। इससे निपटने के लिए पावर कारपोरेशन ने सभी उपकेंद्र अधिकारियों और कर्मचारियों को क्षेत्रों में दौरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

▸▸ सरोजनीनगर, नादरगंज, बीकेटी, चिनहट, मड़ियांव, गुडंबा सहित कई क्षेत्रों में तारों के टूटने की घटनाओं में इजाफा

> मैं खुद क्षेत्रों का दौरा कर रहा हूं। जहां भी ढीले तार मिल रहे हैं, उनको ठीक किया जा रहा है। सभी उपकेंद्र अधिकारियों को इलाकों की मॉनिटरिंग कर आपूर्ति को सामान्य रखने का निर्देश जारी किया है। स्पार्किंग, शॉर्ट सर्किट की घटना होने पर कर्मचारियों को तुरंत समस्या को दूर करने के लिए अलर्ट किया गया है।
> –सुनील कपूर, मुख्य अभियंता, ट्रांसगोमती

अहिबरनपुर में लो वोल्टेज नहीं चल पा रहे पंखे-कूलर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ उपकेंद्र के अधिकारियों से शिकायत के बाद भी समस्या जस की तस

▸▸ पानी की मोटर नहीं चलने से सबसे ज्यादा हो रही परेशानी

> ऐसा कोई मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। यदि इन इलाकों में लो वोल्टज की समस्या है, तो उसे जल्द दूर करा दिया जायेगा।
> –एसडीओ, अहिबरनपुर

अमृत विचार : ट्रांस गोमती के अहिबरनपुर क्षेत्र के कई इलाकों में मंगलवार को लो-वोल्टज रहा। इसके चलते घरों में फ्रिज, टीवी समेत इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण नहीं चल पाए। सबसे ज्यादा परेशानी पानी की मोटर न चलने से हुई। स्थानीय निवासियों के अनुसार, आएदिन लो-वोल्टज की समस्या हो जाती है। शिकायत करने पर कर्मचारी केवल शिकायत नंबर देने तक सीमित हैं। निराकरण नहीं किया जाता है।

अहिबरनपुर के कर्बला ढाल, न्यू मदेयगंज और गंगा कॉलोनी में करीब बीस हजार की आबादी है। संकरी गलियों में लगे बिजली के खंभों से गुजरते तारों से आएदिन स्पार्किंग होती रहती है। यहां लो-वोल्टेज की समस्या सबसे बड़ी है। इसके चलते लोगों के बिजली उपकरण आए दिन खराब हो रहे हैं। कर्बला ढाल निवासी अबदुल्ला ने बताया कि लो वोल्टेज के चलते फ्रिज और एसी का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। घरों के टुल्लू पंप नहीं चल पा रहे हैं। ऐसे में पानी के इंतजाम को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। उपकेंद्र पर शिकायत किये घंटों बीत गये हैं। गंगा कॉलोनी में रहने वाली फूल कुमारी ने बताया कि सुबह से ही लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। टुल्लू पंप न चल पाने के कारण पानी की किल्लत हो गई है।

मुख्य अभियंता ने किया उपकेंद्रों का निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती सुनील कपूर ने मंगलवार को बीकेटी सहित जीवीआरए के उपकेंद्र के अंतर्गत जर्जर तार, फीडरों के मेंटीनेंस, उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मरों के मेंटीनेंस के कार्य को देखा। ढीले तारों को कसने और पेड़ों की छंटाई कार्य को तेजी से कराने के निर्देश दिए। बकायेदारों से वसूले गये राजस्व का ब्योरा भी लिया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए उपकेंद्र के अधिकारियों को समय से अनुरक्षण कार्य पूरे करने के आदेश दिये। कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को चेतावनी भी दी।

रमजान के पवित्र महीने में सेंवइयों की मांग बढ़ जाती है, इसी को लेकर गोलागंज में गुईन रोड के पास स्थित फैक्ट्री में सेंवइयां तैयार करता कारीगर। अमृत विचार

अनुरक्षण कार्य के चलते बाधित रहेगी बिजली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 10 लाख से ज्यादा की आबादी होगी प्रभावित

अमृत विचार: शहर में चल रहे अनुरक्षण कार्य के चलते कई इलाकों में आज भी बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे करीब 10 लाख की आबादी प्रभावित रहेगी।

जानकीपुरम के सेक्टर नियर मालवीय स्कूल एच टू, सेक्टर-एच फोर, सिकंदरपुर, सेक्टर जी, जानकी वाटिका के साथ गौसला फीडर से पोषित सेक्टर-आई, मडियांव, साठ फिटा रोड और जानकी विहार, इंजीनियरिंग कॉलेज, जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-नौ, दो और दोणाचार्य स्कूल के आसपास की बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। गोमतीनगर विस्तार में पेड़ों की कटाई-छंटाई के कारण सेक्टर-पांच उपकेंद्र के भरवारा और राम आसरे पुरवा में सुबह 10.30 बजे से दोपहर एक बजे तक बिजली बाधित रहेगी। वृंदावन के सेक्टर-तीन साई विहार, स्वास्थ विहार, न्यू एल्डिको, संस्कृति एन्क्लेव, एल्डको उद्यान, एलपीएस स्कूल, समृद्धि पार्क और रश्मिखंड में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली गुल रहेगी। चिनहट के लौलाई उपकेंद्र के माधव ग्रीन फीडर से पोषित इलाकों में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली गुल रहेगी। कानपुर रोड के कई इलाकों सेक्टर बी, एसकेडी हॉस्पिटल, जेबी स्काई हिल्टन और सांभर खेड़ा में सुबह 10:30 बजे से 3:30 तक बाधित रहेगी।

आबकारी टीम ने 40 लीटर कच्ची शराब पकड़ी

अमृत विचार, लखनऊ: लोकसभा चुनाव को देखते हुए आबकारी विभाग विशेष प्रवर्तन अभियान चला रहा है। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 मोहनलालगंज मयस्टॉफ थाना निगोहा अंतर्गत ग्राम बनीगंज तथा दयालपुर के संदिग्ध अड्डो और संदिग्ध स्थानों पर दबिश देकर लगभग 40 लीटर कच्ची शराब पकड़ी गई। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि आबकारी अधिनियम की धारा में एक अभियोग पंजीकृत किया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चलते विभाग द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। जिसके तहत अभियान चलाकर अवैध मदिरा बनाने व बेचने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

आरएलबी अस्पताल में फॉल्स सीलिंग गिरी

मानक के विपरीत लगाई गई थी लाखों कीमत की फॉल्स सीलिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजाजीपुरम स्थित रानी लक्ष्मीबाई राजकीय संयुक्त चिकित्सालय सभागार की फॉल्स सीलिंग गिर गई। यह फॉल्स सीलिंग कुछ दिनों पहले ही लगाई गई थी। गनीमत रही कि फॉल्स सीलिंग गिरने की घटना रात में हुई, उस समय सभागार बंद था। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। मंगलवार सुबह सभागार खोलने पर घटना की जानकारी हुई। दोबारा से मरम्मत कार्य शुरू करा दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि लाखों रुपये कीमत की फॉल्स सीलिंग लगाने में भ्रष्टाचार किया गया है। मानक के विपरीत सीलिंग लगाई गई थी। वहीं, इस मामले में अस्पताल के सीएमएस डॉ. श्याम सुंदर व्यास का कहना है कि वह शहर से बाहर हैं। बुधवार को वापस लौटेंगे। जिसके बाद घटना की जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी होगा, उसके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

राजाजीपुरम स्थित रानी लक्ष्मीबाई चिकित्सालय के सभागार की गिरी हुई फॉल्स सीलिंग।

बच्चों के पेट की लाइव सर्जरी कर सिखाईं बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पीजीआई में कार्यशाला के दौरान डॉक्टरों ने साझा किए अनुभव

अमृत विचार : एसजीपीजीआई में दो बच्चों के पेट की लाइव सर्जरी कर विशेषज्ञों ने युवा डॉक्टरों को सर्जरी की बारीकियां बताईं। दोनों बच्चे लिवर और तिल्ली से जुड़ी बीमारी एक्स्ट्रा हेपेटिक पोर्टल वेनस ऑब्स्ट्रक्शन (ईएचपीवीओ) से पीड़ित थे। बच्चों की सेहत में सुधार है।

एसजीपीजीआई के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग की ओर से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। मंगलवार को पांच साल के बच्चे का ऑपरेशन पीजीआई के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. बंसत कुमार और 12 वर्षीय बच्चे का ऑपरेशन बंगलुरू के डॉ. संजय राव ने किया। डॉ. बसंत कुमार ने बताया कि यदि बच्चे को खून की उल्टी व दस्त के साथ खून आ रहा है। खाना नहीं पच रहा है। यह लक्षण ईएचपीवीओ के होते हैं। इलाज में देरी से लिवर खराब होने के साथ ही तिल्ली बढ़ जाती है। ज्यादा रक्तस्राव पर यह जानलेवा हो सकता है। इंडोस्कोपी से रक्तस्राव को रोकना पूरा उपचार नहीं है। इन बच्चों में चीरा वाला ऑपरेशन ही सफल है। सम्मेलन में पीजीआई के डॉ. विजय दत्त उपाध्याय, डॉ. अंकुर मंडेलिया, अंजू वर्मा, डॉ.पूजा आदि मौजूद रहे।

सर्विस लेन को बना दिया पार्किंग

इंजीनियरिंग चौराहे पर लोगों को रोजाना जूझना पड़ रहा जाम से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर लोगों को रोजाना जाम से जूझना पड़ता है। कार्यालय जाने कर्मचारियों से लेकर, बच्चों को स्कूल छोड़ने वाले अभिभावकों को इस व्यस्ततम चौराहे से किसी तरह घुमा-फिरा कर गाड़ी को निकालना पड़ता है। कहीं अगर सभी तरफ की गाड़ियां एक साथ चौराहे पर आ जाती हैं तो ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के हाथ पांव फूल जाते हैं। ट्रैफिक कर्मी ड्यूटी तो देता है लेकिन एक किनारे बैठकर। ऐसे में ट्रैफिक कैसे नियंत्रित होगा, ये अधिकारियों को सोचना चाहिए।

कॉम्प्लेक्स की दुकानें बनी जाम की प्रमुख वजह :

इंजीनियरिंग चौराहे के पास दुकानों पर आने वाले लोग सड़क पर ही गाड़ी पार्क कर देते हैं। इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे के पास कई कॉम्प्लेक्स हैं, जहां पर कई तरह की दुकानें हैं। लोग इन दुकानों पर खरीदारी करने आते हैं और अपनी गाड़ी सड़क पर ही पार्क कर देते हैं। तिरछी गाड़ी खड़ी होने से जाम लग जाता है।

शोरूम के बाहर खड़ी रहती हैं गाड़ियां:

इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे के पास कई गाड़ियों के शोरूम हैं। इनके यहां आने वाली गाड़ियां सर्विस लेन पर ही पार्क होती हैं, जिसकी वजह से यातायात बाधित होता है। यहां उपस्थित शोरूम में रोजाना सैकड़ों की तादाद में गाड़ियां आती हैं और पूरी तरह सड़क को बाधित किया जाता है, पर नगर निगम की नजर इस पर नहीं पड़ती है।

इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर सड़क पर खड़े वाहन बन रहे जाम का कारण।

स्थानीय दुकानदार बोले

- तंदूरी चाय के नाम से कैफे चलाने वाली अंजलि का कहना है कि लोग अपनी गाड़ी को सड़क पर ही पार्क कर देते हैं, जिससे अतिक्रमण की समस्या उत्पन्न होती है।
- लोगों द्वारा गाड़ी मुख्य सड़क पर ही पार्क कर दी जाती है जिससे जाम की समस्या बनी रहती है। ट्रैफिक पुलिस भी मूकदर्शक बनी रहती है।

–विकास तिवारी, मेडिकल स्टोर संचालक

- रोजाना कार्यालय जाने में असुविधा का सामना करना पड़ता है। कई बार तो देरी से कार्यालय पहुंचने पर अधिकारी द्वारा डांट भी खानी पड़ती है।

–कपिल वर्मा, स्थानीय निवासी

- पुलिस द्वारा कभी भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। अगर समय-समय पर वाहन स्वामियों को सचेत कर अभियान चलाया जाए तो लोग गाड़ी खड़ी नहीं करेंगे।

–मो. असलम, स्थानीय निवासी

> प्रतिबंधित स्थानों पर खड़े वाहनों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। जहां पर शिकायत मिलती है, वहां भी टीम पहुंच कर कार्रवाई करती है। आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है, जांच कराकर कार्रवाई की जायेगी। –
> –अजय कुमार, एडीसीपी, ट्रैफिक

विपरीत दिशा से आने वाले वाहन देते हैं दुर्घटना को दावत:

इस चौराहे पर अनगिनत वाहन निकलते हैं। कार्यालय पहुंचने और बच्चों को स्कूल छोड़ने की जल्दबाजी के लिए लोग विपरीत दिशा से गाड़ी निकालते हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने बताया कि चौराहे पर जाम होने की वजह से जल्दबाजी में गलत दिशा से गाड़ी निकालने को मजबूर होते हैं।

दवा हड़पने की शिकायत पर पीड़ित को धमकाया

क्वीनमेरी में नार्मल प्रसव के लिए आठ हजार की दवा बाहर से मंगवाने का मामला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : केजीएमयू के स्त्री रोग विभाग (क्वीनमेरी) अस्पताल में नार्मल प्रसव के लिए भी आठ हजार रुपये कीमत की दवा बाहर से मंगवाने के मामले को दबाने की कोशिश शुरू कर दी गई है। जिम्मेदारों ने मंगलवार को जांच के बहाने प्रसूता के पति को बुलाकर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। आरोप है कि विरोध पर उसे धमकी दी गई। भर्ती प्रसूता को छुट्टी न देने की बात कही गई। पीड़ित द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से करने की बात कहने पर जिम्मेदार बैकफुट पर आए और आनन-फानन में प्रसूता की छुट्टी कर दी।

डॉक्टर बोले, लिखकर दो कि शिकायत का हो गया निस्तारण

पीड़ित अमित का कहना है मंगलवार को जांच समिति ने बयान के लिए बुलाया था। समिति ने उससे दवाओं के पर्चे मांगे, जिस पर पीड़ित ने बताया कि दवाओं के साथ स्टॉफ ने पर्चे भी ले लिए थे। जिस पर समिति ने बिना साक्ष्य के इस बात से इंकार कर दिया। पीड़ित का कहना था कि अस्पताल में लगे सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग देखने पर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। इस बात पर सभी चुप्पी साध गए। पीड़ित का आरोप है कि एक डॉक्टर ने कहा कि लिखकर दे दो कि शिकायत का निस्तारण कर दिया गया है। आरोप है कि इसका विरोध करने पर उसे धमकी दी गई। यहां तक भर्ती प्रसूता की छुट्टी न करने की बात कही गई।

दरअसल उन्नाव निवासी अमित त्रिवेदी की पत्नी कीर्ति (25) को प्रसव पीड़ा होने पर 17 मार्च को मोहनलालगंज सीएचसी से क्वीनमेरी अस्पताल रेफर कर दिया गया था। अमित के मुताबिक, क्वीनमेरी में डॉक्टर ने सिजेरियन प्रसव की बात कहकर सादे पर्चे पर दवाएं लिख कर दीं। खरीदी गई दवाओं की कीमत करीब आठ हजार रुपये थी। जबकि कीर्ति का प्रसव नार्मल ही कराया गया। दवाएं वापस मांगने पर गोलमोल जवाब देकर वापस लौटा दिया गया। अमित ने सोमवार को मामले की शिकायत चिकित्सा अधीक्षक प्रो अंजू अग्रवाल से की थी। अमित का आरोप है कि अस्पताल में दूसरे कर्मचारियों ने भी उनसे पैसे की मांग की थी। आरोप है कि मामले को तूल पकड़ता देख उसकी पत्नी को दोबारा से बुलवाकर सोमवार को भर्ती कर लिया गया।

> मामला संज्ञान में आया है, जांच शुरू कर दी गई है। इलाज से सम्बंधित सभी दस्तावेज चेक कराए जा रहे हैं। यदि पीड़ित से अभद्रता हुई है तो इसकी भी जांच कराई जाएगी। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।
> –प्रो .अंजू अग्रवाल, एमएस क्वीनमेरी महिला अस्पताल

चारबाग स्टेशन से चलेगी लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ मंडल में लखनऊ जं.-मानक नगर और ऐशबाग-मानक नगर के बीच सीमित ऊंचाई के आरओबी डिस्मेन्टल करने से ट्रेन प्रभावित होगा। ऐसे में 4 और 5 अप्रैल को ट्रेन नंबर 12180 आगरा फोर्ट-लखनऊ जं. एक्सप्रेस चारबाग रेलवे स्टेशन पर आएगी। वापसी में ट्रेन नंबर 12179 लखनऊ जं.-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस चारबाग से रवाना की जाएगी। 4, 5 व 7 अप्रैल ट्रेन नंबर 12511 गोरखपुर-कोचुवेली एक्सप्रेस मल्हौर-लखनऊ-मानक नगर के रास्ते चलाई जाएगी। 2 और 3 अप्रैल को ट्रेन नंबर 12512 कोचुवेली-गोरखपुर, 4 अप्रैल को ट्रेन नंबर 15045 गोरखपुर-ओखा, 3 अप्रैल को ट्रेन नंबर 22534 यशवंतपुर-गोरखपुर, 5 अप्रैल को 22531 छपरा-मथुरा, 6 अप्रैल को 12591 गोरखपुर-यशवंतपुर, 8 अप्रैल को 22533 गोरखपुर-यशवंतपुर और 8 अप्रैल को ट्रेन नंबर 12521 बरौनी-एर्णाकुलम एक्सप्रेस भी मल्हौर-लखनऊ-मानक नगर के रास्ते चलेगी।

वाराणसी-लखनऊ के बीच 20 तक रोजाना चलेगी स्पेशल ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ त्योहार पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे का फैसला

अमृत विचार : वाराणसी से लखनऊ के मध्य रेल यात्रियों की मांग को देखते हुए रेल प्रशासन ने 20 अप्रैल तक वाराणसी जं.-लखनऊ त्योहार स्पेशल ट्रेन संचालित करने जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि ट्रेन नंबर 04217 वाराणसी जं.-लखनऊ त्योहार स्पेशल 2 अप्रैल को वाराणसी जंक्शन से सुबह 6:25 बजे रवाना होकर 6:44 बजे बाबतपुर, 7:18 बजे जौनपुर जं., 07:48 बजे शाहगंज जं., 08:22 बजे अकबरपुर जं., 09:02 बजे अयोध्या धाम जं., 09:43 बजे रुदौली, 10:13 बजे दरियाबाद, 11:02 बाराबंकी जं., पूर्वान्ह 11:45 बजे लखनऊ पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04218 लखनऊ से वाराणसी जं. त्योहार स्पेशल लखनऊ से शाम 4:30 बजे रवाना होगी, जो बाराबंकी जं. 5:18 बजे, दरियाबाद 5:52 बजे, रुदौली 6:11 बजे, अयोध्या धाम जं. 6:41 बजे, अकबरपुर जं. 7:25 बजे, शाहगंज जं. रात्रि 8 बजे, जौनपुर जं. 8:43 बजे, बाबतपुर 9:20 बजे, वाराणसी जं. रात्रि 9:50 बजे पहुंचेगी।

नवरात्र में मैहर स्टेशन पर रुकेंगी डेढ़ दर्जन ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नवरात्र मेले पर रेलवे प्रशासन ने श्रद्धालु यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को लेकर लिया निर्णय

अमृत विचार : चैत्र नवरात्र मेला के अवसर पर रेलवे प्रशासन श्रद्धालु यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 9 से 23 अप्रैल तक लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस समेत डेढ़ दर्जन ट्रेनों का अतिरिक्त 5 मिनट का अस्थाई ठहराव मैहर स्टेशन पर प्रदान किया गया है।

डाउन वाली ट्रेनें -

लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 8 से 22 अप्रैल तक चलने वाली ट्रेन नंबर 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर तड़के 3:15 बजे पहुंच कर 3:20 बजे छूटेगी। इसी क्रम में लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 9 से 20 अप्रैल ट्रेन नंबर 11059 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा त्रैसाप्ताहिक एक्सप्रेस 3:15 से 3:20 बजे, चेन्नई से 8 से 22 अप्रैल ट्रेन नंबर 12669 चेन्नई-छपरा द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस रात्रि 8:45 से 8:50 बजे, वलसाड से 13 से 20 अप्रैल, ट्रेन नंबर 19051 वलसाड-मुजफ्फरपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस दोपहर 3:25 से 3:30 बजे, दुर्ग से 10 से 19 अप्रैल, ट्रेन नंबर 18201 दुर्ग-नौतनवा द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस सुबह 6 से 6:05 बजे, पुणे से 11 से 18 अप्रैल ट्रेन नंबर 11037 पुणे-गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस पूर्वान्ह 11 से 11:05 बजे, लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 12 से 19 अप्रैल,

ट्रेन नंबर 18610 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रांची साप्ताहिक एक्सप्रेस सुबह 10:50 से 10:55 बजे, पुणे से 8 से 22 अप्रैल ट्रेन नंबर 22131 पुणे-बनारस साप्ताहिक एक्सप्रेस पूर्वान्ह 11 से 11:05 बजे, सूरत से 8 से 22 अप्रैल ट्रेन नंबर 19045 सूरत-छपरा एक्सप्रेस तड़के 2:30 से 2:35 बजे छूटेगी।

अप वाली ट्रेनें -

गोरखपुर से 9 से 23 अप्रैल ट्रेन नंबर 11056 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस रात्रि 8:45 से 8:50 बजे, छपरा से 11 से 18 अप्रैल, ट्रेन नंबर 11060 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस त्रैसाप्ताहिक एक्सप्रेस रात्रि 8:45 से 8:50 बजे, छपरा से 8 से 22 अप्रैल, ट्रेन नंबर 12670 छपरा-चेन्नई द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस सुबह 7:40 से 7:45 बजे, मुजफ्फरपुर से 8 से 22 अप्रैल ट्रेन नंबर 19052 मुजफ्फरपुर-वलसाड साप्ताहिक एक्सप्रेस दोपहर 12 से 12:05 बजे, नौतनवा से 12 से 21 अप्रैल ट्रेन नंबर 18202 नौतनवा-दुर्ग द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस तड़के 2 से 2:05 बजे, गोरखपुर से 13 से 20 अप्रैल, ट्रेन नंबर 11038 गोरखपुर-पुणे साप्ताहिक एक्सप्रेस तड़के 4:25 से 4:30 बजे, रांची से 10 से 17 अप्रैल, ट्रेन नंबर 18609 रांची-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस दोपहर 1:55 से 2 बजे, बनारस से 10 से 17 अप्रैल 22132 बनारस-पुणे साप्ताहिक एक्सप्रेस पूर्वान्ह 11:40 से 11:45 बजे छूटेगी।

पानी में क्लोरीन की मात्रा मानक के अनुरूप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ जलकल महाप्रबंधक को अधिशासी अभियंताओं ने सौंपी रिपोर्ट

अमृत विचार : शहर में जलकल विभाग द्वारा की जा रही जलापूर्ति में क्लोरीन की मात्रा मानक के अनुरूप है। जलकल विभाग जोन एक और जोन दो के अधिशासी अभियंताओं ने मंगलवार को जलकल महाप्रबंधक को संयुक्त रिपोर्ट सौंप दी। जिसमें शहर के विभिन्न स्थानों से 1 अप्रैल की शाम को लिए गए पानी के नमूने में क्लोरीन की मात्रा सही पायी गयी।

अभियंताओं ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि क्लोरीन की मात्रा बढ़ाने के बाद 2 अप्रैल को सुबह 6:50 से 8 बजे तक शहर के 15 इलाकों से लिए गए पानी के नमूने जांच में सही पाए गए। महाप्रबंधक ने यह रिपोर्ट नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह को भेज दी है। उन्होंने बताया कि जलकल अधिकारियों द्वारा 1 अप्रैल को शहर के 10 विभिन्न इलाकों से पानी के नमूने लिए गए थे। रिपोर्ट में दो स्थानों पर क्लोरीन की मात्रा शून्य, बाकी स्थानों पर क्लोरीन की मात्रा कहीं कम, कहीं अधिक पायी गयी थी। जिस पर जोन एक के सहायक अभियंता ने बताया था कि दो स्थानों पर जहां क्लोरीन की मात्रा शून्य पायी गयी थी, वहां जलकल विभाग आपूर्ति नहीं करता है। उन्होंने बताया कि पानी में पार्ट पर मिलियन (पीपीएम) की मात्रा .2 से कम नहीं होनी चाहिए। 1 अप्रैल को आठ स्थलों से पानी के नमूने लिए गए थे। जिसमें पीपीएम की मात्रा .5 से 1 पायी गयी है।

एक नजर

पढ़ने गई छात्रा लापता अपहरण की आशंका

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी थाना अंतर्गत गंगा बख्श खेड़ा में स्कूल पढ़ने गई छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। छात्रा के परिजनों ने उसके दोस्तों पर अपहरण की आशंका जाहिर करते हुए सम्बन्धित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। गंगा बख्श खेड़ा गांव निवासी पीड़ित ने बताया कि बहन (16) इंटरमीडिएट में पढ़ती है। सोमवार को बहन घर से स्कूल पढ़ने गई थी। जिसके बाद वह घर नहीं लौटी। परिजनों ने हर जगह उसकी खोजबीन की। बावजूद इसके बहन का सुराग नहीं मिला। परिजनों को आरोप है कि बहन के दोस्त उसे बहला-फुसला कर अपने संग कहीं लेकर चले गए है। प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद ने बताया कि लिखित शिकायत पर में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

दंपति की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर इलाके के एक गांव में दंपति की फोटो डाल अपशब्द लिखने के मामले में पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित ने बताया किराए पर रहने वाली गीता देवी ने इंस्टाग्राम पर उसकी और पति की फोटो की रील बनाकर 27 मार्च को पोस्ट कर दी। इससे समाज में दंपति को शर्मिंदा होना पड़ रहा है। पीड़ितों ने वीडियो डिलीट करने की बात कही तो आरोपी ने परिजन के संग मिल दोनों को पीट दिया।

ई-रिक्शा चोरी की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, काकोरी : पारा क्षेत्र के पिंक सिटी बुद्धेश्वर निवासी कमलेश शनिवार रात ई-रिक्शा राम प्लाजा टीवीएस एजेंसी के सामने खड़ा कर किसी काम से गया था। कुछ देर बाद लौटा तो रिक्शा चोरी हो चुका था। पीड़ित ने ई-रिक्शा चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नाबालिग चालक, 100 की रफ्तार, निगल लीं दो जिंदगी

देर रात घर से कार निकालकर 1090 चौराहे के पास चाय पीने गया था छात्र

- आरोपी को छोड़ने के लिए अधिकारियों के घनघनाते रहे फोन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: महानगर क्षेत्र में पेपर मिल कॉलोनी के पास रईसजादे की लापरवाही ने दो महिलाओं की जिंदगी छीन ली। नाबालिग छात्र 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से कार दौड़ा रहा था। रफ्तार अधिक होने के कारण वह कार पर काबू नहीं कर सका और दोनों महिलाओं को रौंद दिया।

महानगर कोतवाली के इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्र ने बताया कि मामले की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि शराब कारोबारी प्रतीक जयसवाल का बेटा करीब 15 वर्ष का है। वह 10वीं का छात्र है। पूछताछ में छात्र ने बताया कि देर रात चुपके से चाभी लेकर घर से कार निकाली। पहले 1090 चौराहे के पास चाय पीने गया था। वहां से तेज रफ्तार गाड़ी दौड़ाते हुए लौट रहा था। दुर्घटना के समय कार लगभग 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही थी। दुर्घटना में प्रतीक जायसवाल की लापरवाही सामने आई है। विवेचना में प्रतीक के खिलाफ मोटर वेहिकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए शामिल किया जाएगा।

दुर्घटना के बाद पुलिस ने छात्र को हिरासत में ले लिया। उसकी पैरवी के लिये रसूखदार सक्रिय हो गए। सूत्रों के अनुसार छात्र को छुड़ाने के लिए एक संगठन के पदाधिकारी भी पहुंचे थे। बड़े अधिकारियों के पास भी कई लोगों ने फोन किये।

पेपर मिल कॉलोनी में दो महिलाओं को रौंदने वाली कार व पास खड़े लोग।

दो समुदाय का मामला होने से डटी रही पुलिस

हादसे में दो समुदाय के लोग होने से पुलिस गंभीर हो गई। डीसीपी मध्य रवीना त्यागी तुरंत मौके पर पहुंच गईं। अन्य अधिकारी भी आते जाते रहे। घटना स्थल के आसपास तीन स्थानों पर करीब 20 से 30 पुलिसकर्मी डटे रहे।

परिजन ने किया थाने पर हंगामा

हादसे में महिलाओं से आक्रोशित परिजन कार्रवाई की मांग को लेकर लोगों के साथ थाने पहुंचकर हंगामा करने लगे। इंस्पेक्टर ने कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत किया। इंस्पेक्टर ने बताया कि बेटे की तहरीर पर नाबालिग के खिलाफ 304 की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है।

आए दिन होते हैं हादसे

साइदाबानों के बेटे मोनू ने बताया कि सड़क निर्माण के बाद जल्दी निकलने के लिये चालक तेज रफ्तार में गाड़ियां निकालते हैं। स्थानीय लोगों ने पार्षद से कई बार ब्रेकर या डिवाइडर बनाने की मांग की। लेकिन अब तक सुनवाई नहीं हुई। आए दिन तेज रफ्तार की वजह से सड़क पर हादसे होते रहते हैं। ब्रेकर बना होता तो आज यह हादसा न होता।

घटना स्थल के सामने फुटपाथ पर कब्जा कर खड़े किए गए वाहन। अमृत विचार

फुटपाथ पर गाड़ियों का कब्जा

पेपर मिल कॉलोनी में जिस स्थान पर हादसा हुआ, उसके बगल में वर्कशॉप है। पूरे फुटपाथ पर वर्कशॉप की करीब नौ गाड़ियां खड़ीं थी। फुटपाथ हादसे का शिकार हुई महिलाओं के घर के सामने ही है। इस ओर जिम्मेदार विभागों के अफसर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसकी वजह से अक्सर यहां पर सड़क हादसे होते रहते हैं।

शबनम को बचाने में गई साइदा की जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सहरी के बाद दोनों निकली थीं घर से, बेटे गए थे नमाज पढ़ने
- घर के सामने चहल कदमी करते समय हुईं हादसे का शिकार

शबनम साइदा

अमृत विचार : शहदाबानो की जान शबनम को बचाने के प्रयास में चली गयी। 100 से ऊपर रफ्तार से शबनम की ओर आती कार को साइदा ने देख लिया था। वह शबनम को पकड़ कार के सामने से हटाने पहुंची लेकिन रफ्तार अधिक होने से दोनों चपेट में आ गईं। हादसे से दोनों घरों में मातम पसर गया है।

साइदा के छोटे बेटे मोनू ने बताया रामजान माह में पूरा परिवार नमाज और शहरी के लिये तड़के 3 से 4 बजे उठा जाता है। मंगलवार तड़के मोनू समेत तीनों भाई मस्जिद में नमाज पढ़ने गये थे। मां साइदा और मौसी शबनम शहरी के बाद अपने-अपने घर के सामने टहल रहीं थी। तभी कार ने दोनों को टक्कर मार दी। कार के अगले हिस्से में फंसकर दोनों करीब 200 मीटर तक घिसटते चली गईं। मोनू ने बताया पूरी दुर्घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

बच्चों के सिर से छिना मां का आंचल

साइदा के बेटे मोनू ने बताया कि घर में ईद को लेकर तैयारी चल रहीं थी। खरीदारी करने बाजार जाना था। हादसे में घर में मातम पसर गया है। दोनों परिवारों के सात बच्चों के सिर से मां के आंचल छिन गए। शबनम का बेटा अरशद बार-बार यही कह रहा था कि अब ईद पर कौन कपड़े दिलाएगा और सहरी के वक्त कौन जगाएगा। साइदा के परिवार में तीन बेटे सानू, शालू और मोनी और एक बेटी है। तीनों भाई अविवाहित हैं। बेटी की शादी हो चुकी है। शबनम के परिवार में पति गुलफाम और दो बेटे अरशद, फरजान व बेटी सहरीन हैं।

इंदिरानगर से पालीटेक्निक तक रात में दौड़ाते हैं वाहन

इंदिरा नगर से पालीटेक्निक चौराहे तक रोजाना वाहन चालक फर्राटा भरते दिखाई पड़ते हैं। रात में पेट्रोलिंग कर रही पुलिस सड़क पर स्टंटबाजी करने वाले और ओवर स्पीडिंग वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करना तो दूर उन्हें रोकती तक नहीं है। यही वजह है कि राहगीर वाहनों की जद में आकर हादसे का शिकार हो जाते हैं।

ड्यूटी छोड़ मैच देखते मिले पांच पीएसी कर्मी व एक आरक्षी

अमृत विचार, लखनऊ : अटल बिहारी वाजपेयी अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम लखनऊ सुपर ज्वाइंट व पंजाब के बीच हुये आईपीएल में ड्यूटी छोड़ मैच देखने पहुंचे छह पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इसके लिये संबंधित अधिकारी को जेसीपी लॉ एंड आर्डर ने पत्र लिखा है। जेसीपी ने बताया 30 मार्च को मैच के दौरान इकाना स्टेडियम में ड्यूटी पर लगाये गये पुलिसकर्मियों की जांच की गई। इस दौरान 6 पुलिस व पीएसी कर्मी ड्यूटी स्थान छोड़ बिना टिकट अवैध तरीके से इनर कार्डेन, स्टेडियम में मैच देखते मिले। जो ड्यूटी के प्रति लापरवाही है। स्टेडियम के अन्दर पकड़े गये कर्मियों के खिलाफ पुलिस व पीएसी कमांडेंट को पत्र लिखा है। बताया जो कर्मी मैच देखते मिले उनमें अयोध्या जिले का एक आरक्षी और पीएसी के 5 आरक्षी मिले। इनकी ड्यूटी मेन गेट 3 व 5 पर पर बाहर लगी थी। इसके अलावा इनकी ड्यूटी रमजान पर भी पीएसी के संग लगाई गई थी।

होली मिलन से लौट रही महिला की छीनी चेन

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णानगर कोतवाली अंतर्गत आशुतोष नगर में होली मिलन समारोह से लौटते समय बाइक सवार लुटेरे महिला की चेन छीनकर भाग निकले। शोर मचाने पर राहगीरों ने लुटेरों का पीछा किया, लेकिन वह हाथ नहीं आए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। आशुतोष नगर कॉलोनी निवासी अलका बाजपेई रविवार को प्रेमनगर आलमबाग में होली मिलन समारोह में गई थीं। शाम करीब पौने सात बजे वह लौटीं। ई-रिक्शा से उतरकर घर की तरफ जाने लगी। कुछ दूरी पर पीछे से आए दो बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मार उनके गले से चेन छीन ली। प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर लुटेरों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

ट्रक की टक्कर से कंटेनर चालक और तीन मवेशियों की मौत

- सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में किसान पथ पर हुआ हादसा
- कंटेनर चालक बिहार से फिरोजाबाद मवेशी भरकर जा रहा था

अमृत विचार,गोसाईंगंज

लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में किसान पथ पर मंगलवार को ट्रक की टक्कर से कंटेनर चालक व उसमें भरे तीन मवेशियों की मौत हो गयी। आरोपी चालक ट्रक समेत फरार हो गया। कंटेनर चालक बिहार से फिरोजाबाद मवेशी भरकर जा रहा था।

इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया फिरोजाबाद के नग्लापान निवासी गौरव (27) कंटेनर में भैंसे लादकर बिहार से फिरोजाबाद जा रहा था। मंगलवार सुबह किसान पथ पर माईजी का पुरवा गांव के पास गलत दिशा से आये तेज रफ्तार गिट्टी लदे ट्रक ने कंटेनर में टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायल कंटेनर चालक को ट्रामा भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रक समेत फरार हो गया। भाई अमित ने बताया गौरव के परिवार में पत्नी कल्पना व दो वर्षीय बेटी है।पुलिस ने बताया हादसे में कंटेनर में लदे तीन मवेशियों की मौत व कई चुटहिल हो गये। कहा अज्ञात चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कंटेनर

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ट्रक

प्रॉपर्टी डीलर्स को धमकाने वाले दो गिरफ्तार

अमृत विचार, बख्शी का तालाब: सैरपुर इलाके में प्रापर्टी डीलर्स से गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। त्रिवेणी नगर निवासी गिरधारी लाल शुक्ला ने बताया मंगलवार को सह खातेदार रावेंद्र कुमार, मुलायम यादव, अवधेश यादव के साथ छठामील के पास प्लाटिंग देखने गए थे। तभी कार से अमरेंद्र यादव, राम गुलाम, लालजी समेत करीब छह लोग असलहों से लैस होकर पहुंचे। आरोपी गाली गलौज करने लगे, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। गिरधारी की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने दो लोगों को पकड़ लिया। जबकि अन्य फरार हो गए। सैरपुर थाना प्रभारी ने बताया कि प्रापर्टी डीलर की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की है। वहीं गिरफ्तार दोनों आरोपियों पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

संदिग्ध हालात में अधेड़ की मौत, कार में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिजन ने नशे का लती बताकर आरोप से किया इनकार
- पीजीआई थाना क्षेत्र का मामला जांच में जुटी पुलिस

अमृत विचार : पीजीआई इलाके में रायबरेली रोड पर एल्डिको संस्कृति के पास मंगलवार को कार में संदिग्ध हालात में शव मिला। स्थानीय लोगों ने पुलिस और परिजन को सूचना दी। पिता ने आरोप से इनकार करते हुये युवक को नशे का लती बताया है।

पुलिस ने मौके पर पहुंच आसपास के लोगों से पूछताछ की। अधेड़ की पहचान एल्डिको उद्यान सेकेंड में संस्कृति एनक्लेव के गेट नंबर चार निवासी सुशांत (46) पुत्र रोमेश विजय पाल के रूप में हुई। कार घर से महज 100 मीटर पर खड़ी थी। मौके पर पहुंचे पिता ने आरोप से इंकार किया है। बताया बेटा शराब पीने का आदी था। वह अक्सर घर से निकल जाता था। सोमवार रात निकला था, इसके बाद नहीं लौटा। वह कई बार ऐसा कर चुका था, इसलिये खोजबीन नहीं की गई। दोपहर में घटना पता चली। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि सुशांत पाल नशे में धुत थे। गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया था। इससे गाड़ी घर से पहले रुक गई थी। आशंका है कि नशे में धुत होने से वह घर भी नहीं पहुंचे और मौत हो गई। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। इंस्पेक्टर ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

वाह री पुलिस : 37 दिन बाद दर्ज की चोरी की एफआईआर

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी में चोरों ने फास्ट फूड का ठेला लगाने वाले युवक के बंद घर से हजारों रुपये का सामान पार कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस से की, मगर वह सिर्फ उन्हें टरकाती रही। हालांकि 37 दिन बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली। अहिमामऊ के स्वास्तिक सिटी निवासी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि एक वर्ष पूर्व वह सपरिवार दिल्ली चले गए थे। जहां वह फास्ट फूड का ठेला लगाते हैं। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गत 23 फरवरी को वह जब स्वास्तिक सिटी अपने घर पहुंचे तो देखा की कमरों के ताले टूटे हुए थे। चोर घर में रखी बच्चों की साइकिल, गैस चूल्हा सहित हजारों का सामना चुरा ले गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर लौट गई। सुरेंद्र का आरोप है कि तहरीर देने के बाद भी पुलिस सिर्फ टरकाती रही। पीड़ित का कहना है कि घटना के 37 दिन बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर खानापूर्ति की है। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

गाजीपुर कोर्ट की महिला लिपिक से टप्पेबाजी

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णानगर कोतवाली अंतर्गत इको गार्डन में गाजीपुर कोर्ट की महिला लिपिक से खुद को दरोगा बता टप्पेबाज उसका मोबाइल लेकर भाग निकला। हालांकि, घटना के आठ दिन पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कृष्णानगर के भोला खेड़ा निवासी कविता गाजीपुर जनपद के न्यायालय में आशु लिपिक हैं। लिखित शिकायत में बताया कि होली पर घर आईं थी। गत 24 मार्च की सुबह करीब 5 बजे वह छोटी बहन के साथ ईको गार्डन गई थी। तभी एक बाइक सवार युवक उनके पास पहुंचा और खुद को दरोगा बताते कहा कि वह कानपुर से आया है। उनका मोबाइल बंद हो गया। ऐसे में उसने इंस्पेक्टर से बात करने के लिए कविता का मोबाइल मांगा। उन्होंने जैसे ही अपना मोबाइल टप्पेबाज को दिया वह बाइक स्टार्ट करके भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर संजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

कार पर गिरी बैरिकेडिंग, एयरबैग खुलने से बचे सवार

अमृत विचार, सरोजनीनगर : कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण में कंपनी की लापरवाही से मंगलवार को बैरिकेडिंग गिरने से कार क्षतिग्रस्त हो गयी। राहत की बात यह रही कि सवार जानमाल के नुकसान से बच गये। हादसे से करीब 30 मिनट मार्ग पर जाम की स्थिति रही। उरई निवासी सुनील कुमार अर्टिगा कार से दो अन्य सदस्य और दो कुत्तों को लेकर लखनऊ से घर लौट रहे थे। दोपहर करीब दो 2 बजे बंथरा में कटी बगिया के पास पहुंचते थे। यहां निर्माण कंपनी द्वारा कानपुर रोड पर लगाई लोहे की भारी भरकम बैरिकेडिंग कार के बोनट पर जा गिरी। कार का एयर बैग खुलने से सभी सवार सुरक्षित रहे। जबकि कार क्षतिग्रस्त हो गई। इंजन की पाइप फटने से सीएनजी गैस का रिसाव होने लगा। इससे पीएनसी कर्मचारियों ने लखनऊ से कानपुर जाने वाली पटरी पर आवागमन रोक दिया। मरम्मत के बाद आवाजाही शुरू कराई। बता दें सोमवार को भी बंथरा में आजाद विहार कॉलोनी के पास बाइक सवार पर बैरिकेडिंग गिरने से घायल हो गया था।

घर में घुसकर मां-बेटे को पीटा, पांच पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार , मलिहाबाद/ सरोजनीनगर : रहीमाबाद इलाके में होली मिलन के दिन घर में घुस कुछ युवकों ने मां- बेटे को पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना अंतर्गत ग्राम राईहार अहिंडर निवासी सूरज कुमार राजपूत बताया होली मिलन के दिन गांव के राकेश कुमार यादव, राजेन्द्र कुमार यादव, अवधेश कुमार, मुकेश कुमार यादव व राजकुमार यादव लाठी डंडों से लैस हो उसके घर में घुस उसे पीटने लगे। बचाने आई मां की भी आरोपियों ने पीट दिया। इंस्पेक्टर ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उधर, बिजनौर के पुराना गुड़ौरा निवासी जयसिंह यादव ने विपुल यादव व 10 साथियों के पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया सोमवार को उनके बेटे आर्यन यादव को आरोपियों ने रास्ते में रोक कर पीट दिया।

बाउंड्री तोड़ प्लॉट पर कब्जा, विरोध करने पर दी धमकी

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर इलाके में प्लॉट पर कब्जा करने व विरोध करने पर धमकी देने का मामला सामने आया है। मूलत : बिहार निवासी प्रभाकर कुमार सिंह ने बताया कि सरोजनीनगर इलाके में उनका प्लाट है। भदोही जिले के खमरिया निवासी नंदकुमार मौर्य और विकास नगर के कुर्सी रोड स्थित दीप प्लाजा निवासी जगदत्त वर्मा ने उसके प्लाट की बाउंड्री तोड़ दी। दोनों उसके प्लाट पर कब्जा का प्रयास कर रहे हैं।

महिला से मारपीट कर छीनी ज्वैलरी

अमृत विचार, काकोरी : पारा थाना अंतर्गत शादी समारोह से घर लौट रही महिला से दबंगों ने मारपीट कर उसकी ज्वैलरी छीन ली। यह आरोप लगाते हुए महिला ने सम्बन्धित थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। सलेमपुर पतौरा निवासी इंद्रा ने रविवार को देवर की शादी में गई थी। रात करीब साढ़े दस बजे वह वापस घर लौट रही थी। उनका आरोप है कि रास्ते में नशे में धुत तीन युवकों ने उनसे अभद्रता की। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट कर उनकी ज्वैलरी छीन ली। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देते हुए वहां से भाग निकले।

एसयूवी न देने पर तोड़ा रिश्ता, धमकाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एडीजी जोन के निर्देश पर गोमतीनगर पुलिस ने सात लोगों पर दर्ज की गई प्राथमिकी

अमृत विचार : गोमतीनगर थाने में एक युवक ने दहेज लोभियों पर एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि दहेज में एसयूवी न देने पर लड़के वालों ने रिश्ता तोड़कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। हालांकि, एडीजी जोन के निर्देश पर सोमवार रात गोमतीनगर पुलिस ने सात लोगों पर कार्रवाई की है।

गोमतीनगर के विरामखंड निवासी फैयाज उल्लाह सिद्दीकी ने करीब डेढ़ वर्ष पूर्व बेटी का रिश्ता मुरादाबाद में जिगर कॉलोनी निवासी मो.अनस सिद्दीकी से तय किया था। 6 मई को सगाई की रस्म कैसरबाग के एक होटल में हुई थी। इसके बाद दूल्हे के पिता अख्तर हुसैन ने एक पत्र में 21 अक्तूबर 2023 को निकाह की तारीख मुकर्रर की थी। आरोप है कि कुछ दिन बाद अख्तर ने उन्हें मुरादाबाद एक रस्म के लिए बुलाया, जहां उन्होंने दहेज में एसयूवी की मांग की। असमर्थता जताने पर रिश्ता तोड़ने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि अख्तर ने अपने बेटे का निकाह अधिक दहेज के लालच में बिजनौर जिले में तय कर दिया है। विरोध करने पर अख्तर व उसके परिजन उन्हें धमकी भी दे रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार पांडेय के मुताबिक मामले में मो.अनस सिद्दीकी समेत उसके सात परिवारिक सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

धमकी देकर सौतेली बेटी से दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीसीपी पूर्वी के निर्देश पर पीजीआई पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी
- पिता की मौत के बाद मां ने की थी दूसरी शादी

अमृत विचार : पीजीआई थाने एक युवती ने सौतेले पिता पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। युवती के विरोध करने पर आरोपी उसकी मां को जान मारने की धमकी देने लगा। थाने में शिकायत देने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़िता ने डीसीपी पूर्वी से शिकायत से शिकायत की। जिनके निर्देश पर पीजीआई पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली युवती (19) ने सौतेले पिता मनोहर के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज

कराई है। लिखित शिकायत में युवती ने बताया 11 वर्ष पूर्व उसके पिता की मौत हो गई थी। जिसके बाद मां ने मनोहर से दूसरी शादी कर ली थी। मां लोगों के घरों में चौका-बर्तन करती है। युवती का आरोप है कि गत 21 मार्च को वह घर पर अकेली थी। इसी बीच पिता मनोहर ने जान से मारने की धमकी देकर उससे दुष्कर्म किया। इसके बाद पिता ने मुंह बंद रखने के लिए उसकी मां की हत्या करने की धमकी दी। युवती ने मां को आपबीती सुनाई। उसके बाद युवती की मां ने सम्बन्धित थाने में कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर तहरीर दी। बावजूद इसके पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। हताश होकर युवती ने डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह से मदद की गुहार लगाई। जिनके निर्देश पर पीजीआई पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूर्व में भी युवती ने पिता मनोहर पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया था। फिलहाल, मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

चालक की पिटाई कर स्कार्पियो लूटकर भागे बदमाश

अमृत विचार, लखनऊ : इन्दिरानगर के तकरोही पतोइया विहार निवासी ठेकेदार दिनेश यादव मंगलवार सुबह गोमतीनगर के विश्वासखंड में चीनी मिल के ऑफिस गए थे। इसी बीच बाराबंकी देवा निवासी चालक श्याम बाबू गेट खोलकर ड्राइविंग सीट पर बैठा था। चालक ने बताया कि कुछ देर बाद पीछे से आए दो बदमाशों ने उसका गला कसकर दबा दिया और उसकी पिटाई कर कार से बाहर फेंक दिया और स्कार्पियो ले भागे। हुसेड़िया चौराहे पर स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। राहगीरों ने बदमाशों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद बदमाश मौके से भाग निकले। उधर, गाड़ी लूटने की सूचना मिलते ही एसीपी गोमतीनगर अंशू जैन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडे ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को कब्जे में लेते बदमाशों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए है। एडीसीपी पूर्वी अमित कुमावत का कहना है कि ठेकेदार की लिखित शिकायत पर गोमतीनगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

बुरा हाल पीड़ित ने बताया-थाने से भी सुबह आने को बोलकर टरकाया

सीएचसी में मेडिकोलीगल नहीं करने का आरोप

- मोहनलालगंज सीएचसी और कोतवाली का मामला

संवाददाता, मोहनलालगंज

अमृत विचार: मोहनलालगंज कोतवाली अंतर्गत रहने वाले युवक ने सीएचसी में सोमवार रात डॉक्टरी नहीं करने व थाने से भी कार्रवाई किये बिना टरकाने का आरोप लगाया है। दंपति को रिश्तेदारों ने हमला कर घायल कर दिया था। इंस्पेक्टर ने मामला रात में ही दर्ज करने की बात कही है।

धरमंगतखेड़ा गांव निवासी टेम्पो चालक जयभान ने बताया कि सोमवार रात वह पत्नी निधि के साथ बहन के घर पहुंचा। जहां पत्नी के भाई कलाशर, उदयभान, ब्रजभान ने जमीन बंटवारे को लेकर दंपति को लाठी डंडों से पीट दिया। हमले में निधि गंभीर घायल हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस एम्बुलेंस से दोनों को मोहनलालगंज स्थित सीएचसी ले गयी। आरोप है कि ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर अन्य कर्मी को मलहम पट्टी करने की बात बोल अपने कमरे में चले गये। कर्मी ने इलाज कर मेडिको लीगल रिपोर्ट के लिये दोबारा आने की बात कह दोनों को चलता कर दिया। थाने पहुंचे तो वहां से भी सुबह आने की बात कह टरका दिया गया। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज आलोक राव ने बताया आरोपियों पर रात में ही रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। सीएचसी अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि 24 घंटे मेडिकोलीगल के संग इलाज भी होता है। मामला संज्ञान में आया है। जांच करेंगे, यदि कोई दोषी मिला तो कार्रवाई की जायेगी।

हमले में घायल जयभान

हमले में घायल निधि

हेड कांस्टेबल से पिस्तौल लूटने वाले तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमृत विचार : सोमवार देर रात गाजीपुर के कल्याण अपार्टमेंट के पास स्कूटी सवार तीन युवकों ने बाइक टकराने पर हेड कांस्टेबल की पिटाई की। उसकी सर्विस पिस्तौल लूट ली थी। देर रात को पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी तीनों सगे भाई है। पिता मड़ियांव इलाके में पानी का बताशा के ठेला लगाता है। आरोपियों में एक नाबालिग है।

डीसीपी नार्थ अभिजीत आर शंकर के मुताबिक, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार की पिटाई करने और सर्विस पिस्तौल छीनने वाले आकाश मिश्र, शंशाक मिश्र और नाबालिग को एसटीएफ टीम ने मंगलवार गिरफ्तार किया है।

यह है मामला

गाजीपुर थाने में तैनात हेड कांस्टेबल विनोद कुमार सोमवार रात घर जा रहे थे। इस बीच एक स्कूटी उनकी बाइक से टकरा गई। दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी। तभी स्कूटी सवार युवकों ने हेड कांस्टेबल से मारपीट कर उसकी सर्विस पिस्तौल छीन ली थी। हालांकि, देर रात गाजीपुर पुलिस ने हेड कांस्टेबल की लिखित शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी थी।

एक नजर

महोना उर्स में मुशायरा एवं कवि सम्मेलन आज

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : महोना स्थित दादा मियां की दरगाह पर चल रहे उर्स व रशीदिया मेले में बुधवार रात नौ बजे से मुशायरा एवं कवि सम्मेलन होगा। कमेटी के पदाधिकारी मो .अकील खान ने बताया कि शायर फारुकी, सूफियान प्रताप गढ़ी, असद आज़मी, हिलाल बदायूंनी, शायर खुर्शीद हैदर, विकास बौखल, अली बाराबकवी, फ़ैज़ खुमार, अबुजर नवेद, बिहारी लाल अंबर, नज़मी हसन, फलक सुल्तानपुरी, रूबीना अयाज़, वकार काशिफ़ आएंगे।

कथा में पहले दिन भक्तों की उमड़ी भीड़

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा में नगर पंचायत कार्यालय के पास शुरू हुई श्रीमद् भागवत राम कथा में पहले दिन भक्तों की भीड़ उमड़ी। वृंदावन के पंडित विष्णु कांत महाराज ने कहा कि राम कथा सुनने में उन लोगों को ज्यादा रुचि होती है, जिनकी संगत अच्छी होने के साथ सत्संग सुनने की लालसा हो। उन्होंने कहा कि प्राणी मात्र और सभी भक्तों के मन में सीताराम निवास करते हैं। इसीलिए भक्तों को चाहिए कि वैमनष्यता को भूलकर एक दूसरे का सम्मान करें। राम का चरित्र आदर्श है। राम हमारे मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। उनका चरित्र समाज में चरित्रवान जीवन जीने का संदेश देता है और लोगों को उनके पदचिन्हों पर चलने का रास्ता दिखाता है।

किस्सागोई और सूफी गायन ने लोगों को किया मंत्रमुग्ध

अनादि मिश्रा के सप्त स्वर गुनन राम को गाएं भजन सुन लोगों ने लगाई धार्मिक त्रिवेणी में डूबकी

अवध महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अवध महोत्सव के दूसरे दिन हिमांशु बाजपेई की किस्सागोई, पद्मश्री पुरु दाधीच का कथक नृत्य, मुम्बई की आकांक्षा त्रिपाठी और जालंधर के अनादि मिश्रा के सूफी गायन ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, बांदा से आमंत्रित लोक कलाकार रमेश पाल के दल ने पाई डंडा लोक नृत्य से लोगों का अभिवादन किया। कलाकारों की प्रस्तुति ने संगीत नाटक अकादमी में मौजूद लोगों की तालियां बंटोरी।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग, संस्कृति विभाग और संगीत नाटक-संस्कृति विभाग की तरफ से रामोत्सव के तहत पांच दिवसीय वाजिद अली शाह "अवध महोत्सव" का आयोजन किया गया है। कला, संस्कृति व विरासत के महासंगम के दूसरे दिन कलाकारों ने कई आकर्षक प्रस्तुति दी। मंगलवार को सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ संगीत नाटक अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर, लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी और भातखंडे सम विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ. पूर्णिमा पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलन से किया।

कार्यक्रम के दौरान सूफी गीत गातीं आकांशा त्रिपाठी।

अवध महोत्सव के तहत हेरिटेज वॉक करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम व डॉ. रवि भट्ट। अमृत विचार

आकांक्षा व अनादि के गानों ने लूटी महफिल

मुंबई की आकांक्षा त्रिपाठी और जालंधर के अनादि मिश्रा के सूफी गायन ने शाम की महफिल लूट ली। आकांक्षा ने जुगनी जी सुनाकर लोगों में जोश भरा। वहीं, सइयां मिले लरिकइयां सुनाकर तालियां बटोरी। अनादि मिश्रा ने 'नित खैर मंगा सोहनेया मैं तेरी' सुनाकर अपने चाहने वालों की वाहवाह लूटी। इसके बाद सात अंक के महत्व को 'सप्त स्वर गुनन राम को गाएं' से समझाया।

इतिहासकार रवि भट्ट के नेतृत्व में किया हेरिटेज वॉक का आयोजन

अवध महोत्सव के दूसरे दिन इतिहासकार रवि भट्ट के नेतृत्व में हेरिटेज वॉक का आयोजन किया। वॉक में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव संस्कृति मुकेश मेश्राम, अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित नाहर, वरिष्ठ अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी मौजूद थे। वॉक के दौरान इतिहासकार रवि भट्ट ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

पद्मश्री पुरु दाधीच के कथक से शुरू हुई सांस्कृतिक संध्या : इंदौर के पद्मश्री पुरु दाधीच के कथक से सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत हुई। पद्मश्री पुरु दाधीच ने रामायण पर आधारित कथक की प्रस्तुति की। प्रस्तुति में पद्मश्री पुरु दाधीच की बहू हर्षिता दाधीच के साथ दमयंती मिरद्वाल, पूर्वा पांडे, मुस्कान श्रीवास्तव, अक्षिता पुराणिक ने नृत्य प्रस्तुत किया।

हिमांशु के किस्सों में खो गए दर्शक : हिमांशु वाजपेयी ने लखनऊ के नवाबों से लेकर रिक्शे और दर्जी तक के एक से बढ़कर एक प्रसंग सुनाये। उन्होंने किस्सागोई की शुरुआत लखनऊ है तो महज गुंबद-ओ-मीनार नहीं, सिर्फ एक शहर नहीं, कूच-ओ-बाजार नहीं, इसके आंचल में मुहब्ब्त के फूल खिलते हैं, इसकी गलियों में भी फरिश्तों के पते मिलते हैं से की। वहीं अवध के नवाब वाजिद अली शाह, कथकाचार्य पद्म विभूषण पंडित बिरजू महाराज से लेकर मजाज़ लखनवी तक के कई किस्से सुनाए।

पतंगबाजी व इक्का-तांगा दौड़ में दिखी अवध की झलक : देर रात तक चले आयोजन में सलोचना कार्की ने नैन सिंह, फाजिल, सचिन, संदीप, गुंजन के सहयोग से पपेट शो के जरिये पति-पत्नी के झगड़े सुलझाने की कोशिश की। इसके अलावा गायन, नृत्य की कई प्रस्तुतियां हुई। रंगोली, पतंगबाजी, अवधी परिधान, शरतंज प्रतियोगिता, इक्का-तांगा दौड़, अवधी व्यंजन मेले का आयोजन किया गया। इन आयोजनों मेंअवध की झलक दिखी।

अवध महोत्सव में आज की प्रस्तुति

बुधवार को गाजियाबाद की समीक्षा शर्मा का कथक, लखनऊ के अग्निहोत्री बंधुओं का गजल, राजस्थान के बतुल बेगम की सूफी गायन और झांसी के लोक कलाकारों की राई नृत्य की प्रस्तुति होगी।

खिलाड़ियों के चयन को वॉलीबाल का केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : क्षेत्रीय क्रीड़ा विभाग की देखरेख में मंगलवार से बाबू स्टेडियम में वॉलीबाल का केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ।

उपनिदेशक एसएस मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर कैंप की शुरुआत की। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी ने बताया कि प्रदेश के छह आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों के लिए कैंप के माध्यम से खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। प्रदेश भर से चयनित 45 खिलाड़ियों (37 बालक-आठ बालिका) को प्रशिक्षित किया जाएगा। 16 अप्रैल तक चलने वाले शिविर के दौरान इनका फिजिकल और स्किल टेस्ट होगा। फिर मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी और खिलाड़ियों को आवश्यकतानुसार आवासीय छात्रावासों में भेजा जाएगा।

उन्होंने कहा कैंप का संचालन क्रीड़ाधिकारी साधना सिंह व संदीप गुप्ता के अलावा उपक्रीड़ाधिकारी अखिल चौधरी के निर्देशानुसार किया जाएगा। प्रदेश में खेल के विभाग के तत्वावधान में देवरिया, इलाहाबाद, अयोध्या, मैनपुरी, बांदा में 15 वर्ष से कम आयु के बाल क और लखनऊ में बालिका छात्रावास पर संचालन हो रहा है। कमर्सी रोड स्थि गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में बुधवार से मुख्य चयन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 रेल कर्मियों को डीआरएम ने किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचालन में विशेष योगदान के लिए हुआ सम्मान

अमृत विचार : डीआरएम आदित्य कुमार ने मंगलवार को 13 उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेलवे कर्मियों को सम्मानित किया।

पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय में सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचलन में विशेष योगदान देने वाले कर्मियों को यह सम्मान दिया गया। इन सभी 13 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में डीआरएम आदित्य कुमार ने कहा कि हमारे रेल कर्मी विषम परिस्थितियों में रेल संचालन का कार्य करते है, जिसके लिए उनकी लगन व जज्बे को सम्मान प्रदान करने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और मनोबल ऊंचा होता है। इससे वे दोगुनी ऊर्जा के साथ कार्य करते है। उन्होंने कर्मचारियों को ड्यूटी के प्रति उनकी कर्तव्य निष्ठा, लगन व परिश्रम के लिए उनका आभार व्यक्त किया और बधाई दी।

कार्यक्रम के दौरान सम्मानित होने वाले 13 रेल कर्मियों के साथ डीआरएम आदित्य कुमार। अमृत विचार

इन्हें मिला पुरस्कार

पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों में स्टेशन मास्टर जरवल रोड नन्द किशोर जायसवाल, स्टेशन मास्टर तहसील फतेहपुर मनोज कुमार गुप्ता, कॉटावाल चिल्हिया के मनोज कुमार, स्टेशन मास्टर खलीलाबाद सौरभ कुमार सोमन, स्टेशन मास्टर सहजनवा संजय मणि त्रिपाठी, स्टेशन मास्टर बिसवां दिवाकर, प्रवर टेक्नीशियन समाडि गोंडा आशीष कुमार, टैंक मेंटनर बिसवां अनिवेश कुमार, रामसेवक, गोंडा के लक्ष्मी शंकर शर्मा, टैंक मेंटेनर बस्ती अमित कुमार सिंह और गोंडा के नरेन्द्र कुमार यादव को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक इंजीनियर समन्वय, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर प्रथम, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर द्वितीय के साथ रेलवे के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

एकता को प्रगति का संदेश देने के लिए हुई मैराथन वॉक

अमृत विचार, लखनऊ : टीएचडीसीआईएल ऋषिकेश उत्तराखंड की देखरेख में 10 किमी मैराथन वॉक आयोजित की गई। टीएचडीसीआईएल और यूपीनेडा की संयुक्त उद्यम कंपनी टुस्को लिमिटेड सीईओ मनोज सरदाना एजीएम अनिल बडोनी, सीएफओ मृदुल दुबे, डिप्टी मैनेजर विजिलेंस ब्रिज मोहन सिंह, एच आर एंड एडमिन और समस्त कर्मचारियों ने 10 किलोमीटर की वॉक मैराथन में हिस्सा लिया।

सीईओ मनोज सरदाना के नेतृत्व में वॉक मैराथन का संचालन किया गया। ये एकता और प्रगति के लिए एक संदेश देने के लिए आयोजित की गई। इस कार्यक्रम को संचालित करने में शशांक लाल और माधुरी यादव, तृप्ती सिंह ,शोभा आदि अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

मैन ऑफ द मैच बने अंकित यादव को ट्रॉफी व चेक देते अतिथि। अमृत विचार

अंकित के शतक से फाइनल में सीएसडी सहारा अकादमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन को 6 विकेट से हराया

अमृत विचार : करन शुक्ला (5 विकेट) की गेंदबाजी के बाद अंकित यादव (नाबाद 142) के शतक से सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी बीकेटी ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में जीत से फाइनल में जगह बनाई। गियर क्रिकेट ग्राउंड पर सीएसडी सहारा अकादमी ने कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन को 6 विकेट से हराया। कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.5 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 258 रन का विशाल स्कोर बनाया।

हर्षित तिवारी (115) और सम्यक त्रिवेदी (51) की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की। उनके बाद सचिन सिंह (29) व अभय राज (15) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। सीएसडी सहारा अकादमी से करन शुक्ला ने 4.5 ओवर में 29 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। अर्जित वर्मा को 3 विकेट मिले।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी बीकेटी ने 38.3 ओवर में 4 विकेट पर 259 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज अंकित यादव ने 119 गेंदों पर 19 चौके व एक छक्के से नाबाद 142 रन की शतकीय पारी खेलते हुए टीम को तेज शुरुआत दी। उनका साथ देते हुए अर्जित वर्मा ने 21 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हुए सीएसडी सहारा अकादमी के अंकित यादव को मिला।

हर्षजीत ने दिलाई स्पोर्ट्स गैलेक्सी को जीत

अमृत विचार, लखनऊ : मैन ऑफ द मैच हर्षजीत सिंह (77 रन, 56 गेंद, 13 चौके) की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट क्लब ने प्रथम एमएमल मिश्रा स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। पं .रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर मंगलवार को खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल में स्पोर्ट्स गैलेक्सी को 111 रनों के अंतर से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्पोर्ट्स गैलेक्सी ने 6 विकेट खोकर 313 रनों का विशाल स्कोर बोर्ड पर टांगा। वाब में एलआरसी की टीम 202 रनों के योग पर सिमट गई। सनी महरोत्रा ने सबसे अधिक 43 रन बनाए। स्पोर्ट्स गैलेक्सी की ओर से शिवम वर्मा ने 3, ओम बाजपेई और प्रथुल मेहता ने दो-दो विकेट चटकाए।

बदलेंगी हवाएं फिर बढ़ेगी गर्मी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पश्चिमी विक्षोभ से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हो सकती है हल्की बारिश

▸▸ गुरुवार से शुक्रवार तक हवा का बदलेगा रुख, उमस करेगी परेशान

अमृत विचार : तेज हवाओं के कारण सोमवार और मंगलवार को तापमान में गिरावट आने से गर्मी से राहत मिली थी, लेकिन अब गर्मी बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। गुरुवार और शुक्रवार तक फिर हवाओं का रुख बदलेगा और उमस परेशान करेगी।

मंगलवार को अधिकतम तापमान 35.6 और न्यूनमत 18.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात का पारा दो दिन पहले 23 डिग्री तक पहुंच गया था। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में गिरावट का बड़ा कारण 35 किमी प्रतिघंटा गति से चलने वाली तेज हवाएं थी। पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद यह स्थिति बनी थी। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को अधिकतम, न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री की बढ़ोतरी होगी। अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार फिर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसका असर चार और पांच अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के रूप में दिखेगी। हालांकि आगे बढ़ने के बाद कमजोर पड़ जाएगा। पर, हवाओं का रुख इसके कारण पूर्व से पश्चिम रहेगा। यदि यह मजबूत होता तो बारिश से तापमान गिरता लेकिन बारिश की बजाए इसकी वजह से उमस बढ़ेगी। हल्की बदली होने से धरती की धूप से गर्म हुई सतह से परावर्तित होने वाली ऊष्मा वातावरण में रह जाएगी। इससे तापमान भी बढ़ेगा। खासतौर पर रात में भी गर्मी से राहत नहीं रहेगी।

लखनऊ को मिला तीसरा स्थान

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ की सब जूनियर बालक टीम ने गाजियाबाद में 29 से 31 मार्च तक आयोजित की गई 20वीं राज्य जूनियर और सब-जूनियर बालक खो-खो चैम्पियनशिप की बालक सब जूनियर वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। लखनऊ की टीम को आठ वर्ष बाद इस वर्ग में कोई स्थान मिला है। लखनऊ ने अपने पूल में बलिया, संत कबीर नगर और आगरा को हराकर पूल विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। सेमीफाइनल मैच लखनऊ और बागपत के मध्य खेला गया, जिसमें लखनऊ को बागपत से हार झेलनी पड़ी। लखनऊ और बस्ती में संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जिला खो-खो संघ लखनऊ के सचिव राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि सब जूनियर (अंडर-14) बालक की टीम में दिवाकर सिंह तोमर, अभिनव रावत, आनंद कुमार, मंजोत सिंह, लवजोत सिंह, आर्या सिंह, अक्षत सिंह समेत अन्य थे।

कपिल ने जूडो में जीता स्वर्ण पदक

तुर्की ग्रांड प्री जूडो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भारत के कपिल परमार ने गत 28 मार्च से 3 अप्रैल तक अंतालिया (तुर्की) में आयोजित आईबीएसए जूडो ग्राण्ड प्री में स्वर्ण पदक जीतते हुए देश का परचम लहराया।

भारतीय दृष्टिबाधित जूडो टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए कपिल ने 60 किग्रा से कम भार वर्ग में चुनौती पेश की और फाइनल में ब्राजील के डे ओलिविरा ई. को पराजित कर स्वर्णिम सफलता हासिल की। इससे पहले कपिल ने कोरिया के किम हयोबिन, वियतनाम के ब्लैंको एम. एवं यमन के नाशवान एस. को हराते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। दूसरी ओर भारत की कोकिला 48 किग्रा. भारवर्ग में पांचवें स्थान पर रही। उन्होंने पहले राउंड में स्विट्जरलैंड के ब्रूसिंग, कारमेन को हराया। वहीं सेमीफाइनल में उन्हें चीन की एल.आई. लिकिंग से हार मिली। फिर कांस्य पदक के मुकाबले में कोकिला को चीन की ईकेई काहिदे ने हराया।

कपिल और कोकिला पेरिस पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके है। वर्तमान में पैरालंपिक रैंकिंग में कपिल नंबर एक है जबकि कोकिला सातवें पायदान पर हैं।

यह दोनों ही इंडियन पैरा जूडो अकादमी, हलवासिया कोर्ट, हजरतगंज, लखनऊ में मुनव्वर अंजार की देखरेख में ट्रेनिंग कर रहे हैं। इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुधीर हलवासिया ने बताया कि चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों के साथ मुनव्वर अंजार मुख्य कोच के तौर पर रहे। सोमा नगाऊ असिस्टेंट कोच, आयषा मुनव्वर महिला स्कार्ट, उमेश कुमार सिंह पुरुष स्कार्ट एवं अनूप कुमार गुरनानी टीम लीडर थे।

प्रदीप ने जीता स्वर्ण

अमृत विचार : क्षेत्रीय भविष्य निधि कार्यालय, लखनऊ में तैनात वरिष्ठ सामाजिक सुरक्षा सहायक प्रदीप कुमार शर्मा ने पांचवी पांचवी पैरा लॉन बॉल जुनियर, सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। बीते 30 और 31 मार्च को यह चैंपियनशिप हरियाणा के सोनीपत जिले में आयोजित की गई। यूपी. पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन की देखरेख में मेरठ स्थित कैलाश प्रकाश स्टेडियम में आयोजित 8 वीं स्टेट पैरा पावर लिफ्टिंग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भी प्रदीप कुमार शर्मा ने हिस्सा लिया और कांस्य पदक जीता। दोनों ही मुकाबलों में पकद जीतने के साथ ही उन्होंने क्षेत्रीय भविष्य निधि कार्यालय, लखनऊ और संगठन का रोशन किया।

प्रदीप कुमार शर्मा को बधाई देते लोग।

सलाह बागवान कीटनाशक के साथ देखरेख करते रहें : वरिष्ठ उद्यान वैज्ञानिक डॉ. राजवी

आम की बौर देख खिले बागवानों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बागों में आम की बौर देखकर बागवान उत्साहित हैं। इससे अधिक आम की पैदावार होने की उम्मीद जगी है। यदि मौसम का मिजाज न बिगड़ा तो पिछले वर्षों में हुए घाटे की पूर्ति इस बार आम बेचकर हो जाएगी।

मलिहाबाद समेत अन्य फलपट्टी क्षेत्र में आम के पेड़ों में तेजी से बौर आ रही है। करीब 60 फीसद तक बौर पड़ गई है। अप्रैल की शुरुआत में फल मसूर के दाने भर का हो गया है। यह पहली फसल है। जिस पर अधिक पैदावार की संभावना है। यदि आंधी व बारिश का प्रभाव न पड़ा तो गुणवत्ता के साथ पैदावार अधिक होगी। सब कुछ ठीक रहा तो इस बार देश के साथ विदेश में दशहरी, लंगड़ा, चौसा समेत अन्य प्रजाति के आमों का निर्यात मांग के अनुसार करेंगे।

पिछले दो वर्ष से मौसम के विपरीत प्रभाव से पैदावार कम होने के साथ गुणवत्ता खराब होती आ रही है। इससे निर्यात भी प्रभावित है और बागवानों की लागत निकलना मुश्किल रहा है। लेकिन, इस बार की फसल देख बागवान काफी उत्साहित है।

वरिष्ठ उद्यान वैज्ञानिक डॉ. राजीव वर्मा ने बताया कि इस बार बौर पहले से अधिक है। इससे अधिक पैदावार होगी। बागवान कीटनाशक के साथ देखरेख करते रहें। यदि बारिश या आंधी आई तो नुकसान पहुंचेगा।

मलिहाबाद में आम के पेड़ में निकली बौर। अमृत विचार

मौसम अनुकूल, रोगमुक्त फसल

बागवानों ने कीट-रोगों से बचाव के लिए दवा का छिड़काव शुरू कर दिया है। फिलहाल मौसम के हिसाब से फसल अनुकूल और रोगमुक्त है। बागवान अखिलेश उर्फ अंजू सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष आम के बागों मे करीब 30-35 फीसद आम की फसल थी। लेकिन, इस वर्ष बागों में जालाकीट व अन्य रोगों ने कोई प्रभाव नहीं डाला। इससे आम के पेड़ों में चारों तरफ बौर दिख रही है। बौर में आम अच्छा बैठ रहा है।

लापरवाही से उपभोक्ताओं को हो रही समस्या

अमृत विचार, लखनऊ : बिजली कनेक्शन के लिए राजधानी के उपभोक्ता भटक रहे हैं। प्रीपेड मीटर रिचार्ज कराने के लिए उपकेंद्रों पर कर्मचारी मौजूद नहीं है। इसके कारण नए कनेक्शन से लेकर मीटर के रिचार्ज, गलत बिल के समायोजन का काम अटक गया है।

लेसा अधिकारियों के अनुसार शहर में अनुरक्षण कार्य तेजी से कराई जा रही है। इसके कारण अधिकारी और कर्मचारी क्षेत्र में भ्रमण कर समस्याओं का निस्तारण कर रहे हैं। समय मिलते ही उपकेंद्रों पर पहुंचकर उपभोक्ता के काम भी निपटा रहे हैं।

ऑटिज्म सिंगर कार्तिक और फाउंडर अर्चना की जुगलबंदी ने बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आर्यावर्त सेंटर फॉर ऑटिज्म एंड स्पेशल नीड्स के तरफ से आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट बच्चों की प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। ऑटिज्म सिंगर कार्तिक व फाउंडर अर्चना की जुगलबंदी ने समां बांध दिया।

आर्यावर्त सेंटर फॉर ऑटिज्म एण्ड स्पेशल नीड्स के तरफ से मंगलवार को इंद्र धनुष-इम्पावरिंग एबिलिटीज कार्यक्रम गोमतीनगर स्थित बुद्धा इंटरनेशनल रिसर्च सेंटर में आयोजित किया गया। इसमें विशेष बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। वहीं कई स्पेशल विभाग के विशेषज्ञों प्रतिष्ठा शुक्ला, आटिज्म सिंगर कार्तिक कुमार, आटिज्म मॉडल प्रणव बक्शी, सरस, आर्यावर्त सेंटर फॉर ऑटिज्म के फाउंडर अर्चना पाण्डेय, को-फाउंडर सौरभ वर्मा तथा आर्यावर्त टीम के सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर इस कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देता कलाकार।

मास्टर व्योम के तीन ताल ने लूटी वाहवाही

तबले पर तीन ताल के वादन और वादक मास्टर व्योम की भाव भंगिमा ने दर्शकों को वाह उस्ताद वाह कहने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान तबला वादक मास्टर व्योम श्रीवास्तव ने महज पांच मिनट तक ही तबले पर हाथ फेरा, लेकिन इतने समय में ही उन्होंने समां बांध दी। पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस दौरान हॉल में गुरु अरुणेश पांडेय, व्योम की माता डॉ. पारुल सक्सेना तथा पिता डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

एक नजर

गुमटी में लगी आग, हजारों रुपए का सामान जला

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। लच्छीपुर गांव में अज्ञात कारणों के चलते एक गुमटी में आग लग गई जिसके चलते गुमटी में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के लच्छीपुर गांव में नीरज कुशवाहा जो घर के बाहर गुमटी रखे है। ऐसे में सोमवार की रात्रि अज्ञात कारणों के चलते गुमटी में आग लग गई। आग की लपटें उठता देख नीरज सहित आस पड़ोस के ग्रामीणों ने आग बुझाई, तब तक गुमटी में रखा सारा सामान खाक हो गया। नीरज ने बताया कि गुमटी में लगभग 25 हजार का सामान भरा था जो जल गया।

मानसिक विक्षिप्त युवक का पड़ा मिला शव

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। तेंदुआ गांव में मानसिक रूप से विक्षिप्त एक व्यक्ति का शव पड़ा पाया गया। पुलिस उसकी सिनाख्त कराने में जुटी है। मंगलवार को तेंदुआ गांव के बाहर सुमेर के ट्यूबेल के पास मानसिक रूप से विक्षिप्त 35 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर शिनाख्त कराने की कोशिश की, बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि युवक मानसिक विक्षिप्त था जो घूमा करता था।

खुशनुमा था माहौल, बस पलटने से मची बच्चों की चीख-पुकार

पलटने के बाद कई मीटर तक घिसटती चली गयी बस, कोई बच्चा बस की छत से लड़कर घायल हुआ तो कोई सीट के नीचे फंसा

बस हादसा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : बच्चों की बस जब लखनऊ से बाराबंकी वापस आ रही थी, उस समय माहौल काफी खुशनुमा था। बच्चे एक दूसरे को अपना अनुभव बताकर हंसी ठहाका लगा रहे थे। कोई चिड़ियाघर के शेर की दहाड़ सुनाकर खुश था तो कोई ट्रेन के किस्से सुनाकर नहीं थक रहा था। इसी बीच बाइक सवार को बचाने के प्रयास में बस पलट गयी और कई मीटर तक घिसटती चली गयी। बस के अंदर का खुशनुमा माहौल बच्चों की चीख-पुकार में तब्दील हो गया था। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में बस पलटने और कई मीटर तक घिसटती चले जाने के कारण कोई बच्चा बस की छत पर लड़कर घायल हुआ तो कोई सीट के नीचे जाकर फंस गया। शिक्षकों की आंखों के सामने भी अंधेरा छा गया था। घिसटते हुए बस हादसा स्थल से काफी दूर जाकर रुकी। हादसा होते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गयी। सभी लोग बच्चों को बस से बाहर निकालने के प्रयास में जुट गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों के साथ राहत कार्य शुरू किया। बस में कुल 50 लोग सवार थे।

> घटना में मृत बच्चों के परिजनों के साथ सरकार की पूरी शोक संवेदना है। घायलों के अच्छे इलाज के निर्देश दे दिये गये हैं। पीड़ित परिवारों के लिए सरकार हर संभव मदद करेगी।
>
> –सतीशचंद्र शर्मा, राज्यमंत्री

डीएम के पहुंचने के बाद जिला अस्पताल पहुंचे सीएमओ

घायल बच्चों के जिला अस्पताल लाये जाने पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह वहां पहुंच गए। बताया जाता है कि डीएम और एसपी के पहुंचने के करीब 20 मिनट बाद मुख्य चिकित्साधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। बताते हैं कि जिलाधिकारी द्वारा फोन करने पर वह जिला अस्पताल पहुंचे।

घायल बच्चों का हाल लेने जिला अस्पताल पहुंचे डीएम। अमृत विचार

जिला अस्पताल में बच्चों से घटना के बारे में जानकारी लेते एसपी। अमृत विचार

क्या पता था वापस नहीं आएंगे हमारे लाल

शैक्षिक भ्रमण पर गये चार नौनिहालों की मौत की खबर जब उनके गांव पहुंची तो मातमी सन्नाटा पसर गया। गांव के तमाम लोग अपने-अपने खेतों में थे। सूचना मिलते ही सभी अवाक रह गये। बच्चों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। उन्होंने बताया कि अभी कुछ देर पहले ही मास्टर साहब ने बच्चे से बात करवाई थी। सभी बहुत खुश थे और वह घर आकर अपने दिनभर की मौज मस्ती बताने की बात कह रहे थे। लेकिन फोन रखने के कुछ समय बाद मौत की खबर आई। खबर सुनकर हमारा मानो हमारा कलेजा फट गया हो। परिजनों का कहना था कि अगर उन्हें जरा भी अंदाजा होता तो वह अपने बच्चों को कतई न भेजते। कहा कि क्या पता था कि हमारे लाल वापस नहीं आएंगे।

रात में ही कराया गया शवों का पोस्टमार्टम

बाराबंकी, अमृत विचार : हादसे के शिकार हुए बच्चों के शवों का परिजनों की मौजूदगी में रात में ही पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान वहां मौजूद परिवारवाले बिलखते रहे। इस दौरान ग्रामीण भी मौजूद रहे।

पुलिस ने संभाला मोर्चा

बाराबंकी, अमृत विचार : हादसे के बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने स्वयं मोर्चा संभाल लिया। स्वास्थ्यकर्मी से कहीं ज्यादा पुलिसकर्मी बचाव कार्य में दिखे। फिर वह चाहे एंबुलेंस से घायलों को निकालने के लिए स्ट्रेचर लाना हो या बच्चों को संभालना। घटना के बाद जिला अस्पताल में मेले जैसी भीड़ दिखी।

हादसे में इनकी गयी जान

1. मानसी (12) पुत्री विनोद कुमार राजपूत, निवासी ग्राम पर्वतपुर।
2. शुभी (12) पुत्री राजकुमार, कक्षा छह की छात्रा, निवासी ग्राम पर्वतपुर।
3. कामिनी देवी (17) पुत्री जगत नारायण वर्मा, कक्षा आठ की छात्रा, निवासी ग्राम मदरहा।
4. सूफियान (38) कंडक्टर, असंद्रा के सिद्धौर निवासी।

तीन लखनऊ रेफर

प्रदीप (25) बाइक चालक, निवासी थाना जहांगीराबाद व दो बच्चे।

▸▸ तीन बच्चों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है जो खतरे से बाहर हैं।

▸▸ 25 बच्चों को सीएचसी देवा में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

सोशल मीडिया पर शोक संवेदनाओं की लहर

सोशल मीडिया पर शोक संवेदना देने वालों का तांता लगा रहा। लोग मृत बच्चों के परिवारवालों के प्रति शोक संवदेना जता रहे थे।

सेना के हवलदार पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ हवलदार की पत्नी ने दंपति पर दर्ज कराई एफआईआर

▸▸ देर रात कैंट पुलिस ने हमलावर को पकड़ा, पत्नी फरार

अमृत विचार : कैंट थाना अंतर्गत नीलमथा में एक दंपति ने सेना के हवलदार की पिटाई कर उसके पेट पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से भाग निकले। आनन-फानन परिजन ने हवलदार को कमांड अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार देर रात पुलिस ने हमलावर दंपति के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में एफआईआर दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसकी पत्नी फरार है।

कैंट प्रभारी निरीक्षक गुरुप्रीत कौर के मुताबिक, कटहरी बाग नीलमथा

निवासी पूजा ने ओमप्रकाश व उसकी पत्नी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि पति दिनेश सेना में हवलदार हैं। सोमवार रात करीब 8 बजे वह घर के सामने खड़ी थी। आरोप है कि ओमप्रकाश के किराएदार उनके पास आकर बातचीत करने लगा। तभी ओमप्रकाश की पत्नी उनसे झगड़ने लगी। इस पर हवलदार विरोध करने लगा। विवाद बढ़ने पर ओमप्रकाश चाकू लेकर वहां पहुंचा और पत्नी के संग मिलकर दंपति की पिटाई कर दी। बीच-बचाव के दौरान ओमप्रकाश ने हवलदार के पेट पर ताबड़तोड़ चाकू से वार कर दिया।हंगामा बढ़ने पर आरोपी दंपति पीड़ित परिवार को धमकी देते वहां से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूर्व सैनिक को कमांड अस्पताल में भर्ती कराया है। उनकी पत्नी की लिखित शिकायत पर पुलिस ने मंगलवार रात ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की जा रही है।

जाली चेकों से 38.50 लाख का भुगतान, भरेगी पीएनबी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नोएडा में एक महिला को बैंक ने दी थी चेक, हुई धोखाधड़ी

▸▸ फारेंसिक जांच को लेकर राज्य उपभोक्ता आयोग ने ठोका हर्जाना

अमृत विचार : नोएडा में पंजाब नेशनल बैंक ने तीन फर्जी चेकों पर एक महिला के खाते से 38.50 लाख का भुगतान कर दिया। फोरेंसिंक जांच में चेक जाली साबित हुए तो बैंक की गलती होने राज्य उपभोक्ता आयोग ने 30 लाख रुपये 12 प्रतिशत ब्याज के साथ देने का आदेश दिया है।

1-20 सेक्टर-22 नोएडा निवासी संजू देवी पत्नी अनुज कुमार को बैंक ने 20-20 पन्नों की दो चेक बुक दी। गलती से कुछ चेक खराब होने पर नष्ट कर दीं। उन्होंने 2015 को 74 लाख रुपये की संपत्ति बेचकर अपने खाते में रुपये जमा किए। इस बीच, किसी इरफान मोहम्मद नाम से पहली चेक पर 9.85 लाख रुपये, दूसरी पर 14.65 लाख व तीसरी पर 14 लाख रुपये बैंक ने भुगतान कर दिए। आयकर जमा करने के दौरान फर्जीवाड़े की जानकारी हुई। एफआईआर कराने पर चेक फोरेंसिंक लैब भेजे तो फर्जी निकले। इसकी बैंकिंग लोकपाल ने अभिलेखीय और मौखिक साक्ष्य की आवश्यकता बताकर निस्तारण करना संभव नहीं बताया। फिर भी बैंक ने संजू के खाते में 14 लाख रुपये डाल दिए। इसके बाद संजू और उनके परिजन को मिलीभगत बताकर रुपये वापस मांगे। इसकी संजू ने राज्य उपभोक्ता आयोग में शिकायत की। सुनवाई प्रिसाइडिंग जज राजेंद्र सिंह व सदस्य विकास सक्सेना ने की। आदेश में कहा कि इसमें बैंक की लापरवाही थी। फर्जी चेकों का सूक्ष्म निरीक्षण नहीं किया और सरसरीतौर पर भुगतान किया। बैंक, मैनेजर व चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर मिलकर या कोई एक 24.50 लाख रुपये, मानसिक, शारीरिक कष्ट के 5 लाख रुपये व वाद व्यय के 50 हजार रुपये अलग से 12 प्रतिशत ब्याज के साथ अदा करेंगे। 30 दिन में धनराशि न दी तो 15 प्रतिशत ब्याज देय होगा।

सार-संक्षेप

ट्रक-डीसीएम में भिड़ंत से लगी आग, एक की मौत

ट्रक से भिड़ंत के बाद डीसीएम में लगी आग। अमृत विचार

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : देवा कोतवाली क्षेत्र के किसान पथ पर सोमवार देर रात जबरीकला गांव के पास गन्ना लदे ट्रक और डीसीएम की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि देखते-ही-देखते दोनों वाहन आग का गोला बन गए। चालक और परिचालक भी वाहनों के नीचे दब गए। रात करीब 12:30 बजे पलटी डीसीएम के नीचे से एक शव निकाला गया। मौके पर कई थानों की पुलिस फोर्स और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी पहुंचीं। हादसे के कारण हाईवे के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग बुझाकर रात करीब एक बजे पुलिस यातायात बहाल कराया। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।

नहाते समय गोमती में डूबा किशोर

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : थाना लोनी कटरा क्षेत्र के ग्राम भीतरी निवासी सलमान (14) पुत्र रईस मंगलवार को गोमती नदी में नहाते समय डूब गया। सूचना के लगभग तीन घंटे बाद पहुंची स्थानीय पुलिस ग्रामीणों के सहयोग से किशोर की तलाश करती रही। गोताखोरों की टीम नहीं बुलाई गई थी। मौके पर दो पुलिसकर्मी पहुंचने के बावजूद अपराह्न 2 बजे तक थानाध्यक्ष लोनी कटरा बताते रहे कि उन्हें घटना की सूचना ही नहीं है।

महंत ने शुरू किया अनशन

बनीकोडर,बाराबंकी, अमृत विचार : असंद्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भावनियापुर मठ के महंत मुकुंदपुरी एक बार फिर मामले का निस्तारण न होने पर अनशन पर बैठ गए हैं। उन्होंने बताया कि जब तक मठ की चौहद्दी की घेराबंदी नहीं कराई जाती, वे यहां से हटेंगे नहीं। इससे पूर्व भी महंत मुकुंदपुरी धरना भी दे चुके हैं। तब प्रशासन ने जल्द ही मामले को निस्तारित करने का आश्वासन दिया था लेकिन कुछ नहीं हुआ।

सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार : असंद्रा थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक अन्य घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र के दांदूपुर गांव निवासी परशुराम चौरसिया मंगलवार सुबह घर से खेत जा रहे थे। अभी वह गांव के बाहर मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आई एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर लगने से परशुराम (59) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में बाइक चालक पूरे दुनिया मजरे लकड़िया गांव निवासी शिवप्रसाद उर्फ घुटई भी घायल हो गया। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां परशुराम की मौत हो गई। सूचना पर कोतवाली बाराबंकी पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की।

जीवन काल में सेवानिवृत्त नहीं होता शिक्षक

विदाई समारोह के दौरान मौजूद प्रधानाचार्य व स्टॉफ के सदस्य। अमृत विचार

रामनगर बाराबंकी, अमृत विचार : शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। विद्यालय से रिटायर होने के बाद भी घर-परिवार व समाज में रहकर बखूबी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन करता है। ये बातें यूनियन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. कमलेश सिंह ने सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दिनेश सिंह के विदाई एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में कहीं। यूनियन इंटर कॉलेज में 2016 से प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत रहे शिक्षक दिनेश कुमार सिंह 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए जिनका विदाई सम्मान समारोह कार्यक्रम मंगलवार को यूनियन इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। समाजसेवी शीतला बक्श सिंह ने कहा कि अध्यापक वैचारिक रूप से जीवनभर समाज के शैक्षणिक विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहता है। इस दौरान पूर्व शिक्षक प्रेमचंद, संतराम व शिक्षिका संध्या श्रीवास्तव, शिक्षक सुधाकर, आशीष, हरिओम, शिवेश, अनमोल, रूपेश, संदीप सहित शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

राजरानी की रिकॉर्ड मतों से जीत के प्रयास में समर्थक

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रचार अभियान तेजी पकड़ता जा रहा है। कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत की जीत रिकॉर्ड मतों से हो, इसके लिए क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा समर्थकों के साथ घर-घर जाकर सहयोग मांग रहे हैं। 2002 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता राजरानी रावत को विधायक बना चुकी है। बाद में इस विधानसभा का नाम परिवर्तित कर कुर्सी रख दिया गया और सुरक्षित की जगह यह सामान्य सीट हो गई। राजरानी रावत निन्दूरा ब्लॉक के उधापुर गांव की रहने वाली हैं और इसी ब्लॉक के सैन्दर गांव में उनकी ससुराल है। इस कारण क्षेत्रीय जनता से उनका लगाव है। उधर, इस विधानसभा क्षेत्र में उनकी जीत अधिकतम मतों से हो, इसके लिए क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा समर्थकों के साथ गांव-गांव जाकर उनके पक्ष में सहयोग की अपील कर रहे हैं। बीते जिला पंचायत चुनाव में निन्दूरा ब्लॉक से राजरानी रावत ने जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में जीत दर्ज की थी।

आचार संहिता उल्लंघन की तत्काल करें शिकायत : पाठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रदेश पार्टी कार्यालय में आचार संहिता को लेकर हुई कार्यशाला

अमृत विचार। भाजपा चुनाव आयोग संपर्क विभाग के राष्ट्रीय संयोजक ओम पाठक ने कहा कि विपक्षी पार्टियां बड़े पैमाने पर आचार संहिता का उल्लंघन कर चुनाव को प्रभावित करने का कुत्सित प्रयास कर रही हैं। इसकी सघन निगरानी करने के साथ ही ऐसे मामलों को आयोग के समक्ष त्वरित तौर पर उठाना होगा, जिससे गड़बड़ियों पर लगाम लगाई जा सके।

वे मंगलवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर चुनाव आयोग संपर्क विभाग द्वारा आदर्श आचार संहिता और उससे जुड़े विषयों से संबंधित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। पाठक ने प्रदेश भर से सभी 80 लोकसभा सीटों से आये चुनाव आयोग संपर्क विभाग के संयोजक और सह संयोजकों को आदर्श आचार संहिता, संवेदनशील बूथों की पहचान और उनकी विशेष निगरानी से संबंधित व्यवस्थाओं, विपक्षी प्रत्याशी की निगरानी, मीडिया से संबंधित मामलों, विज्ञापन स्वीकृतियां, परिवहन और वाहन से संबंधित अनुमतियों, सार्वजनिक बैठकों, रैलियों, रोडशो की अनुमतियों से संबंधित करणीय कार्यों के लिए ज़रूरी जानकारियों से अवगत कराया।

ब्रजेश पाठक

लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश सहसंयोजक व राज्य सरकार में मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि अचार संहिता उल्लंघन की शिकायत तत्काल सी-विजिल ऐप पर करें। चुनाव संपर्क सेल के माध्यम से स्थानीय स्तर पर निर्वाचन अधिकारी से शिकायत दर्ज करायें। कोई ऐसा मुद्दा जिसकी शिकायत राज्य स्तर से आवश्यक हो प्रदेश की टीम को सूचित करें। जिससे विपक्ष के ग़लत मंसूबों को रोका जा सके।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता और चुनाव संपर्क सेल के प्रदेश संयोजक अखिलेश अवस्थी ने किया। कार्यशाला में सह संयोजक नितिन माथुर, प्रखर मिश्रा, अधिवक्ता अवधेश सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता रवि सिंह सिसोदिया, प्रशांत सिंह अटल और सभी लोकसभा क्षेत्रों से आये प्रतिनिधि शामिल रहे।

अविश्वास प्रस्तावः बीडीसी ने डाले वोट, मतगणना पर रोक

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचारः भाजपा ब्लॉक प्रमुख रामू गुप्ता के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद मतदान हुआ। एडीएम व एसडीएम की निगरानी में 87 बीडीसी सदस्यों ने मतदान किया। ब्लॉक प्रमुखी का मामला कोर्ट में होने से मतगणना नहीं कराई गई। कोर्ट का आदेश मिलने पर मतगणना होगी। मतदान को लेकर ब्लॉक क्षेत्र छावनी में तब्दील रहा।

भाजपा ब्लॉक प्रमुख के रामू गुप्ता के खिलाफ क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा दिए गए अविश्वास प्रस्ताव पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की ओर से जांच के बाद अविश्वास प्रस्ताव की बैठक के लिए दो अप्रैल की तारीख प्रस्तावित की गई थी। मंगलवार को ब्लॉक प्रांगण में अविश्वास प्रस्ताव पर आगे की कार्रवाई एडीएम व ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट फतेहपुर की देखरेख में शुरू हुई। यहां कुल 114 क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं। इनमें से 87 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में चर्चा के बाद मतदान कराया गया। इसमें 87 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने मताधिकार का प्रयोग किया। अग्रिम आदेशों तक मतगणना पर हाईकोर्ट की ओर से रोक लगी होने से मतगणना नहीं कराई गई। इस दौरान गहमागहमी का माहौल रहा।

निदेशक करेंगे आरोपित अपर निदेशक की जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

खबर का असर

▸▸ पशु चिकित्सालय बीकेटी में तैनात कर्मी के उत्पीड़न का मामला

▸▸ गलत तरह से कार्यालय में अटैच कर घर में चौका-बर्तन कराने का आरोप

अमृत विचार : अमृत विचार की खबर पर राजकीय पशु चिकित्सालय बीकेटी में तैनात कर्मचारी के उत्पीड़न के मामले का शासन ने संज्ञान लिया है। आरोपित अपर निदेशक की जांच खुद निदेशक प्रशासन एवं विकास करेंगे। अपर निदेशक महिला उत्पीड़न, चिकित्सकों से वसूली जैसे कई आरोप हैं।

बीकेटी में तैनात चतुर्थश्रेणी कर्मचारी राजेंद्र ने एक अपर निदेशक ग्रेड-2 पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए शासन और निदेशक पशु पालन से शिकायत की थी। आरोप है कि उन्हें गलत तरह से अपने कार्यालय संबद्ध किया और एक सप्ताह घर पर डरा-धमका कर चौका-बर्तन कराया। संबद्धीकरण आदेश गलत बताकर वह अस्पताल लौट आया। इससे नाराज अपर निदेशक ने वेतन रोकने के साथ कार्रवाई की धमकी दी। कुछ दिन बाद षडयंत्र के तहत आरोपित होकर उल्टा खुद कमेटी बनाकर जांच कराने लगे। इस मुद्दे को अमृत विचार ने बराबर प्रमुखता से उठाया। जिसका शासन के साथ निदेशक प्रशासन एवं विकास आरएन सिंह ने संज्ञान लिया है। निदेशक ने बताया कि वह खुद इस मामले की जांच करेंगे। जो दोषी होगा कार्रवाई होगी। किसी भी कर्मचारी का उत्पीड़न नहीं होगा।

एडी ने कर्मी से कराया चौका-बर्तन, दी धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एडी पशु पालन पर वसूली और उत्पीड़न का आरोप

अमृत विचार : राजकीय पशु चिकित्सालय बीकेटी में तैनात एक कर्मचारी ने अपर निदेशक पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। कहना है कि उसे गुमराह कर मंडलीय कार्यालय से संबद्ध किया गया और घर पर चौका-बर्तन कराया। अन्य अधिकारियों के हस्तक्षेप से वापस आये तो धमकी देकर दोबारा बुलाया जा रहा है। चतुर्थश्रेणी कर्मी राजेंद्र हलाकर कर सीधे अपने कार्यालय से सम्बद्ध का आदेश थमा दिया और किसी अन्य से लिखवाकर योगदान भी दे दिया। एक सप्ताह तक प्रताड़ित कर घर के काम कराए। जबकि सम्बद्धीकरण का कोई आदेश डिप्टी सीवीओ को नहीं दिया न कार्यमुक्त किया गया। इस पर संबंधित अधिकारियों ने उन्हें वापस बुला लिया। इससे नाराज अपर निदेशक दोबारा

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

15 हजार का इनामी गिरफ्तार

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। पुलिस ने 15 हजार के इनामी को गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मल्लावां क्षेत्र के चपरतला तेरवाकल्ली निवासी संतोष पुत्र छेदीलाल गैंगस्टर एक्ट में लम्बे समय से वांछित चल रहा था। पुलिस ने उसके ऊपर 15 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। मंगलवार को रमपुरवा तिराहे के पास उपनिरीक्षक रामलाल सोनकर पुलिस फोर्स के साथ उसे गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

हाईटेंशन लाइन में स्पार्किंग से गेहूं की फसल जली

बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। क्षेत्र में जर्जर झूलते तारों में तेज हवाओं के चलने से हो रही स्पार्किंग से खेतों में पककर तैयार खड़ी फसल जलकर खाक हो गई। जिसके बाद ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत शादीपुर गांव से कुछ ही दूरी पर खेतों से निकली हाईटेंशन लाइन के तार काफी ढीले व जर्जर अवस्था में है, जिससे थोड़ी सी ही हवा चलने पर सभी तार आपस में टकराकर स्पार्किंग करते हैं।

योजना अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हरदोई रेलवे स्टेशन पर शुरू हो गया कार्य

विश्व स्तरीय बनाने के लिए ध्वस्तीकरण शुरू

हरदोई

अमृत विचार। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पहले चरण में देश के 1000 से अधिक रेलवे स्टेशनों को विकसित कर विश्वस्तरीय करने का कार्य कराया जाना प्रस्तावित हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हरदोई रेलवे स्टेशन के जीर्णोद्धार के साथ विकसित करने का कार्य किया जाना हैं जिसको लेकर छह अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल हरदोई रेलवे स्टेशन के जीर्णोद्धार का शिलान्यास किया था। प्रधानमंत्री द्वारा किए गए शिलान्यास के बाद हरदोई रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे को हटाने को लेकर कार्य शुरू नहीं हो सकता, लेकिन अब शिलान्यास के छह महीने बीतने के बाद हरदोई रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग के निर्माण का कार्य शुरू कराया गया है। हरदोई रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे को हटाए जाने के लिए कंट्रोल रूम

हरदोई स्टेशन का पुराना भवन गिराते श्रमिक। अमृत विचार

तीन वर्ष में होगा तैयार

रेलवे स्टेशन की पुरानी बिल्डिंग स्थित कैंटीन से लेकर पुराने गेट तक की बिल्डिंग को गिराया जाएगा जिसके लिए बैरिकेड की जा रही है। इसी के साथ प्लेटफार्म नंबर एक पर लगी टीन व भवन को गिराने का काम किया जा रहा है। जल्द ही पुराने भवन को तोड़ने का कार्य भी शुरू हो जाएगा। स्टेशन के जीर्णोद्धार को लेकर हरदोई के लोगों को काफी लंबे समय से इंतजार था। फिलहाल अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत प्लेटफार्म नंबर 3 के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। हरदोई रेलवे स्टेशन पर 30 करोड़ की लागत से यात्री सुख सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नए भवन का निर्माण कराया जाना है। हरदोई रेलवे स्टेशन पर नए भवन के साथ लिफ्ट एक्सीलेटर स्टेशन परिसर यात्रियों के बैठने के लिए बेंच वातानुकूलित प्रतीक्षालय पार्किंग समेत संत यात्री सुविधाओं को बढ़ाया जाना है।

एक नजर

पुलिस टीम पर हमला दरोगा की अंगुली काटी

बड़ागांव (अयोध्या), अमृत विचार : रौनाही थाना क्षेत्र में एक मकान के निर्माण में बाधा बनी शहतूत की डाल कटवाने गई पुलिस टीम पर महिलाओं ने मंगलवार को हमला बोल दिया। महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में धारदार हथियार से हुए इस हमले में सती चौरा चौकी प्रभारी गोविंद अग्रवाल के दाहिने हाथ की अंगुली कट गई। घायल चौकी प्रभारी का सीएचसी पर उपचार और मरहम पट्टी कराया गया है। पुलिस ने तीन सगी बहनों समेत चार को गिरफ्तार किया है। एक दिन पूर्व भी मौके पर गई पुलिस के साथ अभद्रता की गई थी।

ऑनलाइन गेम में हारा तो फांसी लगाकर दी जान

कानपुर, अमृत विचार : गुजैनी थानाक्षेत्र में ऑनलाइन गेम में 1500 रुपये हारने पर युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने उसका मोबाइल जब्त कर लिया है। मेहरबान सिंह का पुरवा निवासी सिक्योरिटी गार्ड रामरतन का 22 वर्षीय पुत्र भूपेंद्र यादव इंटर पास कर चुका था। पिता ने बताया कि ऑनलाइन गेम में उनके खाते से 1500 रुपये कट गए। उनके पास रुपये कटने का मैसेज आया तो उन्होंने बेटे से पूछा। सोमवार शाम वह घर से बाहर थे तभी भूपेंद्र ने फोन किया और बोला–पापा घर आ जाओ, हम जीना नहीं चाहते। वह जब घर पहुंचे तो बेटे ने फांसी लगाकर जान दे दी थी।

प्रेमी शादी से मुकरा तो प्रेमिका ने की आत्महत्या

कानपुर, अमृत विचार : चकेरी थानाक्षेत्र के शिवकटरा इलाके में प्रेमी के शादी से मुकरने से आहत युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने प्रेमी पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और इनकार करने का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिवकटरा निवासी 22 वर्षीय युवती ननिहाल में रहती थी। दो साल से युवती की दोस्ती बर्रा निवासी विनीत मौर्या के साथ थी। विनीत ने शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए, फिर शादी से मुकर गया।

आजम से रामपुर जिलाध्यक्ष की डेढ़ घंटे गुफ्तगू

मुलाकात

- सीतापुर जिला कारागार में बंद सपा के वरिष्ठ नेता से चुनाव पर बनी रणनीति

सीतापुर कार्यालय

अमृत विचार: जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री व समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां से मंगलवार को जेल में रामपुर सपा जिलाध्यक्ष सहित तीन लोगों ने मुलाकात कर लोकसभा चुनाव की हलचल को बढ़ा दिया है। आजम खां के पत्र को जारी करने के बाद रामपुर के जिलाध्यक्ष की आजम से यह दूसरी मुलाकात है। मुलाकात के दौरान हरदोई जेल से आजम के बेटे का सन्देश लेकर आये आजम खां के साढ़ू और साली ने मुलाकात की है। सपा जिलाध्यक्ष और आजम के बीच डेढ़ घंटे से अधिक समय तक बातचीत हुई है। चुनाव के बीच सपा नेताओं के बीच यह चर्चा रामपुर व मुरादाबाद सीट को लेकर अहम मानी जा रही है।

बताते चलें कि सपा नेता आजम खां रामपुर जेल से 22 अक्टूबर को सीतापुर जेल में शिफ्ट किये गये थे। एमपी-एमएलए कोर्ट से आजम को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में 7-7 साल की सजा सुनाई गई थी। आजम से जेल में मुलाकातों में अब विराम लग चुका है। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही सपा मुखिया अखिलेश यादव ने जेल में आजम से रामपुर की सीट को लेकर गहन चर्चा की थी। मंगलवार की सुबह रामपुर से सपा जिलाध्यक्ष अजय कुमार सागर सहित हरदोई जेल से बेटे अब्दुल्ला से मिलकर आये आजम से साढ़ू जियाउलरहमान और साली ने सुबह 12 बजे ऑनलाइन पंजीकरण कराकर आजम से जेल में मुलाकात की। जेल में मुलाकात के दौरान सपा जिलाध्यक्ष आजम के लिए खजूर सहित अन्य खाने पीने की चीजें लेकर पहुंचे थे। डेढ़ घंटे तक चली मुलाकात के दौरान जेल सूत्रों की मानें तो रामपुर और मुरादाबाद सीट को लेकर भी आजम और सपा जिलाध्यक्ष के बीच काफी देर तक बातचीत हुई।

5 माह से अधिक समय से बंद हैं आजम खां

रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में सजा सुनाये जाने के बाद आजम, उनकी पत्नी तंजीम फातिमा सहित बेटे अब्दुल्ला को रामपुर जेल शिफ्ट कर दिया। सुरक्षा कारणों के बाद सीतापुर जेल में 22 अक्टूबर की सुबह रामपुर से आजम को शिफ्ट कर दिया गया था। इसके साथ ही अब्दुल्ला को हरदोई और पत्नी तंजीम को रामपुर जेल में रखा गया है। सीतापुर जेल में आजम करीब 5 माह से अधिक समय से जेल में रहकर सजा काट रहे हैं। इस दौरान राजनीतिक हलचल को बढ़ाने का प्रयास करने वाले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को बिना मुलाकात के वापस लौटना पड़ा था।

अयोध्या से हैदराबाद के लिए भी उड़ान

अयोध्या, अमृत विचार : अयोध्या से धीरे-धीरे देर भर के लिए उड़ानें शुरू हो रही हैं। मंगलवार से हैदराबाद के लिए भी उड़ान सेवाएं शुरू हो गई हैं। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पहली फ्लाइट दोपहर में महार्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या पहुंची। एयरपोर्ट डायरेक्टर के नेतृत्व में यात्रियों का स्वागत किया गया। 45 मिनट बाद ही फ्लाइट यहां से हैदराबाद के लिए रवाना हो गई। यह फ्लाइट हफ्ते में तीन दिन संचालित होगी। स्पाइस जेट की फ्लाइट 611 ने हैदराबाद के एयरपोर्ट से मंगलवार को सुबह 10:45 पर उड़ान भरी और यहां दोपहर 12:45 पर लैंड हो गई। कुल 133 यात्री अयोध्या पहुंचे।

राशन देकर जनता से सभी अधिकार छीन रही भाजपा

कन्नौज में कार्यकर्ता सम्मेलन में अखिलेश ने सरकार को घेरा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार: सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि मुफ्त राशन देकर भाजपा सरकार जनता के सभी अधिकार छीन रही है। ईडी, सीबीआई व इनकम टैक्स विभाग के जरिए सरकार वसूली करा रही है। इसके अलावा चुनावी चंदा के नाम पर भाजपा ने सबसे अधिक आठ हजार करोड़ रुपये की वसूली की है।

मंगलवार को दोपहर सपा के जिला कार्यालय पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कन्नौज, छिबरामऊ व तिर्वा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली की सरकार के 10 और उत्तर प्रदेश के सात वर्ष पूरे हो गए हैं, लेकिन कोई बदलाव नहीं दिखाई दे रहा है। जो विकास कार्य होने चाहिए थे, लेकिन हुए। उन्होंने कहा कि 10 साल में केंद्र सरकार के इतने झूठ हैं कि गिना नहीं पाऊंगा। सपा मुखिया ने यह भी कहा कि ऐसी वसूली कभी नहीं देखी गई जो वर्तमान में पुलिस ने की है। भाजपा के लोग अंग्रेजी में जीरो टॉलरेंस इसलिए बोलते हैं कि गरीब लोग इसका मतलब न समझ सकें। उन्होंने सवाल दागे कि बुलंदशहर में डबल मर्डर, गाड़ी पलट जाने के बाद हत्या करना, जेल में जहर देना, तालग्राम में दंगे की साजिश क्या यही जीरो टॉलरेंस नीति है। कहा कि कुछ दिनों पहले तक विकसित भारत... कार्यक्रम के लिए शायद ही कोई ऐसा प्रधान बचा हो जिससे 20-30 हजार रुपये न लिए गए हो। इलेक्टोरल बांड के नाम पर की गई वसूली की वजह से महंगाई बढ़ी है। ज्यादा मुनाफा लेना भी भ्रष्टाचार है। केंद्र सरकार डरा-धमकाकर रुपये वसूल रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को जेल भेजने का जिक्र करते हुए अखिलश यादव ने कहा कि इन कामों से दिल्ली में भाजपा की थू-थू हो रही है। महंगाई व बेरोजगारी से ध्यान भटकाने के लिए ही केजरीवाल का प्रकरण आगे कर दिया गया।

कानपुर में आग से हाहाकार 100 गोदाम और घर खाक

चारों तरफ धुआं छा गया। अमृत विचार

कानपुर, अमृत विचार: मंगलवार सुबह रायपुरवा थानाक्षेत्र में अफीमकोठी के पास राखी मंडी में भीषण आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते आग ने मंडी स्थित 60-70 कबाड़ के गोदाम और करीब दो दर्जन से ज्यादा झुग्गी- झोपड़ी और कच्चे घरों को अपनी चपेट में ले लिया। चारों तरफ काला धुआं फैल गया जो तीन-चार किलोमीटर दूर से दिखता रहा। लोग अपनी जान बचाकर बच्चों को लेकर सामान छोड़कर भागे। करीब तीन घंटे तक आग की ऊंची-ऊंची लपटों के बीच सैकड़ों लोग घिरे रहे।

सार-संक्षेप

कांग्रेस नहीं करती झूठ की राजनीतिः तनुज पुनिया

बाराबंकी, अमृत विचार : इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने मंगलवार को विकासखंड फतेहपुर की न्याय पंचायत हसनपुर टांडा, ररिया, साढ़ेमऊ, खपुरवाखानपुर में जनसंपर्क किया। इस दौरान आयोजित चौपालों में उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की गारंटी ही गारंटी है, भाजपा की गारंटी झूठी है। कांग्रेस झूठ की राजनीति नहीं करती। 10 वर्षों की यूपीए सरकार में कांग्रेस ने देश के अन्नदाताओं का 72 हजार करोड़ का कर्ज माफ किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश की अवाम को भोजन, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा सूचना का अधिकार देकर जनता को मजबूती दी लेकिन भाजपा ने अपने 10 वर्षों की सरकार में देश के अन्नदाता को आत्महत्या, नौजवान को बेरोजगारी, महिलाओं में असुरक्षा, जनता को महंगाई का जो तोहफा दिया है, उसका पूरा हिसाब जनता वोट की चोट से देगी। हम नौजवान, किसान, अवाम की समस्याओं के खिलाफ संसद में बुलंद आवाज उठाने, देश की खुशहाली को इंडिया गठबंधन के लिए सहयोग मांगने आए हैं। तनुज पुनिया ने कहा कि कांग्रेस जनता से झूठा वादा नहीं करती। विश्वास दिलाते हैं कि आपके सहयोग से जैसे ही इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, वैसे ही 30 लाख सरकारी नौकरियां जिनके पद खाली हैं, तत्काल भर्ती की जाएगी। प्रत्येक डिग्री धारक शिक्षित युवा को एक लाख रुपये सालाना देने, पेपर लीक होने को रोकने के साथ नौजवानों के लिए 5 हजार करोड़ रुपये के फंड से उन्हें उद्यमी बनाने का काम करेगी।

तीन दिन तक रामलला को जगाए रखने पर ऊहापोह

अयोध्या, अमृत विचार : राम नवमी पर रामलला को तीन दिन के लिए 24 घंटे जगाए जाने के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पांच अप्रैल को निर्णय लेगा। इसके पहले ट्रस्ट संतों के साथ विचार कर रहा है। हालांकि संतों ने बालक स्वरूप पांच वर्षीय रामलला को 24 घंटे तीन दिनों तक जगाए जाने के सवाल पर आपत्ति जताई हैं। उनके मुताबिक सनातन धर्म और मंदिरों की परंपरा में ऐसा नहीं है। 17 अप्रैल को रामनवमी उत्सव का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद प्रशासन रामलला के दर्शन के लिए 16 से 18 अप्रैल तीन दिन तक 24 घंटे तक मंदिर खोले जाने पर विचार कर रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय के मुताबिक पांच वर्षीय बालक स्वरूप रामलला विराजमान है। राम मंदिर पूजन समिति के सदस्य मिथिलेश नंदिनी शरण का कहना है कि रामलला को 24 घंटे जगाना उचित नहीं है, जिला प्रशासन और ट्रस्ट के साथ विचार करने के बाद ही निर्णय लिया जाएगा। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि वर्तमान में भगवान को सुबह 4 बजे जगाया जाता है। ऐसे में तीन दिनों तक मंदिर खुला रखना सही नहीं है, इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

ट्रेन से कूदकर भागा दुष्कर्म मामले का अभियुक्त गिरफ्तार

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : ट्रेन से कूदकर भागे दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को सतरिख पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाक्षेत्र में साल 2017 में दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज केस में अदालत ने मिर्जापुर जिले के जमालपुर थाना क्षेत्र के मनऊर गांव निवासी मनीष कुमार के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। बीते 14 मार्च को सतरिख थाने के उपनिरीक्षक उपेंद्र कुमार यादव ने उसे गिरफ्तार करने के लिए मिर्जापुर गए हुए थे। 15 मार्च की शाम उसे गिरफ्तार कर बरेली एक्सप्रेस से बाराबंकी ला रहे थे। 16 मार्च की सुबह करीब 4 बजे अयोध्या स्टेशन से पहले गदद्दीपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन की गति धीमी होने पर आरोपी मनीष ने लघुशंका की बात कही। उपनिरीक्षक उसे लेकर शौचालय जा रहे थे कि मनीष ने उप निरीक्षक को धक्का मार दिया और वह पुलिस कस्टडी से चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया था। उपेंद्र भी उसके पीछे से कूद गए थे जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हुए थे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सिपाही की तहरीर पर अयोध्या के जीआरपी थाने में मुकदमा दर्ज हुआ थ। सोमवार रात प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

मुख्तार मामले में बांदा के जेल अधिकारी तलब

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : मुख्तार अंसारी की मौत के मामले में बाराबंकी की एमपी-एमएलए कोर्ट ने बांदा जेल के अधिकारी को तलब कर किया है। अब जेल अधिकारी कोर्ट को यह बताएंगे कि ज्यूडिशियल कस्टडी में मुख्तार अंसारी की मौत कैसे हुई।

दरअसल, मुख्तार के वकील रणधीर सिंह सुमन की ओर से बाराबंकी की कोर्ट में वाद दाखिल करने को लेकर अपील की गई थी। जिस पर सरकार बनाम डॉ. अलका राय चर्चित फर्जी एंबुलेंस की पेशी के दौरान मंगलवार को कोर्ट में पेशी हुई। पेशी के दौरान वकील रणधीर सिंह ने कोर्ट से मुख्तार अंसारी की मौत की वजह जानने के लिए जेल अधिकारियों को तलब करने की मांग की। जिस पर बाराबंकी एमपी-एमएलए कोर्ट एसीजेएम-19 विपिन यादव ने मुख्तार की मृत्यु की खबर देने वाले बांदा जेल अधिकारी को 6 अप्रैल को तलब किया है। मुख्तार के वकील रणधीर सिंह ने शुक्रवार को गैंगस्टर मामले की पेशी के दौरान एमपी-एमएलए कोर्ट में जज कमलकांत श्रीवास्तव के सामने प्रार्थना पत्र दिया था कि मौत की वजह जानने के लिए जरूरी है कि बांदा जेल के सभी सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर लिए जाए। रणधीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज करने की अर्जी दी गई थी जिस पर जज ने फैसले को रिजर्व करते हुए अगली तारीख 4 अप्रैल लगाई है।

एमबीबीएस फर्स्ट बैच के रिजल्ट में 91 विद्यार्थी पास, नौ फेल हुए

अयोध्या, अमृत विचार : राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के फर्स्ट बैच के एमबीबीएस का नतीजा मंगलवार देर शाम जारी हो गया। पहले बैच के 100 में से 91 विद्यार्थी ही पास आउट हुए हैं। नौ विद्यार्थियों को निराशा हाथ लगी है।

मेडिकल कॉलेज में 2019 में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू हुई थी। पहले बैच में 100 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया था। केजीएमयू से जारी नतीजों के मुताबिक छह मेडिसिन में, दो गायिनी व एक विद्यार्थी पीडिया में फेल हुआ है। नंबर तीन दिन बाद बताए जाएंगे। पास हुए विद्यार्थियों को अभी एक साल तक मेडिकल कॉलेज में ही इंटर्नशिप करनी पड़ेगी। वहीं निराश हुए विद्यार्थियों को अभी एक मौका मिलेगा। 45 दिन में सप्लीमेंट्री पेपर कराया जाएगा। हालांकि, रिजल्ट अच्छा माना जा रहा है क्योंकि 15 विद्यार्थियों के फेल होने पर ही नतीजा खराब माना जाता है।

ट्रैफिक ब्लॉक के कारण कल चार ट्रेनें रद

- बरेली-चंदौसी खंड पर चल रहा है प्रतिस्थापन कार्य

नई दिल्ली, अमृत विचार: उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल में बरेली-चंदौसी खंड पर प्रतिस्थापन कार्य चल रहा है। इस कारण ट्रैफिक ब्लॉक की वजह से 7 ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद किया गया है। साथ ही कई ट्रेनों को डायवर्ट, शॉर्ट टर्मिनेट, ओरिजिनेट व पुनर्निर्धारित करने का निर्णय लिया है।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 04366 मुरादाबाद-चंदौसी स्पेशल, 04365 बरेली-मुरादाबाद स्पेशल, 04378 बरेली-अलीगढ़ स्पेशल और 04377 अलीगढ-बरेली 4 अप्रैल को रद रहेगी। इसके अलावा, 04304 दिल्ली-बरेली स्पेशल को 3 अप्रैल को मुरादाबाद में समाप्त किया जाएगा। 04303 बरेली- दिल्ली स्पेशल 4 अप्रैल को मुरादाबाद से प्रारंभ होगी। 15529 सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस 3अप्रैल को बरेली कैंट के बजाए बरेली कैंट-बरेली-मुरादाबाद के रास्ते चलाई जाएगी। चंदौसी-मुरादाबाद को चंदौसी का स्टॉपेज छोड़कर बरेली में वैकल्पिक स्टॉपेज प्रदान किया जाएगा। 12035 टनकपुर- दिल्ली एक्सप्रेस को 4 अप्रैल 2024 को 120 मिनट पुनर्निर्धारित किया गया है। 12036 दिल्ली-टनकपुर एक्सप्रेस को 4 अप्रैल को 270 मिनट पुनर्निर्धारित किया जाएगा।

ऋषिकेश-श्रीगंगानगर ट्रेन की गई री-शेड्यूल

उत्तर रेलवे ने अंबाला मंडल के सहारनपुर-हिंडन केबिन रेलखंड के मध्य नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के चलते रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि इस कारण ऋषिकेश-श्रीगंगानगर को री-शेड्यूल किया गया है। 14816, ऋषिकेश-श्रीगंगानगर गाड़ी 6 अप्रैल को ऋषिकेश से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे 50 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी। वहीं, 14816, ऋषिकेश-श्रीगंगानगर रेलसेवा 7 अप्रैल को ऋषिकेश से अपने निर्धारित समय से 2 घंटे 20 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी।

हनुमानगढ़ी में भी वीआईपी दर्शन की व्यवस्था हुई शुरू

अयोध्या, अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। प्रत्येक दिन डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु राम मंदिर और हनुमान गढ़ी पर दर्शन कर रहे हैं। जिसमें वीआईपी भी पहुंच रहे हैं। इसे देखते हुए अब हनुमान गढ़ी के निकास मार्ग पर वीआईपी दर्शन कराने की व्यवस्था मंगलवार से लागू की गई है। बीते दिनों पुलिस प्रशासन और मंदिर के प्रमुख संतों के बीच बैठक हुई थी। जिसमें हनुमान गढ़ी के निकास मार्ग से होकर मंदिर परिसर के अंदर विशिष्ट अतिथियों के लिए वीआईपी मार्ग बनाए जाने पर सहमति बनी थी। इसको लेकर लोहे की रेलिंग बनाई गई है।

वर्ग पहेली-28

बाएं से दाएं

1. गजपिप्पली की जाति का एक पौधा जिसकी लकड़ी और जड़ औषधि के काम में आती है।
2. 1. बुद्धि 2. सोचने-समझने की शक्ति, समझदारी।
5. 1. शिक्षित 2. जिसे पढ़ना-लिखना आता हो 3. पढ़ने-लिखने में सक्षम।
6. 1. आलोचना के रूप में व्यक्त संक्षिप्त विचार 2. टिप्पणी, उपकथन।
10. 1. अनेक लोगों का बोलना

ऊपर से नीचे

3. हवा का झोंका, तेज़ हवा का झटका या धक्का, हल्की नींद।
4. किसी कार्य या वस्तु को अस्त-व्यस्त या उलट-पुलट करने की क्रिया या भाव।
7. 1. जो चिकना तथा फिसलनदार हो 2. कीचड़ आदि के कारण रपटनवाला, पिच्छल।
8. 1. कथरी, पुराने वस्त्रों को सिलकर बनाई गई ओढ़ने की चादर, गुदड़ी 2. योगियों का परिधान।
9. 1. मिथिला का निवासी 2. राजा जनक।



वर्ग पहेली -27 का हल

			1 फं	की		
	2 झु	र	ना			3 बा
	ल		4 अ	पो	लो	
	5 स	मी	ची	न		चि
	न			हो		त
6 भा		7 ज़	बा	नी		
लू		माँ			8 चि	ड़ा

सुडोकू-107

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	4	1		8				
3			2		7			5
	5					4		6
		7		2		9		
	9		3		1		2	
		5		6		8		
6							3	
			4		2			9
				3		7	1	

सुडोकू-106 का हल

6	4	9	3	1	7	5	2	8
2	8	1	6	5	9	7	3	4
3	7	5	8	4	2	1	9	6
9	3	4	5	7	6	8	1	2
1	2	7	9	8	4	6	5	3
5	6	8	1	2	3	4	7	9
4	1	3	7	9	8	2	6	5
7	9	2	4	6	5	3	8	1
8	5	6	2	3	1	9	4	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 अप्रैल,बुधवार 2024 संवत-2080,शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-नवमी 18.29 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 21.47 तक तत्पश्चात श्रवण।

मेष — आज टीमवर्क के माध्यम से उलझे मामलों को सुलझाने में सफलता मिलेगी। विदेशी भूमि पर रहे लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दिनचर्या को संतुलित रखने से मन प्रसन्न रहेगा। निर्माण कार्यों के लिए दिन विशेष शुभ है।

वृष — आज विदेश यात्रा को लेकर बाधा दूर होगी। अधिकारी वर्ग आपसे संतुष्ट रहेंगे,लेकिन फिर भी आपको सबसे समन्वय बनाने में थोड़ी परेशानी हो सकती है। आपकी अपेक्षा के अनुसार सभी काम हो जाएंगे।

मिथुन — आज लोग आपकी उदारता का गलत प्रयोग करने का प्रयास करेंगे। महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरूक रहना चाहिए। अपने काम दूसरों के भरोसे कतई न छोड़ें। उपयुक्त पोषण की कमी के कारण कमजोरी हो सकती है।

कर्क — आज आपके सामाजिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहने वाला है। पहले की गई मेहनत का आपको सुखद परिणाम प्राप्त होगा। व्यापार में नए सहयोगी जुड़ सकते हैं। मांगलिक आयोजनों में भाग लेने से लाभ होगा।

सिंह — आज कानूनी अड़चनों से छुटकारा मिलेगा। आध्यात्मिक चर्चाओं से आपका दृष्टिकोण बदल सकता है। उच्च रक्तचाप के रोगियों को गुस्सा करने से बचना चाहिए। अपने काम से काम रखें। दूसरे लोगों के मामलों को लेकर ज्यादा सोच-विचार न करें।

कन्या — आज लोग आपकी कला व योग्यता को सम्मान देंगे। आप नव समाचारों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। प्रेम विवाह के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी। समाज में आपका नाम ऊंचा होगा। अनुसंधान कार्य से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

तुला — आज शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में थोड़ी कमी रहेगी। व्यर्थ की बातों का तनाव न लें। बड़ों के द्वारा दिया गया सुझाव आपके काफी काम आएगा। बॉस का भरोसा आपके ऊपर से कुछ कम हो सकता है। अपने काम व जिम्मेदारियों से पीछे न हटें।

वृश्चिक — आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। अपने स्वभाव में सकारात्मकता बनाए रखें। अविवाहित महिला जातक को विवाह की चिंता रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। आपको प्रयासों को कमजोर न पड़ने दें।

धनु — आज जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान दें। प्रेमीजन से अपने दिल की बातें शेयर करने से मन हल्का होगा। गृह कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं। दूरस्थ परिजनों के साथ फोन पर बातें होंगी। जॉब इंटरव्यू में आपको सफलता मिल सकती है।

मकर — आज व्यापार में अपेक्षानुकूल परिणाम प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। दिनचर्या काफी व्यस्त रहने वाली है। अचानक यात्रा की योजना बन सकती है। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। बुरी संगत से आपको बचने की आवश्यकता है।

कुंभ — आज कार्यस्थल में आपका दबदबा घट सकता है। किसी नकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है। सेहत के मामले में लापरवाही न करें। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। आपको उधार लेने से बचना चाहिए।

मीन — आज पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा। व्यवसाय को लेकर नया प्रयोग कर सकते हैं। घर का वातावरण काफी सुखमय रहेगा। किसी नए काम को लेकर मन में विचार आएंगे। जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- फतेह — सुबह : 11.00
- दानवीर — रात : 07.00

&pictures
- बच्चन पांडे — सुबह : 11.11
- उड़ता पंजाब — रात : 08.00

SONY PIX
- द मैन फ्रॉम टोरंटो — सुबह : 10.55
- रैम पेज — रात : 07.07

ZEE CINEMA
- फटा पोस्टर निकला हीरो — सुबह : 11.05
- हम पांच — शाम : 04.45

colors CINEPLEX
- दो रास्ते — दोपहर : 12.27
- विश्वासघात — रात : 09.01

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया।
ऑपरेटर- आपको क्या समस्या है?
पत्नी- मेरे पैर की उंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है।
ऑपरेटर- और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
पत्नी- नहीं, एंबुलेंस तो मेरे पति के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।
ऑपरेटर चुप!

कोयल ने कौवे से पूछा- तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला- बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?

अमृत विचार
www.amritvichar.com

विद्यामदो धनमदस्तृतीयोऽभिजनो मदः।
मदा एतेऽवलिप्तानामेत एव सतां दमाः॥

विद्या का अहंकार ,धन–संपत्ति का अहंकार ,कुलीनता का अहंकार तथा सेवकों के साथ का अहंकार बुद्धिहीनों का होता है ,सदाचारी तो दमन द्वारा इनमें भी शांति खोज लेते हैं।

संपादकीय

युवा रोजगार की स्थिति

भारत में युवा रोजगार की वर्तमान स्थिति निराशाजनक है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने मानव विकास संस्थान (आईएचडी) के साथ मिलकर 'इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024' जारी की है। चिंताजनक है कि पढ़े-लिखे बेरोजगारों जिन्होंने कम से कम दसवीं तक की पढ़ाई पूरी की है, की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। देश के कुल बेरोजगार युवाओं में पढ़े-लिखे बेरोजगारों की संख्या भी 2000 के मुकाबले दोगुनी हुई है। बेरोजगारों में, शिक्षित युवाओं का अनुपात 2022 तक लगभग दोगुना होकर 65.7 प्रतिशत हो गया है, जो 2000 में 35.2 प्रतिशत था। यानि अगर भारत में 100 लोग बेरोजगार हैं तो उसमें से 83 लोग युवा हैं। ये निराशाजनक आंकड़े बेहतर भुगतान वाली नौकरियों की इच्छा रखने वाले शिक्षित युवाओं को शामिल करने में सक्षम नौकरियों की अनुपस्थिति और शिक्षा की गुणवत्ता में कमियों को रेखांकित करते हैं जिसके कारण बड़ी संख्या में शिक्षित युवा अभी भी नौकरी के मानदंडों को पूरा करने में असमर्थ हैं। इसके अलावा, मुद्रास्फीति को ध्यान में रखने के बाद मजदूरी या तो स्थिर हो गई है या उसमें गिरावट देखी गई है। रिपोर्ट के अनुसार देश में लोगों का वेतन ज्यादातर एक जैसा रहा है या ये घटा है। नियमित श्रमिकों और स्वरोजगार वाले व्यक्तियों के वेतन में साल 2019 के बाद नकारात्मक प्रवृत्ति देखी गई है। इतना ही नहीं अकुशल श्रमिकों को साल 2022 में न्यूनतम वेतन तक नहीं मिला है। तकनीक से जुड़े बदलावों ने कौशल और रोजगार के प्रकारों की मांग को भी प्रभावित किया है। युवाओं में बुनियादी डिजिटल साक्षरता की कमी की वजह से उनकी रोजगार की क्षमता में रुकावट आ रही है। 90 प्रतिशत भारतीय युवा स्प्रेडशीट में गणित के फॉर्मूला लगाने में असमर्थ हैं। 60 प्रतिशत युवा फाइलें कॉपी और पेस्ट नहीं कर सकते हैं। वहीं 75 प्रतिशत युवा किसी अटैचमेंट के साथ ईमेल भेजने में असमर्थ हैं।

हालांकि उच्च और मध्यम स्किल वाली नौकरियों में युवाओं का बेहतर प्रदर्शन है। इन क्षेत्रों में नौकरी की असुरक्षा अभी भी परेशानी का सबब बनी हुई है। अब आम चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के साथ, राजनेताओं ने नौकरियां सुनिश्चित करने और तकनीकी रूप से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को न केवल उनके अभियानों में, बल्कि उसके बाद नीति निर्माण में भी प्राथमिकता दी है। श्रम संगठन की रिपोर्ट में सभी के लिए बेहतर नौकरियां सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस व्यापक नीतिगत दृष्टिकोण की कमी पर जोर दिया गया है। इसलिए तकनीकी रूप से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था के लिए प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

कौन चुन-चुनकर मार रहा है पाक में चीनियों को

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पाकिस्तान चीन को अपना सबसे भरोसे का मित्र कहता है। चीन के नाराज होने से पाकिस्तान की पेशानी से पसीना छूटना लाजिमी है। बेशक, ताजा हमले ने पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी नागरिकों के आत्मविश्वास को भी हिला दिया है। पाकिस्तान से आ रही रिपोर्टों से संकेत मिल रहे हैं कि कुछ चीनी नागरिक पाकिस्तान छोड़ने पर विचार कर रहे हैं।

खैबर पख्तूनख्वा में चीनियों और बलूचिस्तान में चीनियों और पंजाबियों पर हमलों का गहराई से विश्लेषण करना होगा। लगता ये है कि खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान की अवाम अपने देश की पंजाबियों से भरपूर सरकार और सेना से नाराज है। नाराजगी की वजह है इन दोनों प्रदेशों की अनदेखी। बलूचिस्तान के नेता और सामाजिक कार्यकर्ता कहते रहे हैं कि पाकिस्तान के कुल जमा प्राकृतिक संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा उनके प्रदेश से आता है,पर पकिस्तान सरकार उन संसाधनों का दोहन करने के बावजूद राज्य को किसी भी तरह से फायदा नहीं पहुंचाती। उनका आरोप है कि देश के संसाधनों का लाभ पंजाब को मिलता है।

पाकिस्तान में काम करने वाले चीनी नागरिकों पर एक के बाद हमले थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। हमले पाकिस्तान में चीन की मदद से तैयार हो रही बहुत सारी विद्युत और अन्य विकास परियोजनाओं में काम करने वाले चीनी इंजीनियरों पर हो रहे हैं। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में बीते हफ्ते एक जलविद्युत परियोजना पर आत्मघाती हमला हुआ था जिसमें पांच चीनी नागरिकों की मौत हो गई। इसके बाद चीनी कंपनियों ने कम से कम तीन महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाओं पर अपना काम रोक दिया है। ये परियोजनाए हैं- दासू बांध, डायमर-बाशा बांध और तारबेला पांचवां एक्सटेंशन। बता दें कि एक दौर में खैबर पख्तूनख्वा सीमांत गांधी के प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है,पर अब यह जल रहा है।

चीनियों पर हमले सिर्फ खैबर पख्तूनख्वा में ही नहीं हो रहे हैं। चीनियों पर हमले बलूचिस्तान में भी नियमित रूप से हो रहे हैं। पाकिस्तान के मशहूर अखबार द डॉन में 1 अप्रैल, 2024 को छपी एक खबर के अनुसार, चालू वर्ष के पहले तीन महीनों में देश के दो प्रमुख राज्यों क्रमशः खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में बीते साल की इसी अवधि की तुलना में आतंकी और हिंसक वारदातों में 92 और 86 फीसद बढ़ोतरी हुई है। अखबार ने सेंट फॉर रिसर्ट एंड सिक्युरिटी स्टडीज (सीआरएसएस) के हवाले से उपर्युक्त जानकारी दी है। जाहिर है कि चीनी नागरिकों पर हमले के कारण चीन नाराज है।

पाकिस्तान चीन को अपना सबसे भरोसे का मित्र कहता है। चीन के नाराज होने से पाकिस्तान की पेशानी से पसीना छूटना लाजिमी है। बेशक, ताजा हमले ने पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी नागरिकों के आत्मविश्वास को भी हिला दिया है। पाकिस्तान से आ रही रिपोर्टों से संकेत मिल रहे हैं कि कुछ चीनी नागरिक अपनी जान को खतरा होने के कारण पाकिस्तान छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। पाकिस्तानी सरकार बार-बार अपराधियों को पकड़ने का वादा कर रही है। चीन भी अपने नागरिकों की पुख्ता सुरक्षा की मांग कर रहा है। चीनी नागरिकों में हो रहे हमलों के लिए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और इस्लामिक स्टेट-खुरासान को जिम्मेदार माना जा रहा है। ये तीनों इस्लामिक आतंकी संगठन पाकिस्तान के खिलाफ लगभग जंग छेड़े हुए हैं। चीनियों पर हाल हाल ही में हुए हमले के तुरंत बाद इन तीनों संगठनों के नाम सामने आए। माना जाता है कि टीटीपी चीनियों के पीछे हाथ धोकर पड़ा है। इसके कमांडरों में से एक को 2021 में चीनियों पर हालिया हमले की तरह से हुए हमले के पीछे का मास्टरमाइंड घोषित किया गया था।

खैबर पख्तूनख्वा के हजारा और कोहिस्तान गित क्षेत्र को बहुत बीहड़ माना जाता है। ये 'सम्मान' हत्याओं,लड़कियों के स्कूलों को जलाने और शिया मुसलमानों की हत्याओं के कारण अक्सर खबरों में रहा है। अब ये चीनी नागरिकों को मारने के कारण भी खबरों में रहने लगे हैं। खैबर में चल विकास परियोजनाओं में सैकड़ों चीनी नागरिक काम करते हैं। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ पत्रकार हमजा हबीब ने इस लेखक को बताया कि खैबर में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। इधर सरकार का डर या इकबाल खत्म हो चुका है। यहां पुलिस, सरकारी अफसर या राजनीतिक नेतृत्व आतंकियों के सामने नतमस्तक रहते हैं। इस स्थिति के कारण इस बात की संभावना न के बराबर है कि इधर चीनियों पर हमले थमेंगे। खैबर पख्तूनख्वा में सक्रिय आतंकी संगठनों ने बीते अक्टूबर 2022 में राज्य के एक मंत्री को बंधक बना लिया था। उन्होंने आतंकवादियों की रिहाई की मांग की थी। इन्होंने सन् 2013 में नंगा पर्वत बेस कैंप पर विदेशी पर्वतारोहियों को निशाना बनाया था। इन्होंने खैबर पख्तूनख्वा में महिलाओं की खेल प्रतियोगिताओं को समाप्त करने की मांग की थी। ये अंधकार युग में जीते हैं। सवाल ये है कि चीनी नागरिकों को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? देखा जाए तो ये वहां पर विकास परियोजनाओं को खड़ा कर रहे हैं।

एक बात गौर करने लायक यह है कि चीनियों पर हमले सिर्फ खैबर पख्तूनख्वा में ही नहीं हो रहे। चीनियों पर हमले पाकिस्तान के बलूचिस्तान के ग्वादर शहर में भी होते रहे हैं। आमतौर पर बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) चीनियों पर हमलों की जिम्मेदारी लेता रहा है। पिछले साल के मार्च महीने में बलूचिस्तान ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण परिसर पर आतंकियों ने हमला किया था। उस हमले में पाकिस्तान सेना के कई जवान मारे गए थे। इस बंदरगाह परिसर में कई सरकारी और अर्धसैनिक कार्यालय हैं और रणनीतिक रूप से स्थित ग्वादर बंदरगाह अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना के केंद्र बिंदुओं में से एक बना हुआ है। दरअसल ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगा बलूचिस्तान लंबे समय से चल रहे हिंसक विद्रोह का केंद्र रहा है। बलूच विद्रोही समूहों ने पहले भी 60 अरब अमेरिकी डॉलर की सीपीईसी परियोजनाओं को निशाना बनाते हुए कई हमले किए हैं।

एक बात और, अशांत बलूचिस्तान में अज्ञात बंदूकधारी राजमार्गों पर चलने वाली बसों में सवार पंजाबी यात्रियों को गोली मार रहे हैं। सेना जैसी वर्दी पहने बंदूकधारियों ने कराची और ग्वादर के बीच चलने वाली कई बसों के यात्रियों के पहचान पत्रों की जांच की और फिर अपना खूनी खेल चालू कर दिया। मारे गए सभी अभागे बस यात्री पंजाबी थे। हत्यारे बस को रोककर मुसाफिरों से उनके पहचान पत्र मांगते हैं। वे गैर-पंजाबियों को छोड़ देते हैं। पाकिस्तान सरकार पंजाबियों के कत्लेआम को दुनिया की निगाह से छुपाना चाहती है, पर ये सोशल मीडिया के दौर में हो नहीं पाता। खबरें जैसे-तैसे दुनिया के सामने आ ही जाती हैं। जानकार कहते हैं कि पंजाबियों को बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी चुन-चुनकर मार रही है।

खैबर पख्तूनख्वा में चीनियों और बलूचिस्तान में चीनियों और पंजाबियों पर हमलों का गहराई से विश्लेषण करना होगा। लगता ये है कि खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान की अवाम अपने देश की पंजाबियों से भरपूर सरकार और सेना से नाराज है। नाराजगी की वजह है इन दोनों प्रदेशों की अनदेखी। बलूचिस्तान के नेता और सामाजिक कार्यकर्ता कहते रहे हैं कि पाकिस्तान के कुल जमा प्राकृतिक संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा उनके प्रदेश से आता है,पर पकिस्तान सरकार उन संसाधनों का दोहन करने के बावजूद राज्य को किसी भी तरह से फायदा नहीं पहुंचाती। उनका आरोप है कि देश के संसाधनों का लाभ पंजाब को मिलता है। प्राकृतिक संसाधनों के भी अपनी सरकार से तमाम गिले-शिकवे हैं। खैबर और बलूचिस्तान में चीनियों पर हमलों की एक बड़ी वजह यह मानी जा सकती है कि इन प्रदेशों में सक्रिय आतंकी संगठनों को लगता है कि अब जो विकास परियोजनाएं चीन की मदद से उनके यहां चल रही हैं,उसका लाभ उनकी बजाय शेष पाकिस्तान को ही होगा।

अब सवाल ये है कि पंजाबियों को बलूचिस्तान में किस कारण से निशाना बनाया जा रहा है? जाहिर है कि पंजाबियों को मारे जाने की कोई वजह तो होगी ही। हालांकि हिंसा को सही तो नहीं माना जा सकता। तो जान लीजिए कि सारा पाकिस्तान नफरत करता है पंजाब और पंजाबियों से। सबको लगता है कि पंजाब उनका शोषण कर रहा है, उनके हकों को मार रहा है।

प्रसंगवश

शहादत का फलसफा

जिन्हें लगता था कि उनको जहर बुझे खंजर से खत्म कर देंगे। आज वह कहां हैं? किसी को नहीं पता, जो यह समझते हैं कि किसी को धोखे से कत्ल करके,वह जीत जाएंगे। असलियत में वह हार ही रहे होते हैं। एक मजबूत विचार वाले व्यक्ति का कत्ल उसे और ज्यादा दिलों में बिखेर देता है। एक बार दिलों में बिखरते ही,वह पुश्त दर पुश्त नीचे जिंदा होता चला जाता है।

19 वीं रमजान में हजरत अली की पीठ में धोखे से जो जहर बुझा खंजर घोपा गया,उसने जिस्म को भले ही नुकसान पहुंचाया हो मगर रूह को इतना आजाद कर दिया कि वह जमीन के हर हिस्से में बिखर गई। उन्हें शहीद करने वालों को लगा था कि चलो आज से इनका किस्सा खत्म हुआ,मगर बदबख्तों ने यह नहीं सोचा की आज से वह हर तरफ सूरज की तरह चमकेंगे। उनकी चमक इन जुल्मियों को अंधा कर देगी। पीठ पर उनके जख्म हुआ, मगर वह ज़ख्म देने वालो के लिए ही नासूर बन गया।



हफीज किदवई
लेखक

21 वीं रमजान के रोज हजरत अली की शहादत यकीनन दिलों में रंज पैदा करती है। तकलीफ होती है कि भला वह कैसे लोग थे,जो हजरत अली जैसी शख्सियत को बर्दाश्त नहीं कर सके। मुझे लगता था कि आखिर क्यों नहीं उस वक्त मस्जिद की दीवारें दरक गईं। जब हजरत अली जहर के असर से तकलीफ में दांत कसते होंगे। तब क्यों नहीं मस्जिद की मीनारें ढह गईं? लोगों ने जनाजे में तो भीड़ बनकर जाना मुनासिब समझा,मगर उनके हाथ क्यों नहीं नोच डाले,जिन्होंने यह गुस्ताखी की थी। आखिर अरब कैसे यह सब बर्दाश्त कर गया? तब मुझे शहादत का फलसफा समझ आया। बहुत बार हां बहुत बार खुदा जब अपने किसी महबूब के जिंदा जिस्म से काम ले चुकता है और उसका काम जमीन पर पूरा नही हुआ होता, तब वह ऐसे जिस्म को शहीद करता है।

यह शहादत फिर हजारों साल तक जुल्म,बेइंसाफी के खिलाफ लड़ने की रौशनी बनती है। हजरत अली की शहादत ने मक्के, मदीने, बसरा, दमिश्क सबकी गलियों में जुल्म के खिलाफ लोगों को एक कर दिया। उनके खून का एक-एक कतरा खुदा के इंसाफ की गवाही बनने को बेताब हो गया। हजरत अली उस माटी से निकल कर दुनियाभर में बस गए। सबने इल्म के बादशाह के सामने सर झुका लिया।

इल्म के बादशाह, शेरे खुदा, सूफीजम के बादशाह हजरत अली को जब पीठ में जहर बुझा खंजर लगा। मौत सामने देख अपनी प्यारी औलाद को उन्होंने पास बुलाया। आखिरी वसीयत करते हुए कहा,देखो जिसने मुझ पर खंजर चलाया है,उसके साथ ज्यादती मत करना। सजा उसे उतनी ही देना जितनी उसने गलती की है। उसे मेरी पीठ पर लगे जख्म से ज्यादा गहरा जख्म न लगे। मेरी तकलीफ से ज्यादा तकलीफ न हो,तुम उस पर जुल्म मत करना।

उनकी शहादत पर इतनी तो गांठ बांध लो की कल भी जुल्म से लड़ने के लिए शहीद होना पड़ता था,आज भी शहीद होना है। कल भी चालबाज लोग कत्ल को आखिरी हथियार समझते थे,आज भी समझते हैं। कल भी इंसाफ पसंद को धोखे से,मक्कारी से बदनाम करने का चलन था,आज भी है। कल भी बादशाही मशीनरी अवाम की आवाज को दबाने उठती थी, आज भी सरकारी मशीनरी अवाम की आवाज को कुचलती है। कल से आज सिर्फ आबादी की गिनती बढ़ी है,वरना हालात वैसे ही आते-जाते रहें हैं,जिन्हें आज जुल्म से लड़ना है,अवाम की आवाज बनना है। बेइंसाफी को जमीदोज करना है वह हजरत अली से सीखें। अपना दिल बड़ा करें, किरदार की बुलंदी को समझें और बेखौफ सीना तानकर,जुल्म की आंख में आंख डालकर मुकाबला करें। शहादत अगर आ भी गई तो शाही तख्त पर बैठे खास लोगों की ही चूले हिलेंगी। उनकी दीवारें चिटखेंगी। वह तुम्हारे बहते खून में हमेशा के लिए खत्म हो जाएंगे।

हजरत अली की शहादत पर उन्हें याद करने का वक्त 21 वीं रमजान हमें एक सबक देता है, उस सबक को याद रखिए। जुल्मी कितनी ही लालच दे,कितना ही डर बढ़ाए, डिगना मत और अपनी आखिरी सांस तक सच-इंसाफ के रास्ते पर चलते रहना,भले हाथ खाली हों या सर ओर छत न हो या फिर सर ही न रह जाए...

कैसे हो पहाड़ की महिलाओं का उत्थान

दीपक नौगाई
शिक्षक, नैनीताल

एक अध्ययन के अनुसार चारा और ईंधन एकत्र करने के लिए पहाड़ी महिला वर्ष में औसतन चार से पांच हजार किलोमीटर की पैदल दूरी तय करती है।

समाज में तेजी से हो रहे परिवर्तन और महिला सशक्तिकरण के मौजूदा दौर में भी पहाड़ी इलाकों में महिलाओं की दैनिक स्थिति में ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है। पहाड़ की रीढ़ कही जाने वाली पहाड़ की नारी मुसीबतों के कई पहाड़ लांघकर और पहाड़ जैसी जिंदगी ढोकर पहाड़ के लिए ही मर-मिट जाती हैं। वस्तुतः पहाड़ से भी विकट जिंदगी जी रहीं पहाड़ी महिलाओं के उत्थान की बात करना तब तक गलत होगा,जब तक उनके सिर और पीठ के भारी बोझ को हल्का करने के प्रयास नहीं किए जाते।

यह कहना गलत न होगा कि पहाड़ की पूरी अर्थव्यवस्था महिलाओं पर टिकी है। उत्तराखंड के संदर्भ में यहां के अधिकांश पुरुष रोजगार की तलाश में शहरों की ओर कूच कर गए हैं। यहां अकेली महिला ही अपनी पहाड़ सी जिंदगी से जूझती मिलेंगी। आज अगर चंद महिलाओं को लेकर हम यह दावा करे कि यहां की महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है तो यह सरासर नाइंसाफी होगी उन हजारों महिलाओं के साथ जो खेती बाड़ी और पशुपालन के काम में अपना शरीर तिल-तिल कर होम कर रही है। यहां की प्रकृति भी अपना क्रूर चाबुक इन्हीं महिलाओं पर चलाती है। इनकी दिनचर्या पौ फटने से पहले कब शुरू होकर देर रात के किस प्रहरी समाप्त होती हैं, यह बता पाना मुश्किल है। पहाड़ियों की चोटी पर से सिर में घास व लकड़ी का गट्ठर ढोते हुए घर आना बहुत जोखिम भरा काम है।

पहाड़ में गर्भवती महिलाओं को सिर पर भारी बोझ लादे खतरनाक रास्तों पर चलते हुए देखा जा सकता है। इस कारण कई बार गर्भपात तक हो जाता है। शिशु को जन्म देने के बाद जब वे काम पर जाती है तो नवजात को पीठ पर बांधकर अपने साथ ले जाती है,क्योंकि घर पर शिशु की देखभाल करने वाला कोई नहीं होता।

इसके अलावा मातृत्व सहने का कष्ट भी उनके लिए कम दुखदाई नहीं है। यहां के समाज में आज भी अंधविश्वास गहरे तक पैठ बनाए हुए हैं। कई गांवों में आज भी प्रसूति महिला को 21 दिनों तक अछूत समझा जाता है। यह इक्कीस दिन उसे एक छोटी सी कोठरीनुमा कमरे में काटने पड़ते हैं। उसका छुआ पानी तक कोई नहीं पीता पर वह जंगल जाकर घास व लकड़ी ला सकती है। इसमें कोई मनाही नहीं है। स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण प्रसव के समय कई महिलाओं की जान तक चली जाती है।

पहाड़ के सीढ़ीदार खेतों में फसल बोने और काटने के समय महिलाओं को देर शाम तक काम करते हुए देखा जा सकता है। कुछ जगहों पर तो महिलाएं हल भी चलाती हैं। गर्मी की चिलचिलाती धूप,बरसात में खेतों से उठती असहनीय उमस और ऊपर से गिरता बारिश का पानी जहां पहाड़ी महिला के बदन के वस्त्र को सूखने नहीं देता, वहीं जाड़ों की कड़ाके की ठंड भी उसके हाथ पैरों को ठिठुरा पाने में असफल रहती हैं। खेती के अतिरिक्त रोजमर्रा के सभी कार्य महिला ही करती है। बचपन से ही पराया धन का कलंक माथे पर लिए यहां की बेटियों को पढ़ाई से अधिक चौका चूल्हा करना सिखाया जाता है।

स्कूल जाने की उम्र में उनकी नाजुक पीठ पर गोबर की टोकरी और हाथों में दरांती सौंप दी जाती है। आज भी विकास से कटे दूर दराज के गांवों मे लड़कियां कक्षा पांच या आठ के बाद पढ़ाई छोड़ देती है। ज्यादातर परिवारों में लड़कियों को स्कूल भेजना परिवार की प्राथमिकता में शामिल नहीं होता। वह तो महज एक श्रमिक बनकर रह गई है। कम उम्र में ही शादी कर दी जाती है और शादी के बाद उसे एक पहाड़ से दूसरे पहाड़ पर कष्टमय जीवन व्यतीत करना पड़ता है।

एक अध्ययन के अनुसार चारा और ईंधन एकत्र करने के लिए पहाड़ी महिला वर्ष में औसतन चार से पांच हजार किलोमीटर की पैदल दूरी तय करती है। यानी एक दिन में पहाड़ी रास्तों पर 12 से 15 किलोमीटर की दूरी तय करती हैं। अध्ययन में देखा गया कि पहाड़ी महिला प्रतिदिन 19 घंटे काम करती है। सुबह पांच बजे से काम शुरू करने वाली महिला दिनभर वयस्त रहकर रात ग्यारह बजे के बाद ही बिस्तर पर आराम करने जा पाती है। इतनी मेहनत के बाद भी उसे भोजन में पर्याप्त कैलोरी नहीं मिल पाती है। कई बार उसके हिस्से में आधा पेट भोजन ही आता है। कुल जमा अर्थ यह कि उसके जीवन में अत्यधिक श्रम, तनाव, बीमारी और उसकी खर्च हुई तथा उसे प्राप्त ऊर्जा का असंतुलन अंततः उसकी उम्र पर प्रभाव डालता है और उसे 35 वर्ष की आयु तक पहुंचते-पहुंचते बूढ़ा व कमजोर कर देता है। जहां तक महिला स्वास्थ्य का सवाल है तो स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। कुछ महिला संगठनों ने पाया कि अधिकांश महिलाएं कुपोषण का शिकार है।

सोशल फोरम

बौरा गए

आम और भौंरे तो साल भर में एक ही बार बौराते हैं,लेकिन...साधो, देखो जग बौराना! कबीर कहते हैं... अरे भाई! बौरा न वंदे, मत बौराओ, लेकिन संसार है कि बिना बौराए मानता ही नहीं है। वसंत में सबके सब बहक करके बौरा गए। तभी तो सांच कहो तो मारन धावै, झूठे जग पतियाना।



डॉ.रामानंद शुक्ल
अयोध्या

संसार को चिकनी-चुपड़ी झूठी चापलूसी अधिक पसंद है और उसी पर विश्वास भी करता है। सच्चरित्र व्यक्ति के सही बात को नकारता-अस्वीकार करता है। विश्वास से विरत रहता है,क्योंकि वह अनैतिक अर्थोपार्जन से दूर रहता है। वह अर्थ-सुलभ जगत के भौतिक सुख-सुविधा, चांचिक्य से बेफिक्र- विलग रहता है,कहें कबीर सुनो भाई साधू! ई सब भरम भुलाना। यह संसार भूल-भुलैया है। सभी दिग्भ्रमित हैं। कबीर की बानी में स्पष्ट-साफगोई, बेधड़क-बेलौस, बेफिक्र-बेखौफ अदम्य साहस की झलक है। उनकी बोली-बानी, साखी-सबद तिलमिला देने वाले हैं। चुभ जाने वाले व्यंजनाओं-प्रतीकों से परिपूर्ण हैं। ऊपर की पंक्तियां इस बात की सबूत हैं कि दूसरों की दृष्टि-भाव में कबीर बौराहा थे,लेकिन सच यह है कि वह बौराहा नहीं थे,बल्कि ऐसी दोषदृष्टि रखने वाले छिद्रान्वेषी ही बाउर थे,बौराए हुए थे,जो केवल झूठ ही बतियाते-पतियाते और पचाते थे। तथा सांच कहौं तो मारन धावै। भव-भयाकुल भरमे-भरमाए भोग-विलास में भटके, भूले-भुलाए ये द्वंद्वी-पाखंडी घमंडी लोग थे। शास्त्रोक्ति है कि अपूज्य की पूजा या पूज्य की अवहेलना-तिरस्कार करने-कराने के लिए, अपूज्य को पूज्य से अर्थात् सत् को असत् से आगे बढ़ाने का कुप्रयास, अपूज्य-पूजक और सहयोगी तीनों का कालांतर में विनाश कर ही देता है।

यह श्रीमद्भगवद्गीता की इस सूक्ति की ओर भी संकेत है। अव्यवस्थित चित्तानां प्रसादोऽपि भयंकरः। अव्यवस्थित द्वंद्व में रहने-जीने वाले के चित्त का परिणाम बहुत भयंकर होता है। लगातार कबीर के साथ भी ऐसी घटनाएं घटती रहीं फिर भी सच से विचलित नहीं हुए। झूठे जग को और झूठ को पतियाने वाले जगत के तिरस्कार-अपमान से बिना विचलित हुए दहाड़ते-पछाड़ते रहे। कबीर को अपने इष्ट पर पूरा भरोसा था,इसलिए बड़े निडर थे।

-फेसबुक वॉल से

धरती ही नहीं, समुद्र की सतह भी गर्म

प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

ग्लोबल वार्मिंग ने मौसम का चक्र बिगाड़ दिया है। भारतीय मौसम विज्ञान संगठन की यह आशंका काफी चिंताजनक तस्वीर पेश करती है कि इस बार अप्रैल से लेकर जून तक देश को प्रचंड गर्मी का सामना करना पड़ सकता है तो दूसरी ओर विश्व बैंक के अनुमानों से पता चलता है कि 2030 तक, भारत में 200 मिलियन से अधिक लोगों को अत्यधिक तापमान का सामना करना पड़ेगा। साथ ही गर्मी से संबंधित तनावों के चलते उत्पादकता में कमी के कारण 34 मिलियन लोगों को अपनी नौकरी गंवानी पड़ेगी।

उत्तर-पश्चिमी भारत में असामान्य तापमान जलवायु पैटर्न की एक ऐसी अप्रत्याशित प्रकृति है,जो हाल के वर्षों में पहले कभी नहीं देखी गई थी। इस साल मार्च के अंतिम दिनों में ही भारत के कई शहरों का तापमान 40 डिग्री से पार कर गया। देश के कई हिस्सों में अभी से ही लू चलने लगी है। गर्मी को लेकर यह भयावह पहलू है। चिलचिलाती गर्मी दैनिक जीवन के लिए गंभीर खतरे का सबब तो बनती है। साथ ही कृषि और स्वास्थ्य जोखिमों को भी बढ़ाती है। ग्रामीण आबादी, विशेषकर बुजुर्ग और धूप में काम करने वाले लोग इसका खामियाजा असामयिक मृत्यु के रूप में भुगतते हैं। पर्यावरण पर नजर रखने वाली यूरोपीय संघ की एक एजेंसी कॉपरनिक्स क्लाइमेट सर्विस के अनुमानों और आंकलन के अनुसार अब मैदानी इलाकों की तरह ही समुद्र की सतह पर भी लू चलने लगी है। सामान्य से अधिक तापमान का पूर्वानुमान और भारत के मध्य और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में हीटवेव की संभावनाएं अधिकारियों और नागरिकों दोनों के लिए एक 'वेकअप कॉल' के रूप में होनी चाहिए। पश्चिमी विक्षोभ जैसे कारक असामान्य तापमान वृद्धि के मूल में हैं। यह कहा जा सकता है कि छिटपुट बारिश से थोड़ी-बहुत राहत मिल सकती है,लेकिन यह जान लेना भी जरूरी है कि प्रकृति की ऐसी राहत अल्पकालिक होती है। बादलों के हट जाने पर गर्मी फिर अपनी प्रकोर दिखाना शुरू कर देती है। पर्यावरणीय बदलाव से न सिर्फ हमारी धरती गर्म हो रही है,बल्कि समुद्र की सतह का पारा भी बढ़ता जा रहा है। लंबे समय तक चलने वाली गर्मी और गर्म हवाओं तथा बढ़ते तापमान के असर को कम करने के लिए बेहतर जल प्रबंधन समेत हरित उपायों जैसे स्थायी समाधानों की आवश्यकता है। हमारे पूर्वजों ने जल प्रबंधन के जो उपाय अपनाए थे, वे आज भी उतने ही लाभकारी हो सकते हैं, पर जरूरी है कि उन पर ध्यान दिया जाए। जरूरी हो गया है कि हम जलवायु अनुकूलन और शमन के लिए एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाएं। इस दृष्टिकोण में टिकाऊ बुनियादी ढांचे में निवेश,नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना और जलवायु लचीलेपन को प्राथमिकता देने वाली नीतियों को लागू करना शामिल है।

मौसम विभाग की भविष्यवाणियां जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई की तरफ ध्यान आकर्षित कराती हैं। हालांकि हम मौसम को नियंत्रित करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं,लेकिन हम बदलते जलवायु पैटर्न के अपने अनुकूल करने की दिशा में निश्चित रूप से सक्रिय कदम उठा सकते हैं। नवीन समाधानों को अपनाकर,हम जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों को कम कर सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए अधिक लचीला और उनके समृद्ध भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। ये ऐसे सत्य हैं जिनका ध्यान हमारी पहले की पीढ़ियों ने रखा है और हमें भी उनके लिए ऐसी ही विरासत छोड़कर जाना चाहिए। लू की स्थिति को देखते हुए, अब समय आ गया है कि हम आने वाली चुनौतीपूर्ण गर्मी से निपटने और तापमान में वृद्धि को रोकने के लिए खुद को तैयार करें। मौसम विज्ञानिकों की ऐसी चेतावनियों को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों में उभरने की तैयारी



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

भारत की फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (एफएएमई) नीति एक एशियाई विनिर्माण केंद्र और वैश्विक उद्योगों के लिए चीन के लिए एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में भारत की स्थिति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। एफएएमई नीति भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने में तेजी लाने पर केंद्रित है। सब्सिडी और अन्य सहायता उपायों के माध्यम से ईवी के उत्पादन और खरीद को प्रोत्साहित करके, नीति का उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को कम करना, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना और टिकाऊ परिवहन समाधानों को बढ़ावा देना है। यह स्वच्छ ऊर्जा के प्रति वैश्विक रुझानों के अनुरूप है और भारत को विद्युत गतिशीलता क्षेत्र में एक प्रगतिशील खिलाड़ी के रूप में स्थापित करता है। एफएएमई नीति के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों पर जोर ने ईवी से संबंधित विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश और विकास को बढ़ावा दिया है। एफएएमई जैसी नीतियों के माध्यम से विद्युत गतिशीलता को बढ़ावा देने की भारत की प्रतिबद्धता ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों की महत्वपूर्ण रुचि को आकर्षित किया है। कंपनियां भारत को ईवी और संबंधित प्रौद्योगिकियों के लिए एक आकर्षक बाजार के रूप में देखती हैं जिससे साझेदारी, संयुक्त उद्यम और विनिर्माण सुविधाओं में निवेश होता है। निवेश का यह प्रवाह रोजगार सृजन, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और विनिर्माण क्षेत्र की समग्र वृद्धि में योगदान देता है। भारत की महत्वाकांक्षाएं ईवी की घरेलू मांग को पूरा करने से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। एफएएमई नीति, अन्य निर्यात उन्मुख पहलों के साथ मिलकर भारत को इलेक्ट्रिक वाहनों और घटकों के लिए एक निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखती है। इसमें यूरोप, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य क्षेत्रों के बाजारों को लक्षित करना शामिल है,जहां इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधानों की मांग बढ़ रही है। एफएएमई के तहत निर्यात प्रोत्साहन से भारत को अपने व्यापार को संतुलित करने और इसे वैश्विक विनिर्माण मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकृत करने में मदद मिलती है। एफएएमई नीति पश्चिम के लिए विनिर्माण की एशियाई फैक्ट्री बनने के देश के दृष्टिकोण में एक प्रमुख चालक है। भारत वैश्विक विनिर्माण की बदलती गतिशीलता का लाभ उठाने और इलेक्ट्रिक वाहन और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री के मंच पर रो पड़ीं संघमित्रा

▸▸ संघमित्रा बोलीं, रामायण का प्रसंग सुनकर हो गई थी भावुक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : प्रबुद्धजन सम्मेलन में पूर्व सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य मंच पर ही फूट-फूटकर रोने लगीं। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी उन्हें ढांढस बंधाती रहीं। आंसू नहीं रुके तो वह कुछ देर के लिए उठकर चली गईं। इसका वीडियो वायरल होने के बाद चर्चा होने लगी कि टिकट न मिलने की वजह से वह रो रही थीं। हालांकि बाद में संघमित्रा मौर्य ने बताया कि गुलाब देवी रामायण का प्रसंग सुना रही थीं। इसे सुनकर वह भावुक हो गई थीं।

मंगलवार को बदायूं में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। उनके आने से पहले पूर्व सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य मंच पर साइड में कुर्सी पर बैठी थीं। उनके पास में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी और पीछे वाली सीट पर पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव बैठे थे। मंच पर एक पदाधिकारी का भाषण चल रहा था। भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य मंच पर आए। इसी दौरान डॉ. संघमित्रा मौर्य की आंखों से आंसू छलक पड़े। उन्होंने अपनी आंखों को हथेलियों से ढक लिया। आंसू पोंछने लगीं। आंसू नहीं रुके तो वह कुछ देर के लिए उठकर चली गईं। इसका वीडियो वायरल हो गया। चर्चा होने लगी कि टिकट कटने की वजह से

▸▸ लोगों में टिकट कटने के चलते रोने की चर्चा

वह मंच पर रोने लगी थीं। बाद में मीडिया से बातचीत में उन्होंने अपने रोने का कारण बताया। पूर्व सांसद ने कहा कि मंत्री गुलाब देवी रामायण का एक प्रसंग सुना रही थीं। राजा दशरथ का प्रसंग सुनने की वजह से वह भावुक हो गईं थीं। उन्होंने कहा कि वह आधी आबादी का नेतृत्व करने वाली महिला हैं। इतनी कमजोर नहीं है कि टिकट कटने से रो पड़ें। टिकट की घोषणा आज नहीं हुई है। टिकट घोषित होने के बाद प्रत्याशी के पहली बार बदायूं आने पर वह उनके साथ पूरा दिन रहीं। उनका चुनाव लड़ा रही हूं। कोई और अर्थ न निकाला जाए।

अज्ञात वाहन की टक्कर से तेंदुए की मौत

बाजपुर, अमृत विचार : ग्राम रतनपुरा में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तेंदुए की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे वन कर्मियों ने तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम कराया, वहीं वन विभाग ने जांच शुरू कर दी है।

घटना सोमवार की देर रात की बताई जा रही है। ग्राम रतनपुरा स्थित एक फार्म के समीप छोई रोड पर सड़क पार कर रहा तेंदुआ तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। मंगलवार को मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तेंदुए का शव अपने कब्जे में ले लिया, जिसे पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करवाया है।

रुद्रपुर में मंगलवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करने के बाद जाते-जाते प्रधानमंत्री मोदी आमजन को मंत्रमुग्ध कर गए। सुबह से पीएम मोदी की एक झलक पाने को आतुर जनसैलाब ने नहीं सोचा था कि वापस जाते समय पीएम मोदी गाड़ी से बाहर निकलकर लोगों का अभिवादन करेंगे। यह देख एसपीजी भी हैरान रह गई और आनन-फानन में एसपीजी ने मोदी की कार को सुरक्षा घेरे में ले लिया। : अमृत विचार

ट्रक की चपेट में आने से दंपति की मौत

मुजफ्फरनगर : पड़ोसी शामली जिले के झिंझाना थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक तेज गति से गुजर रहे ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक और उसकी गर्भवती पत्नी की मौत हो गयी जबकि उनकी दो वर्षीय पुत्री घायल हो गयी।

पुलिस के अनुसार झिंझाना थाना क्षेत्र के ऊन रोड पर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से इमरान (30) और उसकी गर्भवती पत्नी जिंदी (28) की मौत हो गयी और उनकी दो वर्ष की मासूम बेटी गंभीर रूप से घायल हो गयी। झिंझाना थाना के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि घटना उस वक्त हुई जब युवक अपनी बेटी समेत आठ माह की गर्भवती पत्नी के अल्ट्रासाउंड के लिए अस्पताल जा रहा था।

वापस लेता हूं अपना नाम, बेटे को लड़ाओ चुनाव: शिवपाल

संवाददाता, बबराला/संभल

अमृत विचार : बदायूं लोकसभा सीट से अपनी जगह बेटे आदित्य यादव को चुनाव मैदान में उतारने के लिए सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने पूरा माहौल बना दिया है। गुन्नौर में सपा कार्यकर्ताओं ने आदित्य को चुनाव लड़ाने की मांग उठाई तो शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मांग है तो मैं अपना नाम वापस लेता हूं लेकिन आखिरी फैसला पार्टी नेतृत्व को लेना है।

बबराला में चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद कार्यकर्ता सम्मेलन में सपा कार्यकर्ताओं ने घोषित प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव के सामने बेटे आदित्य यादव को चुनाव मैदान में उतारने की मांग उठाई। इस पर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि बदायूं,बिसौली व सहसवान के कार्यकर्ता सम्मेलनों में भी आदित्य को चुनाव लड़ाने की मांग उठी है। शिवपाल यादव ने कहा कि हम बुजुर्ग हो चुके हैं और सभी कह रहे हैं कि आदित्य को प्रत्याशी बनाओ तो अब सब लोग आदित्य को ही लड़ाओ। मैं अपना नाम वापस लेता हूं। हालांकि इस पर फैसला पार्टी नेतृत्व ही लेगा। पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि मैंने अपनी सीट आदित्य यादव को छोड़ दी है। दावा किया कि सपा बदायूं सीट बड़े अंतर से जीतेगी।

द्वितीय चरण में 22 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ अब तक कुल 34 प्रत्याशी करा चुके हैं नामांकन

अमृत विचार : द्वितीय चरण में आठ सीटों के चुनाव के लिए मंगलवार को 22 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल समेत और प्रत्याशी शामिल हैं। पर अब तक कुल 34 नामांकन किया जा चुके हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अमरोहा में तीन, मेरठ में एक, बागपत में एक, गाजियाबाद में चार, गौतमबुद्धनगर में छह, अलीगढ़ में पांच व मथुरा में दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

अमरोहा में बहुजन समाज पार्टी से मुजाहिद हुसैन व निर्दलीय प्रत्याशियों में कुशाग्र व अमीचन्द ने नामांकन किया। मेरठ में भारतीय जनता पार्टी से अरूण चन्द्रप्रकाश गोविल, बागपत में सर्वजन समता पार्टी से महेन्दर सिंह, गाजियाबाद में मिहिर सेना से अनिल कुमार उर्फ अनिल सिंह, राइट टू रिकॉल पार्टी से पूजा, सुखी समाज पार्टी से अवधेश कुमार व निर्दलीय प्रत्याशी में रबी कुमार पांचाल ने नामांकन किया। इसी प्रकार गौतमबुद्ध नगर में बहुजन समाज पार्टी से राजेन्द्र सिंह सोलंकी, नेशनल पार्टी से किशोर सिंह, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभाष पार्टी) से नर्वेदेश्वर व निर्दलीय प्रत्याशियों में संजीव कुमार, प्रवीन शर्मा व महकार सिंह ने नामांकन किया। अलीगढ़ में राष्ट्रीय जन संचार दल से मुकेश कुमार, वंचित समाज इंसाफ पार्टी से पुष्पेन्द्र कुमार सिंह, लोकतांत्रिक जनशक्ति पार्टी से मनोज कुमार शर्मा, समान अधिकार पार्टी से मनोज कुमार व निर्दलीय प्रत्याशी में महेश ने नामांकन किया। मथुरा से राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से सुरेश चन्द्र बघेल व निर्दलीय प्रत्याशी रवी वर्मा ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी चार अप्रैल तक नामांकन कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को होगी। आठ अप्रैल को प्रत्याशी नामांकन वापस ले सकेंगे। 26 अप्रैल को मतदान होगा।

जेल में बंद अब्बास अंसारी से मिलने पहुंचे भाई व पत्नी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▸▸ मुलाकात के दौरान तीनों की आंखें हुईं नम

अमृत विचार : जेल में निरुद्ध मुख्तार अंसारी के पुत्र अब्बास अंसारी से मुलाकात के लिए मंगलवार को पत्नी व भाई जिला कारागार पहुंचे। जहां दोनों ने अब्बास से औपचारिक मुलाकात की। मुलाकात के दौरान तीनों की आंखें नम हो गईं।

दोपहर 12 बजे से पहले भाई उमर अंसारी एवं पत्नी निकहत अंसारी जिला कारागार पहुंचे। 12 बजे जेल में दोनों को प्रवेश दिया गया। जहां पुलिस और इंटेलीजेंस की निगरानी में अब्बास अंसारी से पत्नी और भाई की मुलाकात कराई गई। मुलाकात के दौरान पिता की मौत पर अब्बास अंसारी और उमर अंसारी दुखी थे। पत्नी निकहत भी व्यथित थीं। तीनों की आंखे नम थीं। मुलाकात के बाद जब निकहत और उमर जेल से बाहर निकले तो मीडिया कर्मियों ने उन्हें घेर लिया। जमानत के लिए किए जा रहे प्रयास के बारे में उमर ने कहा कि पिता की मौत पर पैरोल का प्रयास किया गया था, लेकिन नहीं मिली थी। जमानत अर्जी हाईकोर्ट में लंबित है। उम्मीद है कि जल्द ही जमानत मिल जाएगी।

निर्वाचन आयोग ने विशेष पर्यवेक्षक किए नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रशासनिक, सुरक्षा और व्यय निगरानी की होगी जिम्मेदारी
- पश्चिम बंगाल, उप्र, महाराष्ट्र और बिहार में किए गए तैनात

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान समान अवसर सुनिश्चित करने को मंगलवार को कई राज्यों में प्रशासनिक, सुरक्षा और व्यय निगरानी के मकसद से विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की।

आयोग ने कहा कि ये विशेष पर्यवेक्षक शानदार काम की पृष्ठभूमि वाले पूर्व नौकरशाह हैं तथा इनसे कहा गया है कि ये धनबल, बाहुबल और गलत सूचना से पैदा होने वाली चुनौतियों की पृष्ठभूमि में चुनावी प्रक्रिया की सख्ती से निगरानी करें। आयोग का कहना है कि विशेष पर्यवेक्षकों (सामान्य और पुलिस) को पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार में तैनात किया गया है जहां की आबादी सात करोड़ से अधिक है। इनकी तैनाती आंध्र प्रदेश और ओडिशा में भी की गई जहां लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव भी होना है। उसने कहा कि आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और ओडिशा में विशेष व्यय पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं।

अलग वार्ड के छात्रों का प्रवेश निरस्त करना अनुचित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने सुनाया फैसला

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक निजी विद्यालय में एडमिशन के लिए अपनी प्राकृतिक अभिभावक मां के माध्यम से बच्चे द्वारा दाखिल याचिका पर विचार करते हुए कहा कि नेबरहुड स्कूल की मूल अवधारणा आरटीई अधिनियम के तहत निर्धारित कोटा के अधीन स्कूलों के निकट निवास वाले अधिकतम बच्चों को समायोजित करना है, जिससे उनके लिए आने-जाने की यात्रा सुविधाजनक हो, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि स्कूल से दूर रहने वाला छात्र आवेदन नहीं कर सकता।

पड़ोस के स्कूल की अवधारणा यह भी निर्धारित करती है कि अधिकतम छात्रों को उनके पड़ोस के स्कूलों में समायोजित किया जाए और इसके लिए राज्य सरकार ने नियम भी बनाए हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ऐसे मामलों में एक ही वार्ड के छात्रों को प्राथमिकता दी जा सकती है और आरटीई अधिनियम के तहत निर्धारित कोटा के अनुसार सीटों की उपलब्धता के आधार पर विभिन्न वार्ड के छात्रों के आवेदन पर बाद में विचार किया जा सकता है। वार्ड शब्द का मतलब एक वार्ड में स्कूल की स्थापना के संबंध में है, न कि पड़ोस के बच्चों के एडमिशन से संबंधित है। दरअसल याची बच्चे ने आर्यांस इंटरनेशनल स्कूल, मझौली की प्री-नर्सरी कक्षा में वंचित समूह के लिए आरक्षित 25% कोटा के तहत प्रवेश के लिए आवेदन किया था। उसके आवेदन को खंड शिक्षा अधिकारी ब्लॉक, मुरादाबाद द्वारा गलत वार्ड होने के आधार पर खारिज कर दिया गया था।

याची ने दावा किया कि वह जिला मुरादाबाद के वार्ड संख्या 15 का निवासी है जबकि उपरोक्त स्कूल वार्ड नंबर 16 में स्थित है। आवेदन की अस्वीकृति इस आधार पर थी कि वह पड़ोस के स्कूल में आवेदन करें। याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची का आवेदन पत्र गलत तरीके से खारिज कर दिया गया था। अंत में कोर्ट ने विपक्षियों को याची के आवेदन पत्र पर विचार करने का निर्देश देते हुए कहा कि यदि संबंधित स्कूल में संबंधित वार्ड के सभी आवेदनों पर विचार करने के बाद भी प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने से पहले सीटें उपलब्ध हैं और प्रवेश प्रक्रिया पहले ही समाप्त हो चुकी है तो याची को अगले शैक्षणिक सत्र में जाने की स्वतंत्रता होगी।

इसके साथ ही कोर्ट ने प्रदेश सरकार को अगले शैक्षणिक सत्र से पहले उपरोक्त संदर्भित अस्पष्टता यानी एक वार्ड में एक छात्र का निवासी बनाम एक अलग वार्ड में स्थित पड़ोस के स्कूल का निवासी को स्पष्ट करें। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने मास्टर अर्जित प्रताप सिंह की याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया।

फाइल लटकाने वाले अफसरों पर करें कार्रवाई : हाई कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ अफसरों की कार्यशैली पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने की महत्वपूर्ण टिप्पणी

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 की धारा 37 के तहत अपील दाखिल करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ जांच के निर्देश दिए। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामले में मौद्रिक पहलू शामिल होता है। अतः उक्त अधिनियम के तहत आवेदन दाखिल करने के चरण में न केवल तत्परता और परिश्रम की आवश्यकता होती है बल्कि ऐसे मामलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

कोर्ट ने माना कि अपीलकर्ता द्वारा हाईकोर्ट के समक्ष विलंब माफी आवेदन में दिया गया स्पष्टीकरण अप्रामाणिक और अपर्याप्त है, जिसकी न केवल जांच की जानी चाहिए बल्कि जिम्मेदार पदाधिकारी के खिलाफ कड़े कदम भी उठाने चाहिए। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने कार्यकारी अभियंता ड्रेनेज डिविजन की अपील को खारिज करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार वर्ष 2017 में रुपये की देनदारी तय करते हुए चार मध्यस्थता पुरस्कार चार प्रतिशत ब्याज के साथ पारित किए गए। अधिनियम की धारा 34 के तहत आवेदन 4 साल और 9 महीने की देरी के बाद वाणिज्यिक न्यायालय, गोरखपुर के समक्ष दाखिल किया गया था। वर्ष 2022 में देरी के आधार पर आवेदन खारिज कर दिया गया। इसके बाद वर्तमान अपील अधिनियम की धारा 34 के तहत आदेश की तारीख से 513 दिनों की देरी के बाद दाखिल की गई थी। अपीलकर्ता (राज्य) के अधिवक्ता ने तर्क दिया की देरी अनजाने में हुई। अतः इसे माफ कर देना चाहिए। जबकि दावेदार के अधिवक्ता ने उक्त तर्क का खंडन करते हुए कहा कि विलंब माफी आवेदन में दिया गया स्पष्टीकरण असंतोषजनक है। अंत में कोर्ट ने पाया कि विलंब माफी आवेदन में अपीलकर्ता द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण एक राज्य अधिकारी से दूसरे राज्य अधिकारी के पास फाइल ले जाने के संबंध में एक सामान्य तौर पर रूढ़िवादी स्पष्टीकरण था। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि जहां देरी उन अधिकारियों के कारण होती है जो फाइल पर बैठे रहते हैं और कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। निश्चित रूप से न्यायिक समय की बर्बादी की लागत ऐसे दोषी अधिकारियों से वसूल की जानी चाहिए। अंत में कोर्ट ने माना कि मध्यस्थता पुरस्कार के खिलाफ धारा 34 के तहत आवेदन दाखिल करने की अवधि 30 दिनों की छूट अवधि के साथ 90 दिन है, जबकि अपीलकर्ता ने 4 साल और 9 महीने की देरी के बाद वाणिज्यिक न्यायालय का रुख किया। अतः कोर्ट ने अविलंब माफी आवेदनों को खारिज कर दिया।

15 साल बाद दिखा सालाजार पिट वाइपर

संवाददाता, रामनगर

दुर्लभ प्रजाति का सांप।

अमृत विचार : कॉर्बेट पार्क के लैंडस्केप में 15 साल बाद दुर्लभ प्रजाति का सांप देखा गया है। जिसे सर्प विशेषज्ञ चन्द्र सैन कश्यप ने रेस्क्यू किया है। यह सालाजार पिट वाईपर अधिक विषैला व दुर्लभ प्रजाति का है। कॉर्बेट क्षेत्र में इस सांप के दिखने से कॉर्बेट प्रशासन भी उत्साहित हैं।

विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट पार्क के जंगल जैव विविधता के लिये देश-विदेश में विख्यात हैं। जहां कई प्रकार के वन्यजीवों के साथ ही जीव जंतु, पक्षी पाए जाते हैं। वहीं यहां सांपों की भी सैकड़ों प्रजातियां हैं। इनमें से कुछ ऐसी प्रजातियां है जो लगातार दिखाई देती है पर कुछ प्रजातियां ऐसी हैं जो दुलर्भ होती हैं और जो कभी-कभार वर्षों में दिखाई देती हैं। सर्प विशेषज्ञ चन्द्र सैन ने जिस सांप को रेस्क्यू किया है वह एक है दुर्लभ प्रजाति का है। चन्द्र सैन कहते हैं कि इस सांप को 15 साल पहले देखा गया था। यह दुर्लभ प्रजाति का सांप वाइपर प्रजाति के सांपों के समान है। इसका रंग हरे के साथ गोल्डन होता है जो अधिक विषैला भी होता है। यह ग्रीन वाईपर श्रेणी में आता है। वैज्ञानिकों ने इस सांप का नाम हैरी पॉटर मूवी के विलेन सालाजार स्लीथेरिन के नाम पर रखा है।

> सालाजार पिट वाइपर का दिखना अच्छा संकेत है। यह पहले कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व में डॉक्युमेंट है। इसकी फोटो व वीडियो ज्यादा नहीं हैं। इसके मुंह के पास दो पिट्स हैं और उन पिट्स पर सेंसरी ऑर्गन्स होते हैं। सेंसरी ऑर्गन्स से यूनिक तरीके से सेंस कर यह शिकार करता है। जैव विविधता की दृष्टि से यह अच्छा संकेत है।
>
> – डॉ. धीरज पांडे, निदेशक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर

सांसद की भतीजी के पति समेत आठ पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ दरोगा की पत्नी की तहरीर पर पॉक्सो के मुकदमा दर्ज

▸▸ दरोगा पर पहले सांसद की भतीजी ने दर्ज कराई थी एफआईआर

अमृत विचार : दरोगा पर पड़ोसी जिले के सांसद की भतीजी के साथ छेड़छाड़, मारपीट मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मंगलवार को पुलिस ने दरोगा की पत्नी की तरफ से सांसद की भतीजी के पति और सात अज्ञात के खिलाफ मारपीट, छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की है। सभी आरोपियों पर पॉक्सो एक्ट भी लगाया गया है। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की और उनकी 11 साल की बेटी के साथ छेड़छाड़ की।

नारकोटिक्स सेल में तैनात दरोगा अभय मिश्र शहर के एक मोहल्ले में पड़ोसी जनपद के सांसद की भतीजी के मकान में किराए पर रहते थे। तीन दिन पहले दोनों के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गई। इसके बाद सांसद की भतीजी भाजपा सदर विधायक योगेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव के साथ कोतवाली पहुंचीं थीं। आरोप था कि दरोगा अभय मिश्रा शराब के नशे में धुत थे। उन्होंने उनके साथ मारपीट की। दुपट्टा खींचा और कपड़े फाड़ दिए।

कार्रवाई को लेकर सदर विधायक कोतवाली में ही धरने पर बैठ गए थे। पुलिस ने आरोपी दरोगा, उसकी पत्नी और बेटी के खिलाफ छेड़छाड़ व मारपीट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। अब दरोगा की एसआई पत्नी की तहरीर पर सांसद की भतीजी के पति व सात अज्ञात लोगों पर मारपीट करने और 11 साल की बेटी के साथ छेड़छाड़ करने पर पाक्सो एक्ट सहित संगीन धाराओं में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। प्रकरण की जांच राजापुर चौकी इंचार्ज संचित यादव को सौंपी गई है।

> दरोगा की पत्नी ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच चौकी इंचार्ज राजापुर को दी गई है। जांच के अनुसार आगे की कार्रवाई होगी।
>
> –पवन गौतम, एएसपी खीरी

एसटी हसन की अनदेखी पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ कार्यकर्ताओं ने हसन की उपेक्षा से नुकसान की जताई आशंका

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी में अन्तर्कलह सड़क से लेकर पार्टी कार्यालय तक जारी है। मंगलवार को चक्कर की मिलक स्थित कार्यालय में बैठक में कई कार्यकर्ताओं ने खुद और वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन की उपेक्षा पर अपनी पीड़ा जताई। कहा कि टिकट कटने से नाराज सांसद को मनाने के लिए पहल होनी चाहिए। प्रत्याशी ने अभी तक उनसे मुलाकात नहीं की, इससे हम आहत हैं।

सपा कार्यालय पर संगठन की बैठक में सपा-कांग्रेस गठबंधन की प्रत्याशी रुचि वीरा भी मौजूद थीं। बैठक में मौजूदा सांसद डॉ. एसटी हसन के अलावा कांठ व देहात विधायक भी नहीं आए। कुछ कार्यकर्ताओं ने इस पर हैरत जताते हुए कहा कि टिकट कटने से दुखी व नाराज सांसद को मनाने के लिए अब तक कोई नहीं गया, पार्टी की प्रत्याशी भी उनसे मिलने तक नहीं गई, इससे हम आहत हैं। पूर्व महानगर अध्यक्ष कैसर अली कुद्दुसी ने कहा कि उनको प्रत्याशी की ओर से भी उपेक्षित किया गया। कहा कि पार्टी हाईकमान से बात कर डॉ. हसन को मंच पर लाना जरूरी है।

हंगामा | पुलिस में मचा हड़कंप, दौड़कर पकड़ा, अंकिता भंडारी हत्याकांड का उठाया मुद्दा

विरोध करने जा रहीं कांग्रेस नेत्रियां गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

विरोध करने जा रही कांग्रेस नेत्रियों को गिरफ्तार करती महिला पुलिस।

अमृत विचार : अंकिता भंडारी प्रकरण को लेकर प्रधानमंत्री मोदी का विरोध जताने जा रही तीन कांग्रेस नेत्रियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कांग्रेस नेत्रियों को देख पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया और कार्यक्रम स्थल पहुंचने से पहले ही पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

मंगलवार की दोपहर 12 बजे के करीब जैसे ही प्रधानमंत्री मोदी के आने की सुगबुगाहट हुई, वैसे ही अचानक महिला कांग्रेस के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा, महानगर अध्यक्ष मोनिका ढाली और ज्योति रौतेला हाथ में तख्ती लेकर गोपनीय तरीके से पैदल कार्यक्रम स्थल की ओर जाने लगी। तभी वहां तैनात पुलिस की नजर कांग्रेस नेत्रियों पर पड़ी तो पुलिस ने रोकना चाहा तो तीनों कार्यकत्रियां दौड़कर डीडी चौक से कार्यक्रम स्थल की ओर बढ़ने लगीं। इस पर महिला पुलिस ने उन्हें जद्दोजहद के बाद पकड़ लिया।

कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा का आरोप था कि पिछले डेढ़ साल में प्रधानमंत्री मोदी उत्तराखंड का दौरा कर चुके हैं लेकिन अभी तक पहाड़ की बेटी अंकिता भंडारी हत्याकांड के दोषियों को सजा नहीं दिलाई, जबकि पीड़िता का परिवार संघर्ष कर रहा है। धामी सरकार ने अभी तक उस वीआईपी के नाम का खुलासा तक नहीं किया है। कांग्रेस नेत्रियों ने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार उत्तराखंड के मुद्दों को पहले हल करे।

भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए थी विपक्ष की रैली

नोएडा, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री नेता नितिन अग्रवाल ने दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की रैली पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि भ्रष्ट दल एक साथ आए थे।

नोएडा में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अग्रवाल ने कहा कि दो दिन पहले दिल्ली के रामलीला मैदान में 'इंडिया' गठबंधन ने रैली आयोजित की थी, यह भ्रष्टाचारियों को बचाने की रैली थी। उन्होंने अपने भ्रष्टाचार को सही ठहराने के लिए जनसभा की थी। भ्रष्टाचार में शामिल लोग मंच पर अपने भ्रष्टाचार को सही ठहरा रहे थे। अग्रवाल ने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कर रही प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस, अतीत में भ्रष्टाचार में लिप्त रही है। मंत्री ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के दम पर अस्तित्व में आई थी और अब सबसे भ्रष्ट पार्टी बन गई है।

रायबरेली से चुनाव लड़ सकतीं हैं प्रियंका गांधी, अमेठी में संशय बरकरार

दिलीप सिंह, रायबरेली

15 अप्रैल के बाद कांग्रेस कर सकती है उनके नाम की घोषणा

अमृत विचार : गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली में 'दादी' और 'मां' की राजनीतिक विरासत को संभालने के लिए 'बेटी' का आना लगभग तय माना जा रहा है । इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी के चुनावी क्षेत्र से प्रियंका गांधी की राजनीति में 'इंट्री' हो सकती है।

1967 में इंदिरा गांधी व 2004 में सोनिया गांधी के बाद 2024 में गांधी परिवार की राजनीतिक विरासत संभालने प्रियंका गांधी के आने की पूरी संभावना है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर पार्टी के उच्चस्तरीय संगठन में इस पर चर्चा हो चुकी है। उम्मीद है कि 15 अप्रैल के बाद उनके नाम की घोषणा की जाएगी। इसके साथ ही रायबरेली में एक बड़ी रैली करने की तैयारी भी चल रही है। रायबरेली से गांधी परिवार का काफी पुराना रिश्ता है। यहां से कई सदस्य लोकसभा पहुंच चुके हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी इस सीट से दो बार सांसद रहीं, जबकि सोनिया

इंदिरा गांधी।

सोनिया गांधी।

प्रियंका गांधी।

▸▸ गांधी- नेहरू परिवार की परंपरागत सीट है रायबरेली

▸▸ बाबा, दादी और मां यहीं से जीत कर पहुंचे संसद

गांधी इस सीट से चार बार संसद पहुंचीं। स्वास्थ्य कारणों के चलते इस बार सोनिया गांधी ने राज्यसभा का रुख कर लिया। वह राजस्थान से राज्यसभा सदस्य चुनी गई हैं। इसके बाद अटकलें तेज हो गई थीं कि अब रायबरेली से चुनाव कौन लड़ेगा। पार्टी का जिला संगठन और समर्थक प्रियंका गांधी को मैदान में उतारने की मांग करते रहे हैं। इसको लेकर दिल्ली तक पहुंचे और अपनी बात रखी।

उम्मीदवारी को लेकर स्थिति साफ

रायबरेली से उम्मीदवारी को लेकर अब स्थिति लगभग साफ हो रही है। सूत्रों का कहना है कि पिछले दिनों दिल्ली में हुई बैठक में इस पर चर्चा हुई। संगठन के उच्च पदाधिकारी ने प्रियंका को रायबरेली से चुनाव मैदान में उतारने की बात रखी। सूत्रों का दावा है कि अब पार्टी इसके लिए तैयार हो गई है। बताया जाता है कि 15 अप्रैल के बाद कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची आएगी और इसमें उनके नाम की घोषणा हो सकती है।

1967 में इंदिरा गांधी आईं थी रायबरेली

1967 में इंदिरा गांधी ने रायबरेली सीट से चुनावी राजनीति में कदम रखा था। उस समय कांग्रेस प्रत्याशी इंदिरा गांधी ने निर्दलीय प्रत्याशी बीसी सेठ को 91,703 वोट से हराया था।

2004 में आई थी सोनिया गांधी

2004 के चुनाव में सोनिया गांधी ने अमेठी सीट राहुल गांधी के लिए छोड़कर रायबरेली आई। सोनिया गांधी ने सपा के अशोक कुमार सिंह को हराकर 2,49,765 वोटों से भारी अंतर से चुनाव जीता था।

कांग्रेस ने अमेठी में 13 बार की है जीत दर्ज

रमन पाण्डेय, अमेठी

अमृत विचार : अमेठी लोकसभा सीट पिछले पांच दशक से हाट सीट रही है। यहां राजनीति के कई सूरमा हारे हैं। कांग्रेस ने इस सीट पर अब तक तेरह बार जीत हासिल की है और भाजपा ने दो बार। कांग्रेस जब भी चुनाव हारी है कम वोटों से हारी है। दो बार भाजपा की जीत कम वोटों से हुई है। 2009 के लोकसभा चुनाव में यहां कांग्रेस और बसपा के बीच जीत का अंतर सबसे अधिक रहा है।

कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी ने बसपा प्रत्याशी आशीष शुक्ला को 370798 मतों के अंतर से चुनाव हराया था। 2006 में कांग्रेस छोड़ कर बसपा में गये हाट सीट के हार्ड लीडर के रूप में चर्चित आशीष शुक्ला इस समय कांग्रेस में है और गांधी परिवार के चुनाव न लड़ने पर एक बार फिर मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं। अमेठी में भाजपा प्रत्याशी और निवर्तमान सरकार में केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी लगातार कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के बराबर सम्पर्क में हैं। स्मृति के निर्देश पर कार्यकर्ता लाभार्थी सम्पर्क अभियान के जरिए घर घर जा रहे हैं, उधर बसपा और कांग्रेस के प्रत्याशी के विषय में संशय की स्थिति अभी भी बरकरार है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि वायनाड का चुनाव होने के बाद राहुल गांधी की पूरी टीम अमेठी आ जाएगी। बसपा कांग्रेस के प्रत्याशी के घोषित होने के बाद अपने पत्ते खोलेगी ।अमेठी लोकसभा सीट 1967 में अस्तित्व में आई। पहले चुनाव में कांग्रेस के विद्याधर बाजपेई ने जनसंघ के गोकुल प्रसाद पाठक को 3665मतों के अंतर से हराया। लोक सभा चुनाव के इतिहास में कांग्रेस की जीत का सबसे कम मार्जिन यही रहा है। 1967से अब तक हुए 16चुनावों में दो उपचुनाव भी शामिल हैं,ये उपचुनाव 1981और1991में संजय गांधी और राजीव गांधी के असामयिक निधन से हुए थे। कांग्रेस तेरह बार चुनाव जीत चुकी है ।1984,1999 और 2009 के चुनाव में कांग्रेस की जीत का अंतर तीन लाख से अधिक रहा है, जबकि 1981और1989में कांग्रेस ने दो लाख से अधिक मतों से जीत दर्ज की थी ।1977 में बी के डी से कोंहरा स्टेट के रवीन्द्र प्रताप सिंह ने संजय गांधी को 75844 मतों से हराया था ।1980 में संजय गांधी ने रवीन्द्र प्रताप सिंह को 128545मतों से हराकर हार का बदला ले लिया परंतु ईश्वर को उनकी लम्बी राजनीति शायद मंजूर नहीं थी, विमान दुर्घटना में संजय गांधी की मौत हो गई। विमान दुर्घटना के मामले में तत्कालीन अखबार नवीसों की ओर से तमाम खबरें चलाने के बाद भी रहस्य से पर्दा नहीं उठ पाया और आज भी लोग संजय गांधी की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं करते हैं।

अमेठी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित करने में देरी

अमेठी। लोकसभा अमेठी सीट से जहां भाजपा आलाकमान द्वारा एक बार फिर स्मृति ईरानी पर जीत का भरोसा जताते हुए उन्हें प्रत्याशी घोषित कर दिया गया है तो वही अभी तक कांग्रेस पार्टी द्वारा अमेठी सीट से अपना पत्ता नहीं खोला गया है। जबकि कांग्रेसी कार्यकर्ता राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा से यहाँ चुनाव लड़ने की लगातार मांग करते चले आ रहे हैं।

जीत सुनिश्चित करने के लिए जुटीं स्मृति ईरानी

अमेठी। भाजपा आलाकमान द्वारा एक बार फिर अमेठी सीट से प्रत्याशी बनाये जाने के बाद अमेठी की पूर्व सांसद भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी लगातार अमेठी दौरे पर है लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों से मुलाकात व भाजपा कार्यकर्ताओं के सुख-दु:ख में शामिल हो रही हैं। साथ ही जनपद स्तर पर भाजपा के बड़े-बड़े सूरमाओं को अमेठी में हार का मुंह देखना पड़ा है।

जेठ के सामने बुरी तरह हारीं मेनका गांधी

अमेठी। 1999 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भाजपा प्रत्याशी डॉ संजय सिंह को 300012 मतों के अंतर से हराया था। 2009 के अपने दूसरे चुनाव में राहुल गांधी ने बसपा प्रत्याशी आशीष शुक्ला को 370798 मतों से हराकर बड़ी जीत हासिल की ।1984 में इंदिरा गांधी की मौत के बाद राष्ट्रीय संजय विचार मंच की प्रत्याशी के रूप में मेनका गांधी ने विरासत की जंग लड़ीं, किंतु जेठ के मुकाबले बुरी तरह चुनाव हार गई, उन्हें राजीव गांधी के 365041के मुकाबले 50163 मत ही मिल पाए। उन्हे चुनाव हराने में उन्हीं लोगों की खास भूमिका रही जो कभी संजय गांधी के खास सिपहसालार हुआ करते थे।

स्मृति ने बदल दी अमेठी में राजनीति की परिभाषा

अमेठी। लोकसभा चुनाव में जीत हार के बारे में अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, परंतु इतना तय है कि 2014 में चुनाव हारने के बाद भी अमेठी न छोड़ने और जनता के बीच बराबर बने रहकर स्मृति ने अमेठी की राजनीति की परिभाषा बदल दी है। राहुल गांधी ने चुनाव हारने के बाद अमेठी से दूरी बना ली, परंतु स्मृति ने ठीक उल्टा किया और जनता के बीच बराबर बनी रहीं, विकास के काम भी लगातार कर रही हैं, यह चर्चा हर गांव में मतदाताओं के बीच है।

असली गांधी और नकली गांधी की लड़ाई में कांग्रेस ही जीती

अमेठी। राजीव गांधी के मुकाबले विपक्ष ने साझा उम्मीदवार के रूप में जनता दल से महात्मा गांधी के पौत्र राजमोहन गांधी को चुनाव लड़ाया ।असली गांधी और नकली गांधी की चर्चा खूब चली, परंतु विपक्ष का सिक्का नहीं चल पाया और राजीव गांधी तीसरी बार दो लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज कर सांसद बने। 1989 में राजीव गांधी के मुकाबले बसपा संस्थापक कांशीराम भी चुनाव लड़ें, बसपा की जमानत नहीं बची, परंतु इसी लोकसभा चुनाव से बसपा अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में सुर्खियों में आ गई ।1989मे बसपा के उत्तर प्रदेश और पंजाब से तीन सांसद चुने गए थे।

राजनीति में आए तो सीरियल के राम अरुण गोविल को आई याद

..जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी

17 साल की उम्र में ही मेरठ छोड़ मुंबई गए, रामानंद के रामायण सीरियल से मिली खास पहचान

मेरठ से भाजपा सांसद का टिकट काटकर प्रत्याशी बनाये गये अरुण गोविल की राह आसान नहीं

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: अपि च स्वर्णमयी लंका, लक्ष्मण मे न रोचते। जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी। कुछ ऐसा ही गर्व अब रामानंद सागर के रामायण सीरियल के 'राम' यानि अरुण गोविल को मेरठ से प्रत्याशी बनने के बाद महसूस हो रहा है। वे जब 17 साल की उम्र में ही मेरठ छोड़कर मुंबई गए थे, तो सोचा भी नहीं होगा कि एक दिन राजनीति में कॅरियर के लिए यहीं की मिट्टी काम आएगी। लेकिन सपा ने घेरने के लिए अपने सरधना से युवा विधायक अतुल प्रधान पर दांव लगाकर घेरने में पूरी ताकत लगा दी है। बसपा का समीकरण दोनों को नफा-नुकसान देता दिख रहा है।

72 वर्षीय अरुण गोविल राजनीति के कुशल चितेरे होते तो 34 साल पहले ही सांसद बन गए होते। भारत के छठे प्रधानमंत्री राजीव गांधी (1984-1989) ने उन्हें ऑफर दिया था, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया था, लेकिन कांग्रेस में शामिल होकर प्रचार जरूर किया। उस दौर में राजीव गांधी की हैसियत आज के नरेंद्र मोदी से कहीं ज्यादा सशक्त थी। राजनीतिक इतिहास में इंदिरा गांधी के निधन से उपजी सहानुभूति लहर में रिकार्ड लोकसभा सीटें जीतकर वे प्रधानमंत्री बने थे। राजीव गांधी ने सरकारी टीवी चैनल दूरदर्शन पर रामायण चलवाने के लिए अपने सूचना और प्रसारण मंत्री तक को बदल दिया था। हालांकि रामायण सीरियल का पहला एपिसोड 25 जनवरी 1987 को प्रसारित होते ही देशभर में छा गया। चुनावी दृष्टि से महत्वपूर्ण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राज्य की 80 में से करीब 19 सीटें हैं। भाजपा ने अपने तीन बार के सांसद रहे राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर अरुण गोविल को प्रत्याशी बनाया है। वे 2021 में भाजपा में शामिल हुए थे। अग्रवाल साल 2009 से लगातार मेरठ सीट से जीत रहे हैं। साल 2019 में बसपा के हाजी याकूब कुरैशी को 4,729 वोटों के मामूली अंतर से हराया था। हालांकि 2014 के चुनाव में उनकी जीत का अंतर 2.32 लाख वोटों से अधिक था, तब बसपा के मोहम्मद शाहिद अखलाक को हराया था। पिछली बार जीत का अंतर कम होने से ही टिकट काटकर अरुण गोविल की 'राम' वाली छवि भुनाने की भाजपा कोशिश कर रही है।

अरुण गोविल अब 55 साल बाद वापस मेरठ शहर आकर अपने भावनात्मक संबंधों को भुनाने में जुटे हैं। उनका कहना है कि यहीं पैदा हुआ और जीवन के शुरुआती 17 साल इसी शहर में बीते। मंगलवार को नामांकन के साथ प्रचार में भी जन्मभूमि की यादें खूब छलक रही है। उम्मीद है कि रील लाइफ के अलावा रियल लाइफ में भी मतदाता 'राम' की तरह सम्मान देते हुए नजर आएंगे और रुझान वोट में तब्दील होगा। उनकी शादी बॉलीवुड अभिनेत्री रहीं श्रीलेखा से हुई है। उनके दो बच्चे बेटा अमल और बेटी सोनिका हैं। बेटा अमल के दो पुत्र हैं, यानी वे दादा भी बन चुके हैं।

सीता व रावण को भी चुनाव लड़ा चुकी है भाजपा

दीपिका चिखलिया।

अरविंद त्रिवेदी।

टीवी सीरियल 'रामायण' में राम की मुख्य भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल से पहले भाजपा 'सीता' और 'रावण' को भी चुनाव लड़ा चुकी है। राम मंदिर आंदोलन के दौरान 1991 के लोकसभा चुनाव में दोनों को गुजरात से मैदान में उतारा गया था। हालांकि 26 साल की दीपिका को राजनीति का कोई अनुभव नहीं था। मगर रामायण की सीता को चुनाव में देखकर भीड़ उमड़ रही थी, महिलाएं उनके पैर छूने को आतुर रहतीं। नतीजा रहा कि वडोदरा में कांग्रेस का किला ढह गया। इस सीट पर पहली बार भाजपा को जीत मिली। दीपिका को 49 .98 फीसदी वोट मिले। जबकि लंकेश के नाम से चर्चित अरविंद त्रिवेदी ने साबरकांठा से अपना पहला चुनाव जीता था। 1996 के चुनावों में वह गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री अमर सिंह चौधरी की पत्नी और कांग्रेस प्रत्याशी निशा चौधरी से हार गए थे।

निर्दलीय चुनाव लड़कर जीते थे रामसेवक

65 अन्य निर्दलियों ने भी आजमायी किस्मत, मिली निराशा

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में बाराबंकी लोकसभा सीट से निर्दल प्रत्याशियों ने जोर आजमाइश खूब की, लेकिन 1957 के चुनाव में रामसवेक यादव ही ऐसे एक मात्र सांसद चुने गए जिन्होंने निर्दलीय के रुप में चुना लड़ा, और जीत हासिल की थी। इसके बाद अभी तक किसी निर्दलीय को सफलता नहीं मिल सकी। अभी तक इस सीट से 65 निर्दल उम्मीदवार किस्मत आजमा चुके हैं। इनमें से अधिकतर को वोट के लिए भी तरसना पड़ा। यहां 1951 के चुनाव में सबसे पहले निर्दल उम्मीदवार के तौर पर प्रभु दयाल ने चुनावी अखाड़े में ताल ठोंकी। प्रभू दयाल 18,493 मत पाकर 11वें स्थान पर रहे थे। इसके बाद 1957 में दो निर्दल उम्मीदवारों ने किस्मत आजमाई। इनमें रामसवेक यादव ने शानदार जीत हासिल की। इन्हें 1,89,600 मत हासिल कर कांग्रेस के स्वामी रामानंद को 31330 वोटों से हराया था। दूसरे निर्दलीय उम्मीदवार रहे नन्हेलाल चौथे स्थान पर रहे थे। आरएस यादव के निर्दलीय के रुप में संसद पहुंचने के बाद आज तक मतदाताओं ने किसी भी निर्दलीय प्रत्याशी पर भरोसा नहीं जताया है। सन् 1962 और 1967 के चुनाव में कोई भी निर्दललीय प्रत्याशी नहीं था।

1971 में दो निर्दल चुनाव लड़े। इनमें पार्वती 7591 मतों के साथ चौथे और अब्दुल रहमान 3876 मत के साथ पांचवे स्थान पर रहे। 1977 में तीन निर्दल मैदान में उतरे। इनमें बैजनाथ रावत ने 8938 मत पाकर चौथा, 2485 मत पाकर पोखई पांचवें तो विश्राम लाल 1655 मतों के साथ छठे स्थान पर रहे थे। 1980 में दो निर्दलीयों में से 4489 मत पाने वाले रामफल चौथे तो 2638 मत पाकर पोखई पांचवें नंबर पर रहे। 1984 में चार निर्दलीय चुनावी महासमर में उतरे। इनमें से छेदालाल को 8138, रामसरन को 6138, कमला को 5657 और टीकाराम को 3884 मत हासिल कर क्रमशः पांचवें, छठे, सातवें और आठवें स्थान पर रहे थे। 1989 में तीन और 1991 में चार निर्दललीय प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई, लेकिन कोई भी टॉप थ्री में जगह नहीं बना सका। 1996 में अब तक के चुनावों में सबसे अधिक 18 निर्दलीय प्रत्याशियों ने दम दिखाने की कोशिश की, लेकिन किसी को सफलता नहीं मिली। 1998 में तीन निर्दलीय में से मोती लाल 2471 मत पाकर सातवें तो 2125 मत के साथ रामनरेश आठवें और मात्र 436 मत पाने वाले राममनोरथ 12 वें स्थान पर रहे। 1999 में आधा दर्जन निर्दलीय, 2004 में चार व 2009 में छह निर्दल प्रत्याशी चुनाव लड़े। इनमें से कोई टॉप फाइव में जगह नहीं बना सका। इसी कड़ी में 2014 के चुनाव में तीन निर्दलीय ने किस्मत आजमाया। वहीं सांसद बनने की हसरत में तीन निर्दलीय उम्मीदवारों ने 2019 के महासमर में भी किस्मत आजमाई। जीतना तो दूर कोई अधिकतर जमानत भी नहीं बचा पाए।

हर निर्दलीय ने छुआ तीन अंकों का आंकड़ा

निर्दलीय उम्मीदवार के रुप में आरएस यादव के अलावा बाराबंकी संसदीय सीट पर भले आज तक किसी ने जीत नहीं दर्ज कर सका, लेकिन अब तक मैदान में उतरे हर निर्दलीय ने मत हासिल करने में तीन अंकों का आंकड़ा जरूर छुआ है। सबसे कम मत पाने वाले निर्दलीय उम्मीदवार राजनरेश रहे हैं। जिन्हें1998 के चुनाव में मात्र 436 मत ही मिले।

निर्दलीय लड़ कागजों पर छोड़ गए छाप

चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों ने जोर आजमाइश तो खूब की, लेकिन टॉप थ्री में एक को छोड़ अन्य कोई जगह बना सका। हां इतना जरुर रहा है कि इन प्रत्याशियों के नाम जरुर कागजों के साथ इतिहास के पन्नों में जरुर इनका नाम अर्जित हो गया। आज भी इन सभी के नाम व प्राप्त मतों के आंकड़े भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाइट पर दर्ज हैं।

स्व. रामसेवक यादव। अमृत विचार

महासंग्राम-2024 | ईंट भट्ठे के व्यवसाय से संसद की ड्योढ़ी तक जमाया था पांव, 1989 में बलरामपुर सीट से निर्दलीय लड़कर जीते थे चुनाव

खौफ का दूसरा नाम बन गए थे सांसद फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अतीत के झरोखे से


मुन्नन खां।

अमृत विचार: गोंडा के एक छोटे से गांव में जन्मे फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां के राजनीतिक सफर की कहानी भी खूब दिलचस्प है। राजनीति का ककहरा तक की जानकारी न होने के बावजूद राजनीतिक शिखर तक चढ़ना किसी कहानी से कम नहीं है। राजनीतिक सफर शुरू करने के बाद संसद की ड्योढ़ी तक पहुंचने वाले मुन्नन खां एक समय खौफ के पर्याय बन गए थे। उनके ऊपर कई गंभीर आरोप भी लगे, लेकिन राजनीतिक संरक्षण का लाभ उन्हें भी मिला। ।

हम बात कर रहे हैं बलरामपुर से सांसद रहे फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां की। गोंडा जिले के कटरा विधानसभा क्षेत्र के हलधरमऊ ब्लाक के हलधरमऊ गांव के निवासी मुन्नन खां एक शुद्ध व्यवसायिक थे। 1980 के दशक में मुन्नन खां व उनके बहनोई इबरार खां ने मिलकर ईंट भट्ठे का व्यवसाय शुरू किया। व्यवसाय का रंग चोखा होता गया और इस व्यवसाय के कारण ग्राम प्रधानों से उनके बेहतर संबंध होते गए। लेकिन राजनीति का ककहरा उन्हें नहीं मालूम था।

कटरा बाजार के गौरवा जानीपुर के पूर्व ग्राम प्रधान जसवंत लाल मिश्र कहते हैं कि वर्ष 1974 में कटरा बाजार के पूरेबदल गांव के बाबू दीपरायन पांडेय कांग्रेस के टिकट से विधानसभा चुनाव में उतरे। वह जीत गए। इसके बाद 1977 में जनता पार्टी से चुनाव जीते। वर्ष 1985 में लोकदल से उन्हें पुनः टिकट देने की पेशकश की गई। लेकिन वरिष्ठ अधिवक्ता होने के कारण उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। अपने स्थान पर पंडित दीप नरायन पांडेय ने हलधरमऊ गांव के फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां के लिए टिकट की मांग की। पार्टी इस पर तैयार नहीं हुई लेकिन दीप नरायन पांडेय एक बड़े नेता थे और उनकी गारंटी पर मुन्नन खां को टिकट दे दिया गया। दीप नरायन पांडेय के साथ की पूरी मशीनरी मुन्नन खां के साथ लग गई और यह चुनाव मुन्नन खां जीत गए। यहीं से मुन्नन खां का राजनीतिक सफर शुरू हुआ।

विधायक बनने के साथ मुन्नन खां मुस्लिम विरादरी के सिरमौर बन गए और 1989 में वह बलरामपुर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सांसदी का चुनाव लड़ गए। उतरौला सहित कई विधानसभा में मुस्लिम का बड़ा चेहरा होने के कारण फसीउर रहमान निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीत गए। हाईस्कूल तक की शिक्षा और टेढ़े मिजाज के चलते वह संसद में जनता के हक की आवाज तो नहीं उठा पाए लेकिन अपने समाज में वह बहुत तेजी से आगे बढ़ गए।

मुन्नन खां पर जब लगे बेहद गंभीर आरोप

समाचारपत्रों में उनके कारनामे तक छापे गए। उनके चाहने वाले उन्हें सिर आंखों पर बैठाते थे और उन्हें शेर-ए-मुन्नन की संज्ञा तक दी गई। लेकिन 1990 राम आंदोलन में कारसेवकों पर हुई कार्रवाई में उनका नाम लिया गया। बलरामपुर में वीरविनय चौक के पास एक मंदिर की भूमि पर कब्जे का आरोप लगा तथा इतना ही नहीं उन्होंने एसडीएम का अपहरण कर लिया। लेकिन मनकापुर कोल्हार गांव के ठाकुरों ने मुन्नन खां की जीप को रेहरा व मनकापुर के बीच रोक लिया। धर्मेंद्र सिंह उर्फ झिनकन सिंह ने बताते हैं कि जब सूचना ग्रामीणों को मिली तो किसी ने अपनी साइकिल तो किसी ने बैलगाड़ी खड़ी कर उनके वाहन को रोक लिया। जब तक वह कोई एक्शन लेते तब तक एक होमगार्ड ने उनके हाथ पर लाठी चला दिया। जिससे एसडीएम को आजाद करा लिया गया। कई गंभीर आरोप के बावजूद मुन्नन खां प्रदेश के कई नेताओं के बहुत करीबी थे। बड़े नेताओं का वरदहस्त प्राप्त होने के कारण उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। बहरहाल आरोप तो आरोप थे लेकिन वह एक ऐसे सांसद थे जिन्हें खौफ का दूसरा नाम तक कहा जाता था। यह भी था कि यदि वह किसी की मदद करते थे तो बेइम्तहा। शेर-ए-मुन्नन का निधन बीमारी के चलते 2009 में हो गया।

चुनावी इतिहास में पहले निर्दलीय उम्मीदवार जीते थे मुन्नन

बलरामपुर (अब श्रावस्ती) सीट पर 17 बार सांसद चुने गए। देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी, राष्ट्र ऋषि की उपाधि पाने वाले नाना जी देशमुख, सुभद्रा जोशी जैसी कद्दावर नेता जिस सीट को जीत कर गरिमा कायम किया। इतना ही नहीं 17 चुनावों में 16 बार केवल दलीय उम्मीदवार ही जीतते रहे लेकिन फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां ही एक ऐसे निर्दलीय उम्मीदवार थे जिन्होंने जीत कर इतिहास रच दिया था।

बलरामपुर सीट से संसद की ड्योढ़ी तक जाने वाले सांसद

1952	वैरिष्टर हैदर अली रिजवी	कांग्रेस
1957	अटल विहारी बाजपेयी	जनसंघ
1962	सुभद्रा जोशी	कांग्रेस
1967	अटल विहारी बाजपेयी	जनसंघ
1971	चंद्रभाल मणि तिवारी	कांग्रेस
1977	नानाजी देशमुख	जनसंघ
1980	चंद्रभाल मणि तिवारी	कांग्रेस
1984	दीप नरायन वन	कांग्रेस
1989	फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां	निर्दल
1991	सत्यदेव सिंह	भाजपा
1996	सत्यदेव सिंह	भाजपा
1998	रिजवान जहीर	सपा
1999	रिजवान जहीर	सपा
2004	बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा
2009	विनय कुमार पांडेय (श्रावस्ती)	कांग्रेस
2014	दद्दन मिश्रा (श्रावस्ती)	भाजपा
2019	राम शिरोमणि (श्रावस्ती)	बसपा

फिर समाजवादी पार्टी के साथ खड़ा हुआ महान दल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सपा के निशान पर दो सीटों पर लड़ेगा चुनाव

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी को एक बार फिर महान दल का साथ मिल गया है। लोकसभा चुनाव में दो सीट भी महान दल को देने पर सहमति बनी है। दोनों सीटों पर महान दल के उम्मीदवार सपा के चुनाव चिह्न पर लड़ेंगे। मंगलवार को सपा को फिर से समर्थन देने की घोषणा करते हुए महान दल के अध्यक्ष केशव देव मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी के साथ था और रहूंगा। लोकसभा चुनाव में गठबंधन मजबूती से लड़ेगा।

सपा के मीडिया सेल द्वारा इस संबध में सोशल मीडिया पर साझा की गई जानकारी में लिखा गया, केशव देव मौर्या ने अखिलेश यादव की पीडीए के पक्ष में जारी लड़ाई को देखते हुए बिना शर्त समर्थन दिया और भाजपा के विरुद्ध जारी संग्राम में एक आहुति देने की घोषणा की है। पोस्ट में आगे लिखा गया, ये लड़ाई बड़ी है और इस लड़ाई में अपने निजी स्वार्थ, शर्तें, ब्लैकमेलिंग के बिना जो भी सपा के साथ खड़ा है उस सबका स्वागत है। इस वक्त हम सबका एक ही उद्देश्य है कि दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक विरोधी भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकना है और इस लड़ाई में जो भी सच्चे हृदय, ईमानदारी से साथ है उसे पार्टी साथ लेकर चलेगी।

पिछले विधानसभा चुनाव के बाद महान दल ने सपा से गठबंधन तोड़ लिया था। इसके बाद सपा ने केशव देव को विधानसभा चुनाव से पहले गिफ्ट में दी गई फारर्च्यूनर कार वापस ले ली थी। सपा ने विधानसभा चुनाव में केशव की पत्नी और बेटे को सपा के चुनाव चिह्न साइकिल पर चुनाव लड़ाया गया था, हालांकि दोनों हार गए थे।

सपा अपने चुनाव चिन्ह पर महान दल के उम्मीदवारों को लड़ाएगी। मेरी नाराजगी स्वामी प्रसाद मौर्य से थी न कि अखिलेश यादव से। अब स्वामी प्रसाद सपा का हिस्सा नहीं हैं इसलिए हम वापसी कर रहें हैं।

–केशव देव मौर्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 और 19 की ही तरह लगातार तीसरी बार क्रांतिकारियों की धरती मेरठ से चुनावी बिगुल फूंकने आए तो अपने चिरपरिचित अंदाज और तेवर में विपक्ष पर गरजते हुए विकसित भारत का सपना दिखाकर लोगों में जोश भरने के साथ भाजपा प्रत्याशी टीवी धारावाहिक 'रामायण' में राम की भूमिका निभाकर विख्यात हुए अभिनेता अरुण गोविल की जीत का माहौल भी बना गए। लेकिन मोदी की सभा के 48 घंटे के भीतर सपा ने मेरठ लोकसभा सीट पर प्रत्याशी बदलकर चुनाव को नई धार दे दी। सपा ने अब सरधना से विधायक गुर्जर समाज के अतुल प्रधान पर दांव लगाया है।

क्रांति की धरा पर 'राम बाण' करेगा बेड़ा पार

- इस बार सपा-बसपा से मुस्लिम प्रत्याशी नहीं, एआईएमआईएम प्रत्याशी आया तो भाजपा की राह होगी आसान

मेरठ-हापुड़ लोस सीट

मनोज त्रिपाठी

भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के नामांकन में पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य साथ में मौजूदा सांसद राजेंद्र अग्रवाल।

अमृत विचार। सपा ने बदायूं, नोएडा व मुरादाबाद के बाद मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर भी अपना प्रत्याशी बदल दिया है। यहां से घोषित प्रत्याशी अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह का पार्टी में विरोध था, कार्यकर्ता स्थानीय नेता को टिकट देने का मांग कर रहे थे। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव भी प्रत्याशी की कार्यशैली से खुश नहीं थे। वैसे भी पॉलिटिकल एक्टिविस्ट भानु प्रताप का मेरठ से कोई वास्ता नहीं था। क्रांति भूमि कही जाने वाली मेरठ की लोकसभा सीट लंबे समय से भाजपा की झोली में है। पिछले तीन चुनावों से भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल जीत रहे हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में बसपा के हाजी याकूब को मात देकर उन्होंने जीत की हैट्रिक लगाई थी। लेकिन इस बार राम मंदिर से बने माहौल का पश्चिमी उत्तर प्रदेश में फायदा उठाने के लिए भाजपा ने राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर रामायण सीरियल के 'राम' अरुण गोविल पर दांव लगाया है। सपाई उन्हें मुंबई में रहने के कारण बाहरी बता रहे हैं। इसके जवाब में भाजपा की ओर से कहा जा रहा है कि अरुण गोविल मेरठ के मूल निवासी हैं। उनका जन्म यहां 12 जनवरी 1958 को हुआ था। उन्होंने कक्षा पांच तक की पढ़ाई यहीं शिशु मंदिर में की थी। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के साथ नामांकन करने के बाद अरुण गोविल ने उनके साथ सीधे आंबेडकर चौराहा पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके दलित मतदाताओं को साधने की कोशिश की। दरअसल, दलित-मुस्लिम वोट बैंक की बदौलत ही पिछले चुनाव में बसपा ने भाजपा को नाको चने चबवा दिए थे। भाजपा प्रत्याशी बमुश्किल 2379 वोटों से जीत सके थे। इस बार बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी बाहरी हैं। वह बुलंदशहर के रहने वाले हैं।

ध्रुवीकरण की बयार में भाजपा का गढ़ बनी

1977 में जनता पार्टी की जीत के बाद 1980 और 1984 में मेरठ लोकसभा सीट पर कांग्रेस काबिज रही। 1989 और 1991 में यह सीट जनता दल के पास रही। लेकिन 1990 के दौर में राम मंदिर आंदोलन का मेरठ में भी व्यापक असर हुआ और यह सीट भाजपा का गढ़ बन गई। 1991, 1996 और फिर 1998 में यहां से लगातार भाजपा के अमरपाल सिंह ने जीत दर्ज की। इसके बाद 1999 में कांग्रेस ने वापसी की। 2004 में यहां से बसपा ने बाजी मारी। लेकिन 2009 के बाद से भाजपा का कमल खिल रहा है। 2014 के चुनाव में भाजपा ने सवा दो लाख से ज्यादा वोटों से जीत का परचम लहराया। इस चुनाव में भाजपा से राजेंद्र अग्रवाल, बसपा से शाहिद अखलाक और सपा से शाहिद मंजूर मैदान में थे। मुस्लिम मतदाता सपा और बसपा के बीच बंटने से भाजपा की जीत आसान हो गई। 2024 के चुनाव में कोई मुस्लिम प्रत्याशी नहीं है। ऐसे में सबकी निगाहें असदुद्दीन ओवैसी पर टिकी हुई हैं। एआईएमआईएम का प्रत्याशी आने से भाजपा की राह काफी आसान हो जाएगी, ऐसा मानने वालों की कमी नहीं है।

2019 में सांसें थाम देने वाला मुकाबले में कैंट विस ने बचाई थी भाजपा की लाज

- वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा और बसपा का गठबंधन था। मेरठ हापुड़ लोकसभा सीट पर बसपा के हाजी मोहम्मद याकूब प्रत्याशी थे। उनका सीधा मुकाबला जीत की हैट्रिक लगाने उतरे भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल से था। कांग्रेस से हरेंद्र अग्रवाल मैदान में थे। लोकसभा क्षेत्र की पांच विधान सभा सीटों में चार हापुड़, किठौर, मेरठ सिटी और मेरठ दक्षिण में बसपा प्रत्याशी ने लीड बनाई। भाजपा करीब एक लाख से ज्यादा वोटों से पीछे थी, लेकिन मेरठ कैंट सीट ने भाजपा के लिए बाजी पलट दी। इस विधानसभा क्षेत्र ने न सिर्फ भाजपा और बसपा के बीच के वोटों के अंतर को खत्म किया, बल्कि 4729 वोटों से जीत दिलाने मे भी कामयाबी दिलाई। भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल को 5,86,184 वोट तो बसपा के हाजी याकूब को 5,81,455 वोट मिले थे।

2019 चुनाव में विधानसभा वार परिणाम

विस	भाजपा	बसपा	कांग्रेस
किठौर	109222	131039	3407
मेरठ	79241	109637	5427
मेरठ (दक्षिण)	123496	152210	6775
हापुड़ (एससी)	106151	122389	6602
मेरठ कैंट	168074	66180	12090

प्रमुख राजनीतिक दलों का वोट शेयर

चुनाव	भाजपा	सपा	बसपा	कांग्रेस
2019 लोस	48.4	----	48.1	2.8
2014 लोस	47.9	19.0	27.0	3.9
2009 लोस	31.9	25.2	25.4	8.4
2022 विस	46.2	26.9	12.5	1.5

- सपा ने मोदी की रैली के बाद बदला प्रत्याशी भाजपा के अरुण गोविल का मुकाबला करेंगे अब विधायक अतुल प्रधान
- दलित वोट साधने के लिए भाजपा प्रत्याशी नामांकन कराने के बाद सीधे पहुंचे बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने

तेजतर्रार नेता की छवि, संगीत सोम को हराकर चर्चा में आए

मेरठ जिले की मवाना तहसील के निवासी अतुल प्रधान ने छात्र नेता के रूप में राजनीति की शुरुआत की थी। अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें सपा छात्र सभा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। गुर्जर समाज से आने वाले अतुल प्रधान तेजतर्रार नेताओं में गिने जाते हैं। उन्होंने वर्ष 2012 में पहला चुनाव सरधना विधानसभा सीट से लड़ा था। भाजपा के संगीत सिंह सोम ने यह चुनाव जीता था और अतुल तीसरे नंबर पर रहे थे। 2017 के चुनाव में सपा ने एक बार फिर अतुल प्रधान पर भरोसा जताया। लेकिन इस बार भी वह भाजपा के संगीत सिंह सोम से हार गए। हालांकि, इस बार उनका स्थान दूसरा रहा। 2022 के चुनाव में सपा-रालोद गठबंधन में अतुल प्रधान को सरधना सीट से फिर मौका मिला और इस बार उन्होंने भाजपा के दो बार के विधायक संगीत सिंह सोम को 18 हजार से ज्यादा वोटों से हरा दिया।

2012 में पहला चुनाव सरधना विधानसभा सीट से लड़ा था।

2017 के चुनाव में सपा ने एक बार फिर जताया भरोसा

2022 के चुनाव में सपा-रालोद गठबंधन में अतुल प्रधान को तीसरा मौका मिला

प्रधान की पत्नी ने सपा से लड़ा था मेयर का चुनाव

- अतुल प्रधान की पत्नी सीमा प्रधान मेरठ में जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं। 2023 में सपा ने सीमा प्रधान को मेयर का टिकट दिया था। लेकिन वह भाजपा के मुकाबले तीसरे नंबर पर पिछड़ गई थीं। दरअसल मेयर चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने के प्रत्याशी ने दूसरे नंबर पर आकर उनका खेल बिगाड़ दिया था।

मुस्लिम और दलित वोट बैंक का वर्चस्व

- मेरठ लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम और दलित वोट बैंक का वर्चस्व है। मुसलमानों की आबादी यहां लगभग पौने छह लाख गिनी जाती है। दूसरे नंबर दलितों में जाटव समुदाय की आबादी करीब साढ़े तीन लाख और वाल्मीकि समाज 80 हजार के आसपास है। ब्राह्मण सवा लाख तो वैश्य दो लाख के आसपास और त्यागी समुदाय 50 हजार तथा जाट एक लाख 40 हजार और गुर्जर आबादी 60 हजार से ज्यादा है। इनके बाद सैनी, प्रजापति, पाल और कश्यप समाज की आबादी सवा लाख से ज्यादा है।

एमपी में कांग्रेसियों की भाजपा में शामिल होने की लाइन लगी

भोपाल। लोकसभा चुनाव से पहले मध्य प्रदेश में बड़े पैमाने पर दल-बदल की राजनीति चल रही है। कांग्रेस में भगदड़ जैसी हालत है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, विधायक कमलेश शाह, मेयर विक्रम अहाके, जगत बहादुर सिंह, समेत आधा दर्जन से ज्यादा पूर्व विधायक और पदाधिकारी कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का पटका पहन चुके हैं। इन हालात में विधानसभा चुनाव में करारी हार से उबरने की कोशिश में लगी कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव की राह और कठिन हो गई है।

हरियाणा में कांग्रेस की सूची लटकने से दावेदारों में बेचैनी

चंडीगढ़। हरियाणा के लिए कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवारों की सूची फाइनल नहीं होने से दावेदारों में बेचैनी है। भाजपा राज्य में अपने सभी दस उम्मीदवार उतार चुकी है तो इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी ने भी अपना उम्मीदवार बहुत पहले उतार दिया है। लेकिन हरियाणा में दस में से नौ सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस अभी तक उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं कर पाई है। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक अब एक या दो दिन में होने की बात कही जा रही है। माना जा रहा है कि तीन अप्रैल को राहुल गांधी वायनाड से नामांकन दाखिल करेंगे, इसके बाद चार अप्रैल को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पार्टी हरियाणा की सभी 9 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर सकती है। हरियाणा में कांग्रेस सियासी समीकरणों और भाजपा के उम्मीदवारों को चुनौती देने के लिए दिग्गज और जिताऊ उम्मीदवारों को मैदान में उतारने की तैयारी में है, जिसमें हरियाणा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष कुमारी सैलजा को अंबाला या सिरसा से चुनाव लड़ाने की चर्चा है। भूपेंद्र और दीपेंद्र हुड्डा को भी मैदान में उतारने की चर्चा है। रोहतक सीट पर दीपेंद्र हुड्डा कांग्रेस के उम्मीदवार हो सकते हैं, जबकि नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा संभवतः लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे।

हम भी साथ बालुरघाट में टीएमसी प्रत्याशी बिप्लब मित्रा के नामांकन जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं और जमकर जोश दिखाया।

दो सीएम के जेल जाने से अब घोषणा पत्र में भी होगा बदलाव

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- भाजपा करेगी हर स्तर पर भ्रष्टाचार मिटाने का वायदा तो कांग्रेस एजेंसियों के दुरुपयोग पर कानून में बदलाव पर देगी जोर

अमृत विचार : 31 मार्च को दिल्ली में इंडिया गठबंधन एवं मेरठ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियों के बाद भाजपा एवं कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्रों में कुछ बदलाव के संकेत मिले हैं। भाजपा भ्रष्टाचार और कांग्रेस सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग पर कानून में बदलाव का वायदा करेगी। दोनों दल अपने-अपने घोषणा पत्र पांच अप्रैल को जारी करने की तैयारी में हैं।

माना जा रहा है कि भाजपा के घोषणा पत्र में राजनीति एवं सरकार में किसी भी स्तर पर हो रहे भ्रष्टाचार को साफ करने की गारंटी मुख्य वायदा रहेगा। युवाओं, किसानों व महिलाओं के लिए कई वायदे प्रस्तावित हैं। महिला कल्याण एवं बेरोजगारी मिटाने की गारंटी दी जाएगी और किसानों की वर्तमान स्थिति को और बेहतर करने के लिए कई योजनाएं शुरू करने के भी संकेत मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक भाजपा के घोषणा पत्र में केंद्र सरकार की एजेंसियों के माध्यम से किसी भी स्तर के भ्रष्टाचार को रोकने का वादा किया जाएगा। भाजपा की तीसरी बार सत्ता में वापसी के बाद आम जनता को राहत पहुंचाने वाले तमाम वायदों के साथ सबसे बड़ा वादा भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करना होगा। भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में जनता की नब्ज टटोलने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अगुवाई में कई वीडियो वैन भी देश भर में रवाना की थी, ताकि एक करोड़ से ज्यादा लोगों की राय को घोषणा पत्र में शामिल किया जा सके।

उधर, कांग्रेस के घोषणा पत्र में भ्रष्टाचार के नाम पर बेकसूरों को फंसाने की कार्रवाई को रोकने के लिए वायदे होंगे। सूत्रों के मुताबिक चुनाव घोषणा पत्र में जनता को राहत पहुंचाने वाले तमाम वायदों को शामिल किया गया है। लेकिन सबसे बड़ा वायदा केंद्र सरकार की एजेंसियों जैसे सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय द्वारा यदि किसी के साथ बेजा कार्रवाई होती है, तो उसे रोकने के लिए वर्तमान कानून में बदलाव करने के वायदे का संकेत मिला है। कांग्रेस चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी चिदंबरम एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव संयोजक है। इसमें महासचिव प्रियंका गांधी सहित कुल 16 सदस्य हैं।

आजादी के बाद 90 के दशक तक टिहरी लोकसभा सीट कांग्रेस का गढ़ रही। यही वजह है कि बीते तीन चुनावों में हार के बाद भी कांग्रेस का वोट बैंक यहां 30 फीसदी से नीचे नहीं गया है। इस लोकसभा क्षेत्र में गंगा का उद्गम स्थल गोमुख, लाख मंडल, गंगोत्री, यमुनोत्री और विशाल टिहरी बांध स्थित है।

राजशाही परिवार का वर्चस्व तोड़ने की चुनौती

अरविंद मलिक, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड की पांच संसदीय सीटों में टिहरी लोकसभा सीट का खास महत्व है। आजादी के बाद से आज तक इस सीट पर टिहरी राजघराने का वर्चस्व बरकरार है। पहले यह सीट कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी लेकिन राम लहर के बाद भाजपा ने यहां मजबूत कब्जा जमा लिया। भारतीय जनता पार्टी ने इस बार फिर से वर्तमान सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह पर विश्वास जताया है, तो कांग्रेस ने मसूरी से दो बार विधायक रहे जोत सिंह गुनसोला को चुनाव मैदान में उतारा है। बेरोजगार सेना के बॉबी पंवार ने चुनावी ताल ठोक कर दोनों दलों की मुश्किल बढ़ा दी है। राजशाही परिवार की वजह से टिहरी क्षेत्र वीआईपी सीट रहा है। टिहरी की राजशाही के साथ ही एशिया के सबसे बड़े बांधों में से एक टिहरी बांध की वजह से इलाके की खास पहचान है। एक अगस्त 1949 को टिहरी रियासत भारत के अधीन आ गई थी, लेकिन टिहरी में राजशाही बरकरार रही।

माला राज्य लक्ष्मी शाह।

जोत सिंह गुनसोला।

- टिहरी में राजशाही परिवार के वर्चस्व को चुनौती देना नहीं आसान
- पहले कांग्रेस का था गढ़ राम लहर के बाद भाजपा ने किया कब्जा

08 बार भाजपा ने राज परिवार के सहारे जीत दर्ज की

30% लगातार हार के बाद भी कांग्रेस का बचा है वोट बैंक

तीन जिलों की 14 विस सीटें लोस क्षेत्र में शामिल

देहरादन जिले के कैंट, चकराता, मसूरी, रायपुर, राजपुर रोड, सहसपुर, विकासनगर विधानसभा क्षेत्र, टिहरी जिले के टिहरी, धनौल्टी, घनसाली और प्रताप नगर विधानसभा क्षेत्र,उत्तरकाशी जिले के पुरोला, गंगोत्री और यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र हैं।

2009 में हुए चुनाव की स्थिति

प्रत्याशी	पार्टी	वोट	प्रतिशत
विजय बहुगुणा	कांग्रेस	263083	44.97
जसपाल राणा	भाजपा	210144	35.92

2012 में हुए उपचुनाव की स्थिति

प्रत्याशी	पार्टी	वोट	प्रतिशत
माला राज्य लक्ष्मी शाह	भाजपा	245835	48.11
साकेत बहुगुणा	कांग्रेस	223141	43.67

1991 से 2004 के बाद बीते तीन चुनावों से भाजपा का कब्जा

- 1952 के पहले चुनाव में जब कांग्रेस का डंका बज रहा था निर्दलीयकमलेंदुमति शाह ने जीत हासिल की थी। 1957,62 व 67 में कांग्रेस के मानवेंद्र शाह तीन बार लगातार जीते। 1971 में कांग्रेस के परिपूर्णानंद पैन्यूली विजई रहे।
- 1977 में त्रेपन सिंह नेगी ने यहां जनता पार्टीका झंडा फहराया लेकिन 1980 में कांग्रेस के त्रेपन सिंह नेगी के बाद 1984 व 89 में ब्रहम दत्त जीते।
- 1991, 96, 98, 99 व 2004 में भाजपा के मानवेंद्र शाह ने लगातार कमल खिलाया। 2007 के उपचुनाव के बाद 2009 में भी कांग्रेस के विजय बहुगुणा ने जीत दर्ज की। इसके बाद 2012 उपचुनाव, 2014 और 2019 में भाजपा की माला राज्य लक्ष्मी शाह जीत की हैट्रिक लगा चुकी हैं।

कभी कांग्रेस का गढ़ थी सीट अब यहां खिल रहा कमल

- राजनीति में राजशाही परिवार के सदस्य सक्रिय रहे। वर्तमान सांसद और भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह भी राजशाही परिवार से हैं। आजादी के बाद 1952 में हुए पहले चुनाव में राजमाता कमलेंदुमति शाह निर्दलीय चुनाव लड़ी थीं। जिसमें उनकी बड़ी जीत हुई थी। इसके बाद 1957 में हुए चुनाव में टिहरी रियासत के अंतिम राजा मानवेंद्र शाह कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े और सांसद बने। 1962 व 67 के चुनाव भी कांग्रेस ने जीते और जीत की हैट्रिक बनाई।
- वर्ष 1971 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट से परिपूर्णानंद पैन्यूली टिहरी विजयी हुए। 1977 के चुनाव में देश भर में चली बदलाव की बयार के साथ ही त्रेपन सिंह नेगी जनता पार्टी से सांसद निर्वाचित हुए। 1980 के चुनाव में त्रेपन सिंह नेगी कांग्रेस के टिकट पर लड़े और जीत हासिल की। 1984 व 89 में कांग्रेस से ब्रहमदत्त लगातार निर्वाचित हुए। इसके बाद फिर से राजशाही परिवार ने चुनाव लड़ने का मन बनाया। भाजपा ने 1991 में परिवार के मानवेंद्र शाह को चुनाव मैदान में उतारा। उनकी बड़ी जीत से भाजपा का खाता खुला। इसके बाद मानवेंद्र शाह 96,98, 99 और 2004 के चुनाव में लगातार विजयी हुए।
- साल 2007 में इस सीट पर उपचुनाव में कांग्रेस के विजय बहुगुणा सांसद बने। 2009 में भी विजय बहुगुणा जीते। उनके मुख्यमंत्री बनने पर इस सीट पर 2012 में उपचुनाव हुआ। जिसमें भाजपा प्रत्याशी राजशाही परिवार की माला राज्य लक्ष्मी शाह पहली बार सांसद निर्वाचित हुईं।

2019 में चुनाव की स्थिति



माला राज्य लक्ष्मी शाह	565333 वोट
प्रीतम सिंह	264747 वोट

2014 में हुए चुनाव की स्थिति



माला राज्य लक्ष्मी शाह	446733 वोट
साकेत बहुगुणा	254230 वोट

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	73903.91	22453.30
बढ़त	110.64	8.70
प्रतिशत में	0.15	0.04

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, बुधवार, 3 अप्रैल 2024

लखनऊ मंडी

किराना भाव : (अनाज प्रति कुन्तल) गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000। **चावल प्रति कुन्तल :** चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500। **दाल दलहन :** चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800 9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 3000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000। **तेल तिलहन :** अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200। **आटा मैदा :** मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900 रवा 3000-3050। **किराना :** नारियल120-140 हल्दी175-225 लाल मिर्च225-250 काली मिर्च 660-880 धनिया 100-120 सुपाड़ी 525-550 जीरा 650-660 खटाई 120-140 सौफ 180-300 सोंठ 350-380

विस्तारा उड़ान रद्द होने और देरी पर दैनिक रूप से जानकारी दे : डीजीसीए

विस्तारा के उड़ान रद्द करने के मामलों पर करीबी नजर रखी जा रही

नयी दिल्ली, दो अप्रैल (भाषा)

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विस्तारा को उड़ान रद्द होने के साथ-साथ देरी पर दैनिक रूप से जानकारी देने को कहा है। साथ ही नियामक ने यात्रियों की सुविधा के लिए स्थिति पर करीबी नजर रखने की बात भी कही। डीजीसीए ने कहा कि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए वह विस्तारा के उड़ान रद्द करने के मामलों पर करीबी नजर रख रहा है।

एक सूत्र के अनुसार, एयरलाइन ने मंगलवार को 50 से अधिक उड़ाने रद्द की हैं। सूत्रों ने मंगलवार को बताया

कि कुछ कमांडर के साथ-साथ इसके ए320 बेड़े के प्रथम अधिकारी भी नए अनुबंधों में वेतन संशोधन की मांग को लेकर विरोध जताते हुए बीमार होने की सूचना दे रहे हैं। चालक दल की अनुपलब्धता और अन्य परिचालन कारणों के कारण एयरलाइन द्वारा परिचालन कम करने की घोषणा के एक दिन बाद यह बात सामने आई है। डीजीसीए ने मंगलवार को बयान में कहा कि विस्तारा की विभिन्न उड़ान बाधाओं के मद्देनजर उसने एयरलाइन को रद्द की जा रही और विलंबित उड़ानों की दैनिक जानकारी तथा विवरण देने को कहा है।

डीजीसीए के अधिकारी उड़ान रद्द होने और देरी की स्थिति में यात्रियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए जरूरी आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करने को स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। नियामक ने कहा, यह यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए है। नागर विमानन मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि वह विस्तारा की उड़ानें रद्द होने की स्थिति पर नजर रख रहा है।

पीपलको ने नए निवेशकों के लिए 'लेमन' ऐप पेश किया

नयी दिल्ली। उद्यमी आशीष सिंघल, गोविंद सोनी और विमल सागर तिवारी की कंपनी पीपलको ने एक शेयर निवेश ऐप 'लेमन' पेश की है। इसका मकसद नए निवेशकों के लिए प्रक्रिया को सरल करना है। सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि 'लेमन' शेयर ब्रोकिंग में पीपलको के विस्तार का प्रतीक है। इसका स्वयं का प्रबंधन और संचालन दल के साथ एक अलग व्यापार प्रभाग होगा। देवम सरदाना 'लेमन' में दल का नेतृत्व करेंगे। बयान में कहा गया, ...सफल उद्यमियों आशीष सिंघल, गोविंद सोनी और विमल सागर तिवारी के मंच पीपलको ने एक शेयर निवेश ऐप 'लेमन' पेश की है।'' पीपलको समूह के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी आशीष सिंघल ने कहा, लाखों भारतीयों को आज भी शेयर बाजार जटिल लगता है।

सड़क परिवहन मंत्रालय ने 40,314 करोड़ जुटाए

नयी दिल्ली, एजेंसी

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2023-24 में अपनी परिसंपत्तियों के मौद्रीकरण के जरिये कुल 40,314 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जो निर्धारित लक्ष्य से काफी अधिक है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि मंत्रालय ने टोल वसूली-परिचालन- हस्तांतरण (टीओटी) समूहों के मौद्रीकरण के जरिये समाप्त वित्त वर्ष में 15,968 करोड़ रुपये जुटाए जबकि अवसंरचना निवेश न्यास (इनविट) के माध्यम से 15,700 करोड़ रुपये और प्रतिभूतियों की बिक्री के जरिये 8,646 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इस तरह वित्त वर्ष 2023-24 के लिए संपत्ति मौद्रीकरण के जरिये जुटाई गई राशि 28,968 करोड़ रुपये के निर्धारित लक्ष्य से आगे निकल गई। मंत्रालय ने संपत्ति मौद्रीकरण के जरिये वित्त वर्ष 2022-23 में 32,855 करोड़ रुपये जुटाए थे। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय फिलहाल अपनी परिसंपत्तियों का मौद्रीकरण तीन तरीकों से करता है जिसमें टीओटी मॉडल, इनविट और परियोजना-आधारित वित्तपोषण शामिल है। इस तरह सभी श्रेणियों के निवेशकों को संबंधित परिसंपत्तियों में निवेश करने का अवसर दिया जाता है। इनविट म्यूचुअल फंड की तर्ज पर एक निवेश साधन है, जिसे निवेशकों से पैसा इकट्ठा करने और परिसंपत्तियों में निवेश करने के लिए बनाया है।

सर्राफा

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	68,750
सोना रवा	68,600
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	76,300
चांदी (999)	76,200
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

लखनऊ मंडी

अजवाइन 180-225 मेंथी 70-90। **मेवा :** चिरौंजी 2100-2300 छुआरा 150-250 मखाना 750-900 किशमिश 180-225 काजू 600-1100 बादाम 450-920 छोटी इलाइची 1900-2200 बड़ी इलाइची 1300-1500 लौंग 940-1000 कत्था 1400-1600 कपूर 500-650 गोलाकश 130-140।

बायजू 500 कर्मियों की छंटनी करेगी, ट्यूशन सेंटर होंगे प्रभावित

नयी दिल्ली, एजेंसी

वित्तीय संकट से घिरे शिक्षा-प्रौद्योगिकी मंच बायजू को फिर से पटरी पर लाने की कोशिशों के बीच करीब 500 कर्मचारियों की छंटनी की जा रही है। सूत्रों ने कहा कि यह छंटनी कारोबार पुनर्गठन की कोशिशों का हिस्सा है। इसकी शुरुआत 15-20 दिन पहले हुई थी और इस प्रक्रिया में करीब 500 कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं।

नौकरी में कटौती का नवीनतम दौर बिक्री कार्यों, शिक्षकों और कुछ ट्यूशन केंद्रों को प्रभावित करेगा। हालांकि सूत्रों ने कहा कि बायजू को बेहद खराब स्थिति में ही आगे चीजों को सुसंगत करने की जरूरत पड़ सकती है। ऐसी सूचना है कि कुछ प्रभावित कर्मचारियों को फोन पर छंटनी की सूचना दे दी गई है। लेकिन छंटनी के संबंध में बायजू ने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। बायजू के प्रवक्ता ने एक ईमेल प्रतिक्रिया में कहा, ''हम परिचालन ढांचे को सरल बनाने, लागत आधार को कम करने और बेहतर नकदी प्रवाह प्रबंधन के लिए अक्टूबर, 2023 में घोषित कारोबार पुनर्गठन अभ्यास के अंतिम चरण में हैं।''

रुपया तीन पैसे फिसला

मुंबई। आयातकों और बैंकरों की लिवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया तीन पैसे फिसलकर 83.42 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.39 रुपये प्रति डॉलर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया दो पैसे को बढ़त लेकर 83.37 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान हुई बिकवाली की बदौलत 83.34 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 83.43 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। पिछले दिवस के 83.39 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में तीन पैसे फिसलकर 83.42 रुपये प्रति डॉलर रह गया।

भीषण गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट पहुंचने के आसार

नयी दिल्ली, एजेंसी

इन गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट पर पहुंच जाने के अनुमान के बीच कोयले से पैदा होने वाली बिजली पर भारत की अत्यधिक निर्भरता बने रहने के आसार हैं। बिजली मंत्रालय के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि देश के कुछ हिस्सों में इस साल भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। इस दौरान बिजली की मांग भी काफी बढ़ जाएगी और मंत्रालय इसे ध्यान में रखते हुए अपनी तैयारी कर रहा है।

अधिकारी ने कहा कि नवीकरणीय क्षमताओं में वृद्धि जारी होने के बीच चरम मांग को पूरा करने के लिए बिजली संयंत्रों में कोयले का भंडार जमा किया जा रहा है। इसके अलावा सौर ऊर्जा भी मांग को पूरा करने में काफी मदद करेगी। मंत्रालय ने सभी बिजली उत्पादक कंपनियों, खासकर कोयले से चलने वाले ताप-विद्युत संयंत्रों को अपनी रखरखाव योजनाओं को टालने का निर्देश दिया है। इसके अलावा गैस-आधारित बिजली संयंत्रों को बिजली पैदा करने के लिए उपलब्ध रहने को कहा गया है। भारतीय मौसम-विज्ञान विभाग ने मंगलवार को अनुमान जताया कि भारत में अप्रैल-जून की अवधि में भीषण गर्मी का सामना करना होगा। इसकी सबसे ज्यादा मार देश के मध्य और पश्चिमी प्रायद्वीपीय हिस्सों पर पड़ने की आशंका है। इसके अलावा, अधिकांश मैदानी इलाकों में सामान्य से अधिक लू चलने का अनुमान है। मौसम विभाग का कहना है कि देश के विभिन्न हिस्सों में सामान्यतः चार से आठ दिन की तुलना में 10-20 दिन तक लू चल सकती है। बिजली मंत्रालय का अनुमान है कि देश में अधिकतम मांग 260 गीगावाट तक पहुंच सकती है, जो पिछले साल सितंबर के रिकॉर्ड 243 गीगावाट से अधिक है।

राष्ट्रीय

एक नजर

आबकारी विभाग ने 32 हजार बल्क लीटर अवैध शराब की जब्त

शिमला। हिमाचल प्रदेश के राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने प्रदेश में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ व्यापक अभियान आरम्भ किया है। यह जानकारी देते हुए आयुक्त डॉ. यूनुस ने मंगलवार को यहां बताया कि विभाग ने एक सघन अभियान के दौरान जिला बिलासपुर जिला के दबट व माजरी इत्यादि क्षेत्रों में तलाशी अभियान के दौरान अवैध शराब की 10 भट्ठियों पर कार्रवाई की। पंजाब के आबकारी विभाग के साथ की गई इस संयुक्त कार्रवाई में 18000 बल्क लीटर लाहन बरामद कर नष्ट किया गया। इसकी अनुमानित कीमत 18 लाख रुपये आंकी गई है।

पूर्व भाजपा विधायक की पत्नी फिर पार्टी में शामिल

शिमला। हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन बार विधायक रहे राकेश वर्मा की पत्नी इंदु वर्मा मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल की उपस्थिति में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। हिमाचल विधानसभा के लिए 2022 में हुए चुनाव से ठीक पहले वह कांग्रेस में शामिल हो गई थीं, लेकिन ठियोग सीट से टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने ठियोग सीट से पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख कुलदीप राठौर को मैदान में उतारा था।

जम्मू कश्मीर में 1.56 करोड़ की संपत्ति जब्त

श्रीनगर। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में 1.56 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जांच एजेंसी ने कहा कि कुर्क संपत्तियों में 6,000 वर्ग फुट से अधिक की जमीन, दो मंजिला आवासीय इमारत और नियामत अली भट का एक वाहन शामिल है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ईडी श्रीनगर ने यहां 1.56 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी तौर पर जब्त कर लिया है। इसमें एक कनाल तीन मरला जमीन, उस पर बने दो मंजिला आवासीय मकान और नियामत अली भट नाम के एक व्यक्ति का वाहन शामिल है।

मोदी से राहुल का कोई मुकाबला नहीं: शाह

इंडिया समूह को वंशवादियों और भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार दिया

बेंगलुरु, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए इंडिया समूह को वंशवादियों और भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार दिया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गांधी का कोई मुकाबला नहीं है।

शाह ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, "आगामी आम चुनावों में एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और भाजपा है, वहीं दूसरी ओर 'परिवारवादियों' और 'भ्रष्टाचारियों' का यह द इंडिया समूह है। '' उन्होंने दावा किया कि राजग राज्य की सभी

28 सीटें जीतेगी। उन्होंने सत्तारूढ़ कांग्रेस पर राज्य में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने मोदी की ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए दावा किया कि उनके (मोदी) के नेतृत्व में भाजपा ने पारदर्शिता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। गृह मंत्री ने कहा, "लोगों के पास स्पष्ट विकल्प है। एक ओर जहां मोदी ने एक पैसे के भ्रष्टाचार के बिना 23 वर्षों तक शासन किया है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला किया है। ये लोग जहां कहीं भी सत्ता में आते हैं, भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाते हैं। इनका दिमाग कभी भी लोगों की सेवा करने पर केंद्रित नहीं होता है।" उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार की भी निंदा की। उन्होंने इसकी तुलना मोदी के भ्रष्टाचार मुक्त शासन के रिकॉर्ड से की। उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर मोदी के अपने कार्यकाल के दौरान कोई छुट्टी न लेने की उनकी कार्य नीति का उल्लेख करके उनके (मोदी के) समर्पण का उल्लेख किया। शाह ने कहा, " प्रधानमंत्री हमेशा भारत के लिए काम करते हैं। वह एक दिन की भी छुट्टी नहीं लेते हैं, जबकि राहुल 'बाबा' गर्मियों की छुट्टियों में घूमने के लिए विदेश जाते हैं। प्रत्येक छह महीने में कांग्रेस कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें ढूंढने लगते हैं। पूरा देश इस समय मोदी के साथ खड़ा है।" इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता बी.एस. येदियुरप्पा, प्रह्लाद जोशी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव को देखते हुए सेना और पुलिस अलर्ट पर हैं। वहीं जम्मू संभाग के पुंछ जिले के मेंढर क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने संयुक्त टीम के साथ संवेदनशील स्थानों का दौरा किया। ● एजेंसी

महाराष्ट्र सदन घोटाला मामले में भुजबल को जारी किया नोटिस

मुंबई, एजेंसी

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता एवं महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल और उनके परिवार के सदस्यों को एक याचिका पर मंगलवार को नोटिस जारी किये हैं। इस याचिका में भुजबल और उनके परिजनों को नयी दिल्ली के महाराष्ट्र के सदन के निर्माण में कथित घोटाले से संबधित एक मामले में सत्र न्यायालय द्वारा आरोप मुक्त किये जाने को चुनौती दी गयी है। न्यायमूर्ति एस एम मोदक की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार के भ्रष्टाचार निवारक ब्यूरो (एसीबी) के माध्यम से भुजबल, उनके पुत्र पंकज, भतीजा समीर और छह अन्य को नोटिस भेजे हैं। अदालत अब इस मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल को करेगी।

फर्जी खबरों के विरुद्ध ऑनलाइन रजिस्टर

नयी दिल्ली, एजेंसी

चुनाव आयोग ने नयी लोकसभा चुनने के लिए इस समय जारी प्रक्रिया में फर्जी खबरों और सूचनाओं से निपटने के लिए मंगलवार को 'कल्पना बनाम सच्चाई रजिस्टर' नाम से एक नया सावर्जजनिक ऑनलाइन रजिस्टर शुरू किया है। इस रजिस्टर को अद्यतन फैक्ट-चेक (तथ्यों की जांच) में उजागर नकली सूचनाओं और आयोग द्वारा चुनाव संबंधी विषयों में समय-समय पर जारी की जाने वाली सामान्य प्रश्नोत्तरी (एफएक्यू) को शामिल करने के लिए नियमित रूप से अपडेट किया जाएगा। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह पहल गलत सूचनाओं के प्रसार से निपटने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए आयोग द्वारा किए जा रहे उपायों का हिस्सा है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपने साथी दोनों चुनाव आयुक्तों - ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ निर्वाचन सदन में आयोजित एक समारोह में चुनाव आयोग की अधिकृत वेबसाइट पर इस रजिस्टर का उद्घाटन किया। आयोग ने कहा है कि ' कल्पना बनाम सच्चाई रजिस्टर' की शुरूआत चुनावी प्रक्रिया को गलत सूचना से बचाने के लिए आयोग के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कोशिश है।

अरविंद केजरीवाल की नैतिकता समाप्त हो चुकी है : भाजपा

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा जेल से सरकार चलाने पर आड़े हाथों लेते हुए मंगलवार को कहा कि अब भ्रष्ट आचरण से केजरीवाल की नैतिकता समाप्त हो चुकी है और दिल्ली की जनता उनसे मुक्ति चाहती है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इंडिया समूह पर जमकर हमला बोला और भ्रष्टाचार के आरोप में संलिप्त दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा जेल से सरकार चलाने पर सवाल उठाए। भाटिया ने इंडिया समूह पर निशाना साधा।

निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में दो आईजी, आठ डीएम, 12 पुलिस अधीक्षकों के तबादले किए

नयी दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए अपनी ''नियमित समीक्षा'' के तहत मंगलवार को पांच राज्यों में दो पुलिस महानिरीक्षकों (आईजी), आठ जिलाधिकारियों और 12 पुलिस अधीक्षकों के तबादले का आदेश जारी किया।

आयोग ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू भी उपस्थित थे। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए तारीखों की 16 मार्च को घोषणा की थी। ये चुनाव सात चरणों में, 19 अप्रैल से एक जून तक होंगे। मतगणना चार जून को होगी। साथ ही, जिन अधिकारियों को मौजूदा पदस्थापन से हटा दिया गया है, उन्हें लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक कोई चुनावी ड्यूटी नहीं दी जाए। संबंधित राज्य सरकारों को निर्देश दिया गया है कि वे भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के नामों की एक सूची आयोग को भेजें तथा 'शॉर्टलिस्ट' किए गए अधिकारियों को स्थानांतरित अधिकारियों के स्थान पर नियुक्त किया जाए। स्थानांतरित किये गए पुलिस महानिरीक्षकों में आंध्र प्रदेश के गुंटुर क्षेत्र और ओडिशा में मध्य क्षेत्र के आईजी शामिल हैं। स्थानांतरित किये गए अन्य अधिकारियों में बिहार के भोजपुर जिले के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक, नवादा जिले के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक तथा असम में उदलगिरि के जिलाधिकारी शामिल हैं। वहीं, आयोग ने झारखंड के मुख्य सचिव को पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रांची, पुलिस उपमहानिरीक्षक (पलामू) और पुलिस महानिरीक्षक (दुमका) के पदों पर रिक्तियों को भरने के लिए अधिकारियों के नाम की एक सूची भेजने को कहा है।

सीआरपीएफ के एडीजी को मूल काडर उप्र वापस भेजा गया

नयी दिल्ली। सीनियर आईपीएस बिनोद कुमार सिंह को मंगलवार को उनके मूल काडर उत्तर प्रदेश तत्काल प्रभाव से वापस भेज दिया गया। सिंह अभी सीपीआरएफ में अतिरिक्त महानिदेशक के पद पर हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक आदेश के अनुसार, सक्षम प्राधिकार ने सिंह को समय पूर्व वापस भेजने को अनुमति प्रदान कर दी है। हालांकि इस आदेश में, 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी को समय पूर्व मूल काडर में वापस भेजने का कोई कारण नहीं बताया गया है। यह आदेश, सिंह के विरूद्ध एक पुलिस शिकायत दर्ज होने के दो सप्ताह बाद आया है।

सुनीता केजरीवाल से मिले आप विधायक

नई दिल्ली, ब्यूरो/ एजेंसी

- **बोले- जेल से ही सरकार चलाएं दिल्ली के मुख्यमंत्री**

आप के विधायकों और पार्षदों ने मंगलवार को अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता से मुलाकात की और कहा कि मुख्यमंत्री को जेल से ही सरकार चलानी चाहिए और वह इस्तीफा नहीं दें। दिल्ली के मुख्यमंत्री को आबकारी नीति मामले में एक दिन पहले न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद यह बयान आया है।

मुख्यमंत्री आवास पर हुई उक्त बैठक में प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय, आतीशी सिंह, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत, सोमनाथ भारती सहित 55 विधायकों ने हिस्सा लिया। चार विधायक शहर से बाहर बताए गये, जबकि तीन - केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन - जेल में हैं। 70 विधायकों वाली दिल्ली विधानसभा में आप के 62 एवं भाजपा के 8 विधायक हैं। इस बैठक को लेकर प्रमुख विपक्षी दल द्वारा कहा जा रहा था कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पार्टी टूट के कगार पर पहुंच गई है। जिसकी आशंका को देखते हुए फरवरी में ही मुख्यमंत्री स्वयं विश्वास प्रस्ताव विधानसभा में लेकर आए थे ताकि 6 माह तक विधानसभा में कोई संसदीय संकट न पैदा हो सके। बैठक के बाद आप के टूटने की आशंका समाप्त हुई है। लेकिन कई महीनो से चल रहे इस प्रकरण पर राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की खामोशी सवालों के घेरे में है। आप के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि केजरीवाल तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सुनीता केजरीवाल के साथ बातचीत कर सकते हैं। इसलिए विधायकों ने उनसे आग्रह किया कि वह उनका संदेश केजरीवाल तक पहुंचा दें कि उन्हें इस्तीफा दिए बिना जेल से ही सरकार चलाते रहना चाहिए। भारद्वाज ने बताया कि विधायकों ने सुनीता केजरीवाल से कहा कि भाजपा दिल्ली के मुख्यमंत्री को इस्तीफा दिलाने के लिए उनपर अत्यधिक दवाब डालेगी। यदि वह इस्तीफा देते हैं तो वे कहेंगे कि वह जिम्मेदारियों से भाग गए।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
राजस्थान रॉयल्स	03	03	00	00	06	+1.249
कोलकाता नाइट राइडर्स	02	02	00	00	04	+1.047
चेन्नई सुपरकिंग्स	03	02	01	00	04	+0.976
लखनऊ सुपर जायंट्स	03	02	01	00	04	+0.483
गुजरात टाइटंस	03	02	01	00	04	-0.738
सनराइजर्स हैदराबाद	03	01	02	00	02	+0.204
दिल्ली कैपिटल्स	03	01	02	00	02	-0.016
पंजाब किंग्स	03	01	02	00	02	-0.337
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	04	01	03	00	02	-0.876
मुंबई इंडियंस	03	00	03	00	00	-1.423

क्विंटन डिकॉक

विकेट लेते के बाद कुछ इस तरह जश्न मनाते आरसीबी के ग्लेन मैक्सवेल।

खेल डायरी

प्रज्ञानानंदा सर्वश्रेष्ठ के तौर पर शुरू करेंगे अभियान

टोरंटो। युवा शतरंज खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा अगले विश्व चैंपियनशिप मैच के लिए चुनौती तय करने के लिए बुधवार से यहां शुरू होने वाले कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में तीन भारतीय प्रतिभागियों के बीच सबसे मजबूत दावेदार के रूप में अपना अभियान शुरू करेंगे। प्रज्ञानानंदा के साथ डी गुकेश और विदित गुजराती कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे। लगभग 35 वर्षों के बाद आठ खिलाड़ियों के इस टूर्नामेंट के लिए तीन भारतीयों ने क्वालिफिकेशन हासिल किये हैं। कुछ विशेषज्ञ भारत को शतरंज की दुनिया का नया रूस मान रहे हैं क्योंकि पहले ऐसा दबदबा सिर्फ रूस के खिलाड़ियों का ही दिखता था।

हाथापाई के मामले में दीपक शर्मा को निलंबित किया

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मंगलवार को कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को आगामी सूचना तक निलंबित कर दिया। शर्मा पर गोवा में दो महिला खिलाड़ियों के साथ कथित तौर पर मारपीट का आरोप है। इंडियन वुमैंस फुटबॉल लीग सेकंड डिविजन में भाग लेने गई हिमाचल प्रदेश स्थित खाड एफसी की दो फुटबॉल खिलाड़ियों ने आरोप लगाया था कि क्लब के मालिक शर्मा 28 मार्च की रात उनके कमरे में घुस गए और उन्हें पीटा। शनिवार को एआईएफएफ ने शर्मा को जांच पूरी होने तक फुटबॉल संबंधित गतिविधियों से दूर रहने को कहा था।

शृंखला खेलने आस्ट्रेलिया रवाना भारतीय हॉकी टीम

नयी दिल्ली। भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये छह अप्रैल से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की शृंखला खेलने आस्ट्रेलिया रवाना हो गई। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम सोमवार की रात रवाना हुई। भारतीय टीम ने हाल ही में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग के चार में से तीन मैच जीते थे। छह अप्रैल को पहले मैच के बाद सात, 10, 12 और 13 अप्रैल को मैच होने हैं। हरमनप्रीत ने रवानगी से पहले कहा, ''इस दौरे को लेकर हम काफी उत्साहित हैं। इससे हमें पेरिस ओलंपिक से पहली अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा और सुधार का मौका भी मिलेगा।''

बेन स्टोक्स टी20 विश्व कप में नहीं खेलेंगे

लंदन। इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी बेन स्टोक्स आगामी टी20 विश्व कप से यह कहते हुए हट गए हैं कि इस 'बलिदान' से उन्हें पूरी ताकत से गेंदबाजी करने के लिए फिटनेस हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी और वह निकट भविष्य में वह ऑलराउंडर बन पाएंगे जो बनना चाहते हैं। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस शीर्ष प्रतियोगिता के शुरू होने से दो महीने पहले इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को अपने फैसले के बारे में जानकारी दे दी है। ईसीबी द्वारा जारी बयान में स्टोक्स ने कहा, ''मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मेरा ध्यान गेंदबाजी फिटनेस हासिल करने पर है जिससे कि क्रिकेट के सभी प्रारूपों में ऑलराउंडर की भूमिका निभा सकूं।''

बिंदियारानी को भारोत्तोलन विश्व कप में कांस्य पदक

फुकेट (थाईलैंड)। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता भारोत्तोलक बिंदियारानी देवी ने मंगलवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं की 55 किग्रा स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। गैर ओलंपिक भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए 25 वर्षीय बिंदियारानी ने कांस्य पदक जीतने के दौरान कुल 196 किग्रा (83 और 113 किग्रा) उठाया। हालांकि यह मणिपुरी भारोत्तोलक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई। उन्होंने 2022 में बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में 203 किग्रा के कुल प्रयास के साथ रजत पदक जीता था। भारतीय खिलाड़ी छह प्रयासों में सिर्फ तीन वैध प्रयास कर सकी। उनका कुल वजन का प्रयास उत्तर कोरिया की कांग ह्योन ग्योंग से 38 किग्रा कम था जिन्होंने कुल 234 किग्रा (103 और 131 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता।

भारत के अनिरूद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत एटीपी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में

ह्यूस्टन। भारत के अनिरूद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत की जोड़ी अमेरिका में एटीपी टूर पर पुरूषों की क्लेकोर्ट चैम्पियनशिप के युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। भारतीय जोड़ी ने अमेरिकी वाइल्ड कार्डधारी माइकल एममो और फ्रांसिस टियाफो को 6-3, 6-4 से हराया। अब उनका सामना आस्ट्रेलिया के चौथी वरीयता प्राप्त एम पर्सल और जे थॉम्पसन से होगा। प्रशांत इस समय युगल रैंकिंग में 101वें और चंद्रशेखर 113वें स्थान पर है।

डिकॉक-पूरन की ताबड़तोड़ पारी से एलएसजी की जीत

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की 28 रनों से हार, लखनऊ सुपरजायंट्स के मयंक यादव ने 14 रन देकर तीन विकेट झटके

निकोलस पूरन

बेंगलुरु, एजेंसी

क्विंटन डिकॉक 81 रनों की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद मयंक यादव के 14 रन देकर तीन विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें मैच में रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु को 28 रनों से हरा दिया है।

रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु की विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 40 रन जोड़ते हुए टीम के लिए अच्छी शुरुआत की। लेकिन पांचवें ओवर में पहले विराट कोहली और उसके बाद फाफ डुप्लेसी का विकेट पर बेंगलुरु की पारी लड़खड़ा गई। विराट ने 16 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 22 रन बनाये। वहीं डुप्लेसी ने 13 गेंदों में 19 रनों की पारी खेली। रजत पाटीदार ने 21 गेंदों में दो चौके और दो छक्कों की मदद से 29 रन बनाये। कैमरन ग्रीन नौ रन, अनुज रावत11 रन बनाकर आउट हुये। महिपाल लोमरोर ने टीम के लिए 13 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्को की मदद से सर्वाधिक 33 रन बनाये। दिनेश कार्तिक चार रन और मोहम्मद सिराज 12 रन बनाकर बनाकर आउट हुये।

लखनऊ के गेंदबाजों ने बेंगलुरु की टीम 19.4 ओवर में 153 रनों पर समेट दिया। लखनऊ की ओर से मयंक यादव ने तीन विकेट लिये। नवीन उल हक को दो विकेट मिले। मनीमारन सिद्धार्थ, यश ठाकुर और मार्कस स्टॉयनिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स ने रॉयल चैंलेजर्स बेंगलुरु को जीत के लिय 182 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। लखनऊ की क्विंटन डिकॉक और कप्तान के एल राहुल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े। छठें ओवर में मैक्सवेल ने डागर के हाथों राहुल को कैच आउट कराया। राहुल ने 14 गेंदों में दो छक्कों की मदद से 20 रन बनाये। वहीं क्विंटन डिकॉक ने 56 गेंदों में आठ चौके और पांच छक्कों की मदद से 81 रनों की पारी खेली। नौवें ओवर सिराज ने देवदत्त पड़िक्कल छह रन आउट कर पवेलियन भेज दिया। मार्कस स्टॉयनिस ने 15 गेंदों में एक चौके और दो छक्कें की मदद से 24 रनों की पारी खेली।

बिसलरी 4 टीमों का बना हाइड्रेशन पार्टनर

नई दिल्ली। देश के प्रमुख बोतलबंद पीने का पानी, बिसलरी इंटरनेशनल ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात टाइटन्स, मुंबई इंडियन्स, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के साथ हाइड्रेशन पार्टनर के रूप में साझेदारी की घोषणा की। कंपनी के सेल्स एंड मार्केटिंग निदेशक तुषार मल्होत्रा ने कहा " पांच जानी-मानी क्रिकेट फ्रेंचाइजी के साथ क्रिकेट के इस मौसम में प्रवेश करते हुए हम बेहद खुश हैं। बिसलेरी हैशडिंक्रइटअप के तहत हम एक मार्केटिंग कैम्पेन शुरू करने वाले हैं। इसमें हमारे साझेदार टीमों के खिलाड़ियों की तस्वीरों वाला सीमित-एडिशन पैक दिखाया जाएगा।

लखनऊ 181/5

20 ओवर, अतिरिक्त : 10

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
डिकॉक का डागर बो टॉप्ली	81	56	8/5
राहुल का डागर बो मैक्सवेल	20	14	0/2
पडिक्कल का रावत बो सिराज	06	11	0/0
स्टोइनिस का डागर बो मैक्सवेल	24	15	1/2
निकोल्स पूरन नाबाद	40	21	1/5
बडोनी का डुप्लेसिस बो दयाल	00	03	0/0
कृणाल पंड्या नाबाद	00	00	0/0

गेंदबाजी : टॉप्ली 4-0-39-1, दयाल 4-0-24-1, सिराज 4-0-47-1, मैक्सवेल 4-0-23-2, डागर 2-0-23-0, ग्रीन 2-0-25-0

बेंगलुरु 153/10

19.4 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
कोहली का पडिक्कल बो सिद्धार्थ	22	16	2/1
फाफ डु प्लेसी रनआउट पडिक्कल	19	13	3/0
रजत पाटीदार का पडिक्कल बो मयंक	29	21	2/2
ग्लेन मैक्सवेल का पूरन बो मयंक	00	02	0/0
कैमरन ग्रीन बो मयंक	09	09	1/0
अनुज रावत का पडिक्कल बो स्टोइनिस	11	21	0/0
महिपाल लोमरोर का पूरन का यश ठाकुर	33	13	3/3
दिनेश कार्तिक का राहुल बो नवीन-उल-हक	04	08	0/0
मयंक डागर रन आउट पूरन	00	01	0/0
रीस टॉप्ले	03	06	0/0
मोहम्मद सिराज	12	08	0/2

गेंदबाजी : एम सिद्धार्थ 3-0-21-1, कृणाल 1-0-10-0, नवीन उल हक 3.4-0-25-2, मयंक 4-0-14-3, बिश्नोई 3-0-33-0, यश ठाकुर 4-0-38-1, स्टोइनिस 1-0-9-1

कोलकाता नाइट राइडर्स की चुनौती के लिए तैयार है दिल्ली कैपिटल्स

विशाखापत्तनम, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स की नजरें बुधवार को आईपीएल के मैच में यह साबित करने पर लगी होंगी कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मिली जीत कोई तुक्का नहीं थी जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स की नजरें जीत की हैट्रिक पर लगी होंगी। दिल्ली ने रविवार को गत चैम्पियन चेन्नई को 20 रन से हराया जो इस सत्र में उनकी पहली जीत थी। अब उनका सामना केकेआर से है जिसके बल्लेबाजों ने 29 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के गेंदबाजों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था।

दिल्ली के लिये आस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर और पृथ्वी साव पर अच्छी शुरूआत देने की जिम्मेदारी होगी। इस बीच ऋषभ पंत ने पहले दो मैचों में औसत प्रदर्शन के बाद अपने पुराने फॉर्म में लौटते हुए 32 गेंद में 51 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स और आस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श भी विरोधी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में माहिर हैं। स्टब्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया और टीम उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद कर रही होगी। मार्श ने अभी तक उस तरह की बल्लेबाजी नहीं की है जिसके लिये वह जाने जाते हैं। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया को अभी तक लय नहीं मिली है जो चोट के कारण लंबे समय बाद लौटे हैं।

कोलकाता नाइट राइडर्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतिश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफाने रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा। **दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स। **मैच का समय :** शाम 7.30 से।

बांग्लादेश से दूसरा टेस्ट जीतने की दहलीज पर श्रीलंका

चटगांव (बांग्लादेश)। श्रीलंका ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे बांग्लादेश का स्कोर मंगलवार को यहां सात विकेट पर 268 रन करके दूसरे टेस्ट में जीत और श्रृंखला में सूपड़ा साफ करने की ओर कदम बढ़ाए। तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा, बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या और कामचलाऊ गेंदबाज कामिंदु मेंडिस ने दो-दो विकेट चटकाकर दूसरे टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंका को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। दिन का खेल खत्म होने पर मेहदी हसन 49 गेंद में सात चौकों की मदद से 44 जबकि ताइजुल इस्लाम 10 रन बनाकर खेल रहे थे। बांग्लादेश की टीम को जीत के लिए अब भी 243 रन की दरकार है और उसकी हार तय नजर आ रही है।

आईपीएल मैच का बदला कार्यक्रम : बीसीसीआई

नयी दिल्ली, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के घरेलू मैच को मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन 16 अप्रैल को कराने का फैसला किया गया जबकि गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच अहमदाबाद में होने वाले मैच के कार्यक्रम में भी बीसीसीआई ने बदलाव किया है।

पीटीआई ने सोमवार को अपनी खबर में कहा था कि केकेआर और रॉयल्स के बीच 17 अप्रैल को होने वाले मुकाबले के कार्यक्रम में राम नवमी के कारण बदलाव लगभग तय है। बीसीसीआई ने हालांकि इन दोनों मैच के कार्यक्रम में बदलाव का कोई कारण नहीं बताया। बीसीसीआई ने बयान में कहा, ''कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 17 अप्रैल 2024 को होने वाला मुकाबला अब एक दिन पहले 16 अप्रैल 2024 को होगा।'' बोर्ड ने कहा, ''अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को पहले गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच 16 अप्रैल 2024 को मैच की मेजबानी करनी थी। यह मुकाबला अब 17 अप्रैल 2024 को होगा।'' पता चला है कि कोलकाता पुलिस ने आईपीएल के 17वें सत्र के केकेआर के तीसरे घरेलू मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने में असमर्थता जताई।

बॉलीवुड हलचल

दोस्त उड़ाते थे शक्ल का मजाक, आज अजय देवगन हैं बॉलीवुड के सुपरस्टार



मुंबई, एजेंसी। बोल बच्चन, सिंघम सीरीज, शिवाय जैसी सुपरहिट फिल्में देने वाले अजय देवगन आज 55 साल के हो चुके हैं। सांवली रंगत और भारी आवाज वाले अजय देवगन, स्टंट डायरेक्टर वीरू देवगन के बेटे हैं। कभी गुंडागर्दी के लिए कॉलेज में मशहूर अजय ने जब अपने दोस्तों से कहा कि वो हीरो बनेंगे, तो दोस्त मजाक उड़ाते हुए हंस पड़े और हैरानी से पूछा- तू हीरो बनेगा? आज यही अजय देवगन बॉलीवुड के सबसे कामयाब एक्टर्स में शामिल हैं। शाहरुख हों, सलमान हों या आमिर, 90 दशक के हर स्टार ने किसी न किसी साल फ्लॉप फिल्में दीं या ब्रेक लिया, लेकिन अजय इकलौते एक्टर हैं, जिन्होंने 1991 की फिल्म फूल और कांटे से डेब्यू के बाद आज तक 33 सालों में कभी न ब्रेक लिया न बिना हिट दिए साल गुजारा। 122 फिल्मों के अलावा अजय सिनेमा से जुड़ी फ्यूचरिस्टिक अप्रोच के लिए भी चर्चा में रहते हैं। प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत करने वाले शुरुआती एक्टर्स में से ये एक हैं। अजय भारत के पहले एक्टर हैं, जिन्होंने वीएफएक्स स्टूडियो की शुरुआत की। अब अजय थिएटर चेन एनवाई सिनेमा के भी मालिक हैं। 600 करोड़ के इन्वेस्टमेंट के साथ अजय फिलहाल 65 प्लस थिएटर्स के मालिक हैं और आने वाले सालों में वो इस बिजनेस को एक्सपैंड कर देशभर में 250 स्क्रीन्स के मालिक बनने वाले हैं।

जैजी बी ने महिलाओं के लिए गाने में यूज किया आपत्तिजनक शब्द

मुंबई, एजेंसी। पॉपुलर पंजाबी सिंगर जैजी बी विवादों में फंस गए हैं। उनके एक नए गाने की वजह से विवाद खड़ा हो गया है। खबर है कि इस सॉन्ग की वजह से विवाद गहरा गया है और अब मामला महिला आयोग में चला गया है। दरअसल, सिंगर का नया गाना 'मड़क शौकीनां दी' को हाल ही में रिलीज किया गया है। इसे एक हफ्ते पहले यूट्यूब पर रिलीज किया गया था और अब तक ये 3 मिलियन से ज्यादा व्यूज बटोरने में सफल हो चुका है लेकिन इसी बीच ये विवादों में आ गया है। इस गाने पर आरोप है कि इसमें महिलाओं के लिए अपमानजनक शब्द का प्रयोग किया गया है। इस पर महिला आयोग की ओर से एक्शन लिया गया है और पंजाब पुलिस की ओर से इस पर एक हफ्ते के अंदर रिपोर्ट मांगी गई है।जैजी बी के गाने 'मड़क शौकीनां दी' से जुड़े विवाद की बात की जाए तो इसके लिरिक्स उन्होंने खुद लिखे हैं। इसमें महिलाओं के लिए 'भेड़' शब्द का इस्तेमाल किया गया है। इसे लेकर महिला आयोग पंजाबी सिंगर जैजी पर खफा हो गया है। इसके बाद आयोग की ओर से जैजी के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने की मांग की जा रही है। गाने के विरोध में बरनाला, पंजाब में जैजी बी का पुतला भी जलाया गया।

शो में सिद्धू बनकर कपिल शर्मा ने अर्चना पूरन सिंह को गोद में बिठाया

मुंबई, एजेंसी। रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर स्पेशल 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के प्रीमियर एपिसोड के बाद, कॉमेडियन कपिल शर्मा ने अपकमिंग दूसरे एपिसोड की एक झलक पेश की है। इस बार, सुर्खियों में क्रिकेटर रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर हैं, जो अपने मजाक और अनसुने किस्सों से शो की रौनक बढ़ा रहे हैं। प्रमोशनल क्लिप एयरहोस्टेस के रूप में कृष्णा अभिषेक के साथ शुरू होती है, जो दोनों क्रिकेट सितारों रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर के साथ छेड़खानी करते हैं। रोहित अपने साथी साथियों पर मज़ाकिया कटाक्ष करते हैं और उन्हें 'सुस्त मुर्गे' कहते हैं, जबकि श्रेयस सीनियर खिलाड़ियों की एंटरटेनिंग स्टोरीज शेयर करते हैं। टीज़र में क्रिकेटर्स को कपिल और उनकी टीम के साथ क्रिकेट खेलते हुए दिखाया गया है। कपिल पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू बनकर पहुंचते हैं, जो उनके पिछले शो, कॉमेडी नाइट्स विद कपिल और द कपिल शर्मा शो में अर्चना पूरन सिंह की जगह नजर आते थे। शो में अक्सर कपिल सिद्धू को नाम लेकर अर्चना को चिढ़ाते हैं और इस बार तो वो सिद्धू बनकर अर्चना की सीट पर जाकर बैठ जाते हैं और अर्चना उनकी गोद में होती हैं। पिछले एपिसोड में कपूर परिवार के सदस्यों ने कपिल शर्मा के साथ हल्के-फुल्के पल साझा किए थे। रणबीर कपूर ने उस समय को याद किया जब उनके पिता, दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर ने उन्हें अनुशासित किया था। रिद्धिमा और रणबीर ने अपने बचपन के झगड़ों को याद किया, यह एपिसोड दिल छू लेने वाले क्षणों से भरा था। द ग्रेट इंडियन कपिल शो सुनील ग्रोवर की वापसी भी हुई है, जो 2017 के विवाद के बाद कपिल के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। कलाकारों की टोली में राजीव ठाकुर, कीकू शारदा, अर्चना पूरन सिंह और कृष्णा अभिषेक भी शामिल हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

सत्ता परिवर्तन पर वकीलों का पैनल बदल रहे राज्य

- सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी, इस बात का ध्यान रखें कि कोर्ट के कामकाज पर असर ना पड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि तमाम राज्य और केंद्र शासित प्रदेश कभी भी अपने सूचीबद्ध अधिवक्ता बदल सकते हैं लेकिन सभी को एक बात का ध्यान रखना होगा। अपने सूचीबद्ध वकीलों को बदलते समय यह सुनिश्चित करना होगा कि अदालत के कामकाज पर असर ना पड़े। कोर्ट ने कहा कि अधिवक्ताओं के पैनल को बदलते समय राज्यों को कम से कम छह सप्ताह तक पुराने पैनल को जारी रखना चाहिए। इससे न्यायालयों को स्थगन देने के लिए मजबूर न होना पड़े।

इस मामले में न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि एक राजनीतिक दल से दूसरे राजनीतिक दल में सत्ता परिवर्तन के बाद सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अदालत में पेश होने वाले अपने अधिवक्ताओं के पैनल को बदल रहे हैं। इस वजह से कोर्ट को परिवर्तन के आधार पर समय-समय पर स्थगन देना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि यह सच है कि उनके पास अपने सूचीबद्ध अधिवक्ताओं को बदलने की शक्ति है, लेकिन इस बात का भी ध्यान रखने की जरूरत है कि कोर्ट के कामकाज पर असर ना पड़े। इसलिए, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश ऐसा बदलाव करते समय अधिवक्ताओं के पुराने पैनल को कम से कम छह सप्ताह तक जारी रख सकते हैं।

इससे न्यायालयों को स्थगन देने के लिए मबूर नहीं होना पड़ेगा। शीर्ष अदालत ने इस आदेश की एक प्रति सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले स्थायी वकील को प्रसारित करने का निर्देश दिया है।

खनन मामले में ईडी के सामने पेश नहीं हुए 5 डीएम

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कथित अवैध रेत खनन के संबंध में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के आदेश के बावजूद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष उपस्थित नहीं होने पर मंगलवार को तमिलनाडु के पांच जिला कलेक्टरों को फटकार लगाई है। शीर्ष अदालत ने अधिकारियों को 25 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से ईडी के सामने पेश होने का निर्देश दिया है। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि अधिकारियों ने अभद्र रवैया अपनाया है और कार्रवाई से पता चलता है कि उनके मन में अदालत, कानून और संविधान के प्रति कोई सम्मान नहीं है। कोर्ट ने कहा, हमारी राय में इस तरह का लापरवाह रवैया उन्हें एक कठिन परिस्थिति में डाल देगा। जब अदालत ने ईडी द्वारा जारी समन के जवाब में उन्हें पेश होने का निर्देश देते हुए आदेश पारित किया, तो उनसे उसी आदेश का पालन करने और अदालत में उपस्थित होने की उम्मीद की गई थी।

कच्चातिवु द्वीप पर 1974 में श्रीलंका से हुआ था समझौता

कच्चातिवु द्वीप का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। वजह है एक आरटीआई आवेदन से निकलकर आई जानकारी। दरअसल, तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने आरटीआई दायर कर कच्चातिवु के बारे में पूछा था। अब आरटीआई के जवाब में कहा गया है कि सन 1974 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और श्रीलंका की राष्ट्रपति श्रीमावो भंडारनायके ने एक समझौता किया था। इसके तहत कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को औपचारिक रूप से सौंप दिया गया था। जानकारी सामने आने के बाद भाजपा कांग्रेस पर हमलावर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर विदेश मंत्री ने इस मुद्दे को उठाया है।

पुनः पाने की उठती रही है मांग

तमिलनाडु की तमाम सरकारें 1974 के समझौते को मानने से इनकार करती रहीं और श्रीलंका से द्वीप को दोबारा प्राप्त करने की मांग उठाती रहीं। 1991 में तमिलनाडु विधानसभा द्वारा समझौते के खिलाफ एक प्रस्ताव लाया गया जिसके जरिए द्वीप को पुन: प्राप्त करने की मांग की गई थी। 2008 में तमिलनाडु की तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गईं और कच्चातिवु समझौतों को रद्द करने की अपील की। उन्होंने कहा था कि कच्चातिवु उपहार में देने वाले देशों के बीच दो संधियां असंवैधानिक हैं। इसके अलावा साल 2011 में जयललिता ने एक बार फिर से विधानसभा में प्रस्ताव पारित कराया। मई 2022 में तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने मोदी की मौजूदगी में एक समारोह में मांग की थी कि कच्चातिवु द्वीप को भारत में पुन: प्राप्त किया जाना चाहिए।

कहां स्थित है यह द्वीप

कच्चाति वु पाक जलडमरूमध्य में एक छोटा सा द्वीप है, जो बंगाल की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। 285 एकड़ हरित क्षेत्र 1976 तक भारत का था। हालांकि, श्रीलंका और भारत के बीच एक विवादित क्षेत्र है, जिस पर आज श्रीलंका हक जताता है। दरअसल, साल 1974 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने समकक्ष श्रीलंकाई राष्ट्रपति श्रीमावो भंडारनायके के साथ 1974-76 के बीच चार समुद्री सीमा समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। इन्हीं समझौते के तहत कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया गया।

क्या है कच्चातिवु द्वीप का इतिहास

कच्चातिवू द्वीप का निर्माण 14वीं शताब्दी में ज्वालामुखी विस्फोट के कारण हुआ था। यह कभी 17वीं शताब्दी में मदुरई के राजा रामानद के अधीन था। ब्रिटिश शासनकाल में यह द्वीप मद्रास प्रेसीडेंसी के पास आया। 1921 में श्रीलंका और भारत दोनों ने मछली पकड़ने के लिए भूमि पर दावा किया और विवाद अनसुलझा रहा। आजादी के बाद इसे भारत का हिस्सा माना गया। साल 1974 में 26 जून को कोलंबो और 28 जून को दिल्ली में दोनों देशों के बीच इस द्वीप के बारे में बातचीत हुई। इन्हीं दो बैठकों में कुछ शर्तों के साथ इस द्वीप को श्रीलंका को सौंप दिया गया। तब शर्त यह रखी गई कि भारतीय मछुआरे अपना जाल सुखाने के लिए इस द्वीप का इस्तेमाल कर सकेंगे और द्वीप में बने चर्च में भारत के लोगों को बिना वीजा के जाने की अनुमति होगी। समझौतों ने भारत और श्रीलंका की अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा चिह्नित कर दी। हालांकि इस समझौते का तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री एम करुणानिधि ने तीखा विरोध किया था।

एक नजर

मुंबई में रासायनिक संयंत्र में लगी आग, दो फैक्ट्रियां खाक

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के नवी मुंबई के एक औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को रासायनिक संयंत्र में आग लग गई, जिससे आसपास की दो अन्य फैक्ट्रियां जलकर खाक हो गईं। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि पावने-कॉपरखैरने में एमआईडीसी में रासायनिक फैक्ट्री में सुबह आग लगी, जिसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि एमआईडीसी से अग्निशमन सेवाएं और कॉपरखैरने के आसपास के अग्निशमन केंद्रों की 14 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और चार घंटे तक आग पर काबू पाने को लेकर मशक्कत की। रसायन लीक होने से आग लगने का कारण बताया गया है। आगे की जांच जारी है।

चोरी के शक में युवक को पीटा, मौत सबूत मिटाने के लिए शव जलाया

शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी में 38 साल के युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी, बाद सबूत मिटाने के लिए शव को जला दिया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैसल गई। वारदात के 10 दिन बाद मृतक की मां की तहरीर पर शिमला के बालूगंज थाने में मामला दर्ज किया गया। शिमला से सटे सुन्नी की बझोल निवासी तारा देवी ने शिकायत में कहा कि उसका बेटा टीकमचंद पिछले आठ-नौ सालों से खरयाड़ में सेवानन्द के घर में मजदूरी का काम करता था। 22 मार्च को सेवानन्द की पत्नी प्रभा ने इसे फोन कर बताया कि टीकमचंद की गिरने के कारण मौत हो गई है और शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। जबकि, पुलिस को स्थानीय लोगों से जानकारी मिली कि, शक में गांव वालों ने हत्या कर दी है, शव जला दिया। एसएसपी संजीव गांधी ने कहा- मामले की जांच की जा रही है।

टिकट न होने पर यात्री ने टीटीई को चलती ट्रेन से दिया धक्का, मौत

त्रिशूर। केरल के त्रिशूर जिले में मंगलवार को बिना टिकट यात्रा कर रहे एक यात्री ने टीटीई के आपत्ति जताने पर उसे चलती ट्रेन से धक्का दे दिया, जिससे मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि एर्नाकुलम से पटना जा रही ट्रेन में हुई में टीटीई के. विनोद ने यात्री से टिकट मांगा तो उसने चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। पुलिस ने कहा- आरोपी यात्री को पलक्कड से पकड़ लिया, वह एक प्रवासी मजदूर है। पुलिस ने कहा- यह संदेह है कि टीटीई के रेल पटरी पर गिरने के बाद विपरीत दिशा में जा रही एक अन्य ट्रेन ने उसे कुचल दिया, जिससे मौत हो गई।

गाजा में इजराइली हमलों से एनजीओ के सात कर्मियों की मौत

गाजा। इजराइल लगातार गाजा पर जवाबी कार्रवाई से अब तक कई देश इजराइल की आलोचना कर रहे हैं। इस बीच, गाजा में हताहत लोगों को सहायता पहुंचे वाले समूह भी इजराइली हमले का शिकार हो गया है। जिसमें तकरीबन सात विदेशी कर्मचारी मारे गए। लोगों को राहत देने वाले अंतर्राष्ट्रीय सहायता समूह ने कहा कि सोमवार को हमले में सात विदेशी कर्मचारी मारे गए, जिनमें ऑस्ट्रेलिया, पोलैंड और ब्रिटेन के नागरिक शामिल थे। अमेरिका ने इजराइली रक्षा बलों को दोषी ठहराया है।

चीन का बढ़ता दुस्साहस... नाम बदलने से वास्तविकता नहीं बदलेगी

भारत की दो टूक- अरुणाचल के 30 शहरों को दिए चीनी नाम अस्वीकार

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयास को खारिज कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि नाम बदलने के प्रयास से इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और रहेगा।

चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के 30 शहरों के नए नामों की चौथी सूची जारी करने के बाद मंत्रालय ने अपना बयान जारी किया। मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने कहा, चीन भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने के प्रयासों पर कायम है। हम चीन द्वारा किए गए इन प्रयासों को दृढ़ता से अस्वीकार करते हैं। स्थानों का नाम बदलने से यह वास्तविकता नहीं बदलेगी कि अरुणाचल भारत का एक अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और हमेशा रहेगा। इससे पहले 28 मार्च को भारत ने कहा था कि चीन अपने निराधार दावों को दोहरा सकता है। बता दें, पिछले 7 सालों में ऐसा चौथी बार हुआ है जब चीन ने अरुणाचल की जगहों का नाम बदला हो। चीन ने अप्रैल 2023 में अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया था। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे। दरअसल, चीन की तरफ से अक्सर दावा किया जाता है कि अरुणाचल प्रदेश उसका हिस्सा है।

भारत भी तिब्बत के 60 स्थानों को दे अपने नाम, चीन पर भड़के हिमंत

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को भारत सरकार से आग्रह किया कि वह अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयासों के जवाब में जैसे को तैसा वाला रवैया अपनाए। सरमा ने सुझाव दिया की भारत को तिब्बत के साठ क्षेत्रों के लिए खुद के नाम देकर इसका मुकाबला करना चाहिए। सरमा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, भारत सरकार से मेरा अनुरोध है कि हमें भी तिब्बत के 60 इलाकों को भौगोलिक नाम देने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवाब हमेशा जैसे को तैसा होना चाहिए। लेकिन मैं टिप्पणी नहीं करना चाहता, क्योंकि यह भारत सरकार का नीतिगत फैसला है। लेकिन अगर उन्होंने 30 का नाम लिया है तो हमें 60 का नाम लेना चाहिए। चीन ने हाल ही में अरुणाचल पर अपने दावे को जोर दिया है और विभिन्न स्थानों के 30 नामों की चौथी सूची जारी की थी।

अरुणाचल पर भारत की प्रतिक्रिया कमजोर और लचर : कांग्रेस

नई दिल्ली। अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों का नाम बदले जाने पर कांग्रेस ने भारत की प्रतिक्रिया कमजोर और लचर बताया है। मंगलवार को आरोप लगाया कि जयशंकर की प्रतिक्रिया बहुत कमजोर थी जो सरकार एवं विदेश मंत्री को शोभा नहीं देती। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने दावा किया कि जो लोग कच्चातिवु पर आवाज बुलंद करते हैं वो चीन का नाम लेने से भी डरते हैं। उन्होंने सवाल किया कि भारत की कितनी जमीन मई, 2020 के बाद से चीन के नियंत्रण में है, मोदी सरकार ने उस जमीन को खाली क्यों नहीं कराया? चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों के 30 नए नाम जारी किए जाने के कुछ दिन बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा था कि अरुणाचल एक भारतीय राज्य था, है, और भविष्य में भी रहेगा।

सरहद पर सेना पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ी

- राजनाथ बोले- शांतिपूर्ण समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली में मंगलवार को आर्मी कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मौजूद रहे सीडीएस अनिल चौहान और सेना प्रमुख मनोज पांडे।

चीन एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को लेकर तमाम बयानबाजी कर रहा है। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सैन्य टकराव जारी रहने के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि सरहद पर भारतीय सेना पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ी है। शांतिपूर्ण समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है।

सेना के शीर्ष कमांडरों को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने रक्षा और सुरक्षा को नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए सेना के नेतृत्व की सराहना की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में सेना का अहम योगदान है। राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की भी सराहना की और कहा कि उसके प्रयासों से पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर सड़क संचार में एक बड़ा सुधार आया है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा कि उत्तरी सीमाओं पर मौजूदा स्थिति पर राजनाथ सिंह ने पूरा विश्वास जताया और सरहद पर मौजूद सैनिकों की सराहना की है। गौरतलब है कि भारत और चीन की सेना के बीच पूर्वी लद्दाख में कुछ क्षेत्रों को लेकर लगभग चार वर्षों से गतिरोध बना हुआ है, जबकि दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है। पाकिस्तान से सटी सीमा का जिक्र करते हुए राजनाथ ने कहा कि सीमा पार आतकंवाद को रोका है। हालांकि सरहद पार से अभी भी छद्म युद्ध जारी है।

भारत को जरूर मिलेगी सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता : एस. जयशंकर

गांधीनगर। भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की स्थायी सदस्यता जरूर मिलेगी लेकिन इसके लिए एक बात का ध्यान रखना होगा। इसके लिए कड़ी मेहनत की जरूरत है। ये बातें विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुजरात के राजकोट बुद्धिजीवियों के साथ बातचीत के दौरान बताई। दरअसल इस दौरान दर्शकों ने विदेश मंत्री से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता को लेकर भारत की संभावनाओं के बारे में सवाल पूछा था। विदेश मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का गठन लगभग 80 साल पहले हुआ, जब चीन, फ्रांस, सोवियत संघ, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका ने इसकी सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि उस समय दुनिया में लगभग 50 स्वतंत्र देश थे, जिनकी संख्या बढ़कर अब 193 हो गई है, लेकिन अब भी पांच देशों ने परिषद पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है। जयशंकर ने कहा कि अब दुनिया भर में यह मांग उठ रही है कि परिषद में बदलाव होना चाहिए और भारत को एक स्थायी सीट मिलनी चाहिए।

रथ खींचने की मची होड़...

मथुरा: वृन्दावन के रंग जी मन्दिर के ब्रम्होत्सव में भगवान रंगनाथ की जय के साथ रथ खींचने की भक्तों में होड़ मच गई। जिसे रथ खींचने का मौका मिल गया धन्य हो गया और जिसे नही मिला उसने दूर से ही भगवान रंगनाथ को प्रणाम कर स्वयं को धन्य किया। इससे पहले 60 फीट ऊंचे रथ पर विराजमान भगवान रंगनाथ की रथ चलने के पहले वैदिक मंत्रो एवं शंखध्वनि के बीच आरती उतारी गई। बता दें, मन्दिर का 176वां ब्रम्होत्सव था और रथ भी इतना ही पुराना और चन्दन की लगड़ी का बना हुआ है। ● एजेंसी

गठबंधन के लिए 'इंडिया' नाम के उपयोग पर हाईकोर्ट ने जवाब मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट ने आई. एन. डी. आई. ए (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) का उपयोग करने से रोकने की मांग याचिका पर केंद्र और कई विपक्षी दलों को जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका दिया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 'इंडिया' नाम का उपयोग करके पार्टियां हमारे देश के नाम पर अनुचित लाभ ले रही हैं।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका पर एक सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल किया जाए। अदालत ने कहा 10 अप्रैल को सुनवाई और निपटारा करने का प्रयास किया जाएगा। याचिकाकर्ता गिरीश भारद्वाज ने इस आधार पर मामले की जल्द सुनवाई की मांग की गई थी कि याचिका अगस्त 2023 से लंबित है और दलीलें अभी तक पूरी नहीं हुई हैं।

चुनाव के बाद सुधर सकते हैं भारत-पाक रिश्ते

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पड़ोसी देश के रक्षा मंत्री बोले पाकिस्तान ने भारत के साथ कम किए थे राजनयिक संबंध

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत में आम चुनाव के बाद रिश्ते बेहतर होने की उम्मीद जताई है। आसिफ की यह टिप्पणी सिंगापुर में विदेश मंत्री एस जयशंकर के उस बयान के कुछ दिनों बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान लगभग इंडस्ट्री लेवल पर आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और भारत का मूड अब आतंकवादियों को नजरअंदाज नहीं करने का है।

सोमवार को इस्लामाबाद में संसद भवन के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए आसिफ ने कहा, भारत में चुनाव के बाद हमारे संबंध बेहतर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की अपनी अपनी पृष्ठभूमि है। भारत में सात चरणों में मतदान हो रहा है। इस्लामाबाद और नई दिल्ली के बीच तनावपूर्ण संबंधों का एक लंबा इतिहास रहा है, जिसका मुख्य कारण कश्मीर मुद्दा और साथ ही पाकिस्तान से उत्पन्न होने वाला सीमा पार आतंकवाद है। बता दें, 2019 में, भारत सरकार द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू और कश्मीर की विशेष स्थिति को रद्द करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद पाकिस्तान ने नई दिल्ली के साथ अपने राजनयिक संबंधों को कम कर दिया। इस्लामाबाद ने कहा कि इस फैसले ने पड़ोसियों के बीच बातचीत के माहौल को कमजोर कर दिया है। पाकिस्तान इस बात पर जोर देता रहा है कि संबंधों को सुधारने की जिम्मेदारी भारत पर है और वह उससे बातचीत शुरू करने की पूर्व शर्त के तौर पर कश्मीर में अपने एकतरफा कदमों को वापस लेने का आग्रह कर रहा है। भारत ने इस सुझाव को खारिज कर दिया है और पाकिस्तान को स्पष्ट कर दिया है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश देश के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं। यह भी कहा गया कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर संवैधानिक उपाय भारत का आंतरिक मामला है।

विज्ञान वैज्ञानिकों ने इस नई खोज का नाम तारकीय दिया, जिसमें खत्म होता तारा अपने ग्रहों की हत्या कर रहा

दूर के सौर मंडल में खत्म होते ग्रह की खोज

नैनीताल, कार्यालय

अमृत विचार : पृथ्वी समेत हमारे सौर मंडल के ग्रहों का अस्तित्व व अंत सूर्य पर निर्भर है। हालही में वैज्ञानिकों ने दूर के एक सौर मंडल मे ग्रहों का अंत होते देखा है। खोज में तारा अपने ग्रह को खत्म कर रहा है। इस खोज से हमारे सौर मंडल के अंत की जानकारी मिलती है।



अपने ग्रह को खत्म करते तारे का प्रतीकात्मक चित्र।

वैज्ञानिकों ने इस नई खोज का नाम तारकीय हत्या दिया है। जिसमें खत्म होता तारा अपने ग्रहों की हत्या कर रहा है। हमारा सूर्य सबसे अच्छा मित्र और सबसे बड़ा शत्रु दोनों है। यही सिद्धान्त प्रत्येक सौर मंडल से जुड़ा हुआ है। जिसकी पुष्टि इस खोज में हुई है। दरअसल सभी सौर मंडल के अन्य ग्रह सूर्य के समान गैस और धूल के बादल से बने हुए होते हैं। इसके प्रकाश के बिना पृथ्वी पर कोई जीवन नहीं हो सकता।

दूसरी ओर, एक दिन ऐसा आएगा जब सूर्य पृथ्वी पर सारा जीवन समाप्त कर देगा और अंततः पृथ्वी को ही नष्ट कर देगा। हमारे ग्रह का अंत होने में अभी लगभग पाँच अरब वर्ष का समय लगेगा। यह घटना तब होगी, जब सूर्य एक लाल दानव में परिवर्तित हो जाएगा।

ग्रहों के खत्म होने की यह खोज डीओआई 10.1038/डी41586-024-00847-6 नामक आकाशगंगा में हुई है। हालाकि इससे पहले भी किसी तारे द्वारा अपने ग्रहों को नष्ट करने के संकेत पहले भी मिलते रहे हैं। मगर इस खोज से यह जानकारी मिलती है कि किसी सौर मंडल के खत्म होने के बाद क्या होता है। सौर मंडल के अंत के बाद ग्रह व तारे गैस और धूल के बादल में बदल जाएगा।

ब्रह्मांड के हर वस्तु का अंत निश्चित

ब्रह्मांड में मौजूद किसी भी वस्तु का अंत निश्चित है। आकाशगंगा, तारे, ग्रह, धूमकेतु समेट अन्य सभी वस्तु जन्म लेते हैं और उनका अंत भी हो जाता है। हालांकि इनकी उम्र करोड़ों से अरबों वर्ष होती है। इनकी तुलना में इंसान की उम्र क्षणिक मात्र है।

अमेरिका में भारतवंशी सांसदों ने हिंदुओं पर हमले का मांगा ब्योरा

वाशिंगटन। अमेरिका में पांच भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने न्याय विभाग और संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) से इस साल देश में हिंदुओं के खिलाफ हुए घृणा आधारित अपराधों और मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाओं का विवरण मांगा है।

इन सांसदों में राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, श्री थानेदार, प्रमिला जयपाल और अमी बेरा शामिल हैं। इन्होंने न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग के क्रिस्टन क्लार्क को लिखा, न्यूयॉर्क से लेकर कैलिफोर्निया तक मंदिरों पर हमलों की घटनाओं ने हिंदू अमेरिकियों को गहरी चिंता में डाल दिया है। उन्होंने कहा, समुदायों के नेताओं ने चिंता व्यक्त की है कि इन घटनाओं में शामिल संदिग्धों का कोई सुराग नहीं है, जिससे कई लोग डर और भय में जी रहे हैं। हमारे समुदाय इन पक्षपात-प्रेरित अपराधों में कानून प्रवर्तन समन्वय को लेकर चिंतित हैं।

इजराइल रवाना हुआ भारतीय श्रमिकों का पहला जत्था : गिलोन

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत में इजराइल के राजदूत ने दी जानकारी, जून तक 10 हजार श्रमिकों को भेजने का प्रस्ताव

भारतीय श्रमिकों का पहला जत्था मंगलवार को इजराइल रवाना हुआ है। इस बैच में 60 श्रमिक शामिल हैं। ये श्रमिक इजराइल के निर्माण उद्योग को मजबूती देंगे। जून तक 10 हजार भारतीय श्रमिकों को इजराइल बुलाने का प्रस्ताव दिया गया है।

भारतीय श्रमिकों को फिलीस्तीनी श्रमिकों के स्थान पर काम के लिए भेजा गया है। इजराइल ने इसे दोनों देशों के संबंधों में मील का पत्थर बताया है। इन श्रमिकों को भारत में नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के जरिए ट्रेनिंग दी गई है। इन श्रमिकों को भारत और इजराइल के बीच हुए समझौते के तहत भेजा जा रहा है। भारतीय श्रमिकों के पहले जत्थे की विदाई के मौके पर भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा, आज हमने सरकार से सरकार (जी2जी) समझौते के तहत 60 भारतीय निर्माण श्रमिकों के पहले बैच का विदाई समारोह आयोजित किया। यह राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) सहित कई लोगों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। मुझे यकीन है कि ये श्रमिक इजराइल और भारत के बीच सार्वजनिक-निजी भागीदारी के राजदूत बनेंगे।

खतरे में बुशरा की जान, इमरान ने जहर देने का लगाया आरोप

इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को मारने की साजिश रची जा रही है। इमरान खान का दावा है कि उनकी पत्नी को जहर दिया गया था।

दरअसल, बुशरा बीबी अपने ही निजी आवास जिसे प-जेल में बदल दिया गया है, पर अपनी सजा काट रही है। इमरान ने कहा कि अगर उनकी पत्नी को कोई नुकसान होता है तो सेना प्रमुख को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। इमरान ने न्यायाधीश नासिर जावेद राणा को सूचित किया कि पूर्व प्रथम महिला को जहर देने का प्रयास किया गया था। उन्होंने अदियाला जेल में भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने दावा किया बुशरा के त्वचा और जीभ पर निशान थे। उन्होंने कहा मुझे पता है कि इसके पीछे कौन है।